लोक महाकाव्य

लोरिकायन

श्याम मनोहर पाण्डेय

लोक महाकाव्य
लोरिकायन

लोक महाकाव्य लोरिकायन

(लोरिक और चंदा की लोक-गाथा)

मूल पाठ, भावार्थ तथा टिप्पणियाँ

डॉ० श्याम मनोहर पाण्डेय
ओरियंटल विश्वविद्यालय, नेपुल्स, इटली

साहित्य भवन [प्रा०] लिमिटेड
के० पी० कक्कड़ रोड, इलाहाबाद-२११००३

LOK MAHAKAVYA LORIKAYAN

By

DR. SHYAM MANOHAR PANDEY
Isiituto Universitario Orientale,
Naples, ITALY

साहित्य भवन प्राइवेट लिमिटेड, ९३, के० पी० कक्कड़ रोड, इलाहाबाद द्वारा
प्रकाशित तथा स्टार प्रिण्टर्स, २८७, दरियाबाद, इलाहाबाद द्वारा मुद्रित

विषय-सूची

□ □

प्राक्कथन

'लोकमहाकाव्य लोरिकायन' लारिक कथाचक्र का तृतीय पाठ है। 'लोकमहाकाव्य लोरिकी' (१९७९) तथा 'लोकमहाकाव्य चनैनी' (१९८२) की ही भाँति यह पाठ अपने आप में स्वतन्त्र है। सच बात ता यह है कि मेरे संग्रह के सभी पाठ अपने आप में पूर्ण है। सभी गायक मूलकथा को लेकर अपने ढंग से लोरिकायन की कथा को गाते हैं। सभी पाठ परस्पर भिन्न है। इसीलिए मुझे सभी पाठों को स्वतन्त्र रूप से प्रकाशित करने का निर्णय लेना पड़ा। यह संपूर्ण योजना दस भागों में पूर्ण होगी। एक भाग में लोरिकायन का विस्तृत अध्ययन और विषयवस्तु का विवेचन होगा; एक भाग में शब्द कोश होगा।

प्रस्तुत लेखक ने 'लोकमहाकाव्य लोरिकी' और 'लोकमहाकाव्य चनैनी' की भूमिकाओं मे लोकमहाकाव्यों की सूत्र शैली तथा रचना प्रक्रिया आदि पर विस्तार से विवेचन किया है। इस जिल्द में लोरिकायन की कथा का उद्गम और भौगोलिकता पर विचार किया गया है। विद्वानों और पाठकों ने जिस प्रकार लोरिकी और चनैनी को अपनाया है उससे इस कार्य को आगे बढ़ाने मे बड़ा बल मिला है। आशा है यह भाग भी सबको पसंद आयेगा।

भाई नामवर सिंह, श्री नर्मदेश्वर चतुर्वेदी, डॉ० पारस नाथ तिवारी, श्री त्रिलोकी नाथ पांडेय, आदि ने इस कार्य में रुचि ली है। इसके लिए मैं इन विद्वानों का आभारी हूँ।

श्री अमीन अंसारी, श्री उमानाथ तिवारी तथा साहित्य भवन के कर्मचारियों विशेषकर श्री रामनाथ लाल 'दीवान' जी और श्री रामचन्द्र शर्मा ने इस कार्य में दिलचस्पी ली। इन सबको धन्यवाद देना चाहता हूँ।

मेरी पत्नी श्रीमती कृष्णबाला पांडेय, एम० ए० (हिन्दी, संस्कृत) ने इस पाठ को टेप से सुनकर प्रथम प्रतिलिपि तैयार की। उनकी सहायता के बिना यह कार्य और समय लेता।

अमेरिकन इंस्टीच्यूट आफ इंडियन स्टडीज की फेलोशिप पर १९६६ में इस महाकाव्य का संग्रह संभव हुआ। प्रकाशन के लिए मेरे विश्वविद्यालय इस्तीत्यूतो यूनिवर्सितारियो ओरियंताले (ओरियंटल विश्वविद्यालय) नेपुल्स, इटली ने सहायता दी। इन सबको धन्यवाद देना अपना परम कर्तव्य समझता हूँ। साहित्य भवन प्राइवेट

लिमिटेड के मैनेजिंग डाइरेक्टर भाई गिरीश जी भवानी पेपर मिल्स के कार्य में व्यस्त रहते हुए भी मेरे इस कार्य की प्रगति के बारे में हमेशा पूछताछ करते रहते हैं। उनका मेरे ऊपर सहज स्नेह है। उनकी सहायता के बिना यह कार्य कितना आगे बढ़ पाता यह कहना कठिन है। मैं उनका विशेष रूप से आभारी हूँ।

श्याममनोहर पांडेय
ओरियंटल यूनिवर्सिटी
नेपुल्स, इटली

भूमिका

'लोरिकायन' का प्रस्तुत पाठ उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर[1] जिले में अगोरी[2] के पास अक्तूबर १९६६ ई० में संगृहीत किया गया था। संभवत: इसी अगोरी में मंजरी के साथ लोरिक का विवाह सम्पन्न हुआ था। अत: अगोरी के पास का यह पाठ स्वाभाविक रूप से महत्त्वपूर्ण बन जाता है। इसके गायक भी ददई केवट हैं, अहीर नहीं। मेरे आठ गायकों में ददई केवट ही ऐसे गायक हैं जो अहीर नहीं हैं। अन्य सभी गायक अहीर हैं। ददई केवट के गुरु भी ददई अहीर थे जो गायक के गाँव कुरहुल के रहने वाले थे। प्रस्तुत गायक ददई केवट का गाँव कुरहुल अगोरी से लगभग पाँच मील की दूरी पर है। चोपन से यह स्थान सोन नदी पार करके दो मील पड़ता है।

प्रस्तुत पाठ का कथानक

१. अगोरी, लोरिक का विवाह

'लोरिकायन' की कथा अगोरी से प्रारम्भ होती है जहाँ लोरिक और मंजरी का विवाह सम्पन्न होता है। मेरे अन्य कतिपय गायक 'संवरू का विवाह' या 'सुहवल' से कथा प्रारम्भ करते हैं। अगोरी का राजा मोलागत है वह मंजरी को अपने रनिवास में रखना चाहता है क्योंकि जब मंजरी गर्भ में ही थी तब उसका पिता महर जुए में उसे हार चुका था।[3] महर वीर लोरिक के पास संदेश भेजता है। वह मंजरी से विवाह करने के लिए सवा लाख बारातियों को लेकर आता है जिनमें अनेक वीर योद्धा सम्मिलित हैं। अनेक प्रकार की कठिनाईयों और लड़ाईयों के बाद लोरिक मंजरी से विवाह करता है तथा मोलागत का संहार कर अपने घर गउरा वापस आता है। इस अंश को गायक 'अगोरी' या 'लोरिक का विवाह' कहते हैं।

अगोरी की कथा के निम्नलिखित तत्व हैं :

अगोरी की कथा प्रारम्भ करने के पूर्व गायक अनेक देवताओं का सुमिरन करता है। गायक रामनाम का स्मरण करता है। धरती, डीह के देवता, श्मशान की आत्माएँ तथा गोरइया[4] देवता की प्रार्थना करता है जिन्हें पूजा में सूवर चढ़ाया जाता है। गायक बघौता[5] का भी स्मरण करता है जिन्हें टोना टटका करने वाले ओझा स्मरण करते हैं। फिर गायक राम-लक्ष्मण, गौरी-गणेश, दुर्गा आदि की प्रार्थना करता है। दुर्गा से गायक यह भी कहता है "ऐ दुर्गा, तूं मेरी जिह्वा के लिए अलंकार हो। तुम मेरे भूले हर्फ़ों को जोड़ देने वाली हो। ऐ देवी, यदि कहीं एक भी शब्द मंद पड़ गया तो मैं फिर तुम्हारा नाम नहीं स्मरण करूंगा।"[6]

अगोरी की कथा के तन्तु :

प्रार्थना के बाद गायक अगोरी का वर्णन करता है जहाँ बारह पल्लियाँ हैं। तिरपन गलियाँ और बाजार हैं। वहाँ का सूबा राजा मोलागत है।

(१) एक दिन अगोरी का राजा मोलागत अपने राज्य की परिक्रमा करने जाता है और देखता है कि उसके राज्य में महर अहीर है जो बड़ा धनी और शक्तिशाली है। वह राजा मोलागत की उपेक्षा कर देता है। अपनी उपेक्षा से राजा अत्यन्त दु:खी होता है।

(२) मंत्री राजा मोलागत को सलाह देते हैं कि वह महर से जुआ खेले और उसे पराजित करे।

(३) राजा के सिपाहियों का महर के यहाँ जाना और मोलागत की चाँदनी में उसे ले आना।

(४) राजा मोलागत का महर के साथ जुआ खेलना। जुए में राजा की पराजय। राजा का राज्य त्यागना।

(५) ब्राह्मण के वेश में ब्रह्मा का प्रकट होना और मोलागत को सहायता का आश्वासन देना।

(६) मोलागत और महर का फिर जुआ खेलना। इस बार महर जीते हुए राजपाट, धन, पशु, नौकर-चाकर आदि को खो बैठता है। सब कुछ हार जाने पर वह अपनी पत्नी की कोख दाँव पर रख देता है। राजा मोलागत महर की पत्नी की कोख भी जीत लेता है।

(७) महर की पत्नी को कन्या उत्पन्न होती है जिसका नाम मंजरी रखा जाता है। उसके जन्म के अवसर पर सोने की वर्षा होती है।

(८) गायक ने मंजरी के जन्म के साथ ही साथ लोरिक के जन्म की कथा भी गायी है। भादों का महीना था। आधीरात थी उसी समय बोहा में खोइलनि के गर्भ से लोरिक का जन्म होता है। गायक उसे कृष्ण कन्हैया की संज्ञा देता है।[७]

(९) मोलागत को नोनवा चमारिन से पता चलता है कि महरिन के गर्भ से मंजरी पैदा हुई है और उसके जन्म पर स्वर्ण की वर्षा हुई है।[८]

(१०) मंजरी का नित्य प्रति बढ़ना तथा विवाह करने का प्रण करना—अपने भावी पति के सम्बन्ध में मंजरी का संकेत देना—ब्राह्मण, नाऊ आदि का लोरिक के यहाँ गउरा में तिलक चढ़ाने के लिए आना।

(११) लोरिक का तिलक सम्पन्न होना—सवा लाख बारातियों के साथ लोरिक का मंजरी से विवाह करने के लिए अगोरी प्रस्थान करना।

(१२) अगोरी पहुँचने के पूर्व की बाधाएँ :

(क) गउरा के राजा सहदेव द्वारा विघ्न उपस्थित किया जाना। स्मरणीय है कि सहदेव की लड़की चनवा (चंदा) है जिससे बाद

में चलकर लोरिक का प्रेम हो जाता है। फिर दोनों गउरा छोड़ कर हल्दी भाग जाते हैं। चनवा का पिता लोरिक की बारात में जाने वालों को दण्डित करने के लिए घोषणा करता है। बाद में लोरिक और उसके परिवार से सहदेव का समझौता हो जाता है।

(ख) लोरिक की बारात का आगे बढ़ना तथा उसका कोटवा[१] भदोखरि नामक स्थान पर डेरा डालना। कोटवा के ग्वालों का लोरिक की बारात के लिए भोजन बनाना—लोरिक के बूढ़े पिता द्वारा कोटवा के ग्वालों का अपमान—ग्वालों का राजा बामदेव के पास जाना—अपमान का बदला लेने के लिए राजा बामदेव का लोरिक से झगड़ा मोल लेना—लड़ाई में लोरिक द्वारा बामदेव पराजित।

(१३) बारात का अगोरी के निकट पहुँचना—बाजे-गाजे की तुमुल ध्वनि और बारात की कोलाहल सुनकर अगोरी का राजा मोलागत चिंतित।

(१४) सोन नदी में बाढ़—लोरिक के अनुनय-विनय पर झीमल मल्लाह का बारात को अगोरी के पार उतारना।

(१५) मंजरी की माँ द्वारा बारातियों की परीक्षा लिया जाना—अगोरी में कँटीली झाड़ी और गन्दे खेत में बारात के टिकने के लिए महरिन द्वारा जगह दिलवाया जाना—लोरिक के पिता कठइत द्वारा कँटीली झाड़ियों को साफ़ कराया जाना और बारात का टिकना।

(१६) बारातियों को खाने के लिए चावल, घी तथा सवालाख बकरे भेजना—मंजरी की माँ यह संदेश भेजती है कि बाराती सब कुछ नहीं खा जायेंगे तो बारात वापस कर दी जायगी और मंजरी का विवाह सम्पन्न नहीं होगा। बारात का भरपेट भोजन करना तथा शेष सामग्री को सोन नदी में चुपके से फेंकवा देना।

(१७) मंजरी की माँ द्वारा समधी की बुद्धि की परीक्षा लिया जाना :

(क) मंजरी की माँ महरिन समधी की अक्ल की परीक्षा लेने के लिए मिट्टी के कुल्हड़ से रस्सी बनाने का आग्रह करती है।

(ख) समधी द्वारा उलटी चलनी में पानी मँगाना—कठइत की बुद्धि पर महरिन चकित।

(ग) समधी कठइत द्वारा महरिन से सोलह चूचियों वाली भैंस की माँग करना—माँ की परेशानी देखकर मंजरी का सोलह टोटियों वाला गिलास भेजवाया जाना—इस बुद्धि-कौशल पर कठइत का आश्चर्य में पड़ जाना।

(१८) बारात का द्वारचार करना—मंजरी और लोरिक का विवाह सम्पन्न।

लोरिक और मंजरी के विवाह के उपरान्त लोरिक को अपनी वीरता का

परिचय देना पड़ता है। वह मंजरी को बार-बार आश्वासन देता है कि उसका कोई कुछ बिगाड़ नहीं सकता है। वह सिंहनी का पुत्र है। किन्तु मंजरी की चिन्ताएँ कम नहीं होतीं। लोरिक अनेक वीरों को परास्त करता है और मंजरी को गउरा लाता है।

विवाह के उपरान्त 'लोरिकायन' में निम्नलिखित घटनाएँ घटती हैं :

(१९) मंजरी की विदाई होती है तब अगोरी का राजा मोलागत अपने सहायकों के साथ आकर मंजरी की डोली छेंकता है। लोरिक की मार से मोलागत तथा अन्य सभी सहायक भाग खड़े होते हैं।

(२०) मंजरी की डोली उठने पर मोलागत का क्रन्दन—सिपाहियों का वीर भांट के यहाँ जाना। मोलागत का आधा राज्य पाने के लोभ में वीर भांट का लोरिक से लड़ने के लिए उद्यत होना।

(२१) लोरिक के प्रहार से भांट का खून से लथपथ होना और मैदान छोड़ कर भाग जाना।

(२२) मोलागत ने पश्चिम में बघेल राजाओं को पत्र लिखा जो तुपकी (छोटी तोप) चलाने में कुशल थे। उसने दक्षिण के कोल राजाओं को पत्र लिखा जो तीर चलाने में प्रवीण थे। पूर्व के राजाओं को भी उसने पत्र लिखा जो लोहा में (तलवार चलाने में) पटु थे। उसने उत्तर के रक्सेल राजाओं को पत्र लिखा जो सेला चलाने में तेज थे। यहाँ यह भी प्रकट होता है कि मोलागत क्षत्रिय था। उसकी लड़ाई ग्वाल अहीर लोरिक से थी। मोलागत लिखता है "यदि कोई क्षत्रिय है तो पत्र पाते ही अन्न खाना छोड़ दे। अन्न उसके लिए हराम है तथा पानी पीना रुधिर पीने के समान है। (पृष्ठ १११) परदेशी अहीर चढ़ आया है तथा अगोरी में संघर्ष छिड़ गया है।"[१०]

(२३) लोरिक के हाथों समस्त सेनाओं की पराजय। दुर्गा सदैव गाढ़े समय में लोरिक की सहायता करती हैं।

(२४) लोरिक को मारने के लिए मोलागत द्वारा इन्द्रावत[११] हाथी भेजा जाना। हाथी का प्रबल आक्रमण—इन्द्रावत हाथी का सूँड़ दुर्गा द्वारा पकड़ लिया जाना।

(२५) लोरिक को परास्त करने के लिए मोलागत के भांजे निरम्मल का आना—निरम्मल द्वारा बार-बार आक्रमण किया जाना। दुर्गा की सहायता से लोरिक का बच जाना।

(२६) लोरिक का अहंकार—दुर्गा को श्रेय न देने से लोरिक युद्ध में आहत और मृत।

(२७) दुर्गा के प्रयास से लोरिक जीवित।

(२८) लोरिक द्वारा बार-बार सिर काटे जाने पर भी निरम्मल[12] का जीवित हो उठना।

(२९) निरम्मल का अन्त में धराशायी होना तथा उसकी पत्नी का शव के साथ सती होना।

(३०) मंजरी के साथ लोरिक का गउरा वापस आना।

अगोरी की कथा से यह बात स्पष्ट हो जाती है कि नायक अहीर जाति की गरिमा की रक्षा के लिए मंजरी से विवाह करता है और दुष्ट राजा मोलागत को, सहायकों को अपने पौरुष, शक्ति और पराक्रम से नष्ट करता है। किन्तु युद्ध के समस्त प्रसंगों से यह बात उभर कर आती है कि देवी दुर्गा की शक्ति और सहायता के बिना अन्य वीरों के समक्ष लोरिक का पौरुष निर्बल पड़ने लगता है। वह कई बार श्रीहत हो जाता है। यदि दुर्गा को उसके जीवन से निकाल दिया जाय तो वह उच्च-कोटि का वीर नहीं रह जाता। चाहे उसका युद्ध निरम्मल से हो या इनरावत (इन्द्रावत) हाथी से हो या भांट से हो, सर्वत्र दुर्गा ही लोरिक को विजय का श्रेय दिलाती हैं, यद्यपि बार-बार लोरिक अपनी वीरता का कथन करता है तथा अपनी प्रबल शक्ति का परिचय देता है। शायद यह इसलिए भी होता है कि लोरिक जिन वीरों से युद्ध करता है उनमें कई सामान्य चरित्र नहीं हैं। निरम्मल में देवी शक्ति का प्रकाश है, उसे देवी वरदान प्राप्त है। हाथी इनरावत भी देवी शक्ति से सम्पन्न है। देवी कृपा से सम्पन्न वीरों का पराभव भी देवी शक्ति या पराक्रम से होना चाहिए। लोरिक की तुलना गायक कृष्ण से अवश्य करता है और कहता है कि जब भादों का महीना था, आधी रात थी, तब कृष्ण कन्हैया लोरिक का जन्म हुआ। पर लोरिक में कृष्ण के चरित्र के लक्षण नहीं दिखाई पड़ते। दुर्गा की सहायता से ही वह असम्भव कार्य सम्भव बना लेता है।

२. सुहवल—मलसांवर का विवाह

पटना, बलिया, गाजीपुर, बनारस आदि के गायक सर्वप्रथम सुहवल की लड़ाईयाँ तथा मलसांवर के विवाह के प्रसंग गाते हैं जिनमें मलसांवर से बमरी की पुत्री सतिया का विवाह अनेक युद्धों के बाद सम्पन्न होता है। इलाहाबाद के मेरे गायक रामअवतार जिनका पाठ मैं प्रकाशित कर चुका हूँ[13] अगोरी तथा लोरिक के विवाह के प्रसंग ददई केवट की ही भाँति पहले गाते हैं। इसका कारण यह प्रतीत होता है कि वे अगोरी और नायक लोरिक के विवाह के प्रसंगों को अधिक महत्त्वपूर्ण समझते हैं। बनारस और उसके पूर्व के क्षेत्रों, गाजीपुर, बलिया, पटना आदि के गायक संवरू या मलसांवर का विवाह पहले इसलिए गाते हैं कि बड़े भाई का विवाह पहले होना चाहिए। मलसांवर लोरिक के बड़े भाई थे अत: उनके विवाह के पहले ही लोरिक का विवाह करा देना इन गायकों की दृष्टि में उचित नहीं है। मलसांवर खोइलनि के पालित पुत्र हैं। खोइलनि के गर्भ से लोरिक बाद में उत्पन्न हुआ था।

ददई केवट का 'सुहवल' या मलसांवर के विवाह का यह अध्याय अन्य गायकों की अपेक्षा बहुत ही संक्षिप्त है। ददई केवट न तो लोरिक के जन्म की परिस्थितियों को विस्तार देते हैं और न तो मलसांवर के जन्म की कहानी बताते हैं। खोइलनि बंध्या थीं। संवरू की माता एक ब्राह्मणी थी जिसने पैदा होते ही बच्चे को फेंक दिया था। खोइलनि ने उस फेंके हुए बच्चे को घर लाकर उसका पालन-पोषण किया था। मेरे गायक शिवनाथ चौधरी[१४] ने मलसांवर की कहानी विस्तार से कही है। खोइलनि की तपस्या करने पर सूर्य की कृपा से लोरिक बाद में उत्पन्न हुआ, यह कथा भी शिव नाथ चौधरी ने विस्तार से गायी है। संवरू के जन्म की कथा को शिवनाथ चौधरी ने इस प्रकार गाया है—

"एगो आजु बाम्हनि लड़किया बीतल बारह बरिस रहलीं
अ गउरा में परलि रहलिन बरिया रे कुंवारि
....
आजु रनियां चोहुँकिय के अंखिया आपन खोलि जो देले
आगे डीठि सुरुज के मिलल लेलकार—
इहे आज सुरुजइ ना लड़िकी के डीठिय मिलल
ओ रनियां के सांचो के गरभवे रहिन जाइ"

(मेरे संग्रह के अप्रकाशित पाठ से उद्धृत)

("एक ब्राह्मण की लड़की थी। वह बारह वर्ष की हो चुकी थी तथा गउरा में बालकुमारी थी। उसने अचकचाकर आँख खोली तो सूर्य की दृष्टि लग गयी। सूर्य से दृष्टि मिल जाने पर रानी लड़की को सचमुच गर्भ रह गया।")

नवें महीने में उसके दो वीर पुत्र, मलसांवर और सुबच्चन, उत्पन्न हुए। उसने दोनों बच्चों को एक पात्र में भरवा कर एक छोटे गड्ढे में फेंकवा दिया। बंध्या खोइलनि दही बेचने गयी थी। उसने एक बच्चे को उठा लिया और घर लाकर उसका पालन-पोषण किया। बच्चे का नाम मलसांवर पड़ा। दूसरे बच्चे को पिपरी के एक दुसाध की बंध्या स्त्री ले गयी। उस लड़के का नाम सुबच्चन पड़ा।

"आजु पंचे संवरू पी लेहलनि छीर खोइलनि के
गउरा में अहीर के बाल भइलन कहाय
सुबच्चन जाइ के पी लेहलनि छीर—
बरम्हदे दुसाधिनि के परि गइलन दुसाध कहार"

(मेरे द्वारा संग्रहीत शिवनाथ चौधरी के अप्रकाशित पाठ से)

शिवनाथ चौधरी कहते हैं "संवरू ने खोइलनि का दूध पी लिया अतः गउरा में वे अहीर कहलाये। सुबच्चन ने दुसाध स्त्री बरम्हदे का दूध पी लिया अतः वह दुसाध कहे गये।"

मलसांवर के जन्म तथा खोइलनि द्वारा पालित-पोषित होने की कथा न तो बनारस के पाँचू भगत के पाठ में पाई जाती है और न इलाहाबाद के रामअवतार

यादव के पाठ में। ददई केवट के पाठ में भी केवल यही संकेत मिलता है कि वे बोहा में रहते थे और लोरिक से उनका प्रगाढ़ प्रेम था। जैसा बताया जा चुका है ददई केवट लोरिक के विवाह के बाद संवरू के विवाह का प्रसंग गाते हैं। अपने विवाह के उपरान्त लोरिक एक दिन गउरा में होली खेलने जाते हैं। वह राजा सहदेव की लड़की चनवा पर रंग फेंक देते हैं। ग्रामीण प्रथा के अनुसार गाँव की लड़की पर रंग फेंकना वर्जित है। चनवा की माँ सेल्हिया लोरिक का अपमान करती है। इस अपमान से ही मलसांवर या संवरू के विवाह की प्रस्तावना बनती है।

'मलसांवर का विवाह' की कथा के तत्व

(१) मंजरी से विवाह करके लौटने के बाद लोरिक का होली के अवसर पर अपने मित्रों के साथ गउरा होली खेलने जाना और चनवा पर रंग फेंकना।

(२) चनवा की माँ सेल्हिया द्वारा लोरिक को अपमानित किया जाना— "ऐ लोरिक तुमने अगोरी में दुर्बल राजा को मारा, गरीब किसानों को मारा तो तुम्हारा मन बढ़ गया है। तुमको मैं मर्द तब समझूंगी जब सुरहुल (सुरवलि) में जाकर बमरी की पुत्री सतिया से संवरू की शादी सम्पन्न करा लाओगे।"

(३) अपमानित लोरिक का अन्न-जल त्यागना तथा भाई संवरू का विवाह कराने का प्रण करना।

(४) गुरु अजयी धोबी द्वारा लोरिक की सहायता का आश्वासन दिया जाना। प्रस्तुत पाठ के अनुसार अजयी मूलतः सुरवली[१५] (सुरहुल) का था। वह गउरा आकर बस गया था। उसने सतिया, उसके भाई भीमली तथा सतिया के पिता बमरी आदि के बारे में लोरिक को सूचना दी।

(५) गांगी नाऊ का बोहा जाना तथा संवरू को गउरा लाना। दूल्हा सांवर का परछावन[१६] होना—सवा लाख बारातियों का सुरहुल के लिए प्रस्थान करना।

(६) संवरू की बारात चलने से ब्रह्मा का इन्द्रासन तथा विष्णु का सुरधाम प्रकम्पित हो उठा। ब्रह्मा द्वारा बारात को निगल जाने के लिए एक दानव दूत भेजना—सारी बारात दानव के पेट में।

(७) ब्रह्मा द्वारा भेजे गये दानव द्वारा बारात निगल जाने पर लोरिक का चिंतित होना और पाताल लोक में नाग के यहाँ जाना। नाग का सूचना देना कि ब्रह्मा के कोप से बारात को दानव निगल गया है। नाग का कहना कि ब्रह्मा अपने को शक्तिशाली समझते थे। तुम उनसे बढ़ कर हो गये हो। तुम्हारे गाजे-बाजे की तुमुल ध्वनि से धरती

कांपने लगी है। उससे ऋषि-मुनियों का ध्यान टूट गया है, विष्णु का सुरधाम कांप उठा है। ब्रह्मा चिंतित हो गये हैं।

(८) दुर्गा की सहायता से लोरिक द्वारा दानव का वध किया जाना तथा बारात को उसके पेट से बाहर निकालना।
सूर्य द्वारा चारों ओर बादल-बादल कर देना। बारात शीत लहरी की चपेट में।

(९) लोरिक द्वारा क्रमशः गांगी नाऊ तथा अगुवा अजयी धोबी को आग लाने के लिए भेजना। ब्रह्मा द्वारा डाइन का सृजन करना। डाइन द्वारा गांगी नाऊ तथा अजयी धोबी को निगल लिया जाना।

(१०) दुर्गा की सहायता से लोरिक द्वारा डाइन का वध किया जाना तथा अजयी धोबी और गांगी नाऊ को उसके पेट से निकालना।

(११) बारात का आगे बढ़ना—बरईपुर में बारातियों द्वारा फल के बागीचों को नष्ट करना। खटिकों की प्रार्थना पर बरईपुर की रानी का पुरुष वेश में लोरिक से लड़ना—हार जाने पर अहीर से प्रेम प्रस्ताव करना।

(१२) सवा लाख बारातियों का सुरवली पहुँच कर शंभू सागर पर डेरा डालना। खाद्य सामग्री की कमी हो जाने पर अगुवा अजयी धोबी का अपने नगर सुरवली में महीचन साह के यहाँ जाना।

(१३) महीचन साह के आदेश पर महाजनों द्वारा शंभू सागर पर बाजार लगा देना तथा बारात को उधार खाद्य सामग्री देना।

(१४) बारात के आगमन का समाचार पाकर बमरी को चिन्ता। यहाँ गायक बमरी के पुत्र वीर भीमली को कुम्भकर्ण की भांति चित्रित करता है जो छः महीने सोता था और छः महीने जागता था।

(१५) लोरिक और भीमली का युद्ध—भीमली की मृत्यु।

(१६) सतिया का अपने सत से छत्तीस नाग उत्पन्न करना। नागों का बारात को डंस लेना। दुर्गा का सतिया के पास जाना। दुर्गा के आग्रह पर सतिया द्वारा बारात को जिलाया जाना।

(१७) सात समुद्र पार जाकर बमर-सिन्दूर लाये बिना मलसांवर का विवाह संभव नहीं। सतिया का दुर्गा से कथन।

(१८) हंस-हंसिनी के पंखों पर बैठकर लोरिक का अमर सिन्दूर लाने के लिए सात समुद्र पार जाना। दुर्गा का साथ में होना।

(१९) डाइन अगिया कोइलिवा के देश से लोरिक का सौभाग्य का सिन्दूर लाना। रास्ते में लोरिक का अपनी जांघों से मांस काट कर हंस-हंसिनी को खिलाना। दुर्गा द्वारा लोरिक को यथापूर्व कर देना।

(२०) बारात का शंभू सागर पर जश्न मनाना। कस्बी और पातुरियों का नाच-गान होना—भांड़ों का चुटुकियों पर ताल देना।
(२१) मलसांवर और सतिया का विवाह सम्पन्न।
(२२) बारात सतिया को लेकर गउरा वापस—मलसांवर और सतिया का कोहबर में जाना।
(२३) सतिया और मलसांवर का बोहा में निवास।

लोरिक के विवाह के प्रसंग में दैवी हस्तक्षेप अधिक नहीं है। यह सच है कि दुर्गा सदैव लोरिक की सहायता करती हैं पर संवरू के विवाह में ब्रह्मा स्वयं बाधक के रूप में हैं। लोरिक की बारात चल रही है। उसके कोलाहल से ब्रह्मा का आसन डोल उठा है, विष्णु का सुरधाम कांप उठा है। ब्रह्मा एक दानव दूत भेजकर बारात को निगलवा लेते हैं। दुर्गा की सहायता से बारात की रक्षा होती है। ब्रह्मा एक घर की रचना करते हैं, आग की सृष्टि करते हैं तथा एक डाइन को वहाँ बैठा देते हैं। गांगी नाऊ और अजयी धोबी ठंड़ खायी हुई बारात को गर्मी दिलाने के लिए आग लेने जाते हैं तब डाइन उन्हें निगल जाती है। लोरिक भी वहाँ जाता है पर दुर्गा की सहायता से वह बच जाता है। डाइन का वधकर वह उसके पेट से अजयी तथा गांगी नाऊ को निकालता है। बरईपुर की रानी बरइनि लोरिक से लड़ती है और हार जाने पर प्रेम प्रस्ताव करती है। लोरिक बारात की वापसी पर उसे गउरा ले चलने का वचन देता है। पर लौटते समय वह उसको बरईपुर में ही छोड़ देता है। सुरवली के पास भी बारात मुसीबत में फँसती है क्योंकि सवा लाख बारातियों के लिए पर्याप्त खाद्य सामग्री नहीं थी। अजयी धोबी की मध्यस्थता पर महीचन साहु वहाँ के महाजनों से बाजार लगवाते हैं, और बारात को खाद्य सामग्री उपलब्ध होती है। लोरिकायन के अन्य पाठों में सतिया के पिता बमरी का यह प्रण बार-बार दुहराया गया है कि—

"नाहि देसे में हम ससुरा कहाबै, नाहिं मोरि लरिका कहइहैं सार"[१७]

[न तो अपने देश में मैं ससुर कहलाऊँगा और न मेरे लड़के साले कहे जायेंगे]

इलाहाबाद के पाठ में भी इस प्रण की पुनरावृत्ति हुई है।

"एहं क राजा बा अड़बंगी, नात जतनी जाति पाति कां लड़की
सुरवलि राखेबा बारि कुंवारि।
आपन बेटवा बियहि के ले आवइ
कहवावइ ना ससुर अउ सार"[१८]

[वहाँ का राजा टेढ़ा है। सुरवलि की सभी जातियों की लड़कियों को उसने कुंवारा रखा है। उसका प्रण है—मैं अपने लड़कों का विवाह कर लाऊँगा। पर मैं ससुर और मेरे लड़के सार नहीं कहे जायेंगे।]

बमरी अपने राज्य की कन्याओं का विवाह नहीं होने देना चाहता था। पर

दूसरे देश की कन्याएँ उसके राज्य में आयें, इस पर उसको आपत्ति नहीं थी। अपनी पुत्री सतिया का विवाह भी वह इसीलिए नहीं होने देता था। ददई केवट के पाठ में यह बात नहीं दुहराई गई है। सतिया के भाई भीमली और लोरिक का विवाह यहाँ संक्षिप्त है। भीमली के अन्य भाई वीर दसवंत की लड़ाई का उल्लेख यहाँ नहीं है। यहाँ सतिया का एक ही भाई भीमली है। बनारस के पाठ में सतिया के सात भाई हैं। गायक ने मलसांवर के विवाह के प्रसंगों में अलौकिक तत्वों का समावेश अधिक किया है। लोरिक के विवाह में गायक के चित्रण अधिक यथार्थ हैं। सांवर के विवाह में यहाँ घटनाएँ अधिक अलौकिक और चमत्कारपूर्ण हैं। दुर्गा सदैव लोरिक की सहायता करती हैं।

३. हल्दी-चनवा का उढ़ार

लोरिक के विवाह के उपरान्त ददई केवट 'चनवा का उढ़ार' गाते हैं। मलसांवर के विवाह का प्रसंग अन्य गायकों द्वारा विस्तार से गाया गया है। ददई केवट ने इस प्रसंग को अत्यन्त संक्षिप्त कर दिया है। अपने विवाह तथा भाई सांवर के विवाह के अवसर पर अनेक युद्धों और आपदाओं का सामना करने के बाद लोरिक के जीवन में एक नया मोड़ आता है। वह सहदेव की लड़की चनवा के प्रेम में फंस जाता है और उसके साथ हल्दी भाग जाता है। वहाँ एक अन्य स्त्री जमुनी कलारिन के प्रेम में फँसता है। उसकी विवाहिता पत्नी[१९] मंजरी गउरा में अनेक विपत्तियाँ सहती है। लोरिक हल्दी से नेउरी (नेउरापुर) जाता है, हरेवा परेवा को हराता है, अनेक आपदाओं पर विजय प्राप्त करने के बाद गउरा वापस आता है।

'चनवा का उढ़ार'[२०]. में निम्नलिखित प्रसंग हैं। गायक प्रारम्भ में सुमिरन करता है; देवी दुर्गा का स्मरण करता है। वह कहता है कि "हे माता, मेरी जीभ पर बैठो ताकि भूली हुई शृंखला या कड़ी को मैं जोड़ लूं। हे देवी, यदि एक भी शब्द भूल जायेगा तो मैं तुम्हारा नाम नही लूंगा। सतयुग में जितनी कीर्ति गायी गयी है, उस सबको तुम जोड़ दो, तब तुम्हारी शक्ति को मैं पहचान सकूंगा।" गायक के अनुसार प्रस्तुत कथा सतयुग की है। इस प्रार्थना के बाद गायक ने 'चनवा के उढ़ार' के प्रसंगों को विस्तार दिया है।

'चनवा का उढ़ार' की कथा के तंतु :

(१) चनवा का सिवहरिया से विवाह—सिवहरिया का चनवा की उपेक्षा करना—चनवा का पति को छोड़कर गउरा आने का उपक्रम।

(२) रास्ते में चमार बांठा का छेड़खानी करना।

(३) चनवा द्वारा अपने सत का सुमिरन करना—बांठा का पेड़ की लताओं में बंध जाना तथा चनवा से छेड़खानी करने में असफल रहना।

(४) बांठा का उत्पात—गउरा के सागर पर घेरा डालना तथा सारे कुंवों

में हड्डियाँ और गोबर फेंक देना—गउरा में पीने का पानी नहीं रहा—लोग अन्न और पानी के लिए तबाह ।

(५) चनवा की माँ सेल्हिया का लोरिक के यहाँ जाना—चनवा को पाने के लिए बांठा द्वारा ढाई गई विपत्ति का हाल कहना ।

(६) लोरिक का सागर के तट पर जाना तथा बांठा का हाथ पांव तोड़कर उसे मार डालना । दुर्गा की सहायता से लोरिक के शरीर की रक्षा होना । चनवा का बांठा को देखने जाना ।

(७) चनवा के अपराध के लिए जाति बिरादरी के चौधरी द्वारा चनवा के पिता सहदेव को दंडित किया जाना । सहदेव द्वारा भोज का आयोजन ।

(८) चनवा और लोरिका का प्रेम बढ़ना—बरहा (रस्सी) की सहायता से लोरिक का रात में सहदेव के महल की ऊपरी चौखंडी में चढ़ना तथा चनवा के साथ प्रेमालाप करना ।

(९) चनवा और लोरिक के मिलन की सर्वत्र चर्चा फैलना—मंजरी को लोरिक के गुप्त प्रेम की खबर मिलना—झगड़ू कोईरी के कोड़ार में चनवा और मंजरी की लड़ाई ।

(१०) चनवा के आग्रह पर लोरिक हल्दी भाग जाने के लिए उद्यत ।

(११) लोरिक और चनवा का हल्दी के लिए प्रस्थान करना ।

(१२) प्रथम पड़ाव बोहा में—लोरिक संवरू की भेंट ।

(१३) बेवरा नदी के तट पर चनवा के पति सिवहरिया का आना तथा लोरिक पर आक्रमण करना तथा पराजित होना ।

(१४) लोरिक और चनवा का बेवरा पार कर हल्दी पहुँचना ।

(१५) लोरिक और कलवारिन जमुनी का प्रेम सम्बन्ध । चनवा एक नयी सौत के कारण दुःखी ।

(१६) पशुओं को चराने के लिए हल्दी के राजा महुअरि का लोरिक को चरवाहा नियुक्त किया जाना ।

(१७) चरवाहा के रूप में लोरिक का उत्पात--पशुओं को किसानों के खेत में छोड़ देना---फसल नष्ट हो जाने से किसान परेशान ।

(१८) राजा महुवरि का तंग आकर लोरिक को नेउरापुर कर वसूलने के लिए भेजना ।

(१९) लोरिक द्वारा कट्टाह और भयंकर घोड़े को वश में किया जाना । लोरिक को महुवरि ने यह घोड़ा इसलिए दिया था कि वह लोरिक को मार डालेगा ।

(२०) नेउरापुर (नेउरी) में लोरिक का बचपन के एक साथी से मिलना—

साथी का लोरिक को नेउरी की कठिनाईयों के बारे में बताना तथा सहायता करना ।

(२१) लोरिक द्वारा नेउरी के राजा हरेवा परेवा पर चढ़ाई—हरेवा परेवा द्वारा लोरिक को मारने के लिए विषैली कुतियों तथा ब्रह्म फांस का उपयोग करना—लोरिक का दुर्गा की सहायता से बच निकलना—लोरिक द्वारा पांच सौ कैदियों को मुक्ति दिलाना—मुक्त कैदियों का लोरिक को सहायता पहुँचाना । लोरिक का एक अपराध—नेउरी में स्त्रियों का वध करना—उनमें गर्भिणी स्त्रियां भी थीं । लोरिक का हल्दी का राजा बनना ।

(२२) पिपरी के कोल चंड़ार, गाजनगढ़ के तुर्क, परानापुर के निवासी सभी लोरिक के शत्रु बन गये थे—सबका एक जुट होकर गउरा तथा बोहा पर आक्रमण करना ।

(२३) बोहा में मलसांवर का वध ।

(२४) मंजरी पर विपत्ति—गउरा का सारा धन लुट लिया जाना—चिथड़े पहन कर मंजरी का जीवन यापन करना ।

(२५) गांगी नाऊ का गउरा से मंजरी का संदेश लेकर लोरिक के पास हल्दी जाना—चनवा के बर्गलाने पर मंजरी की विपत्ति, मलसांवर की मृत्यु तथा गउरा की सारी सम्पत्ति लुट जाने की खबर लोरिक को न देना—शोभा नायक द्वारा लोरिक को मंजरी की विपत्ति, सांवर की मृत्यु, तथा गउरा के सारे धन के लुट जाने का समाचार देना ।

(२६) लोरिक का गउरा वापस आने की तैयारी ।

अगोरी की लड़ाईयां तथा सुहवल के संघर्षों के बाद लोरिक के जीवन में एक प्रकार का विश्राम आता है । इस विश्राम की अवधि में नायक के जीवन में चनवा आती है । चनवा से प्रेम सम्बन्ध बढ़ जाने पर वह उसे लेकर हल्दी जाता है । यह नायक के लिए एक प्रकार से प्रवास (देस-निकाला) है । जिसमें नायक के जीवन में शिथिलता आती है । हल्दी में लोरिक कुछ दिनों के लिए चरवाहा बनता है । नायक के चरित्र की यह अधोगति है । विवाहिता पत्नी से विछोह, एक नयी स्त्री से सम्पर्क, चरवाहे का काम यह सब कुछ वीर योद्धा की मर्यादा के प्रतिकूल है । किन्तु शीघ्र ही नायक अपना गौरव फिर प्राप्त कर लेता है । वह हल्दी में भयंकर घोड़े को वश में करता है, नेउरापुर में जाकर वहाँ के राजा को परास्त करता है, फिर हल्दी का राजा बनता है । महुअरि स्वयं हल्दी का राज्य लोरिक को सौंप देता है । इसी बीच शोभा नायक[२१] मंजरी का संदेश लेकर पहुँचता है । वह लोरिक को बताता है कि कैसे कोलों तथा अन्य शत्रुओं ने मिलकर गउरा का धन लूट लिया तथा कैसे सांवर मारे गये । शोभा नायक मंजरी की दारुण विपत्ति की कहानी भी कहता है । यह सुनकर लोरिक दुःखी होता है और गउरा वापस आने की तैयारी करता है ।

चनवा के उद्धार के लगभग सभी प्रसंग थोड़े अन्तर के साथ सभी पाठों में पाये जाते हैं। अन्तर इतना ही है कि ददई केवट वर्णन-विस्तार नहीं करते। उनमें घटनाओं के चित्रण को संक्षिप्त कर देने की प्रवृत्ति है।

४. हल्दी से लोरिक की बोहा में वापसी—पिपरी का युद्ध—लोरिक की मृत्यु

लोरिक भाई सांवर की मृत्यु, मंजरी की विपत्ति तथा शत्रुओं के अत्याचार की कहानी सुनकर बोहा वापस आता है। वहाँ बाजार लगवाता है। मंजरी वहाँ मट्ठा बेचने जाती है। चनवा उसकी टोकरी में चुपके से सोना-चांदी भरवा देती है तथा उसके ऊपर से चावल रखवा देती है। मंजरी बेवरा नदी पार कर जब घर आती है तब उसकी सास को उसके चरित्र पर सन्देह होता है। उसको लगता है कि मंजरी ने अपना सत गँवा दिया है, उसके बदले में उसे सारा धन मिला है। सास खौलती कड़ाही में सारा द्रव्य, रुपये आदि रखवा देती है। सती मंजरी तेल से भरी खौलती कड़ाही में हाथ डालकर रुपये निकाल लेती है और उसका हाथ नहीं जलता। पुनः केवट मंजरी को बेवरा नदी पार नहीं कराना चाहता तब वह अपने सत के सुमिरन से नदी की धारा को दो भागों में रोक देती है और नदी पार कर जाती है। लोरिक को मृत समझ कर वह सती होना चाहती है तब लोरिक प्रकट होकर उसकी रक्षा करता है तथा धधकती चिता को बिखेर देता है। लोरिक गउरा आता है। पिपरी के कोलों से युद्ध करता है फिर अपने सारे पशुओं को वापस करा लेता है। वह देवसिया कोल के बाण से आहत होता है। घोड़ा मंगर लेकर उसे गउरा उड़ जाता है। लोरिक का पुत्र अभोरिक देवसिया को पराजित करता है, आहत करता है। लोरिक को अभोरिक देवसी के पास ले जाता है। लोरिक के बाण से देवसी मर जाता है। अन्त में लोरिक चिता बनवाता है और उसमें जलकर भस्म हो जाता है। लोरिक की बोहा वापसी, पिपरी का युद्ध और लोरिक के अग्निदाह के प्रसंग में निम्नलिखित तत्व महत्वपूर्ण हैं :

(१) हल्दी से सारा सामान, धन-दौलत लादकर लोरिक और चनवा का बोहा आना—तम्बू और कनात खड़ा करवाना तथा उर्दू बाजार लगवाना।

(२) लोरिक का घूम-घूम कर बोहा देखना—अपने पशुओं को न देखकर दुःखी होना।

(३) लोरिक का सिपाहियों से गउरा में डुग्गी पिटवाना कि बोहा का राजा दूध-दही खरीदेगा।

(४) मंजरी का अन्य ग्वालिनों के साथ बोहा में मट्ठा बेचने जाना—मंजरी का फटे चिथड़ों में होना तथा अपना मट्ठा और टोकरी दूर रख देना।

(५) लोरिक के कहने पर चनवा द्वारा मंजरी की टोकरी में सोना, द्रव्य

रुपये आदि रख देना तथा ऊपर से दस-पाँच सेर चावल रखकर द्रव्यों को ढक देना।

(६) मंजरी की सास को उसके चरित्र पर सन्देह होना—मंजरी का तेल से भरी हुई खौलती कड़ाही में हाथ डाल कर द्रव्य निकालना तथा अपने सत की परीक्षा देना।

(७) मंजरी का मट्ठा लेकर फिर बोहा जाना—लोरिक की आज्ञा पर बेवरा नदी के तट पर मल्लाह का मंजरी को रोकना और बोहा न जाने देना। मंजरी के सत के सुमिरन से दुर्गा का प्रकट होना तथा बेवरा नदी की धारा का दो भागों में विभक्त हो जाना तथा बीच में मैदान बन जाना। मंजरी का पैदल उस पार चला जाना।

(८) मंजरी का लोरिक की बिजली वाली तलवार देखकर चिन्ता में पड़ जाना कि शायद मेरे पति लोरिक को मार कर इस राजा ने तलवार छीन ली है।

(९) पति की तलवार लेकर मंजरी द्वारा सती होने की तैयारी। मंजरी का सुलगती चिता में बैठना—लोरिक का आकर आग को बिखेर देना तथा मंजरी का हाथ पकड़ कर बाहर निकालना।

(१०) ग्वालिनों का घर आकर खोइलनि को सारी कहानी बताना।

(११) लोरिक की माँ खोइलनि का धोबी अजयी के यहाँ जाना और कहना कि मेरी बहू बोहा में हर ली गयी है। अजयी का खोइलनि को सहायता करने से इन्कार करना। पत्नी विजवा की चुनौती पर अजयी का बोहा में जाना।

(१२) अजयी का जाकर लोरिक से लड़ना—लोरिक का गुरु अजयी को पहचान लेना तथा गले लगकर दोनों का फूट-फूट कर रोना।

(१३) अजयी द्वारा लोरिक को बताया जाना कि संवरू कैसे कोलों द्वारा मारे गये। कैसे गायों को कोल हर ले गये। नान्हूँ चरवाह (लोरिक का साला, और मंजरी का भाई) कैसे आजकल भाड़ झोंक रहा है।

(१४) लोरिक का नान्हूँ को भड़भूजे के यहाँ से बुलवाना—नान्हूँ का लोरिक पर क्रुद्ध होना—फिर विपत्ति की सारी कहानी कहना। लोरिक के कहने पर नान्हूँ चरवाह का पिपरी जाना—कोलों के यहाँ जाकर गायों के बारे में यह पता लगाना कि कुछ ही दिनों में कोलों की बेटियों का गौना होगा और शीघ्र गायें दहेज में बाहर चली जायँगी।

(१५) लोरिक का पिपरी के कोलों पर आक्रमण—कोलों से सारा धन और पशु वापस ले लेना तथा पिपरी में आग लगा देना।

(१६) देवसिया के बाण से लोरिक घायल—घोड़ा मंगर का लोरिक को लेकर गउरा उड़ जाना—लोरिक के पुत्र अभोरिक के बाणों से कोल

देवसिया आहत—अमोरिक के कहने पर लोरिक का जाकर घायल देवसिया का सिर काट लेना।

(१७) दो पात्रों में दूध लेकर लोरिक का पीपल के पेड़ से कूदना—दूध हिल जाने से लोरिक को अपनी दुर्बलता का आभास होना।

(१८) लोरिक द्वारा गउरा[२२] में गड्ढा खुदवाया जाना—चिता सजवाना—उसमें हविष्य डलवाना—अग्नि तेज होने पर अहीर का उसमें कूद जाना तथा 'सीताराम' कहते हुए अपने शरीर को जलाकर राख कर देना।

चनवा के उद्धार के बाद लोरिक का पतन प्रारम्भ हो जाता है। एक स्त्री का अपहरण, नेउरापुर में स्त्रियों का वध आदि ऐसी परिस्थितियाँ हैं जो नायक को दुर्बल बना देती हैं। हल्दी में घोड़ा मंगर उसको सहायक मिलता है। उसकी सहायता से वह नेउरापुर की लड़ाई में विजय प्राप्त करता है। विवाहिता पत्नी की विपत्ति, भाई सांवर की मृत्यु आदि का समाचार सुनकर वह अपने घर गउरा के लिए प्रस्थान करता है। बोहा में डेरा डालता है। यहाँ ऐसी परिस्थितियाँ उत्पन्न होती हैं कि मंजरी के सत की परीक्षा होती है। मंजरी की विपत्ति और उसका सत गायकों का प्रिय प्रसंग है। बोहा में लोरिक का गुरु अजयी तथा चरवाह नान्हूँ मिलता है जो मंजरी का भाई था। विपत्ति के दिनों में गउरा के एक भड़भूजे के यहाँ भाड़ भूँजने की नौकरी करता था। इन दोनों की सहायता पाकर लोरिक आक्रमण करता है तथा अपने सारे पशुओं तथा धन को वापस लेता है। देवसिया कोल से युद्ध करने में लोरिक आहत होता है। यद्यपि अपने पुत्र अमोरिक की सहायता से वह देवसिया का वध करता है पर यहाँ प्रकट हो जाता है कि लोरिक का पौरुष घट गया है। वह अन्तिम बार अपनी शक्ति की परीक्षा करता है। दो पात्रों में दूध लेकर वह कूदता है पर आशा के विपरीत दूध हिल जाता है। अन्त में वह अपना जीवन समाप्त करने को उद्यत हो जाता है। वह गढ्ढा खुदवाता है, चिता जलवाता है, घी की आहुति दिलवाता है और अग्नि में अपने को स्वाहा कर देता है। एक वीर योद्धा का यह दुःखद अन्त है। उसके अनेक अनैतिक कार्यों और ढलती हुई उम्र की निर्बलता की यह चरम परिणति है।

टिप्पणियाँ

१. मिर्जापुर—यह नगर २३°-५२' तथा २५°-३२' (Latitude) अक्षांश (उत्तर) तथा ८२-०७' और ८३°-३३' पूर्व देशान्तर (Longitude) पर स्थित है।

२. अगोरी—२४°-४१' उत्तर अक्षांश तथा ८२°-५८' देशान्तर पर स्थित है। यह रिहांद तथा सोननदी के संगम पर है। यह स्थान मिर्जापुर

से ६२ मील तथा राबर्ट्सगंज से १४ मील की दूरी पर है।

३. जुए में राज्य हार जाने तथा पांडवों में सर्वश्रेष्ठ युधिष्ठिर द्वारा द्रौपदी को दाँव पर रखने की कथा तो महाभारत (सभापर्व) में भी आती है पर पत्नी की कोख को दाँव में रखना भारतीय साहित्य में मुझे अन्यत्र नहीं मिल सका।

४. गोरइया—'गोरइया' की पूजा शाहाबाद, बक्सर तथा पटना के दुसाध करते हैं। पूजा करने वाले इसको राहु की पूजा से जोड़ते हैं।

५. बघौता—बाघ-देवता (tiger ghost) तथा बनसत्ती माता की पूजा कोल आदिवासियों में प्रचलित है, इसका उल्लेख विलियम क्रूक ने किया है।

देखिये : William Crooke—The tribes and castes. Calcutta, 1896 Vol. III Page 312.

६. सभी गायक देवी को स्मरण करते हैं ताकि उनके गायन का प्रवाह भंग न हो। सभी गायक यह कहते हैं कि देवी की सहायता के बिना इतना बड़ा पंवारा गाया नहीं जा सकता।

७. ददई केवट ने लोरिक के जन्म को विस्तार से नहीं गाया है। शिवनाथ चौधरी के पाठ में सूर्य की आराधना से खोइलनि के गर्भ में लोरिक आता है। इलाहाबाद के राम अवतार के पाठ में खोइलनि शिव की आराधना करती है तब लोरिक पैदा होता है।

८. मंजरी के जन्म के अवसर पर स्वर्ण की वर्षा होती है, इसका उल्लेख लगभग सभी गायक करते हैं।

९. कोटवा भदोखरि—गउरा और अगोरी के बीच का एक गाँव है। इसका ठीक-ठीक पता बताना कठिन है।

१०. आजु कहँ लीखई ना पतियाह् रे बनाई
देख भाई छतिरीय ना जतिया जे जवन रे होईहंय
पतिया में लीखत ना हउवंह रे तीलऽकय
पतियाह् गइलेह् ना बंचियाह् कइ रे देखले
घरवांह् अन्नइ ना खइहंइ जाइ हराम
पनिया पीहइ रुधिरया रे समानऽ

प्रस्तुत पाठ के पृष्ठ १११ पर देखिये।

११. इनरावत—एक हाथी का नाम—ऐरावत हाथी इन्द्र का वाहन है। लगता है 'ऐरावत' की समानता पर इनरावत बन गया है। इनरावत और मंजरी पूर्व जन्म में बहनें थीं।

१२. निरम्मल—ददई केवट के पाठ में निरम्मल की गर्दन बार-बार कटती है और जुड़ जाती है। तब वह ब्रह्मा के यहाँ जाता है। उसकी

प्रार्थना पर ब्रह्मा कहते हैं कि एक बूंद रक्त तुम्हारे शरीर से धरती पर गिर गया तो लोरिक का बचना सम्भव नहीं है, पर दुर्गा लोरिक की सहायता करती हैं और निरम्मल मारा जाता है। वाराणसी के पांचू भगत के पाठ में, दसवंत और लोरिक के युद्ध में ऐसा होता है। यह एक कथानक अभिप्राय (Motif) का स्थानान्तरण मात्र है। दुर्गा से ब्रह्मा कहते हैं कि दसवत अमर है यदि सातवीं बार उसकी गर्दन कटी तथा धरती पर रक्त का बूंद गिर गया तो चाहे जितनी अमर दुर्गा तैयार हो जायें लोरिक नहीं बचेगा।

देखिए : मेरे द्वारा सम्पादित लोक महाकाव्य लोरिकी, इलाहाबाद १९७९ पृष्ठ १२४।

१३. देखिये : श्याममनोहर पांडेय, लोकमहाकाव्य चनैनी, इलाहाबाद १९८२

१४. मेरे गायकों में सबसे बड़ा पाठ शिवनाथ चौधरी का है। उनका पाठ मैंने १९६६ में संग्रहीत किया था। वे उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के उजियार भरौली के रहने वाले थे। लगभग ८५ वर्ष की उम्र में उनकी मृत्यु लगभग दो वर्ष पहले भरौली में ही हुई। इनका पाठ अभी अप्रकाशित है।

१५. लोक परम्परा में एक ही स्थान को सुरवल, मुहवल, सुरहुल, सुरवली आदि कई नाम दिये गये हैं।

१६. परछावन या परछन--विवाह के अवसर पर वर की आरती उतारने की रीति। बारात जाने के पहले भी स्त्रियाँ वर का परछन करती हैं उसके बाद बारात विदा होती है।

१७. श्याममनोहर पाण्डेय, लोकमहाकाव्य लोरिकी, इलाहाबाद, १९७९, पृष्ठ ३।

१८. श्याममनोहर पाण्डेय, लोकमहाकाव्य चनैनी, इलाहाबाद, १९८२, पृष्ठ २२९।

१९. नेउरापुर, नेउरी एक ही स्थान का नाम है।

२०. चनवा का उढ़ार—चनवा का उढ़ार मौलाना दाउद कृत 'चंदायन' की कथा का आधार है। लोरिक का चनवा से प्रेम हो जाता है। वह अपनी विवाहिता मंजरी को छोड़ कर चनवा के साथ हल्दी भाग जाता है। इस कथा में सूफ़ी दर्शन के अनेक तत्वों को जोड़कर मौलाना दाउद अपनी कथा का ठाट तैयार करते हैं! 'चंदायन' की रचना १३७९ ई० में हुई। विस्तृत अध्ययन के लिए देखिए :

1. Shyam Manohar Pandey : Maulana Daud and his Contribution to the Hindi Sufi Literature. Istituto Orientale di NAPOLI, 1978, Vol. 38, pp. 75-90.

(2) Shyam Manohar Pandey : Some problems in Studying Candayan, Early Hindi devotional literature in current research, ed. Winand, M. Callewert, Leuven, Belgium 1980, pp. 127-140.

(3) Shyam Manohar Pandey : Love Symbolism in Candayan Bhakti in Current research 1979-1982.
Monika Thiel—Horstmann, Berlin 1983.

२१. शोभा नायक— वाराणसी के पाठ में संदेशवाहक का नाम जग्गू बनजारा है, शिवनाथ चौधरी के पाठ में उसका नाम नायक बनजारा है। इस प्रकार के नामों का परिवर्तन लोककाव्यों में सामान्य बात है।

२२. नायक लोरिक सभी पाठों में अपना जीवन स्वयं समाप्त कर लेता है। कुछ पाठों में वह गउरा में अग्नि की चिता बनाकर अपने को स्वाहा करता है, कुछ में वाराणसी जाकर 'मरण कंडिका' घाट पर चिता बना कर जलता है। गोंडा जिले के पाठ में वह हिमप्रवेश करता है। यह महाभारत का प्रभाव लगता है।

□ □

गायक—ददई केवट

(मृत्यु २२ फरवरी १९७० ई०)

'लोरिकायन' के प्रस्तुत गायक ददई केवट अपने को केवट कहना अधिक पसंद करते थे। भगवान राम को एक केवट ने वन जाते समय गंगा पार कराया था[1] अतः मल्लाह लोग इस घटना का उल्लेख कर अपने को गौरवान्वित अनुभव करते हैं। ददई केवट ने सदैव इस बात पर बल दिया कि वे केवट हैं। अन्य मल्लाह भी अपने को केवट या निषाद कहते हैं।

१७ अक्टूबर, १९६६ को मैंने ददई केवट के लोरिकायन की रिकार्डिङ्ग प्रारम्भ की थी। गायक ने तब बताया कि इस महाकाव्य का नाम 'लोरिकी' या 'लोरिकायन' दोनों है। गायक प्रायः इसके लिए 'पंवारा'[2] शब्द प्रयुक्त करते हैं। लोकमहाकाव्य ओरल एपिक (oral epic) के आधार पर दिया गया एक साहित्यिक शब्द है। गायक कुरुहुल नामक गाँव में पैदा हुए थे। यह कुरुहुल उत्तर प्रदेश में मिर्जापुर जिले में अगोरी के पास है। मिर्जापुर की स्थिति २३°-५२ और २५°-३२ अक्षांश उत्तर तथा ८२.०७ और ८३° ३३ देशान्तर पर है। अगोरी २४° ४१ उत्तर तथा ८२° ५८ पूर्व में है। यहाँ एक बड़ा सा किला भी है। अगोरी में सोन और रिहान्द नदी का संगम भी है। मिर्जापुर शहर से यह ६२ मील दक्षिण पूर्व की ओर स्थित है। राबर्ट्सगंज तहसील यहाँ से १४ मील है। गायक का गाँव कुरुहुल अगोरी से लगभग ५ मील पूर्वोत्तर में है। चोपन से कुरुहुल लगभग तीन मील है। जिस समय मैंने १९६६ में चोपन में रिकार्डिङ्ग की थी उस समय वहाँ एक रेलवे कॉलोनी बस चुकी थी। रेलवे कॉलोनी में मेरे सहायक और स्नेही श्री ओम प्रकाश कुलश्रेष्ठ[3] के एक सम्बन्धी ने जो रेलवे में काम करते थे और वहीं रहते थे, मेरे रहने की व्यवस्था कर दी थी। रिकार्डिङ्ग चोपन में १७ अक्टूबर से २३ अक्टूबर तक रात में और अवसर मिलने पर दिन में भी होती रही। गायक पैदल चलकर रोज कुरुहुल से अपने एक मित्र के साथ आया करता था। (कुरुहुल गाँव में उन दिनों बिजली नहीं थी।) उसके यह सहयोगी मित्र गाँजा बनाने, चिलम बोझने तथा गायक के गायन में कड़ी के अन्त में तुक मिलाकर सहयोग करते थे। बिना गाँजा पीये 'लोरिकायन' का गायन गायक के लिए संभव नहीं था। उसके सहयोगी भी गाँजा पीते थे।

गायक की उम्र लगभग सत्तर साल[4] की थी और श्रोताओं के बीच बैठकर वह नहीं गा रहे थे अतः उत्साह की कमी उनमें सहज देखी जा सकती थी। श्रोताओं में मैं, श्री ओमप्रकाश कुलश्रेष्ठ, गायक का सहयोगी केवल यही व्यक्ति थे। कभी-कभी परिवार के बच्चे तथा एकाध पड़ोसी उत्सुकतावश आ जाते थे। पर थोड़ी देर गायकी सुनकर वे वापस चले जाते थे। स्पष्ट है गायक उपयुक्त वातावरण में, अपने उपयुक्त

श्रोताओं के बीच नहीं गा रहा था। अतः उसमें नाटकीयता की कमी थी, प्रवाह में यदाकदा शिथिलता थी, कथाक्रम में भी कभी-कभी त्रुटि हो जाती थी। उस समय गायक का सहयोगी उसे भूली-बिसरी कड़ियों को जोड़ने में सहयोग करता था।

गायक के गुरु

गायक के गुरु का नाम भी ददई था। वे जाति के अहीर थे तथा कुरहुल के रहने वाले थे। गायक ने १९६६ में मुझे बताया कि हम लोग पशु चराने जाया करते थे। पशुओं को खेतों और चरागाहों में छोड़कर हम लोग लोरिकायन गाने बैठ जाते थे। गुरु ददई गाते थे फिर मैं उसको दुहराता था। इसी तरह कड़ी-कड़ी करके मैंने लोरिकायन सीखा। गायक को लोरिकायन सीखने में दो तीन वर्ष लगे थे। गायक ने मुझे बताया कि लोरिकी आदि आमतौर पर चरवाही करते सीखी जाती है अतः वहाँ बाजे का प्रयोग सम्भव नहीं है। स्मरणीय है 'लोरिकायन' के गाने वाले किसी प्रकार का वाद्ययन्त्र नहीं प्रयुक्त करते।

अक्तूबर १९६६ में गायक के गुरु ददई अहीर को मरे दस साल हो चुके थे। ददई अहीर के गुरु मध्य प्रदेश के सरगुजा (छत्तीसगढ़) के थे। अतः लगता है मिर्जापुर जिले के कुरहुल का प्रस्तुत पाठ छत्तीसगढ़ी परम्परा के अधिक पास है। वैसे लोक परम्परा के गायक अनेक परम्पराओं से प्रभावित होते रहते हैं।

गायक का पेशा

ददई मल्लाह या केवट होते हुए भी नाव खेने का कार्य नहीं करते थे। उनके घर में खेती होती है। उन्होंने १९६६ ई० में मुझे बताया कि उनके यहाँ दो बैलों की खेती होती है।[५] उनके दो लड़के खेती-बारी का काम सँभालते थे। ददई मल्लाह स्वयं हलवाहा थे जो अपना खेत स्वयं जोतते थे।

गायक का एक पेशा ओझइती का भी था।[६] वह भूत-प्रेत की झाड़-फूंक करते थे। २१ अक्तूबर १९६६ की रात को मैंने चोपन में गायक और उसके सहयोगी को एक ढाबे में भोजन कराया। गायक के सहयोगी ने या तो कुछ अधिक भोजन कर लिया या उसकी तबियत कुछ पहले से खराब थी। बहरहाल, उसको कय हो गयी। गायक ने झट उसका मस्तक पकड़ा तथा झाड़-फूंक शुरू किया। थोड़ी देर में उसकी तबीयत ठीक हो गयी तो गायक ने बताया कि खाते समय किसी की नजर लग गयी थी अतः उसके मित्र को कय हो गयी। उसके बाद गायक और उसके मित्र मेरे बार-बार आग्रह पर भी चोपन के ढाबे में खाना नहीं खा सके। मैं उन्हें पैसे दे दिया करता था। वे घर से भोजन करके आ जाया करते थे। गायक के सहयोगी मित्र को यह विश्वास था कि वह झाड़-फूंक से स्वस्थ हुआ। मिर्जापुर, चोपन, अगोरी के इलाके में उन दिनों ओझइत झाड़-फूंक करने वाले बहुत सम्मान पाते थे। यद्यपि अब गाँवों में वैद्य और आधुनिक डाक्टर भी पहुँच गये हैं। वहाँ लोगों की जीवन-प्रणाली अब काफी तेजी से बदल रही है।

जीवन के प्रति दृष्टिकोण

ददई केवट ने यह भी बताया कि जब से मिर्जापुर से रिहैंड डैम तक पक्की सड़क बन गयी है तथा यहाँ पढ़े-लिखे बाबू लोग आ गये हैं, तब से हम लोग बेईमान हो गये हैं। पहले यहाँ दूध में कोई पानी नहीं मिलाता था, अब दूध में पानी मिलाकर बेचा जाने लगा है।[७] ददई केवट ने कहा—पहले यहाँ लोग किसी की चीज नहीं छूते थे, अब चोरियाँ बढ़ गयी हैं। ददई केवट ने कहा सारा दोष इस पक्की सड़क का है। इस पर ट्रक, कारें सब कुछ चलने लगी हैं। इनमें आने-जाने वाले बेईमान हैं। उनसे हमने भी बेईमानी, छल, प्रपंच सीखना शुरू कर दिया। अन्यथा इस इलाके के लोग ईमानदार, सादे और बचन के पक्के होते थे। आवागमन के साधनों के विकास के फलस्वरूप जो बुराइयाँ आती हैं उसको ददई केवट कोसते हैं। जन-सम्पर्क, आवागमन के साधन के लाभ बिजली आदि के प्रकाश तथा रहन-सहन के स्तर में उन्नति को वह महत्त्व नहीं दे रहे थे क्योंकि उनकी दृष्टि में इन सबसे इन्सानी मूल्यों का हनन हो रहा था। गायक की दृष्टि में इन्सानी मूल्य अधिक महत्त्वपूर्ण थे।

गायक का बचपन

गायक ने १९६६ में अपनी उम्र लगभग ७० साल बतायी थी। अर्थात् वह १८९६ ई० के आसपास पैदा हुआ होगा। गायक ने बचपन में पशुओं की चरवाही का कार्य किया था। बताया जा चुका है कि गुरु के साथ बैठकर लोरिकायन उसने उसी समय सीखा था। गायक मल्लाहों के गीत के अलावा भजन तथा अन्य पूर्वी गाने भी गा सकता था। युवावस्था में वह नाच की मंडलियों में भाग लेता था तथा नाचने वालों लौंडों का गिरोह भी बनाया करता था। स्पष्ट है ऐसे चरित्रों को गाँव वाले संदेह की दृष्टि से देखते हैं।[८]

गायक पतला दुबला सांवले रंग का था। उसको देशी शराब पीने का शौक था। अगोरी के पास १९६६ में देशी शराब बनाने की भट्टियाँ भी थीं।

गायक का व्यक्तित्व

गायक आमतौर पर विलक्षण प्रतिभा के व्यक्ति होते हैं। उनकी कलात्मक और लोक-दृष्टि प्रखर होती है। ग्रामीण परम्पराओं, लोक-कथाओं, लोक-गीतों तथा लोक-विश्वासों से उनका प्रगाढ़ परिचय होता है। उनकी स्मरण शक्ति भी असाधारण होती है। यद्यपि यह सच है कि कोई गायक लोकमहाकाव्य को कंठाग्र नहीं करता।[९] घटनाओं का क्रम उनके मस्तिष्क में स्थिर रहता है। छंद, लय और कुछ विशेष वर्णनों का नमूना उनके मस्तिष्क में सुरक्षित रहता है। इनके आधार पर गायक हर बार नयी रचना कर लिया करते हैं। गायक समय और परिस्थिति के अनुकूल अपने प्रसंगों को छोटा या बड़ा करते रहते हैं। ददई केवट में भी यह प्रतिभा थी। वे तीस साल से लोरिकी गा रहे थे यद्यपि अहीर समाज ने उनको

मान्यता कम दी। अहीर लोगों की दृष्टि में मल्लाह या अन्य जाति का गायक 'लोरिकायन' ठीक से नहीं गा सकता। गायक 'लोरिकायन' में पहले अगोरी का प्रसंग गाता है क्योंकि अगोरी उसका क्षेत्र है। अगोरी में नायक लोरिक ने अनेक लड़ाइयां कीं और मंजरी से विवाह किया। अगोरी में एक बड़ा किला आज भी विद्यमान है। उसमें एक फारसी लिपि में शिलालेख भी है पर शिलालेख का 'लोरिक' की कथा से कोई सम्बन्ध नहीं है।[१०]

गायक जातीय गौरव का गायक नहीं

ददई केवट जातीय गौरव के गायक नहीं बन सके क्योंकि वे जाति के अहीर नहीं थे। एक अहीर गायक जिस प्रकार नायक लोरिक अहीर के साथ अपना भावात्मक सम्बन्ध जोड़ लेता है वैसा शायद ददई केवट नहीं कर पाते थे। हो सकता है वह इसलिए भी हो कि मैं उपयुक्त श्रोताओं के बीच बैठ कर रिकार्डिंग नहीं कर रहा था। उनमें ओज की कमी तथा रूप खड़ा करने की कला कम थी। नायक के उत्थान और पतन के साथ वे उतने भाव-विभोर नहीं हो पाते थे जितने मेरे अन्य गायक। मेरे अन्य गायक अहीर हैं अत: उनको अपने गायन में जातीय गौरव का बोध कराना लक्ष्य होता था। ददई केवट यह नहीं कर सकते थे। वे लोगों का मनोरंजन तो खूब करते थे। उनके गायन से लोग आकृष्ट भी होते थे पर उनका प्रभाव या प्रतिष्ठा एक जातीय गौरव के गायक के रूप में नहीं हो सकती थी।

गायक का धर्म

केवट हिन्दू होते हैं। गायक भी हिन्दू था पर उसका व्यक्तित्व धार्मिक नहीं लगता था यद्यपि वह देवी-देवताओं की पूजा करता था, और तंत्र-मंत्र में उसका विश्वास था। गंगा नदी को माँ के रूप में सभी केवट स्मरण करते हैं। ददई केवट के परिवार में शिव, सीता राम आदि हिन्दू देवताओं में विश्वास प्रकट किया जाता है। इनके परिवार में अन्य मल्लाहों की तरह शिवरात्रि, होली, दीवाली आदि मनायी जाती है। भूत, पिशाच, चुड़ैल, डाइन आदि के कुप्रभाव पर गायक ही नहीं उसके संपूर्ण परिवार का विश्वास दीख पड़ता है। ददई केवट जल के देवता 'जलवाह' की पूजा में भी आस्था रखते थे क्योंकि नाव खेते समय जल के देवता नाविकों की रक्षा करते हैं। लगता है जलवाह की पूजा एक प्रकार से वरुण की पूजा होती है।

गायक के शिष्य

गायक ने बताया कि उसके तीन शिष्य हैं। उनमें बुलारक अच्छा गाता है। उसने ढाई-तीन सालों में 'लोरिकायन' सीखा। बुलारक के बारे में मुझे अधिक जानकारी नहीं प्राप्त हो सकी। उनका एक शिष्य नूरे भी था जिसकी मृत्यु कुछ साल पहले सोन नदी की बाढ़ में नाव चलाते समय डूब कर हो गयी थी।

गायक के केवट होने से लोरिकायन पर क्या प्रभाव पड़ा है ?

गायक के केवट होने के कारण लगता है लोरिकायन में कई ऐसे तत्व जुड़ गये हैं जो उल्लेखनीय हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि नायक लोरिक के साथ गायक का जातीय व्यक्तित्व नहीं जुड़ पाया है अत: उसने उन कई प्रसंगों को संक्षिप्त कर दिया है जिनमें लोरिक की वीरता उभर कर आती है और जहाँ वह अपने शौर्य से एक विशेष छाप छोड़ता है। (१) उदाहरण के लिए मुहवल के प्रसंग में मेरे संग्रह के अन्य पाठों में लोरिक सतिया के दो भाइयों दसवंत और भिम्हली दोनों से भयंकर युद्ध करता है।[११] कई बार लोरिक आहत होता है। दुर्गा उसकी सहायता करती हैं और जीवित होकर वह बार-बार लड़ता है। बमरी के अन्य पुत्रों अर्थात् सतिया के अन्य भाईयों का यहाँ उल्लेख नहीं होता। वाराणसी के पाठ में दसवंत और लोरिक की लड़ाई एक महत्वपूर्ण प्रसंग है।

(२) गायक ददई केवट लोरिक की वीरता के प्रसंगों को संक्षिप्त कर अलौकिक तत्वों तथा चमत्कारिक प्रसंगों को अधिक महत्व प्रदान करता हुआ प्रतीत होता है। लोरिक का हंस हंसिनी के पंखों पर बैठ कर सात समुद्र पार जाना तथा सतिया और मलसांवर के विवाह सम्पन्न कराने के लिए पाताल लोक से सिंदूर लाना आदि प्रसंगों को गायक ने बढ़ा-चढ़ा कर गाया है। ये प्रसंग आकर्षक हैं तथा अन्य पाठों में भी हैं। किन्तु अन्य पाठों में विशेष ध्यान लोरिक की वीरता और युद्धों की ओर दिया गया है। संवरू के विवाह के प्रसंग मे बारात का दानव दूत के पेट में चला जाना, सतिया का माया से छत्तीस नाग उत्पन्न करना तथा सारी बारात को सांप द्वारा डस लिया जाना आदि प्रसंग अन्य पाठो में भी हैं पर अन्य गायकों ने लोरिक की वीरता और युद्धों को गौण नहीं होने दिया है। अहीर गायकों का जातीय नायक सदैव वीर रहता है। ददई केवट का उद्देश्य श्रोताओं का मनोरंजन करना अधिक लगता है। अत: अलौकिक चमत्कार पूर्ण घटनाओं को वह बढ़ा-चढ़ा कर गाते है।

(३) ददई केवट के गायन में मल्लाहों के लोक-गीतों के स्वर का प्रभाव अधिक पड़ गया है।

(४) ददई केवट के पाठ में उस केवट का चरित्र जा मंजरी के साथ आनन्द करना चाहता था और जहाँ मंजरी अपने सत का परिचय देकर नदी सुखा देती है, काफी संतुलित है[१२]। केवट यहाँ लोरिक के कहने से मंजरी को अपने नाव पर बैठा कर नदी पार नहीं कराना चाहता है। यहाँ ददई केवट ने केवट का चरित्र कमजोर नहीं पड़ने दिया है। लगता है यह इसलिए भी है कि ददई केवट की भावात्मक एकता केवट से जुड़ी हुई है। वह उसके चरित्र का हनन नहीं करना चाहते।

सारांश यह है कि लोरिकायन के प्रस्तुत पाठ में लोरिक की वीरता और शौर्य को घटा कर चमत्कारिक प्रसंगों पर गायक द्वारा अधिक बल दिया गया है। ये

अलौकिक प्रसंग कौतूहल की सृष्टि तो करते हैं, श्रोताओं का मनोरंजन भी करते हैं किन्तु यह स्पष्ट है कि लोरिक के विशिष्ट गुणों के साथ भावात्मक एकता स्थापित करना गायक का लक्ष्य नहीं प्रतीत होता। अहीर गायक लोरिक की विजय के साथ उल्लसित होते हैं, गौरव का अनुभव करते हैं, और उसकी हार के साथ करुण और विषाद् मग्न हो जाते हैं।

टिप्पणियाँ

१. देखिये तुलसीकृत 'श्रीरामचरितमानस', गीता प्रेस गोरखपुर, संवत् २०३१, दोहा ८८ से १०४ तक।

२. लोरिकायन के गायक इस महाकाव्य को 'पंवारा' कहते हैं। इस पर डाक्टर नित्यानन्द तिवारी ने अपनी पुस्तक 'मध्ययुगीन रोमांचक प्रेमाख्यान' में विस्तार से विचार किया है। डाक्टर तिवारी के अनुसार गाजीपुर जिले के डेहमा ग्राम निवासी सेवक राम यादव नामक गायक ने इस महाकाव्य को पंवारा कह कर सम्बोधित किया। अवधी क्षेत्र के एक चनैनी गायक श्री महावीर ने भी इसे पंवारा कहा। नित्यानन्द तिवारी, मध्ययुगीन रोमांचक प्रेमाख्यान, दिल्ली, १९७०, पृष्ठ १००, टिप्पणी २। मेरे अधिकांश गायक इस महाकाव्य को पंवारा कहते थे। इसकी व्युत्पत्ति संस्कृत 'प्रवाद' से है। यह शब्द 'महाभारत' में आया है। पालि में 'पवाद' तथा प्राकृत में 'पवाय' हो गया है। हिन्दी में 'पवाड़ा', गुजराती में 'पवाड़' मराठी में 'पवाड़' शब्द इसके लिए प्रयुक्त है। हिन्दी, मराठी, गुजराती में पंवारा का अर्थ लम्बी कहानी, महाकाव्य, तथा ऐतिहासिक लोकगाथा आदि भी पाया जाता है। देखिये Turner. R. L. : A Comparative Dictionary of the Indo-Aryan Languages. 1973 (second impression) पृष्ठ ४८४।

३. ओमप्रकाश कुलश्रेष्ठ लोक साहित्य के सुप्रसिद्ध विद्वान् स्वर्गीय सत्येन्द्र के भांजे हैं। कुरुहुल के गायक के पाठ के संग्रह में उन्होंने मेरी सहायता की थी। कुलश्रेष्ठ उन दिनों आगरा के, आगरा कालेज में विद्यार्थी थे। उन दिनों मैं आगरे में रहता था। हम दोनों साथ ही चोपन गये थे जहाँ लोरिकायन की रिकार्डिङ्ग हुई।

४. मेरे सभी गायक अपनी उम्र अनुमान से बतलाते हैं। अतः गायकों की एकदम ठीक उम्र बता सकना संभव नहीं है।

५. दो बैलों की खेती का अर्थ लगभग १०–१५ बीघे जमीन का मालिक समझना चाहिए। पूर्वी उत्तर प्रदेश में यदि कोई कहता है कि उनके

यहां दो बैलों की खेती होती है तो इसका अभिप्राय यह होता है कि उस व्यक्ति के पास दस पंद्रह बीघे जमीन है।

६. मेरे सभी गायक एक से अधिक गुणों या कलाओं से सम्पन्न हैं या रहे हैं। इलाहाबाद के स्वर्गीय रामअवतार विरहिया, पशुओं की हड्डी बैठाने से लेकर कठिन परिस्थिति में बच्चा पैदा कराने में भी सहायता करते थे। वे देशी दवाइयों के भी जानकार थे। बनारस के पांचू भगत देवी की पूजा कराने तथा कड़ाहा चढ़वाने अभी भी दूर-दूर तक जाते हैं।

७. ग्वाले या दूध बेचने वाले आमतौर पर बदनाम किये जाते हैं कि वे दूध में पानी मिलाते हैं। ददई केवट का कहना था कि उनके क्षेत्र में पहले दूध बेचने वाले पानी नहीं मिलाते थे। पहले शुद्ध दूध मिलना संभव था।

८. आजकल पूर्वी उत्तर प्रदेश में चमार तथा कुछ अन्य जातियों के लड़के गाना बजाना सीखकर 'विदेसिया' नाच का गिरोह बना लेते हैं। ये विदेसिया नाच पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार में काफी प्रचलित हैं। विदेसिया नाचने वाले लड़के तथा गिरोह बनाने वालों ने अपनी आर्थिक स्थिति अच्छी कर ली है और अपने समाज में उनकी प्रतिष्ठा काफी बढ़ गयी है। यह बात मुझे गत वर्ष १९८४ में बलिया में बतायी गयी थी। 'विदेसिया' नाच के प्रवर्तक बिहार के श्री भिखारी ठाकुर थे।

९. देखिये—श्याममनोहर पाण्डेय, लोक महाकाव्य चनैनी, इलाहाबाद, १९८२, भूमिका पृष्ठ ३८ से ५० तक। अधिक विस्तार से अध्ययन के लिए इसका अंग्रेजी संस्करण देखिये—

Shyam Manohar Pandey,
The Hindi Oral Epic Canaini, Allahabad, 1982, pp. 38-82.

१०. अगोरी के किले में जो फारसी का शिलालेख है वह इस प्रकार है।

سرکار چناد ابرمن اعمال پرگنہ اگوری

محل مادھو سنگھ ۔ ہرکی محل بکاند تلاف زن وو دختر بان

بان باشد - ۱۵۲۶

[सरकार चनाद अहदे मन ऐमाल परगना अगोरी महल माधोसिंह हरकि महल बेकानद तलाफ़ ज़न-ओ-दुख्तर बान बाशद १५२६]।

चुनार सरकार के अन्तर्गत परगना अगोरी माधोसिंह का महल। जो व्यक्ति इस महल को गिरायेगा वह अपनी पत्नी तथा लड़की से अलग कर दिया जायेगा। यह सन् १५२६ हिजरी का अर्थात् १६१७ ई० का शिलालेख है। उस समय जहाँगीर का शासनकाल था। जहाँगीर ने १६०५ से १६२८ ई० तक राज्य किया था।

११. विस्तार के लिए देखिये—श्याममनोहर पाण्डेय—लोकमहाकाव्य लोरिकी, इलाहाबाद, १९७९, पृष्ठ १११ से १५१ तक।

१२. श्याममनोहर पाण्डेय—लोक महाकाव्य लोरिकायन, यह ददई केवट का प्रस्तुत पाठ है। देखिये पृष्ठ ३४६ से ३४८ तक। अन्य पाठों में केवट को लोरिक की पत्नी मंजरी पर आसक्त होते दिखाया गया है। इस पाठ में लोरिक के कहने पर वह मंजरी का हाथ पकड़कर उसे नाव से उतार देता है।

□ □

मल्लाह जाति

'मल्लाह'[1] शब्द अरबी का है जिसका अर्थ नाव चलाने वाला होता है। स्पष्ट है यह शब्द भारत में मध्ययुग में प्रचलित हुआ होगा। मल्लाह जाति को नाविक, केवट, निषाद, माँझी आदि नामों से अभिहित किया जाता है। आधुनिक यातायात के साधनों के विकास के पूर्व इस जाति का बड़ा महत्त्व था। सभी प्रकार के सामानों का एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना इस जाति का काम था। नदियों द्वारा सम्पन्न होने वाले व्यापार में मल्लाह महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करते थे। प्रयाग, बनारस आदि तीर्थ स्थानों में तीर्थयात्रियों को नौका मे बैठाकर स्नान आदि कराना आज भी मल्लाह करते हैं। मल्लाह और पंडों का तीर्थ स्थानों पर गहरा सम्बन्ध है। कुछ मल्लाह प्रयाग और काशी में तीर्थ-यात्रियों को सूर्य की पूजा[2] के लिए और गंगा आदि में दूध चढ़ाने के लिए नदी में खड़े होकर दूध भी बेचते हैं।

इन मल्लाहों का दूसरा पेशा मछली मारना भी है। ये आमतौर पर बड़ी नदियों के किनारे रहते हैं अतः जाल से मछली मारने का काम भी करते हैं। ये अच्छे तैराक होते हैं और इनमें से बहुत से मल्लाह नाव बनाने का काम भी करते हैं। किन्तु ट्रेनों, मालगाड़ियों तथा ट्रकों के विकास के कारण इनका नाव से सामान ढोने का काम लगभग ठप सा पड़ गया है। बहुत से मल्लाह खेत खरीद कर अब अच्छी खेती करने लगे है तथा नौका चलाने का पुराना व्यवसाय उन्होंने छोड़ दिया है। नाव से सामान ढोना व्यय साध्य है और समय साध्य भी। अत: मल्लाहों को लोग तभी काम देते हैं जब कोई विकल्प न हो। कुछ गरीब मल्लाहों ने पान, बीड़ी, गल्ला आदि की दूकानें कर ली हैं। कुछ शहरों में जाकर रिक्शा आदि चलाने का काम भी करने लगे हैं।

मिर्जापुर जिले में अगोरी के पास जहाँ रिहान्द तथा सोन नदी का संगम है, मल्लाहों की अच्छी बस्ती है। इलाहाबाद जिले में टोंस नदी के तट पर सिरसा में मल्लाहों का कभी मुख्य स्थान हुआ करता था।[3] सिरसा में गंगा और टोंस का संगम है। यहाँ मिर्जापुर और इलाहाबाद जिले के मल्लाहों में सम्पर्क रहता था। मिर्जापुर जिले में मल्लाहों की निम्नलिखित उपजातियाँ पायी जाती हैं: (१) मुड़िया (मुड़ियारी, (२) बंथवा या बघरिया, (३) चंइ, चैन या चैनी, (४) गुरिया या गोरिया, (५) तियार (६) सुरहिया या सोरहिया। बिंद, खरबिंद भी मल्लाहों की उपजातियाँ हैं।[४]

'लोरिकायन' के गायक ददई केवट ने केवट झीमल को 'बिन' (बिनवा)[५] भी कहा है। वाराणसी जिले में मल्लाह की जो उपजातियाँ पायी जाती हैं वे निम्नलिखित हैं:

(१) चैन (२) तेरा (३) मारवाड़ी (४) तेरुत (५) सरुया (६) गूर्द (७) कहार।[६]

विलियम क्रूक द्वारा दिये गये नामों में से वाराणसी जिले में अब कुछ नाम परिवर्तित हो गये हैं। उदाहरण के लिए अगरवाल को वाराणसी में मारवाड़ी भी कहा जाता है। 'सोरहिया' को सरुया कहा जाता है।

मल्लाहों का उद्गम

मल्लाह अपना सम्बन्ध निषादों से जोड़ते हैं जो विन्ध्याचल की पर्वत-श्रेणियों में निवास करते थे। निषध देश के राजा नल थे जिन्होंने विदर्भ की कन्या दमयंती का वरण किया था। यह निषध शायद विन्ध्याचल की पर्वत शृंखला में स्थित था। यह भी सुझाया गया है कि इन्हीं निषादों का एक वर्ग गंगा तट के श्रृंगवेर में रहता था जिसका उल्लेख रामायण में मिलता है।[७] इन निषादों ने राम की सेवा की थी।

विवाह प्रथा

मल्लाह अपनी जाति और वर्ग के अन्तर्गत विवाह करते हैं। अहीरों की भाँति इनकी जातीय पचायत अभी भी शक्तिशाली है। शादी-विवाह या अन्य प्रकार के जातीय झगड़े पंचायतों में अभी भी तय किये जाते हैं। पंचायत या जाति के निर्णय को न मानने वालों को जाति से बाहर कर दिया जाता है। जाति से बहिष्कृत व्यक्ति के यहाँ खाना-पीना बन्द कर दिया जाता है। विवाह या मृत्यु के अवसर पर बहिष्कृत परिवार का कोई साथ नहीं देता, न तो भोज के अवसर पर दंडित परिवार के यहाँ कोई भोजन करता है। यह दंड कठोर होता है अतः जाति की पंचायत का निर्णय प्रायः सबको मान्य होता है। जाति में मिलने के लिए बहिष्कृत परिवार को एक भोज भी देना पड़ता है।[८]

मल्लाहों में अहीरों की तरह पहले बाल-विवाह प्रचलित था पर यह प्रथा अब कम हो गयी है। जाति या वर्ग में विवाह मल्लाह प्रायः करते हैं पर सगोत विवाह उनमें नहीं होता। एक कुरी या गोत की कन्या या वर का अपनी कुरी या गोत में विवाह सम्पन्न नहीं होता। विवाह के पूर्व मल्लाह पंडितों से वर-कन्या की कुंडली दिखाते हैं। फिर 'वर छेकनी' होती है। 'वर छेकनी' एक प्रकार का वरक्षा या सगाई है। पुरोहित विवाह के पूर्व सगुन निकालते हैं। विवाह के पूर्व वर और कन्या को उबटन भी लगाया जाता है। इसको 'तेल उबटनी' कहते हैं। बारात के प्रस्थान के पूर्व वर के परिवार द्वारा गणेश की पूजा होती है। स्त्रियाँ वर को कुदृष्टि से बचने के लिए परिछन करती है। अन्य जातियों की भाँति मल्लाहों में भी वर-वधू का गठबंधन होता है। विवाह सिंदूरदान के बाद समाप्त होता है। कोहबर की प्रथा होती है। वर खिचड़ी भी खाता है।

सामान्यतः मल्लाहों में विधवा विवाह हो सकता है पर विधवा विवाह कम

होता है। आमतौर पर यदि पति का कोई छोटा भाई होता है तो विधवा की शादी उससे कर दी जाती है।

अन्य संस्कार

मल्लाहों में बच्चा पैदा होने पर छठे दिन छठी का संस्कार होता है। यदि लड़की पैदा होती है तो यह संस्कार आठवें दिन होता है। पुरोहित राशि का नाम देता है। पुकार का नाम घर वाले देते हैं। आठ साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु होने पर मल्लाह उन्हें ज़मीन में गाड़ते हैं। अन्य हिन्दुओं की भाँति मल्लाहों के यहाँ श्राद्ध संस्कार भी होता है।

धर्म

अन्य हिन्दुओं की भाँति मल्लाह राम, हनुमान, शिव, विष्णु आदि की पूजा करते हैं पर गंगा मैया की मान्यता मल्लाहों के यहाँ अधिक है। गंगा पापनाशिनी हैं, भवसागर से पार करने वाली हैं। मल्लाहों की अर्थ-व्यवस्था और आजीविका में गंगा का बड़ा योगदान रहा है। अतः स्वाभाविक रूप से उनकी मान्यता मल्लाहों में विशेष है। मिर्ज़ापुर के मल्लाह काली, भगवती, महावीर, महालक्ष्मी और सरस्वती की पूजा में विश्वास करते हैं।

ग्रामदेवता के रूप में मल्लाह डीह की पूजा करते हैं। मिर्ज़ापुर के मल्लाह पाँचों पीर की भी पूजा करते है। पाँचों पीर मे बहराइच के ग़ाजी मियाँ[१] भी शामिल हैं। कुछ मल्लाह गाज़ीमियाँ की मज़ार पर बहराइच भी जाते है। ओझइती, भूत-प्रेत, डाइन, चुड़ैल आदि में अन्य ग्रामीणों की ही तरह मल्लाह भी विश्वास करते हैं। मल्लाहों के अपने लोकगीत हैं, अपनी लोककथाएँ हैं, इन पर अभी तक किसी ने कार्य नही किया है। ये लोकगीत और कथाएं धार्मिक और लौकिक दोनों हैं।

शिक्षा

मल्लाहों का पारम्परिक व्यवसाय दिनों-दिन कम होता जा रहा है। अतः वे अपने बच्चों को विद्यालयों में शिक्षा के लिए भेजने लगे हैं किन्तु आर्थिक स्थिति अच्छी न होने के कारण बहुत से मल्लाह बच्चों का अन्य ग्रामीणों की ही भाँति अच्छी शिक्षा नहीं दे पाते। यद्यपि तीर्थ यात्रियों के सम्पर्क में होने से काशी और प्रयाग के मल्लाह भारत के विभिन्न भागों के लोगों के बारे में काफी अच्छी जानकारी रखते हैं।

अहीर और मल्लाह

मिर्ज़ापुर में अगोरी के पास कुरुहुल, चोपन आदि में मल्लाह और अहीरों का सम्पर्क गहरा है। मल्लाह और अहीर इन इलाकों में साथ-साथ रहते हैं। ददई केवट अपने गुरु ददई अहीर के साथ पशुओं की चरवाही करते रहे। वहीं उन्होंने लोरिकायन सीखा। इसी प्रकार अहीर और मल्लाहों का गठबंधन राजनीतिक चुनावों

के अवसर पर भी हो जाता है। ये दोनों जातियाँ मिलकर काम करती हैं। इसीलिए अहीरों का लोक महाकाव्य या पँवारा सीखने में ददई केवट को कोई संकोच या कठिनाई नहीं हुई।

टिप्पणियाँ

१. देखिए, मुहम्मद मुस्तफ़ा खाँ 'मद्दाह', उर्दू-हिन्दी शब्दकोश, हिन्दी समिति, लखनऊ, १९७२, पृष्ठ ४८०।

२. गंगा में स्नान करने के बाद लोग सूर्य को अर्घ्य चढ़ाते हैं। अपनी अंजुलि में दूध और गङ्गाजल लेकर भक्त यह अर्घ्य चढ़ाते हैं।

३. William Crooke, The tribes and castes of the North Western Provinces and Oudh; Calcutta, 1896, p 461.

४. वही, पृष्ठ ४६२।

५. देखिये 'लोरिकायन' का प्रस्तुत पाठ, पृष्ठ ३४५।
"बिनवा देलेसि नइया रे उतारी"

६. प्रस्तुत सूचना विस्कांसिन विश्वविद्यालय के एक विद्यार्थी जेम्स बी० वेल्फार्ड द्वारा लिखे गये एक निबन्ध से ली गयी है। श्री वेलफोर्ड ने वाराणसी मे जाकर 'फील्ड वर्क' किया था। यह निबन्ध मुझे प्रोफेसर जोसेफ एल्डर के सौजन्य से प्राप्त हुआ था, अतः लेखक उनका आभारी है।

७. विस्तृत अध्ययन के लिए देखिये, William Crooke, The tribes and castes of the North Western Provinces and Oudh Calcutta, 1896 p. 461.

८. 'लोरिकायन' में चंदा का बाँठा के प्रति झुकाव होने के कारण बिरादरी उसके परिवार को दंडित करती है। चौधरी के कहने पर परिवार को क्षमा किया जाता है। चंदा के पिता को इसीलिए बिरादरी को भोज देना पड़ता है (देखिये 'लोरिकायन' का प्रस्तुत पाठ, पृष्ठ २४८ से २५१ तक)। चंदा के माता-पिता अहीर हैं पर बिरादरी की पंचायत मल्लाह तथा अन्य कई जातियों में भी सशक्त है। ब्राह्मण तथा क्षत्रियों मे यह जातीय पंचायत उतनी सशक्त नहीं है।

९. गाज़ी मियाँ—महमूद गज़नवी (मृत्यु १०३० ई०) के समय में भारत आये थे। वे हिन्दुओं से लड़ते हुए मारे गये थे। उत्तर प्रदेश के बहराइच में उनकी कब्र है। गाज़ी मियाँ सैयद सालार मसूद गाज़ी का संक्षिप्त रूप है। उनके मज़ार पर हिन्दू-मुसलमान दोनों मनौती मनाने जाते हैं।

□ □

'लोरिकायन' की कथा का उद्गम और भौगोलिक विस्तार

लोरिकायन की कथा का उद्गम और विस्तार पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कानपुर से लेकर पूर्व में बिहार में मिथिला तक पाया जाता है। उत्तर में नैपाल की सीमा गोंडा से लेकर दक्षिण में छत्तीसगढ़ तक इसके गायक फैले हुए हैं। भारत में ऐसा कोई अन्य लोकमहाकाव्य नहीं है जिसका इतना विस्तार हो। संभवतः अहीर जाति जहां-जहां जाकर बसती गयी वहां-वहां लोरिकायन का भी प्रचार होता रहा, पर यह कहना कठिन है कि लोरिकायन का उद्गम कहां हुआ। उसके भौगोलिक स्थानों को ठीक-ठीक निर्धारित कर पाना संभव नहीं है। इसका एक कारण यह भी है कि एक ही नाम के कई स्थान उत्तर प्रदेश, बिहार और छत्तीसगढ़ में पाये जाते हैं। हर गायक अपने निकट के कतिपय स्थानों को 'लोरिकायन' की कथा से जोड़ देता है। मिर्जापुर जिले के प्रस्तुत गायक ददई केवट ने मुझे बताया कि अगोरी, गउरा, हल्दी, नेउरी आदि सभी स्थान मिर्जापुर जिले में हैं। इसी प्रकार बिहार के पटना जिले के गायक सुक्खूदास यादव ने गया के आसपास के कई स्थानों को 'लोरिकायन' की कथा से सम्बद्ध बताया। इलाहाबाद जिले के गायक रामअवतार यादव के पाठ में सारी घटनाएं बेतवा नदी के तट पर घटित होती हैं। लोकमहाकाव्य के गायकों की भौगोलिक दृष्टि प्रायः सीमित होती है। अधिकांश गायक दूर के स्थान के सम्बन्ध में बस इतना ही बताते हैं कि अमुक स्थान पूरब में है या पश्चिम में है। स्थानों के नाम भी लोकमहाकाव्यों में बदल जाते हैं। उदाहरण के लिए पटना जिले के पाठ में लोरिक का जन्मस्थान गउरा कनउजा हो गया है। लोरिक की पत्नी मंजरी का जन्मस्थान अगोरी अगवढ़ी हो गया है। इन सारी कठिनाईयों के होते हुए भी लोरिकायन के कुछ स्थानों की भौगोलिक स्थिति के सम्बन्ध में कुछ संकेत किया जा सकता है। उदाहरण के लिए इस बात के सकेत मिलते हैं कि लोरिक का जन्मस्थान गउरा देवहा नदी के तट पर होना चाहिए। यद्यपि इसके लिए निश्चित रूप से ऐतिहासिक अथवा पुरातात्विक प्रमाण दे पाना कठिन है। पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के गायक प्रायः बलिया जिले में देवहा के किनारे गउरा की भौगोलिक स्थिति इंगित करते हैं। बलिया पूर्वी उत्तर प्रदेश में २५°-४३ उत्तर (अक्षांश) तथा ८४''११ पूर्व (देशान्तर) पर स्थित है। पटना जिले के सुक्खूदास यादव ने बताया

पच्छिम देसवा ओही कासी परयाग
जेकर बगलवा में बहै सरयूजी के धारा रे राम

जेकर बगलवा में बसे कनउजपुर गाँव[१]

यह कनउजापुर अन्य पाठों में वर्णित लोरिक का जन्मस्थान गउरा है। गायक ने स्वयं भी अपने गायन में इस कनउजापुर को गोउरवा[२] कहा है। बलिया के शिवनाथ चौधरी के पाठ में गउरा का उल्लेख अनेक स्थलों पर आया है।

उतर बहल मय देवहा दखिन गंगा दरे ललकार
बीचे झील बहल सरजू के जाके मीलल बलिया मोहान
वलिया भटपुर वसे परगना बोहियापुर डंडार
ऊंचे चउर ब्रम्हाइनि नीचे गजन गउर गढ़पाल[3]

लोरिक की कथा पर आधारित एक आधुनिक पाठ में जिसके रचयिता महादेव सिंह हैं गउरा की स्थिति सुरहा झील के पीछे बतायी गयी है।

बायें बहे सरजू दहीने बहेली गंगा माय
ओही नीचे बसल बा गउरा गुजरात
तेकरा तो पीछे बहेला सुरहा के दरीआव[४]

महादेव सिंह द्वारा रचित पाठ 'चानवाँ का उद्धार' १९३८ में भार्गव पुस्तकालय, गायघाट बनारस से प्रकाशित हुआ था। यद्यपि यह पाठ परम्परागत नहीं है तब भी इतना अवश्य प्रतीत होता है कि महादेव सिंह ने किसी परम्परागत गायक से कहानी सुनकर अपने काव्य की रचना भोजपुरी में की है[५] जिसमें गउरा सरजू और गंगा के बीच में स्थित बताया गया होगा। वास्तव में देहवा और सरजू एक ही नदी के दो नाम हैं।

बनारस के पांचू भगत के पाठ में यह संकेत मिलता है कि लोरिक का जन्म-स्थान देवहा के किनारे था

जव देवहा के किनारे गइलैं
हनि के एड़ा वीर लोरिक मरलैं
आरे करार गिरल भहराय[६]

लोरिक की पत्नी देवहा के तट पर सत का सुमिरन करती है और देवहा का पानी सूख जाता है

'आरे मंजरी घींचि कै मैं मतवा देववहा में मारि रे देलैं
आरे देवहा क पनिया रे मइया मो गयल बाड़ैं ना रे झुराय'[७]

मिर्जापुर के प्रस्तुत पाठ में मंजरी बेवरा नदी में सती होना चाहती है। बेवरा नदी गायक के एक छंद के अनुसार, लगता है, सरजू नदी ही है :

"हमहूँ करीं असननवा बेवरा में
अइसन लेंइय जलवा में नहरेवाइ
जब हम एकइन बपवा के होवइ बिटिया
के फेरि एकइ पुरुसवा के बहुरे यारि

बरम्हाजी छोड़ि दह खंगरवाजे सरजू से
हमहूँ जे लेइ में सतियवा जे होइ रे जाब"[८]

बेवरा नदी पार कर लोरिक चनवा के साथ हल्दी जाता है। इससे भी पता चलता है कि लोरिक की जन्मभूमि के पास बेवरा नदी है।

"अहीरा खेवत ना ओठियन परि रे कइले
बेवरा उतरि गउ्यल बा ओहि रे पार"[९]

बेवरा के तट पर चनवा का पति सिवहरिया लोरिक से लड़ाई करता है।[१०] किन्तु मिर्जापुर के पाठ में एक कठिनाई यह है कि सोन नदी को भी गायक बेवरा नदी कहता है

आजु कहैं बारहना पलिया बा अगोरी
तिरपन कसकलि बानीय ना लिए जाई
तव केनि घुमि घुमि ना खोजिलह्भउ्यने
तब फेरि बेवरवाह बाइ रे सोन।[११]

बेवरा का अर्थ विकट नदी भी हो सकता है विकट से बेवरा बन जाना असंभव नहीं है। किन्तु कठिनाई यह है कि अन्य कुछ गायक भी बेवरा को एक नदी के रूप में चित्रित करते हैं। बेवरा नदी सोनभद्र नदी के पास है इसका संकेत एक स्थान पर शिवनाथ चौधरी के पाठ में भी मिलता है

"सोनभद्दर में जेवन नद्दी बहल रहल ओही बेवरा पर बरात टिकल रहल"।[१२]

यद्यपि बेवरा की स्थिति स्पष्ट नहीं है तथापि इसका उल्लेख प्राय: सभी पाठों में मिलता है। यदि बेवरा की स्थिति का ज्ञान हो जाय तो लोरिकायन की भौगोलिकता पर कुछ अधिक स्पष्टता से प्रकाश पड़ सकता है। पर एक बात अधिक स्पष्ट प्रकट होती है कि गउरा सरजू और गंगा नदी के बीच में कोई स्थान रहा होगा। इस सरजू को देवहा कहा जाता था। १३७९ ई० में लिखे गये मौलाना दाउद कृत चांदायन में भी गोबर (लोकमहाकाव्य का गउरा) देवहा नदी के तट पर है। चंदायन के छन्द ३८१ में गोवर हल्दी से बीस कोस है, एक प्रति में यह तीस कोस है। चंदा के साथ लोरिक वहाँ हल्दी से बीस दिन में वापस आता है। देवहा के तट पर लोरिक के आने का समाचार पाकर लोगों को भय होता है।

कोस वीस तेहिं गोवरां लागइ
उतर देवहाँ लोग डरि भागइ
घर घर गोवराँ बात जनाई
देवहाँ कौन उतरिगा आई[१३]

घाघरा नदी को जिसका एक नाम बड़ी सरयू है, उत्तर प्रदेश के बलिया तथा देवरिया जिले में देवहा कहते हैं। बिहार के कुछ भागों में भी इसको देवहा कहते हैं।

इसका उल्लेख इम्पीरियल गज़ेटियर आफ इंडिया, बंगाल, भाग १, कलकत्ता १९०९, पृष्ठ २१० पर मिलता है।

Gogra (ghagra) Skt (संस्कृत) Gharghara = rattling or laughter; other names Sarju or Saryu (the Sarabos of ptolemy एक ग्रीक यात्री का नाम) and in the lower part of its course Deoha or Dehwa.[१४]

घाघरा नदी तिब्बत ३०'४० उत्तर ८०°-४८ पूर्व से निकलती है। नेपाल में इसे कर्नाली या कोरियाला कहते हैं। यह नदी उत्तर प्रदेश में खेरी या बहराइच में प्रवेश करती है। गोरखपुर, देवरिया के पूर्व में यह सारन (बिहार) और बलिया (उत्तर प्रदेश) में प्रवेश करती है और गंगा में बलिया जिले में २५° ४० उत्तर और ८४° ८२ पूर्व में मिल जाती है।[१५]

बलिया में घाघरा या सरयू को देवहा आज भी कहते हैं। गंगा और देवहा के बीच गउरा की स्थिति अनेक गायक बताते हैं। मौलाना दाउद की कृति 'चंदायन' (१३७९ ई०) से यह बात प्रकट होती है कि गउरा 'देवहा' के तट पर है। अतः गउरा कहीं बलिया जिले में होना चाहिए। बलिया में ब्रह्माइन है, सुरहाताल है जिसका उल्लेख कई गायक गउरा के प्रसंग में करते हैं। बलिया जिले में ब्रह्माइन, बसंतपुर, जीराबस्ती, गोठहुली, बोहा आदि में आज भी लोग लोरिक की कथा से अपने गांवों का सम्बन्ध जोड़ते हैं। बलिया जिले में बोहा में एक संवरूबान्ह है जिसका सम्बन्ध लोरिक के भाई संवरू से जोड़ा जाता है। कहते हैं ब्रह्माइन की भगवती लोरिक की सहायता करती थीं। ब्रह्माइन में भगवती का एक पुराना मन्दिर भी है। लोरिक की कथा से तादात्म्य स्थापित करने वाले गांव बड़ी संख्या में बलिया जिले में पाये जाते हैं। चंदायन, गायक और लोक परम्पराओं के प्रमाणों को एकत्र करने पर यह संभावना अधिक प्रबल हो जाती है कि लोरिक की जन्मभूमि बलिया में रही होगी और यहीं से यह कथा विकसित होते हुए अन्यत्र गयी होगी।

अगोरी

गउरा की भाँति मंजरी की जन्मभूमि अगोरी भी गायक ठीक-ठीक इंगित नही कर पाते। पटना के गायक सुखूदास ने केवल इतना ही मुझे बताया कि अगवढ़ी (अगोरी) भदवखरी नदी पार करके जाया जाता था।[१६] महादेव प्रसाद सिंह के आधुनिक पाठ[१७] के अनुसार अगोरी गंगा नदी के पास था।[१८] बनारस के गायक पांचू भगत मंजरी की कथा के प्रसंग में अगोरी का उल्लेख करते हैं पर वह किस नदी के किनारे है वह इसका संकेत नही करते। इलाहाबाद के गायक राम अवतार[१९] के पाठ के अनुसार वह बेतवा के तट पर था। पर मेरे कतिपय गायक अगोरी के साथ सोनभद्र नदी का उल्लेख करते हैं। प्रस्तुत पाठ में अगोरी की स्थिति का उल्लेख करते हुए गायक ददई मल्लाह कहते हैं "लोरिक की बारात अगोरी जा रही है वह सोनभद्र के उस पार है।"

आजु कहैं जातिय बरतिया जे बाइ अगोरीयाँ
अउ फेरि सोनइ भदरवा जे ओहि रे पार[२०]

ददई मल्लाह अगोरी के पास के थे अतः अगोरी को महत्त्व देना उनके लिए स्वाभाविक ही है। बलिया जिले के शिवनाथ चौधरी के पाठ में अगोरी का उल्लेख सोनभद्र नदी के साथ आता है :

नउ नदी नव गंडा तीन सै तेरह डांके के बाटे पहाड़
नारा नूरी के केवन गनती सोनभदर उतरि जाइ पार
आजु एनियां लमहरि डहरिया रहल कीलवा के
आजु बीरवा के अगोरिया में परलैं विवाह[२१]
....

अब बीर चीन्हि न गइलन सोनभद्दर
चलि गइलें रइनि अगोरिया पाल[२२]

बलराम पुर गोंडा के गायक ओरीलाल के पाठ में मंजरी सोन-सागर पर स्नान करने जाती है किन्तु यह सोन-सागर सोनभद्र नदी है ऐसा प्रतीत नहीं होता।

आरे, चला न चली हो सोने सगरा सगरेकइ करी स्नान[२३]

मिर्जापुर जिले में अगोरी एक महत्त्वपूर्ण स्थान है। अगोरी के पास के गायक 'संवरू का विवाह' के बजाय 'लोरिक का विवाह' पहले गाते हैं। उनका कहना है कि मंजरी अगोरी की थी और कथा वीर लोरिक की है अतः हम पहले लोरिक और मंजरी के विवाह का प्रसंग गाते हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के गायक पहले 'संवरू का विवाह' गाते हैं, क्योंकि वह लोरिक के बड़े भाई लगते थे।

अगोरी का राजा एक दुष्ट क्षत्रिय राजा था। उसका नाम मोलागत था। वह अपने राज्य की कन्याओं का अपहरण करवाता था। अगोरी और उसके आसपास लोरिक और मंजरी के विवाह की गाथा काफी प्रचलित है। अगोरी में रिहन्द तथा सोननदी का संगम भी है। मिर्जापुर से ६२ मील दक्षिण पूर्व में अगोरी का किला और उसके ध्वंसावशेष अभी भी वर्तमान हैं। किले के एक भाग में फारसी का १०२६ हिजरी (१६१६ ई०) का शिलालेख भी है। इस भाग को माधव सिंह ने बनवाया था जो राजा मदनशाह के भाई थे। हिजरी १०२६ में अगोरी चुनार सरकार के अन्तर्गत था।[२४] कहते हैं कभी अगोरी वाराणसी की भाँति बड़ा था। यहाँ खरवार जाति के बलंद राजाओं का आधिपत्य था। तेरहवीं शताब्दी में महोबा के चंदेलों ने इन्हें भगाकर अगोरी पर अधिकार कर लिया था। बाद में बलंद राजा घाटम ने विजयपुर के गाहड़वाल राजाओं की सहायता से फिर उसे हस्तगत कर लिया।[२५] किन्तु अगोरी के इतिहास में दुष्ट राजा मोलागत का कहीं उल्लेख नहीं आता। यद्यपि वीर लोरिक से लड़ने के लिए 'लोरिकायन' में मोलागत पश्चिम के बघेल, दक्षिण के कोल, उत्तर के रक्सेल तथा पूर्व के राजाओं को अपनी सहायता के लिए आमंत्रित करता है।

हथवा में लेनह् कलमियाह् मसि रे हान
आजु कहैं लीखई ना पतियाह् चारि रे कोने
पहिलेह् भेंजरा ना पतिया बा लेई रे पछिवां
जाइ कनि नेवतइं ना सुबवाह् बाइ बघेला
अब जेन बानह् तुपकिया में बरि रे याऽर
दुसरी पातीय दाखिनवाँह् कइ ए लीखऽ
पतियाह् देलह् दाखिनवां में दव रे राई
आजु भाइ नेवतइ ना सूबवाह् रे कोरइया
जब जेन बानह् ना तं रवा में वरि रे यारऽ
आजु कहैं नेवतइ ना सुववाह् रे पुरुबहा
अब जेन बानह् ना लोहवा में बरि रे याऽरय
आजु कहैं उत्तर ना देसवाँह् पाती रे गइलीं
रजवाह् नेवतइ ना जहियाह् रकरे सेलाऽ
जेनकर बारह ना मनवा के गीरइ रे सेलाऽ[२६]

सोन (शोण) नदी[२७] अभी भी अगोरी के पास बहती है। वह अमरकंटक (२२°४२ उत्तर ८२°४ पूर्व) की पहाड़ियों से निकलती है। मध्य प्रदेश में बिलासपुर से होते हुए रीवा (२३°६ उत्तर ८१°५८ पूर्व) में प्रवेश करती है। सोन महानदी के साथ भी संगम बनाती है। शोण का भारतीय साहित्य में बड़ा महत्त्व था। कभी पाटलिपुत्र (पटना) में गंगा और सोन का संगम था।[२८]

मेरे कुछ गायक अगोरी और सोनभद्र के घाट का उल्लेख करते हैं जहाँ अपने शत्रु मोलागत और उसके सहायकों को पराजित कर लोरिक मजरी के सम्मान की रक्षा करता है। क्षत्रिय राजा मोलागत का संहार कर विवाहिता मंजरी के साथ बीर अहीर लोरिक गउरा वापस आता है। किन्तु इस घटना का किसी इतिहास में या अन्यत्र उल्लेख नहीं है। गउरा के सम्बन्ध में चंदायन (१३७८ ई०) का यह प्रमाण कि वह देवहा के किनारे था, कुछ अधिक पुष्ट है। अगोरी, मोलागत आदि के सम्बन्ध में लोकमहाकाव्य तथा स्थानीय मौखिक परम्पराओं से प्राप्त प्रमाणों के अतिरिक्त लोरिक की अगोरी की लड़ाइयों और उसके मंजरी से विवाह के सम्बन्ध में कोई अन्य प्रमाण नहीं मिलते।

अगोरी से कुछ दूरी पर स्थित मारकुण्डी में एक पत्थर है जिसको लोरिक ने दो भागों में खंडित किया था।[२९] पर यह कथा भी लोक परम्परा में ही प्राप्त होती है। ददई केवट के अनुसार ३ महीने तेरह दिन में अगोरी से लोरिक की बारात गउरा वापस आती है।[३०] इलाहाबाद के पाठ के अनुसार पाँच दिनों में अगोरी से लोरिक गउरा वापस आता है। किन्तु इलाहाबाद के पाठ 'चनैनी' में सारी घटनाएं बेतवा के तट पर घटित होती हैं। पर इसमें संदेह नहीं कि लोरिकायन की कथा का

अगोरी से गहरा सम्बन्ध है। सभी गायक अगोरी और लोरिक-मंजरी के विवाह का प्रसंग उल्लास सहित गाते हैं।

हल्दी

लोरिक सुहवल तथा अगोरी की लड़ाईयों के बाद गउरा वापस आता है तथा पास के राजा सहदेव की लड़की चनवा से प्रेम करने लगता है। फिर उसको लेकर हल्दी भाग जाता है। सर्वे आफ इंडिया की सूची के अनुसार उत्तर प्रदेश में ६ तथा बिहार में २ हल्दी हैं।[३१] लोरिकायन का हल्दी कौन है यह प्रश्न जटिल है। कुछ गायक हल्दी को बंगाल देश में बताते हैं। शिवनाथ चोधरी के अनुसार हल्दी पूरब देश बंगाल में था :

"अब चनवा संगवै ना वीर कान बाटे लगावत
अब चन्नल पुरुबे देसवा रे बंगाल"[३२]

लोरिक कहता है :

"एगो हम तिरिया मंगे लगाय के
जात रहलीं ह पूरब देस बंगाल"[३३]

शिवनाथ चोधरी के पाठ के अनुसार हल्दी पहुँचने के पूर्व चनवा को सांप डसता है।[३४] शिव पार्वती आकर उसकी रक्षा करते हैं। हल्दी पहुँचने के पूर्व लोरिक और चनवा बेवरा नदी पर पहुँचते हैं :

(अ) "अब भइया सुनिलऽ खेला न अलबेल्हा
अब मोर पहुँचत वेवरवा पर बाइ"[३५]

(ब) "ईत अब अंगवा नदी ना परि गईल नाहीं नाव लवकत नदिया में बाय
सइयां तनी बइठि जा वेवरा पर तनी डंफ उगे सुरुज ललकार"[३६]

इसी प्रसंग में गायक इस नदी को खैरी नदी भी कहता है :

"अगवां परि गइल नदिया जो खैरी अवही त साफ होते नाहीं बाय"[३७]

बेवरा नदी से हल्दी की दूरी अधिक नहीं है। चनवा लोरिक से कहती है :

"अव ईहे थोरे दूर गउवां बाटे हरदी,
हरदी क किलवा लेलीं जा नियराय"[३८]

पटना जिले के सुक्खूदास यादव के मगही पाठ के अनुसार हल्दी के पास में बिरजइन नदी थी।[३९] उसको पार करके नेउरापुर जाया जाता था। हल्दी से घोड़ा मंगर पर बैठकर लोरिक नेउरापुर गया था और उसने वहाँ के राजा को पराजित किया था। यह लगभग प्रत्येक पाठ में पाया जाता है। मगही के एक अन्य पाठ में जिसका संग्रह जार्ज ग्रियर्सन ने कराया था खैरा नदी पार करके हल्दी जाया जाता था।[४०]

ददई केवट के प्रस्तुत पाठ में भी बेवरा नदी पार करके लोरिक हल्दी जाता है, किन्तु गायक ने मुझे बताया कि हल्दी मिर्जापुर जिले में है। बलिया के एक गायक श्री रामसकल यादव[४१] के अनुसार हल्दी बलिया जिले का हल्दी है।[४२] बलिया का हल्दी चेर और हैहयवंशी क्षत्रियों का केन्द्र था।[४३] महादेव प्रसाद सिंह के पाठ के अनुसार शिवनाथ चोधरी के पाठ की ही भाँति हल्दी बंगाल देश में था।

नगीचे बसल बा पुरुब हरदी देस बंगाल
उहवां के राजा, महुअरि जतिया के हउवे मसान[४४]

इस आधुनिक पाठ में हल्दी जाने के रास्ते में पहले लोरिक बक्सर में गंगा पार करता है फिर बेवरा नदी पार करता है।

करि दतुअनियाँ नदी बेवरा में बीर नहाय
धोती तो बदलि के सुरूमा हो गइल तइयार[४५]

पटना के गजेटियर के १९०७ के संस्करण में यह उल्लेख मिलता है कि सोननदी हरदी छपरा में गंगा से मिलती है।[४६] हरदी छपरा पटना जिले में दिनापुर और बाँकीपुर के पास है। १७७२ ई० के एटलस के अनुसार गंगा और सोन का संगम मनेर के पास था।[४७] यदि सोन नदी ही बेवरा नदी है तो हरदी-छपरा, मनेर और दिनापुर के पास अर्थात् पटना जिले में कहीं हरदी (हल्दी) होनी चाहिए। यदि घाघरा (देवहा) को बेवरा कहा जाता था तब भी बलिया जिले के पूर्व में हल्दी होनी चाहिए। बिहार और बंगाल मध्य युग में पृथक् नहीं थे। मौलाना दाउद के चंदायन (१३७९ ई०) के अनुसार हल्दी से गोवर (गउरा) बीस कोस है। चंदायन के मैन-चेस्टर वाली प्रति में यह दूरी तीस कोस बतायी गयी है।[४८] 'चंदायन' में हल्दी जाने के लिए लोरिक और चंदा गंगा पार करते हैं। चंदायन में इस गंगा पर ही चनवा का पति बावन (लोकमहाकाव्य का सिवहरिया) आकर लोरिक से युद्ध करता है और वह पराजित होता है। लोक परम्परा के कई पाठों में चनवा का पति बेवरा नदी पर आकर लोरिक से युद्ध करता है और परास्त होकर वापस लौट जाता है। ये सारी परिस्थितियां यह संकेत करती हैं कि लोरिकायन का हल्दी गंगा तथा घाघरा (देवहा) या गंगा-सोनभद्र के संगम के पास कहीं रहा होगा। ये नदियां अपनी धाराएं बदलती रही हैं। उदाहरण के लिए पहले संभवतः घाघरा (देवहा) और गंगा का संगम बलिया जिले में सुरहाताल के पास था।[४९] १८४० ई० में यह संगम बिहार के छपरा जिले से ९ मील पश्चिम हो गया।[५०] इसी प्रकार सोन भी पहले बिहार के मनेर में गंगा के साथ संगम बनाती थी। अब यह संगम पटना जिले में हरदी-छपरा के पास है। जो भी हो इतना तो स्पष्ट है कि गंगा, घाघरा (देवहा) सोन के संगम के आस-पास ही कहीं लोरिकायन की कथा विकसित हुई होगी। सुहवल नेउरापुर, पीपरी तथा अन्य स्थान जिनका उल्लेख लोरिकायन में आता है इन्हीं नदियों के आसपास रहे होंगे।

टिप्पणियाँ

१. सुक्खूदास का मगही का पाठ मैंने १९६७ में संगृहीत किया था। १८ अप्रैल १९६७ को उन्होंने बताया कि सरयू के किनारे लोरिक का जन्मस्थान 'कनउजा' है। गायक अपने पाठ में इसको गोउरवा भी कहता है।

२. तब न तो बुढ़वा कुबजू गोउरवा डगरि नियाहीं चलंल ये जाय [कुबजू लोरिक के पिता का नाम है वे गोउरवा (गउरा) के रास्ते पर जा रहे हैं।]

३. शिवनाथ चौधरी बलिया जिले के उजियार भरौली के रहने वाले थे। उनकी मृत्यु १६८२ में हुई। उनका पाठ मैंने १६६६ में संगृहीत किया था। मेरे संग्रह का टंकित पाठ, भाग १ पृष्ठ २६५.

४. चानवां का उद्धार, लेखक महादेव प्रसाद सिंह, बनारस १६३८, पृष्ठ १५६। महादेव प्रसाद सिंह का लोरिकायन कई खण्डों में प्रकाशित हुआ था। कुछ भाग श्री दूधनाथ पुस्तकालय एण्ड प्रेस, कलकत्ता तथा कुछ भाग बनारस के भार्गव पुस्तकालय गायघाट, बनारस से प्रकाशित हुए थे।

५. महादेव प्रसाद सिंह ने लोरिकायन में स्वयं बताया कि गायकों की कथा सुनकर उन्होंने अपने काव्य की रचना की है। महादेव सिंह ने स्वयं कहा है कि किस्सा पुराना है इसको हम नया विस्तार दे रहे हैं।

जहां जैसन देखेले तहां तैसन देले लाके मिलाय
महादेव सिंह यह पंवारवा लिखे बनाय
अपना जुगुती से रचि के करे ले तइयार
किस्सा ह पुराना लेकिन नया ह विस्तार

—चानवां का उद्धार, बनारस, १६३८ पृष्ठ ५१।

लगता है महादेव सिंह ने किसी इन्द्रासन साहु से लोरिकायन सुना था फिर अपने ढंग से उसे भोजपुरी में लिखकर किताब छपवाई थी—

गावे ले इन्द्रासन साहु लोरिकवा गुन ये बाद
सेहु तो लोरिकवा ये भइया कितबवा दिहीं ले छाप
सब तो पंवरवा ये भइया लिखली हो बनाय
महादेव सिंह ये लिख ले क्षत्रिया अब ये तार

लोरिकायन (प्रथम भाग), महादेव सिंह, मुकाम नाचाप, जिला आरा, श्री दूधनाथ पुस्तकालय एण्ड प्रेस, सूतापट्टी, कलकत्ता, १६५४ ई० (६ वीं बार), पृष्ठ ६।

६. लोकमहाकाव्य लोरिकी सम्पादक श्याममनोहर पांडेय, साहित्य भवन लिमिटेड, इलाहाबाद, १६७६ ई०, पृष्ठ १८४।

७. वही, पृष्ठ ३४७।

८. देखिये ददई केवट का प्रस्तुत पाठ, पृष्ठ ३५०।

९. ददई केवट का प्रस्तुत पाठ, पृष्ठ २८०।

१०. वही, पृष्ठ २८१।

११. वही, पृष्ठ २१।

१२. मेरे संग्रह के टंकित पाठ के भाग २ के पृष्ठ ३७ पर यह उदाहरण है।

१३. मौलाना दाउद कृत चंदायन, सम्पादक, माता प्रसाद गुप्त, आगरा, १९६७ छंद ३८१।
१४. Imperial Gazetteer of India, Bengal, by L S. S. O'malley, Vol. I, Calcutta 1909 पृष्ठ २१०।
१५. वही, पृष्ठ २१०।
१६. १८ अप्रैल १९६७ को बातचीत के दौरान गायक सुक्खूदास ने यह बात बतायी।
१७. महादेव प्रसाद सिंह के पाठ के लिए देखिये टिप्पणी संख्या ५।
१८. दुःखी मंजरी गंगा में जाकर अपना प्राण त्याग देना चाहती है क्योंकि उसके लिए कहीं योग्य वर नहीं मिल रहा था। मंजरी कहती है—'गंगाजी में प्राणवां तेजे सुरलभवा होई हमार' लोरिकायन, मंजरी का विवाह, कलकत्ता, तिथि नहीं है, पृष्ठ ४१।
१९. देखिये लोकमहाकाव्य चनैनी, सम्पादक श्याममनोहर पाण्डेय, साहित्य भवन लिमिटेड, इलाहाबाद, १९८२।
२०. देखिये ददई केवट का प्रस्तुत पाठ, पृष्ठ १४०।
२१. शिवनाथ चौधरी (श्रीनाथ चौधरी) इनका पाठ मेरे संग्रह में है टाइप किये हुए पाठ के भाग २ पृष्ठ १२ पर यह उद्धरण है। १९६६ ई० में मैंने यह पाठ संगृहीत किया था।
२२. वही, पृष्ठ १७।
२३. ओरी लाल, गोंडा जिले के गुजर पुरवा के रहने वाले हैं। बलराम गोंडा में मैंने १९६७ में उनके पाठ की रिकार्डिंग की थी। यह पाठ मेरे संग्रह में है।
२४. विस्तार के लिए देखिये मिर्जापुर का डिस्ट्रिक्ट गज़ेटियर Mirzapur, (A Gazetteer) by Drake Brockman, 1911, में अगोरी सम्बन्धी सूचनाएँ विस्तार से दी गयी हैं, देखिये पृष्ठ २५१ से २५८ तक।
२५. वही, मिर्जापुर गज़ेटियर, पृष्ठ २५२।
२६. ददई केवट का प्रस्तुत पाठ, पृष्ठ १११।
२७. सोननदी के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए देखिये — Imperial Gazetteer of India, Bengal, Vol. I Calcutta 1909, पृष्ठ २११-१३। सोन नदी के सम्बन्ध में Patna (Bengal District Gazetteers) by L. S. S. O'malley, Calcutta 1907, पृष्ठ ५ भी देखिए। पटना के इस गज़ेटियर को १९२४ में J. F. W. James ने संशोधित किया था।
२८. Imperial Gazetteer of India, Bengal, पृष्ठ २१३।

२६. मारकुंडी में लोरिक द्वारा खंडित किये गये पत्थर का उल्लेख मेरे गायक ददई केवट ने किया है। पत्थर को लोरिक दो टुकड़ों में करता है और मंजरी उस पर अपना सिंदूर छिड़क देती है।

ओहि घड़ी खींचत ना खंड़िया जे बाइ दो गाही
खींचिकनि मारत बीचेह् रे तर रे वारि
....
पलकी से निकललि ना धियवा वा महरे कय
जेकर धिक भयल पसीनवा जे देख रे बाय
उहे भाई सेनूर महितव जे काछिए लिहलेन
घुमि घुमि छिरकति पाथरवा जे पर रे वाय

ददई केवट का प्रस्तुत पाठ, पृष्ठ १५७

मारकुंडी के पत्थर का उल्लेख Folksongs of Chattisgarh में वेरियर एलविन तथा The tribes and castes of the North-Westen Provinces and Oudh में W. Crooke ने भी किया है।

३०. ददई केवट का प्रस्तुत पाठ पृष्ठ १५८
बीति गयल तीनिय महिनवांह् तेर रे रोजय
तेरहे के आइलि ना डंड़ियाह् रे पहुँची।

३१. मौलाना दाउद कृत चंदायन, सम्पादक परमेश्वरी लाल गुप्त, बम्बई १९६४, पृष्ठ २९६।

३२. मेरे संग्रह के टंकित पाठ से उद्धृत।

३३. शिवनाथ चौधरी का पाठ मेरे संग्रह में है।

३४. सर्पदंश का प्रसंग मौलाना दाउद कृत चंदायन (१३७९ ई०) में भी है। चंदायन में शिव-पार्वती नहीं, गारुड़ी सांप झाड़ने वाला ओझा चंदा का सर्पदंश ठीक करता है।

३५. शिवनाथ चौधरी के पाठ से उद्धृत।

३६. शिवनाथ चौधरी के पाठ से उद्धृत।

३७. शिवनाथ चौधरी के पाठ से उद्धृत।

३८. शिवनाथ चौधरी के पाठ से उद्धृत।

३९. सुक्खूदास (जिला पटना) से हुई १८ अप्रैल १९६७ की बातचीत

४०. यह इंडियन आफिस लाइब्रेरी, लंदन में सुरक्षित है। इंडियन आफिस की श्रीमती उषा त्रिपाठी से मुझे इस पाठ की सूचना मिली। लेखक उनका आभारी है।

४१. रामसकल यादव बलिया जिले के बरम्हाइन हनुमानगंज के रहने वाले हैं। उनका पाठ मेरे संग्रह में सुरक्षित है। १९६६ में मैंने उनका पाठ संगृहीत किया था।

४२. रामसकल यादव से प्रस्तुत लेखक की बातचीत १६६७ में फिर १६८२ में हुई। उन्होंने यह सूचना दी कि हल्दी बलिया जिले का हल्दी है जो गंगा के तट पर है। हल्दी राज्य मध्ययुग में काफी प्रसिद्ध रहा है।

४३. बलिया जिले के हल्दी के सम्बन्ध में ए० फरर ने लिखा है कि यह बलिया तहसील में गंगा के दाहिने तट पर बलिया से दस मील की दूरी पर है। यहाँ १६४३ ई० का एक किला था, जिसे १६४३ ई० में धीरदेव ने बनवाया था। शाहाबाद जिले में बिहियां के हैहयावंशी और चेर राजाओं के संघर्ष प्रसिद्ध हैं। हैहयवंशी राजपूतों का गढ़ बलिया का हल्दी भी था। हल्दी के एक राजा रामदेव ने भंड़सर की स्थापना ११वीं शताब्दी में की थी। हल्दी और बिहिया के सम्बन्ध में विस्तृत अध्ययन के लिए देखिये—

1. The antiquarian remains in Bihar by D. R. Patil, Patna, १६६३ पृ० १७०, पृ० ५५.
2. The monumental antiquities & inscriptions in the N. W. Provinces & Oudh, by A Furher, (reprint) Varanansi, १६७० पृ० १६२.
3. Ballia (District Gazetteer) by H. R. Nevill, Allahabad १६०७. शाहाबाद के चेरु राजाओं का हरिहोवंश (हैहयवंशी) के राजपूतों से संघर्ष होता रहा। इसका उल्लेख History of Bengal, (Muslim period १२००-१५५७) Jadunath Sarkar, Patna, १६७३ पृष्ठ १७१ पर भी है। इन चेरुओं और हरिहोवंशी क्षत्रियों का सम्बन्ध हल्दी से भी था।

चेरों का सम्बन्ध आदिवासी कोलों से था, इसका उल्लेख मिर्जापुर के गजेटियर में भी आता है। यदि चेर कोल थे तब यह बात महत्त्वपूर्ण बन जाती है। मृत्यु के पहले लोरिक की लड़ाइयाँ कोलों और भीलों से हुई। चेरों शाहाबाद, तथा गंगा के तट पर बलिया, पटना आदि में वर्तमान थे।

चेरों के सम्बन्ध में देखिये Mirzapur (a Gazetteer) by Drake Brockman, Allahabad १६११, पृष्ठ १०८।

४४. चानवाँ का उद्धार, महादेव प्रसाद सिंह, बनारस १६३८, पृष्ठ ३४।

४५. वही, पृष्ठ ११६।

४६. Patna (Bengal District Gazetteers) by L. S. S. O'malley; Calcutta १६०७, पृष्ठ ५

४७. Imperial Gazetteer of India, Bengal, Vol I, १८६४ by L. S. S. O'malley Calcutta १६०८ पृष्ठ २१३ ।

४८. मौलाना दाउद कृत चंदायन, सं० परमेश्वरी लाल गुप्त, बम्बई छंद ४३६/४ माता प्रसाद गुप्त के संस्करण में हल्दी से गोवर २० कोस है। चांदायन ३८१/४

४६ Ballia, District Gazetteer, H R. Nevill, Allahabad १६०७ पृष्ठ ११ ।

५०. वही, पृष्ठ ६ ।

चंदायन और लोरिकायन*

चंदायन की कथा लोरिकायन की कथा के एक अंश पर आधारित है। वह अंश है 'चनवा का उद्धार'। मौलाना दाउद ने १३७९ ई० में चंदायन की रचना की थी। इससे स्पष्ट होता है कि चौदहवीं शताब्दी में लोरिकायन या चनैनी पर्याप्त ख्याति प्राप्त कर चुकी थी। 'चंदायन' को सूफ़ी काव्य बनाने के लिए तथा उसे साहित्यिक रूप एवं सौष्ठव प्रदान करने के लिए मौलाना दाउद ने अनेक तत्व जोड़े जो लोक-महाकाव्य की परम्परा में नहीं पाये जाते। जैसे गोवर नगर का विस्तृत वर्णन, चंदा का नख-शिख, विरह और प्रेम का दर्शन आदि। लोरिकायन की कथा की एक विशेषता यह है कि वह वीर गाथा है। उसका नायक लोरिक मलसांवर के विवाह में अनेक युद्ध करता है। अपने विवाह के उपरान्त भी लड़ाइयां करता है। 'चनवा के उद्धार' के प्रसंग में भी हल्दी में, फिर नेउरापुर में युद्ध करता है। कथा के अंत में वह दुःखद मृत्यु का आलिंगन करता है। मौलाना दाउद ने इस शौर्य को उतना महत्त्व नहीं दिया है। चंदायन में युद्ध कम हैं और लोरिक का प्रेमी व्यक्तित्व यहाँ अधिक उभर कर आया है। सूफ़ी कवि की दृष्टि प्रेम-दर्शन की अभिव्यक्ति पर केन्द्रित है अतः लोरिक के शौर्य और युद्धों को उसने गौण कर दिया है तथापि लोरिकायन के 'चनवा का उद्धार' के अनेक प्रसंग चंदायन में सुरक्षित हैं।[1]

'चंदायन' और 'चनवा के उद्धार' के प्रसंगों का तुलनात्मक अध्ययन

[चंदायन में मलसांवर और लोरिक के विवाहों के प्रसंग नहीं आते। 'चनवा का उद्धार' जिसमें लोरिक-चंदा का प्रेम वर्णित है, चंदायन का आधार है।]

चंदायन	लोरिकायन
(१) स्तुति-खण्ड सृजनहार, पैगम्बर मुहम्मद, पैगम्बर के चार मित्रों का उल्लेख फ़ारसी मसनवी परम्परा के अनुकूल है (छंद १-७)	(१) लोरिकायन में नहीं है।
(२) समसामयिक बादशाह फीरोज शाह का उल्लेख (छंद ८)	(२) नहीं है
(३) गुरु शेख जैनुद्दीन का उल्लेख (छंद ९)	(३) नहीं है
(४) वजीर खानजहाँ का उल्लेख (छंद १०-१४)	(४) नहीं है
(५) डलमऊ के प्रशासक मलिक मुबारक का उल्लेख (छंद १५-१६)	(५) नहीं है

चंदायन	लोरिकायन
(६) चंदायन की रचना तिथि संवत् ७८१ (संवत् यहाँ हिजरी सन् का समानार्थी है = सन् १३८१ ई०) तथा डलमऊ का उल्लेख [ये प्रारम्भिक १७ छंद फारसी मसनवी परम्परा का अनुसरण करते हुए मौलाना दाउद संयोजित करते हैं। स्पष्ट है लोक गाथा के लिए इनका कोई महत्त्व नहीं है।]	(६) नहीं है।
(७) गोवर का वर्णन (छंद १८, ३१), विस्तृत है। मैथिली भाषा में लिखने वाले चौदहवीं शताब्दी के आचार्य ज्योतिरीश्वर की कृति 'वर्ण रत्नाकर' के नगर वर्णन से तुलनीय—विद्यापति के जौनपुर नगर वर्णन से समानता (विस्तृत विवेचन आगे किया जायगा)।	(७) लोक गाथा में गउरा का वर्णन अत्यन्त संक्षिप्त है। यहाँ घर-घर में अखाड़ा है यदुवंशी, ग्वाल तथा अन्य जातियाँ यहाँ रहती हैं। वह बारह पल्लियों का है।
(८) गोवर में सहदेव के यहाँ चंदा का जन्म और विवाह, चनवा का पति सिवहर (छंद ३२-४५)।	(८) गउरा में सहदेव के यहाँ चनवा का जन्म—चनवा का पति प्रायः सभी पाठों में सिवधरा या सिवहरिया है।
(९) सिवहर (बावन), गंदा, काना, कुरूप, और शायद नपुंसक भी है। वह चनवा की उपेक्षा करता है। चनवा का पिता के यहाँ वापस आ जाना—चंदा अछूती है उसका पति से सम्पर्क नहीं होता। (छंद ४६)।	(९) 'लोरिकायन' में भी सिवधरा नपुंसक है। बलिया के शिवनाथ चौधरी के पाठ के अनुसार शिव के अभिशाप से वह नपुंसक हुआ था। पति के यहाँ से लौटती हुई चनवा के साथ बांठा (चमार) छेड़खानी करता है यह चंदायन में नहीं है।
(१०) बाजुर (बाजिर) मूर्च्छा का प्रसंग - एक उज्जैन का योगी चंदा के सौन्दर्य को देखकर मूर्च्छित हो जाता है। यही दशा बाद में लोरिक की होती है। यह अंश सूफ़ी प्रेम और सौन्दर्य को अभिव्यक्ति देने के लिए मौलाना दाउद ने गढ़ा है। (छंद ५०-५९)।	(१०) 'लोरिकायन' में ये प्रसंग नहीं हैं।
(११) रूपचन्द के देश में बाजिर का पहुँचना—रूपचन्द का मन्त्री बांठा है। (छंद ६०-६१)।	(११) लोरिकायन में बांठा चमार लोरिक का गुरु भाई है बाद में वह लोरिक का शत्रु बन जाता है। लोरिक

चंदायन	लोरिकायन
	और बांठा दोनों के गुरु अजयी हैं। रूपचंद का उल्लेख लोरिकायन में नहीं है।
(१२) बाजिर द्वारा रूपचन्द से चंदा का 'नखशिख' (शिखनख) निवेदन करना (छंद ६४ से ८५ तक)	(१२) नख-शिख, रूपचंद तथा बाजिर का उल्लेख लोरिकायन में नहीं है।
(१३) रूपचन्द का गोवर पर हाथी घोड़े के साथ चढ़ाई करना (छंद ८६ से १३१ तक)	(१३) लोरिकायन में नहीं है
(१४) बांठा का युद्ध में आगे रहना—लोरिक के शौर्य से रूपचन्द बांठा आदि का पराजित होना, चंदायन में युद्ध बड़े पैमाने पर है। इस युद्ध के प्रसंग में 'डांग', 'ओड़न', 'खांड', 'रमाउलि', 'पागा', 'सारतार का आंगा', 'घन सहरी', टाटर, 'सारंग', 'फरसां', 'कुंत', 'कटारी' आदि अनेक आयुधों का वर्णन है। (छंद १०६)[२]	(१४) लोरिकायन में यहाँ युद्ध का वर्णन नहीं है। बांठा पति के घर से आते हुए चंदा के साथ छेड़खानी करता है। फिर उसके पिता सहदेव का द्वार छेंक लेता है। चंदा को प्राप्त करने के लिए अनेक उपद्रव करता है। लोरिक उसको मार डालता है। लोक गायक यहाँ द्वन्द्व-युद्ध का ही उल्लेख करते हैं।
(१५) विजेता लोरिक का सहदेव द्वारा स्वागत—गोवर मे बधावा—सहदेव द्वारा प्रीति-भोज का आयोजन—यह आयोजन शाही ठाटबाट का है। लोरिक को देख कर चंदा का विमोहित होना—लोरिक का चंदा को देखना और प्रेम का पल्लवित होना।	(१५) लोरिकायन में ये प्रसंग किंचित् भिन्न हैं। बांठा को मारकर लोरिक विजेता होता है पर बंधु बांधव सहदेव पर आरोप लगाते हैं कि चनवा का बांठा चमार के प्रति स्नेह था। पाप से मुक्ति के लिए सहदेव द्वारा भोज का आयोजन—लोरिक भोजन को भूलकर चनवा (चदा) को देखता रहता है। दोनों में प्रेम विकसित होता है। लोकगाथा में ग्रामीण स्तर का प्रीति भोज है।
(१६) चंदा और लोरिक में प्रेम बढ़ता है। लोरिक रस्सी के सहारे राजा सहदेव के महल के ऊपरी भाग में जहाँ चंदा सोती है, रात में चोरी चुपके प्रवेश करने लगता है। इसके पूर्व लोरिक एक वर्ष तक मढ़ी में तप करता है। योगी वेश में रहता है।	(१६) महल के ऊपरी प्रकोष्ठ में रस्सी के सहारे चढ़कर चनवा (चंदा) से लोरिक के मिलने का प्रसंग लोरिकायन में भी है। लोरिकायन में प्रेम-दर्शन की बात नही है। न तो लोरिक योगी बनकर यहाँ तप ही करता है।

चंदायन	लोरिकायन
(१७) लोरिक का चंदा के साथ नियमित रूप से मिलन। लोरिक चंदा के गुप्त प्रेम की सर्वत्र चर्चा होना--मैना मांजरि और चंदा के बीच सोमनाथ के मन्दिर में झगड़ा होता है।	(१७) लोरिकायन में भी है। लोरिकायन में चनवा और मंजरी कोइरी के कोड़ार में झगड़ती हैं। मिर्जापुर के प्रस्तुत पाठ में कोइरी का नाम झगड़ू है। कहीं-कहीं बसावन भी नाम मिलता है।
(१८) चंदा का लोरिक से हल्दी भाग चलने का प्रस्ताव।	(१८) यह लोकगाथा में भी है।
(१९) हल्दी जाने के पूर्व लोरिक अपने भाई कुंवरू (संवरू) से बोहा में भेंट करता है--कुंवरू का लोरिक को हल्दी जाने से मना करना।	(१९) यह प्रसंग लोरिकायन में है। यहाँ भाई का नाम संवरू है। लोकगाथा में लोरिक और संवरू का मिलन बहुत ही मार्मिक है।
(२०) चनवा के पति का गंगा के तट पर आना और लोरिक से युद्ध में पराजित होना।	(२०) यह प्रसंग लोरिकायन में भी है। नदी का नाम मिर्जापुर के प्रस्तुत पाठ में बेवरा है।
(२१) चनवा के पति को परास्त कर लोरिक का हल्दी में प्रवेश करना—हल्दी में प्रवेश के पूर्व सांप द्वारा चंदा को डसा जाना—सर्प दंश का प्रसंग 'चंदायन' में इसके पूर्व भी आता है। लोरिक का हल्दी में प्रवास। यहाँ का राजा क्षेतम है।	(२१) ये प्रसंग लोकगाथा में भी हैं। सर्प दंश का प्रसंग वाराणसी, इलाहाबाद तथा मिर्जापुर के प्रस्तुत पाठ में नहीं है। बलिया, पटना, गोंडा तथा चोपन (मिर्जापुर) के तुलसी यादव के पाठ में सर्पदंश का प्रसंग है। लोकगाथा में हल्दी का राजा महुअरि है। यहाँ लोरिक जमुनी कलवारिन से प्रेम करने लगता है। राजा महुअरि लोरिक की उद्दंडता से तंग आकर लोरिक को लड़ने के लिए, नेउरापुर एक भयंकर घोड़ा 'मंगर' पर भेजता है। लोगों को विश्वास था कि घोड़ा मंगर लोरिक को खा जायगा पर लोरिक का वह मित्र और सहायक बन जाता है।
(२२) मैना का हल्दी में लोरिक के पास संदेश भेजना।	(२२) लोरिकायन में भी यह प्रसंग है। लोकगाथा में लोरिक के भाई संवरू की दु:खद मृत्यु और मंजरी पर आयी हुई विपत्ति का विस्तृत विवरण है जो 'चंदायन' में नहीं है।

चंदायन	लोरिकायन
(२३) लोरिक की बोहा में वापसी—मैना मांजरि का बोहा में दही बेचने जाना—लोरिक और मैना का मिलना—मंजरी के सत की परीक्षा साधारण सी है। मैना के सत का विस्तृत चित्रण साधन कृत 'मैनासत', गव्वासी कृत 'मैना सतवंती' तथा हमीदी के 'अस्मतनामा' (फ़ारसी) में अधिक प्रखर है।	(२३) लोरिकायन में भी यह प्रसंग है। लोकगाथा के गायक इस प्रसंग को बहुत महत्त्व देते हैं। यहाँ मंजरी के सत सुमिरन से नदी सूख जाती है। वह अनेक प्रकार से, जैसे खौलते तेल में हाथ डालकर अपने सत का परिचय देती है।
(२४) लोरिक का घोड़े पर चलकर घर आना—माँ खोइलनि से मिलना—माँ खोइलनि का कुंवरू (संवरू नाम भी आता है, छंद ३८६ देखिए) की मृत्यु का समाचार देना।	(२४) लोरिक का घर वापस आना--माँ तथा गुरु अजयी से मिलना। फिर लड़कर शत्रुओं से सारी सम्पत्ति वापस लेना और अपने दो पुत्रों भोरिक और चंद्राइत को राज्य सौंप कर अग्नि समाधि लेना - ये प्रसंग चंदायन की प्राप्त पांडुलिपियों में नहीं हैं। लोरिक की गाथा समाप्त होने पर अच्छे लोक-गायक उसके पुत्र भोरिक की भी गाथा गाते हैं।

मौलाना दाउद ने 'लोरिकायन' की मूलकथा को लेकर अपने काव्य 'चंदायन' का ठाट खड़ा किया किन्तु लोकमहाकाव्य के सीधे-सादे चित्रण यहाँ कवि द्वारा पर्याप्त साहित्यिक बना दिये गये हैं। कुछ विशेष प्रसंगों से उदाहरण देकर इस बात की पुष्टि की जा सकती है। कवि ने फ़ारसी की मसनवी की परम्परा का पालन करते हुए सृजनकर्ता, पैगम्बर मुहम्मद, चार मित्र, समसामयिक बादशाह आदि का वर्णन किया है। यह एक सामान्य शैली है। महत्त्वपूर्ण बात यह है कि नगर वर्णन, भोज, युद्ध और प्रेम के चित्रण को कवि ने सामान्य नहीं रहने दिया है। उसने इन चित्रणों में तत्कालीन मान्य साहित्यिक परम्पराओं का सन्निवेश कर दिया है।

'चंदायन' में चंदा की जन्मभूमि तथा उसके पिता सहदेव का नगर गोवरगढ़ है। लोकमहाकाव्य में यह स्थान गउरा है। लोक-गायक इस स्थान का चित्रण सादगी से करते हैं। मिर्जापुर के पाठ में गउरा का उल्लेख मात्र है, वहाँ एक सागर (तालाब) है। बलिया के शिवनाथ चौधरी के पाठ में गउरा का वर्णन कुछ विस्तार से है। इनके पाठ के अनुसार 'गउरा बलिया में हैं। उसके उत्तर में देवहा हैं। दक्षिण में गंगा हैं। वहाँ ब्रह्माइन का गढ़ है उसके पास ही गढ़ गउरा है। उसमें बाजार हैं। यहाँ उत्तर में ब्राह्मण रहते हैं, दक्षिण में कोइरी हैं। पश्चिम में मुग़ल, पठान तथा जुलाहे रहते हैं। पूर्वी टोले में अहीर रहते हैं। यहाँ सोलह सौ यदुवंशी हैं। खेती-बारी यहाँ नहीं होती। घर-घर में यहाँ अखाड़ा है।'[3]

वाराणसी के पाँचू भगत के पाठ में भी गउरा का वर्णन विस्तृत नहीं है।

'गउरा बारह पल्लियों का है। इसमें तिरपन बाजार हैं। तेली, तमोली, कलवार, तथा भड़भूजे भी यहाँ हैं। रघुवंशी राजपूत यहाँ हैं जिनकी कटि में तलवारें झूलती हैं। यदुवंशी और ग्वाल अहीर यहाँ रहते हैं। गउरा में घर-घर अखाड़ा है। यहाँ दिन रात लेजम घूमता रहता है।'[४]

लोरिकायन के समस्त वर्णन सामान्य हैं और सामान्य श्रोताओं के मस्तिष्क को ये बोझिल नहीं बनाते। सूफ़ी कवि मौलाना दाउद ने चंदा और उसके पिता के नगर गोवरगढ़ को, जहाँ का निवासी लोरिक है, बड़े विस्तार में चित्रित किया है, यद्यपि चदायन का कवि केवल पाठकों के लिए नहीं श्रोताओं के लिए भी अपनी रचना करता जान पड़ता है।[५]

मौलाना दाउद ने गोवरगढ़ का चित्रण लगभग पन्द्रह छन्दों में किया है :

उद्यान-वर्णन[६]

गोवर में कूप, वापी तथा आम्र के कुंज हैं। वहाँ नारियल तथा सुपारी के पेड़ हैं, अनार और अंगूर हैं। नारंगी, कटहल, जामुन के पेड़ के अतिरिक्त वहाँ बाँस, खजूर, बट, पीपल, और इमली के पेड़ भी हैं। बाटिका में वहाँ दिन में भी अंधकार रहता है।

पक्षी[७]

आम्र बाटिका में शुक सारिकाएँ चहचहाती रहती थीं। पपीहा पी पी पुकारता रहता था। मोर भी वहाँ नाचते रहते थे। महर, पंडुक, हारिल, उलूक सभी पक्षी वहाँ रहते थे।

सरोवर[८]

सरोवर, झरनों आदि का उल्लेख भी गोवरगढ़ के चित्रण में है। उनमें कोई स्नान नहीं कर सकता था। दो लाख कुमारियाँ वहाँ पानी भरने के लिए जाती थीं। सरोवर में हंस, मांछ, चकवा, चकवी, तैरते हैं।

गोवर की खाई[९]

गोवर की खाई पचास परोसे की (१७५ हाथ) थी। उसमें हमेशा जल भरा रहता था। उसमें गिर जाने पर मृत्यु अवश्यंभावी थी। खाई पर अधिकार करना बीस-बीस रायों के लिए भी सरल नहीं था।

जातियाँ[१०]

ब्राह्मण, क्षत्रिय, ग्वाल, खंडेलवाल, अग्रवाल, तिवारी, पंचवान, धाकड़, जोशी यज्ञ करने वाले यजमान, गंधी, बनजारे, श्रावक, परमार (पंवार), सोनी, रावत, सभी गोवरगढ़ में बसे हुए थे। विद्वान्, पंडित, भांट, छत्तीस कुलों के राजपूत सभी चंदा के पिता महर की सेवा में थे।

हाट[११]

हाट में बटुक रामायण पढ़ते थे, गीत गाते थे, नृत्य करते थे। वे राधाकृष्ण का अभिनय भी करते थे। फूल, चंदन, अगरु, खस, कर्पूर, पान, जायफल, सोपारी, लवंग, छुहारा सभी चीजें वहाँ बिकती थीं। खांड, चिरौंजी, मुनक्का, खुरहुरी वहाँ के लोग मोल लेते थे। हीरा, प्रवाल, सोना आदि भी वहाँ बिकते थे।

महर का प्रासाद[१२]

महर का धौराहर, प्रासाद सात मंजिलों का था। उसमें सात चौखंडियाँ थीं। चौखंडियों पर सात कलश थे। महल में चौरासी रानियाँ थीं। प्रासाद में हिंडोले भी थे। राज महल अन्न, धन, पाट, रेशमी वस्त्रों से परिपूर्ण था। चंदायन के छन्द २९ में सिंह द्वार का चित्रण है। वीर सिंह द्वार को देखकर भाग जाते थे। पौरी के कपाट बज्र या फौलाद के थे। रात्रि में वहाँ चौकी पर पहरेदार प्रहरी का काम करते थे।

ध्यान देने योग्य बात यह है कि गोवरगढ़ के चित्रण में कवि ने साहित्यिक परम्परा का निर्वाह अधिक किया है। लोकमहाकाव्य में चित्रित गउरा गाँव का एक सामान्य नगर है जबकि चंदायन में चित्रित नगर में परम्परागत चित्रणों की भरमार है। लोकमहाकाव्य की वास्तविकता से यह चित्रण काफी दूर है।

मिथिला के आचार्य ज्योतिरीश्वर ने 'वर्ण रत्नाकर' में शहर के वर्णन का एक आदर्श प्रस्तुत किया है। 'वर्ण रत्नाकर' की रचना चौदहवीं शताब्दी में हुई थी। 'वर्ण रत्नाकर' संभवतः ऐसे लोगों के लिए लिखा गया जो कवि बनना चाहते थे। कवि बनने के लिए कुछ वर्णनों और चित्रणों की परम्परा की रक्षा आवश्यक सी थी। इसीलिए गोवरगढ़ के चित्रणों से मिलता-जुलता 'वर्ण रत्नाकर' का नगर और उपवन का वर्णन है। दोनों एक विशेष परिपाटी का पालन करते हुए जान पड़ते हैं।

'वर्ण रत्नाकर' में उपवन के वर्णन के संदर्भ में कहा गया है कि गुआ, नारिकेर, नारङ्ग, नागकेसर, नमेरु, खीरा, बउर, उतति, दाष, दालिम्ब, छोलंग, करुण, चम्पक, चन्दन, लवङ्ग, अशोक, अनेक पुष्प द्रुम उपवन में होने चाहिए।[१३] वन वर्णन के संदर्भ में ताल, तमाल, रसाल, हिन्ताल, शाल पियाल, पितशाल, शमी, सरल, शल्लकी, सिरिसि, सिम्बलि, सिद्ध, सिसप, सहोल, सोहिजन, पिप्पल, पलाश, पाउल, पनस, प्रियंगु आदि का उल्लेख यहाँ है[१४]। 'चंदायन' और 'वर्ण रत्नाकर' की तुलना से यह विदित हो जाता है कि गुवा (सोपारी), नारिकेल, नारंग, आम (रसाल), दाड़िम (दालिम्ब, अनार) दोनों में हैं। तुलनात्मक अध्ययन से यह भी स्पष्ट होता है कि दोनों वर्णनों की सूचियाँ भिन्न-भिन्न हैं पर उनमें समानता कम नहीं है। नारियल, सुपारी आदि के पेड़ उत्तर प्रदेश के पूर्वी भाग में जहाँ चंदायन की मूलकथा विकसित हुई होगी, नहीं पाये जाते। ये वर्णन परम्परागत ही हैं।

पक्षियों के संदर्भ में चंदायन में शुक, सारिका, पपीहा, हारिल, पंडुक आदि

का उल्लेख है। 'वर्ण रत्नाकर' में भी शुक, सारिका, कोकिल, पांडु आदि पक्षियों का वर्णन है।[१५] 'वर्ण रत्नाकर' की सूची में जल-पक्षियों में हंस, मत्स्य, चक्रवाक आदि का उल्लेख है[१६]। चंदायन के छन्द २२ में भी हंस, मत्स्य, चकवा, चकवी, सरोवर में तैरते हैं। नगर वर्णन में, इन दोनों ग्रंथों में जो लगभग समकालीन हैं, समानता अकस्मात् नहीं है। ये दोनों अपने युग की काव्य परम्पराओं और मान्यताओं की ओर संकेत करते हैं। 'वर्ण रत्नाकर' काव्य ग्रंथ नहीं है। यह काव्य रचयिताओं के उपयोग के लिए लिखा गया एक आदर्श ग्रंथ सा प्रतीत होता है। इसमें आठ अध्याय हैं। इन अध्यायों में नगर, नायक-नायिका, कुट्टनी, वेश्या, वन, उपवन, पुष्कर, पर्वत, नदी, तीर्थ, श्मसान, मरुस्थल, ऋषि, चौरासी सिद्धों की नामावली, नृत्य के प्रकार, राज्य, विवाह के प्रकार, नौका वर्णन तथा वणिक पुत्रों और वैद्यों के सम्बन्ध में विस्तृत सूचनाएँ दी गयी हैं। ये अध्याय संभवत: इसलिए लिखे गये हैं कि एक नया कवि काव्य रचना के लिए आदर्श के रूप में इन्हें स्मरण रखे। चंदायन एक काव्य ग्रंथ है। मौलाना दाउद अपने समय की काव्य-परम्पराओं के आदर्शों की रक्षा करते जान पड़ते हैं। 'चंदायन' में भोज के अवसर पर पशुपक्षी पकड़ कर लाये जाते हैं। मौलाना दाउद स्पष्ट कहते हैं कि मैं पक्षियों का चित्रण वैसे कर रहा हूँ जैसे वे काव्यों में पाये जाते हैं :

जो कवि आइ समाने सरसि बरन गये तेहि
अउर पंखि जे मारे तिन्हकर नाउ को लेहि। छंद १४४।६

['जो काव्यों में आकर प्रवेश पा गये हैं मैं उनको सरस रूप में वर्णित कर गया और जो पक्षी भोज के लिए मारे गये उनका नाम कौन ले' ?]

'चंदायन' में राजपूतों की छत्तीस कुरियों का उल्लेख मात्र है। 'वर्ण रत्नाकर' में इन छत्तीस कुरियों का उल्लेख विस्तार से हुआ है। यद्यपि इस सूची में ३४ वर्गों का ही समावेश किया गया है। ये वर्ग निम्नलिखित हैं—

(१) डोड (२) पमार (३) बिन्द (४) छीकोर (५) छेवार (६) निकुम्भ (७) राओल (८) चाओट (९) चाञ्जल (१०) चन्देल (११) चउहान (१२) चालुकि (१३) रठउल (१४) करचुरि (१५) करम्ब (१६) बुधेल (१७) वीरब्रह्म (१८) बन्दाउत (१९) वएस (२०) वछोम (२१) वर्द्धन (२२) गुडिय (२३) गुहलउरा (२४) सुरुकि (२५) सहिआउत (२६) शिषर (२७) शूर (२८) खातिमान (२९) सहर ओट (३०) भोण्ड (३१) भद्र (३२) भज्जभटी (३३) कूढ़ (३४) खरसान छत्रीशओ कुली राजपुत्र।[१७]

चंदायन में राजकुमारों की गोष्ठियों में विद्वान्, भाँट, पंडित आदि सम्मिलित हैं। वर्ण रत्नाकर में भी विद्यामंत, वंदीजन तथा पंडित का उल्लेख है।[१८]

मौलाना दाउद के 'चंदायन' के गोवरगढ़ की तुलना विद्यापति की कीर्तिलता में वर्णित जौनपुर से भी की जा सकती है। विद्यापति का समय संभवतः १३६० ई०

से १४५० ई० तक है।[१९] १४०२ से १४०६ ई० तक इब्राहिम शाह शर्की जौनपुर का बादशाह था। विद्यापति ने इब्राहिम शाह का उल्लेख किया है :

इबराहिम साह पआन पुहुवि नरे सर कमनसह
गिरि सा अर पार उँवार नहीं रैअति भेले जीव रह[२०]

['इब्राहिम शाह के प्रयाण को कौन नरेश सह सकता था ? गिरि तथा सागर पार जाने पर भी उससे उबार (रक्षा) नहीं था। रैअत बन जाने पर ही उससे जीवन की रक्षा हो सकती थी।']

'कीर्तिलता' की रचना चंदायन से कुछ ही बाद की है। इसके दूसरे पल्लव में जौनपुर का वर्णन है। जौनपुर नगर मेखला से घिरा हुआ है।[२१] उसके उपवन में आम, चम्पक, सुशोभित हैं।[२२] नगर में पुष्कर और जलाशयों का भी उल्लेख है।[२३] राजप्रासाद पर स्वर्ण कलश हैं।[२४] कपूर, केसर, धूप, गंध का वहाँ बाजार है।[२५] काव्य, नाटक, गीत, खेल-तमाशे का उल्लेख भी विद्यापति करते हैं।[२६] नगर में विभिन्न जातियों जैसे ब्राह्मण, कायस्थ, राजपूतों आदि का उल्लेख है।[२७] सोना हीरे आदि भी जौनपुर में बिकते थे।[२८] कवि यह भी कहता है कि 'नगर विन्यास की कथा क्या कहूँ ? जैसे दूसरी अमरावती का यहाँ अवतार हो गया है।'[२९] जौनपुर नगर के चित्रण और 'चंदायन' के गोवरगढ़ के वर्णनों में बहुत अंशों तक समानता देखी जा सकती है। मौलाना दाउद ने भी गोवरगढ़ की तुलना 'कैलास' (स्वर्ग) से की है।

अगरु चंदन उषटना अछई सुहाई बासु
देवलोक अस भाषहि मकहुँ आहि कबिलासु[३०]

— चंदायन ३०/६, ७

['अगरु, चंदन, और उबटनों की सुगन्ध वहाँ सुहावनी लगती थी। देवलोक के प्राणि कहते हैं जैसे (वह गोवरगढ़ कैलाश (कविलास) हो।']

मध्यकालीन 'वर्णक समुच्चय' नामक ग्रंथ से विदित होता है कि नगर की उपमा 'अमरावती' अलकापुरी आदि से दी जाती थी।[३१] कहने का तात्पर्य यह है कि अहीरों की लोकगाथा को लेकर मौलाना दाउद ने उसमें साहित्यिक रंग भर दिया है। परम्परा से चली आती हुई वर्णन शैली का उपयोग कर उन्होंने लोकमहाकाव्य की सरलता को शिष्ट काव्य की क्लिष्टता में बदल दिया है।

'चंदायन' के रचयिता मौलाना दाउद ने अनेक प्रसंग अपने काव्य में जोड़े हैं। उनका 'शिखनख' चित्रण भी साहित्यिक परम्परा का पालन करता है। 'चंदायन' के इस शिखनख या नखशिख परम्परा पर प्रस्तुत लेखक ने अन्यत्र विस्तार किया है।[३२] चंदा को मौलाना दाउद ने अप्रतिम सौंदर्य प्रदान किया है। चंदा की मांग, केश, ललाट, भौंहों, नयनों, नाक, अधरों, दातों, जिह्वा आदि का सौंदर्य चित्रित करते हुए कवि उसका श्रवण, तिल, ग्रीवा, भुजाएं उरोजों, पेट, पीठ और पगों का वर्णन

करता है और लगभग बाइस छंदों में चंदा का दिव्य स्वरूप प्रस्तुत करता है। चंदा के चरणों के स्पर्श से पुरुषों के पाप मिट जाते हैं। चंदा के चरणों की सुगन्ध से चारों दिशाओं में बसंत ऋतु उपस्थित हो जाती है। उसके अंग के सुवास से नौखंड सुवासित हो जाते हैं। इंद्र, गोपेन्द्र, ब्रह्मा, विष्णु, मुरारि, गण, गन्धर्व, ऋषि और देवता उसके सौंदर्य पर मुग्ध हो जाते हैं।[३३] मौलाना दाउद चंदा को दैवी सौंदर्य से अलंकृत कर देते हैं। नायक लोरिक उस सौंदर्य का प्रेमी है। कवि सूफ़ी है अतः सूफ़ी दर्शन के प्राण तत्व कवि चंदायन में भर देता है। लोक-परम्परा में प्रचलित लोरिकायन या चनैनी के किसी पाठ में नखशिख का विस्तार नहीं है। संस्कृत और फ़ारसी साहित्य की परम्पराओं में नखशिख या शिखनख का चित्रण पाया जाता है। मौलाना दाउद का चित्रण सामान्य शरीर के अवयवों का चित्रण नहीं है। रूप की सीमा में सूफ़ी कवि अलौकिक सौंदर्य का दर्शन कराता चलता है। यह लोकसाहित्य की परम्परा में रचे गये काव्य की दृष्टि नहीं। यह एक सचेत साहित्यिक कवि का सृजन है। लोक साहित्य का गायक दर्शन से अपने काव्य को बोझिल नहीं बनाता।

इतनी बात सुनने पर घर में रुदन प्रारम्भ हो गया। चिन्ता से ग्रस्त महर की पत्नी रो रोकर धरती पर सिर पटकने लगीं। (हाय) मेरी पालित-पोषित कन्या मंजरी बिना अन्न के मर जायगी। महर के कुल की सवा लाख स्त्रियाँ रोने लगीं। हाय, अब मेरी बेटी सहज में ही मर गयी। मामा सुबच्चन रोते हुए चाँदनी पर गये। मंजरी से विस्तारपूर्वक बातचीत करने लगे। भैने मैं तुमसे क्या बताऊँ? कुछ कहने में असमर्थ हूँ। तुम्हारे कारण तीनों मुल्कों में संसार में प्रकम्पन पैदा हो गया है। तुम्हारे योग्य वर नहीं मिल रहा है। तुम्हारा तिलक सम्पन्न नहीं हो सका। तुम्हारा प्राण सहज ही में चला जायगा। तुमने अन्न और जल छोड़ दिया है। मंजरी ने सब कुछ सह लिया फिर विनम्रतापूर्वक कहा—मामा मैं क्या कहूँ? मुझसे कहा नहीं जाता। मेरा कुछ कहना सारे संसार में प्रवाद फैला देगा। इतनी बात सुनकर मामा सुबच्चन ने गले में गमछा डाल लिया और भैने के पैर पकड़ लिए। कहा—तुम अपने तिलक का स्थान बताओ। हमें इतनी परेशानी क्यों हो रही है? तब दावन मंजरी ने कहा—मैं क्या कहूँ? मुझसे कहा नहीं जाता। यदि यहाँ के लोग सुनेंगे तो बढ़ा-चढ़ाकर मेरी निंदा करेंगे। कहेंगे, मंजरी कलयुगी उत्पन्न हुई है। अपना वर उसने स्वयं बता दिया है। सुबच्चन ने यह बात सुनी। फिर हाथ जोड़कर भैने मंजरी से कहने लगे। भैने मेरी बात सुनो, मेरा कहना मानो। इस बात को या तो मैं जानूँगा या तुम जानोगी। फिर मंजरी ने अपने प्रिय की वह पुस्तक दिखा दी जो धरनी पर टँगी हुई थी और कहा उसे मेरे पास ले आओ। सुबच्चन ने पुस्तक उतारी मंजरी ने हाथ में कलम और दावात ली फिर साफ-साफ अक्षरों में लिखने लगी। उत्तर दिशा, गाँव गउरा गुजरात, श्वसुर कठईता, भसुर-मल्ल संवरुवा सब कुछ लिख डाला। फिर लोरिक के स्वरूप का वर्णन किया। जैसा लोरिक का स्वरूप था, हूबहू वैसा ही उसने अंकित कर दिया। लोरिक के शरीर का फोटो उसने ठीक-ठीक उतार दिया। मुड़ा हुआ पत्र मोहनिया पंडित के हाथ में आया। सुबच्चन ने उनसे कहा—चलिए जल्दी, उत्तर देश चलें। उधर ही तिलक का मुहूर्त है। भैने की शादी ललकार-कर कर दें। मोहनिया पंडित, नाऊ तथा पीछे-पीछे मामा सुबच्चन चले। सबने उत्तर का रास्ता लिया। सभी रात दिन चल रहे थे। कहीं विश्राम नहीं किया। अट्ठारह दिन का रास्ता था नौ दिन में ही निकट आ गया। गउरा नगर आते ही शम्भू सागर दिखाई पड़ा। उन्होंने पनघट पर पहुँच कर लोरिक का घर पूछा।

भावार्थ – (८०१ –१२००)

अब वहाँ का हाल सुनिये । गउरा के अहीर राजा सहदेव थे । उनके बेटे महदेव थे । जिस समय अगोरी से तिलक गउरा सहदेव महदेव के द्वार पर पहुँचा वहाँ चनैनी स्त्री वर्तमान थी । राजा सहदेव की सोरह सौ पनिहारिनें थीं । आगे-आगे ये पनिहारिनें जा रहीं थीं, उनके बीच में (चन्ना) चंदा चली जा रही थी । उसने जब तिलक ले जाने वालों को देखा तो वह नम्रता पूर्वक बोल उठी । ऐ दूर देश से आने वाले भाइयों, मेरी बात सुनिये । आप लोगों का वतन (वास स्थान) कहाँ है ? गोत्र क्या है ? आपका उद्देश्य क्या है ? आपने कहाँ के लिये चढ़ाई की है ? आप लोग लोरिक का घर पूछ रहे है । वे मेरे (पीठ के) भाई हैं । चलिए मैं उनका घर दिखा दूँ । वेश्या चनैना आगे-आगे जा रही थी । पीछे ये तीन मूर्तियाँ थीं । जिस वक्त वे द्वार की ओर जा रहे थे चनवा घूमकर खिड़की से घर के अन्दर चली गयी । भइया महदेव भीतर बैठे हुए थे । अब वहाँ का हाल देखिये । चनवा ने तेल और फूलेल से उनके शरीर का मर्दन किया । सोने के गहना से उन्हें अलंकृत कर दिया फिर अद्धी और तंजेब के कपड़े उन्हें पहना दिये । कंधे पर रेशमी रुमाल रख कर उन्हे दरवाजे पर भेज दिया । जब नाऊ और ब्राह्मण को उन्होने देखा तो झुक कर सिर नवाया । नाऊ ने मुँह खोल कर उन्हें आशीर्वाद दिया—'भइया तुम अक्षय रहो, अमर रहो । लाख वर्ष तक जीयो । फिर पंडित मोहनिया ने उन्हें देखा । वह वहीं क्रोध की आग में जल उठे । अगोरी में जो बांस गाड़ा गया है क्या उसके लिए यही वीर है ? क्या यही बांस को छाती से लगायेगा, चुनौती स्वीकार करेगा । महर की लड़की से विवाह करेगा ! तुम हाथ मे डंडा उठाओ और जाकर सूवरों की रखवाली करो । पंडित मोहनिया ने उसे अपमानित किया । फिर नाऊ और ब्राह्मण वहाँ से चले । इस गाँव गउरा पर धब्बा लगा हुआ है । यहाँ कोयला और अंगार चू रहा है । यहाँ बहुत से चोर और ठग हैं । हमारे तिलक में वे ठगी कर रहे हैं । आगे आदमी खड़े थे । पंडित ने उनसे लोरिक का घर पूछा—उन्होंने बताया- सामने लोरिक का घर दिखाई पड़ रहा है । पीपल में वहाँ झण्डा फहरा रहा है । उनका पीतल का छोटा-सा चोगा है । बायीं ओर खड़ग (खरसार) है । दाहिनी ओर दुर्गा का स्थान है । इतनी सारी बातें लोग बता रहे हैं । तीनों मूर्तियाँ आगे बढ़ती जा रही हैं । वे लोरिक के घर पहुँच गये । द्वार पर वे 'लोरिक' 'लोरिक' पुकारने लगे । वहाँ एक वृद्ध इधर-उधर घूम रहे थे । तब उस वृद्ध ने कहा—'हे दैव, हे नारायण, हे ब्रह्मा, तुमने मेरे ललाट में क्या लिख दिया है ? उन्होंने पूछा, अरे भाई लोगों का वतन कहाँ है ? आपकी बुनियाद क्या है ? ऐ दूर देश के निवासी, आप लोगों ने कहाँ चढ़ाई की है । आप लोग 'लोरिक' लोरिक' क्यों पुकार रहे हैं ? उस समय मोहनियाँ पंडित बोले । हम लोग अगोरी के निवासी हैं । हम लोगों ने गउरा की चढ़ाई की है । तुम्हारे प्रिय पुत्र के लिए हम तिलक लाये हैं । अब वहाँ का हाल सुनिये । कठईत बोले—आप लोग मेरे द्वार पर बैठिये । जलपान कीजिए । मैं आप लोगों को लोरिक को

दिखा दूंगा। उस वक्त नाऊ और ब्राह्मण बाले —भइया, हम लोग ऐसे पानी नहीं पीयेंगे। गउरा में बहुत से ठग और चोर हैं। आप लोरिक को दिखाइये। अभी हमारा मन नही मानता। बूढ़े कठईत ने गंगिया नाऊ को पुकारा। आवाज़ सुनते ही वह दरवाजे पर आकर खड़ा हो गया। कठईत ने कहा—ऐ नाऊ, मेरी बात सुनो। अखाड़े में मेरा बेटा गया है। हाथ में मिट्टी की प्याली ले लो और उसमें तेल भर लो। मेरे बेटे के शरीर में तेल मर्दन करो। मेरा बेटा रूखा सूखा है। नाऊ ने मिट्टी की प्याली उठा ली उसमें तेल भरवा लिया फिर अखाड़े की ओर चला। लोरिक की नज़र उस पर पड़ी। वह दांतों तले अँगुली दबाने लगा। कहा हे दैव, हे नारायण, हे ब्रह्मा तुमने मेरे मस्तक में क्या लिख दिया? इतने दिन बीत गये। कभी नाऊ अखाड़े पर नहीं दिखाई पड़ा। घर पर कौन सी मुसीबत आ गई है? हमारा नाऊ क्यों दौड़कर आ रहा है? लोरिक अखाड़े से बाहर निकल कर खड़ा हो गया। नाऊ ने उन्हें सारी बात बतायी। काका कठईत ने आपको बुलाया है—नाऊ ने संदेश दिया कि दरवाज़े पर तिलक आया है। नाऊ ने प्याली में से तेल लेकर लोरिक की पीठ ठोंकना शुरू कर दिया। अहीर का पुत्र लोरिक उसे उलट कर देखने लगा। यह दुष्ट नाऊ विक्षिप्त हो गया है। उसकी बुद्धि हर ली गयी है। लोरिक ने कहा—गागी मैं तुम्हारे कन्धों की पिटाई कर दूंगा। तुम्हारे बत्तीस दांत गिर जायेंगे। मेरे शरीर पर धूल भरी हुई है, उस पर तुमने तेल चुवा दिया है। गंगिया हजाम बोला—'मालिक सुनिये। दरवाजे पर दूर देश के रहने वाले तिलक लेकर आये है। तुम्हें दरवाजे पर रूखा-सूखा देखेंगे। फिर विवाह का कार्य कैसे होगा। अहीर लोरिक ने कहा —तुम मेरा कहना मानो—जिसको गरज होगी वह सात बार चिल्ला-चिल्ला कर बुलायेगा। वह गउरा आकर आर्त होकर पुकारेगा। फिर मेरे पाँवों की पूजा करेगा। अहीर वहाँ से आकर घर के आँगन मे जाकर बैठ गया। द्वार पर दूर देश के निवासी बैठे हुए हैं। लोरिक फिर बाहर निकला तथा आकर दरवाजे पर खड़ा हो गया। पंडित ने उसके हाथ में कागज़ दे दिया। जैसा कागज मे लिखा है वैसा ही लोरिक दिखाई पड़ता है। लोरिक ने पंडित के आगे झुक कर माथा टेका। पंडित ने मुँह खोल कर आशीर्वाद दिया। लोरिक तुम अक्षय रहो, अमर रहो। तुम लाख साल तक जीयो। जैसे जमुना का पानी बढ़ता है वैसे ही तुम्हारी आयु बढ़े। तुम्हारे द्वार पर तिलक आया है। लोरिक ने उत्तर दिया—अभी मेरा तिलक कैसे आ सकता है? अभी मेरे जोड़ के भाई यहाँ हैं। मेरे ज्येष्ठ भाई धर्मी बोहा में है। जब मैं अपने धर्मी भाई की शादी कर लूंगा तब पीछे अपनी शादी करूँगा। उस दिन, उसी समय उन्होंने गंगिया नाऊ को बोहा दौड़ाया। संवरू को बुलवाया।

इधर सहदेव का हाल सुनिये। चनवा के साथ विवाह करने के लिए लोरिक के पास सहदेव ने संदेश भेजा। अपने मन में उन्होने उपाय सोचा। मैं चनवा का लोरिक से विवाह कर दूं। जो तिलक लेकर अगोरी से आये हैं वे शंख मारेंगे और मेरे बेटे को तिलक चढ़ा देगे। सहदेव ने तिलक भिजवा दिया। दो तिलकहरू वहाँ

टिके हुए हैं। वृद्ध कठईत ने संवरू से कहा—बेटा संवरुवा, तुम लोग मेरे दो बेटे हो। क्या तुम दोनों का हम एक साथ विवाह कर दें। एक ही खर्चे में दोनों शादियाँ निपट जायेंगी। तब धर्मी मल्ल संवरू ने समझा कर कहा—ऐ पिता, अभी मैं अपनी शादी नहीं करूँगा। जब तक लक्ष्मी मुझे हुक्म नहीं देंगी, तब तक विवाह का कार्य नहीं होगा। संवरू का यही प्रण है। उन्होंने बात दुहराकर कहा—अगोरी से जो तिलक आया है वह मेरे प्रिय लोरिक को चढ़वा दिया जाय। चनवा का तिलक लौटवा दिया जाय। वह तिलक सहदेव के दरबार में वापस चला जाय। यदि हम गाँव में विवाह करेंगे तो रात दिन झगड़ा बना रहेगा। किसी समय कुछ ऊँचा-नीचा हो जाय तो सेल्हिया हमारा द्वार रौंदना शुरू कर देगी। उस वक्त मौत हो जायगी। ऐ पिता, आप मेरी इतनी बात मानिए।

सेल्हिया का तिलक लौटा दिया गया। अगोरी का तिलक स्वीकार कर लिया गया। मल्ल सांवर ने कहा—काका अभी भइया लोरिक की शादी अगोरी में कर दो। दिन और स्थान देखा जाने लगा। पंडित पत्रा के लेख अलग अलग करके देखने लगे। शुक्रवार का दिन अच्छा था। यात्रा के लिए उस दिन शुभ मुहूर्त था। दक्षिण दिशा में मुल्क से प्रस्थान होगा। मंगल को शादी होगी। देश धन्य-धन्य हो जायगा। मुहूर्त पंडित ने सुना दिया। लोरिक ने बारह बैलों पर बाजार से सोपारी लदवा ली, फिर घर वापस आया। बैल खोल दिये गये। वे बोहा में चले गये। फिर लोरिक ने छक कर भोजन किया। चौबीस प्रकार के व्यंजन थे। उसने सुपारी से सारे अगोरी में निमन्त्रण बांटना शुरू किया। गउरा बारह पल्लियों का है। बाजार कस कर लगा हुआ है। लोरिक वहाँ सबको निमन्त्रण बांट रहे हैं। शुक्रवार को लोरिक का तिलक होगा, मंगलवार को बारात चलेगी।

अब उस दिन, उस समय का हाल सुनिये। प्रातः काल पौ फटने लगी। पूर्व दिशा में कौवे शोर मचाने लगे। उसी समय बूढ़े कठईत जाग गये। उन्होंने द्वार पर जाजिम गिरवा दिया। शंपू गेस तैयार कर लिया गया। धीरे-धीरे आमंत्रित लोग आने लगे। अहीर के द्वार पर जलसा शुरू हो गया। नाच होने लगा। नाचने वाले भौंह चलाने लगे, चुटकियों पर ताल देने लगे। लोरिक का तिलक सम्पन्न हो गया। थान, पगड़ी, सोना, करधनी, पिटारा, नारियल तिलक में चढ़ाया गया।(मंजरी के)पत्र में लिखा था तिलक के साथ ही बारात अगोरी आ जाय। गउरा में बारात सज कर दरवाजे पर खड़ी थी कि राजा सहदेव अपने घर से उठे। डांटते हुए तथा 'रे' और 'तू' की अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करते हुए दौड़े। कहा—गउरा की मेरी प्रजा सुने। लोरिक की बारात में आप लोग न जाइये। जो बारात में जायगा उसके बाल-बच्चों को मैं कोल्हू में पेरवा दूंगा। इतना सुनते ही गउरा की प्रजा कांप गयी। कोई पानी के बहाने घर से भगा। कोई ओढ़ना के बहाने बाहर चला गया। कोई दिशा-मैदान होने के बहाने वहाँ से चला। बाजा बजाने वाले बच रहे। गुरु अजई बच रहे तथा धर्मी भाई सांवर बच रहे। बूढ़े कठईत भी वहाँ थे।

भावार्थ –(१२०१—१५००)

अब वहाँ का हाल सुनिये । प्रिय लोरिक वहाँ रोने लगे । कहने लगे हे दैव ! हे नारायण ! हे ब्रह्मा ! तुमने मेरे ललाट में क्या लिख दिया । शादी विवाह का तुमने संयोग जुटाया (छप्पर फाडा) । यह रास्ते में अब क्या हो रहा है ! यह पहले ही क्यों विघ्न हो रहा है ? अभी तो दूर देश जाना है । यह पहले ही क्यों गड़बड़ शुरू हो गया । मैं बताने में असमर्थ हूँ । उस दिन बूढ़े कठईत ने कहा—बेटा लोरिक सुनो । तुम पालकी में शान्तिपूर्वक बैठे रहो और बूढ़े का पुरुषत्व देखो । उन्होंने हाथ में डंडा ले लिया । फिर गायों के रहने की जगह पहुँच गये । वहाँ जाकर तीन सौ साठ चरवाहों को साथ में ले लिया । सबको बाजार ले गये और उनके लिए सामान खरीदने लगे । सबको एक ही प्रकार की वर्दी (पोशाक) तथा कुल्हाड़ी खरीदी गयी । एक ही प्रकार का उनका पतलाके (पतलून) था । एक ही प्रकार के जूते उनके पैर में थे । उनकी पगड़ी भी एक ही प्रकार की थी । जब सभी पहन ओढ़कर तैयार हुए तो ऐसा लगता था कि तैलंगाना के सिपाहियों का गोल जा रहा है । लोरिक की पालकी उठी । उसी क्षण प्रस्थान हुआ । लोरिक जोर-शोर से बाजा बजवा रहा है । दक्षिण दिशा की ओर सभी लोग चले जा रहे हैं ।

तब रानी सेल्हिया ने राजा सहदेव से कहा—तुम्हारी प्रजा यहाँ से निकली जा रही है । वह दूर देश में चली जा रही है । जाते ही सभी भाई बन्धु जूझ जायेंगे । कहीं ऐसा न हो कि लोरिक शादी करके फिर गउरा गुजरात वापस लौटे और हमारे घर की नीव खुदवाना शुरू करे और उसमें सरसों तथा राई डलवा दे । सेल्हिया ने राजा सहदेव से कहा— आप हाथ में पाँच रुपया लेकर गउरा गाँव में चले जाइए । जो आपकी जाति के चौधरी हैं उनके हाथ में पाँच रुपये का दंड दे दीजिए फिर हाथ जोड़ कर उनसे यह विनती कीजिए कि वे जाति के चौधरी हैं, वे बारात को सीधे निकल जाने दें । अब उन्होंने ऐसा कहा तो अहीर की पूरी बारात सज गयी तथा दरवाजे पर बैठ गयी । खाना-पीना होने लगा । परिछन की भी तैयारी हो गयी । फिर गउरा से सारी बारात चल पड़ी । सभी लोग रात में चलते रहे, दिन में दौड़ते रहे । कहीं उन्होंने पड़ाव नहीं डाला, विश्राम नही किया । बारात सीमा पर पहुँच गयी । वहाँ खुला विस्तृत मैदान था । बारात वहाँ रुक गयी । लोरिक पालकी से बाहर निकलकर खड़े हो गये । दस-बीस आदमी और बाहर निकल आये थे । लोरिक ने उनसे कहा कि गिनती कर लो कि हमारी बारात कितनी है ? बारात की संख्या गिन ली गयी । अहीर की बारात सवा लाख थी । सोनभद्र के उस पार अगोरी बारात चली । अद्भुत स्वर में बाजे बज रहे थे । दक्षिण की ओर बढ़ते हुए लोग भदोखा कोट पहुँचे । उस दिन लोरिक ने काका कठईत से कहा—बोहा के जितने चरवाह हैं वे सुबह सुबह दूध और लिट्टी खाते हैं । आज दो दो दिन बीत गये उन्हें अन्न तथा पीने के लिए

पानी तक नहीं मिला। सवा लाख बारातियों को पराठा बनाकर इस कोट में दे दो। वे खा-पीकर संतुलित हो जायेंगे। अब वहाँ का हाल सुनिये। बारात कोली घाट उतर गयी तथा भदोखरि घाट तक फैल गयी। बैलों पर लादकर खाने पीने की सामग्री आ गयी। सारी रसद एकत्र हो गयी। बायीं ओर दस बीस लोग बैठ गये तथा सबको तौलकर रसद देने लगे। जाति और पर जाति सबको रसद बँट गयी। केवल ग्वाल अहीर बच गये। बूढ़े (कठईत) व्यग्र होकर इधर उधर घूमने लगे। इतने लोगों की रसोई कौन बनायेगा ? इतने युवक कैसे खायेंगे ? मैं कोट गाँव में चला जाता हूँ तथा अपने जात-पांत के लोगों को खोजता हूँ। उनके घर रसद भेज देता हूँ फिर डटकर मैं ज्योनार करा देता हूँ। बारात डटकर भोजन कर लेगी और अगोरी के लिए चल देगी। अब वहाँ का हाल सुनिये। भोजन करके अहीर की बारात वहाँ से चली। सभी ढोली का मगही पान कूँच रहे थे। अहीर ग्वाल बच गये थे। वे जाजिम पर भूख के मारे पटपटा रहे थे। बूढ़े कूबे कंकोट गाँव के अहीराने में पहुँचे। वहाँ दस बीस गोप-ग्वाल थे। लोग भोजन बनाने के लिए वहाँ लादकर रसद ले गये। अहीरों की मण्डली बैठ गयी। कसबी और पतुरियों का नाच शुरू हो गया। भांड़ चुटुकियों पर ताल देने लगे। भोजन तैयार हो गया। तब गाँव से लड़के दौड़े। वहाँ जाकर हाथ जोड़कर वे खड़े हो गये पंचों सुनो। हमारी जाति के जितने लोग हैं जितने गोप और ग्वाल हैं, उनके लिए भोजन तैयार हो गया है। उस समय मण्डली में खलबली मच गयी। कुछ लोग अंगरखा और धोती संभालने लगे। तब टिकईत ने कहा—तुम लोगों में क्यों खलबली मच गयी। अभी तो अगोरी बहुत दूर है। अभी हम परदेश में हैं। हमारा घर गउरा है। उन्होंने कहा—जाऊँ जरा देख लूं भोजन में कैसा नमक है ? कैसा पानी है। रास्ते में प्यास लगेगी तो तुम्हारी कच्ची जान वैसे ही चली जायेगी। जरा हमें सब्जी चख लेने दो। तब जाकर वहाँ भोजन करो। बूढ़े कठईत वहाँ से चले। भोजन के पास पहुँचे। अपने दोनों हाथ धोकर, भोजन करने के स्थान पर चले गए, पीढ़े पर बैठ गए। अहीर सिन्दूर और काजल पहनकर बूढ़े को थाली परोसने लगे। जब वे झुककर थाली परोस रहे थे तो बूढ़े ने उन्हें अपनी नजर से देखा। उन्होंने बायें लात से थाली पर ठोकर मारी, फिर सब लोगों से जूझ पड़े। सबको चित्त गिराकर वहाँ से भागे। ग्वालिनों ने शोर मचाना शुरू किया। कठईत जाजिम पर आ गये। डंके पर युद्ध मे बजने वाली मारू ध्वनि होने लगी। उस कोट का राजा बामदेव था। वह अपनी चाँदनी पर बैठा हुआ था। ग्वालों ने जाकर उन्हें बताया कि ऐ सूबा तुम बहुत शक्तिशाली थे। तुमसे बलशाली कोई और इस देश में नहीं था। न जाने कहाँ से आकर तुमसे भी शक्तिशाली लोग गोप और ग्वाल बनकर टिके हुए हैं। उन्होंने रसद भिजवा कर यहाँ भोजन बनवाया पर भोजन नही किया। उन्होंने हमारी इज्जत नही की। राजा अपनी प्रतिष्ठा चली गयी। जब राजा बामदेव ने यह बात सुनी तो उन्होंने युद्ध की लकड़ी बजवा दी। वहाँ फौज सज गयी। इधर जाजिम पर एक ओर सांवर बैठे हुए थे। दूसरी ओर लोरिक बैठे हुए थे, बीच में बूढ़े कठईत बैठे हुए थे। लोरिक ने बीर सांवर से कहा—'जहाँ जहाँ काका कठईत जायेंगे,

झगड़ा लगवा आयेंगे। जिसकी जांघ में बल नहीं रहेगा, जिसकी भुजा में पौरुष नहीं रहेगा, वह कैसे झगड़ा निपटाएगा।' जब लोरिक ने यह बात कही तो बूढ़े कठईत क्रोध में जलकर अंगार हो गये। कहने लगे - बेटा। तुम पागल हो गए हो। तुम्हारी बुद्धि हर ली गयी है। तुम जाजिम पर बैठे रहो और बूढ़े का पुरुषत्व देखो। बूढ़े कठईत डंडा लेकर कूद पडे। वह ब्यालिस हाथ उछल पड़े। तब मल सांवर बोले—भाई बीर लोरिक सुनो। मेरी बात मानो। जिसके दो दो लाल बैठे हों उसके पिता खेत में दौड़ रहे हैं। यदि कहीं ऊँचो-नीची जमीन पर उनका पैर पड़ गया तो वे अपना सिर गवाँ देंगे। उस वक्त तुम्हारी जिन्दगी को धिक्कार होगा। तुम्हारे कुल की मर्यादा डूब जाएगी नम्रतापूर्वक अहीर ने ऐसी बात कही। बात लोरिक के मन में बैठ गयी। सचमुच यदि काका गिर जायेंगे तो बारात में मेरी हँसी होगी। ऐसा कहते हुए वह सन्दूक के पास गये। उसमें से अपना पोशाक निकाल कर शरीर पर धारण कर लिया। दुलाई निकालकर पहन ली फिर अंगरखा धारण कर लिया। पैर में जामा पहना, जूता पहना, धनुष लिया। साठ गज का दुपट्टा लिया पेटी बाँधी, पगड़ी सजायी। डमरू लिया, छपन पचों वाली छूरी-कटारी तथा बगल में तलवार ले ली। बायें हाथ में ओढ़न तथा दाहिने हाथ में बिजली की तलवार ले ली। वह धीरे धीरे चलने लगा जैसे झूमती हुई हथिनी जा रही हो। अब वहाँ का हाल सुनिये—जाकर लोरिक ने फौज को रोक दिया। रास्ते में खड़े हो गए। सारी बारात को छोड़ दिया। राजा ने सेना को आज्ञा दो कि लोरिक को कुचलकर सत्तू के नमक जैसा कर दो। लोरिक ने अपनी आराध्या (पूजमान) देवी का स्मरण किया, कहने लगे—'हे माँ दुर्गा, तुम अपनी शक्ति का सहारा दो। तुम्हारी शक्ति के भरोसे मैं इस दारुण देश को खंगालने आया हूँ। आप साथ छोड़कर भाग गयीं ? मेरा जीवन आपत्तियों से घिरा हुआ है।' इधर लोरिक दुर्गा को स्मरण कर रहे हैं उधर राजा निशाना लगा कर बाण मार रहा है। वह खेत पर पैंतरेबाजी करने लगा।

भावार्थ—(१५०१—१८००)

जिस प्रकार भादों में भैंसा चिल्ला कर दौड़ता है। वीर दाँव पर आ गया। तब बामदेव बोला—सूबा मेरी बात मानो। ऐ राजा, तुम मारो। यदि तुम्हारे आक्रमण में शक्ति है। तब मर्द वीर लोरिक ने कहा—ऐ सूबा तुम मेरी बात मानो। मैं पहले चोट नहीं करूँगा न छिपा कर मैं पीछे खोट करूँगा। गुरु अजई की शपथ है कि मैं पहले न मारूँ। किन्तु जब हमला पहले होगा तो मैं छोड़ूँगा भी नहीं। मैं पीछे छिप कर भी नही रहूँगा। उसी समय सूबा ने अपना म्यान फेंका तथा अहीर पर हमला किया। लोरिक कूद कर आकाश में चला गया। बामदेव का तेग (खड्ग) धरती पर आ गिरा तथा चूर चूर हो गया। बामदेव ने दो दो वार किये पर वे खाली गये। फिर सूबा ने सोच विचार कर दोहरा तेहरा वार किया। अहीर के सिर की ओर चोट हुई। अहीर थोड़ा बायें तिरछे हो गया। खड्ग धरती पर गिर पड़ा। अहीर थोड़ा सा दब कर मैदान में आ गया। उसने कहा—ऐ मेरे जोड़ के राजा,

तुम मेरा कहना मानो। मैंने तुम्हारा पूर्ण आक्रमण (पक्का वार) सँभाल लिया। अब तुम मेरा अपूर्ण सा (कच्चा) आक्रमण सँभालो। लोरिक ने तब अपना म्यान फेंक दिया। फिर दस्तगी तलवार सँभाल ली। तलवार अभी चार ही अंगुल बाहर हुई कि उसकी आवाज आकाश में गूंज गयी। नीचे दावाग्नि फैल गयी एवं आदमी के कद से ऊपर तक लहर लपलपाने लगी। बामदेव की पलकें घुम गयीं उसका खड्ग धूल में मिल गया। लोरिक का खड्ग पूर्व से काटते हुए पश्चिम पहुँच गया। पश्चिम से दक्षिण पहुँच गया। जैसे किसान अपना खेत काटता है वैसे ही अहीर का पुत्र लोरिक शत्रुओं को काट रहा है।

अब वहाँ का हाल सुनिये। लोरिक ने बिजली का खड्ग खींच कर उसे म्यान में रख लिया। उसकी बारात वहाँ से चलने के लिए सजने लगी। कोट का झगड़ा निपट गया। अहीर बिना अन्न और जल के दक्षिण की ओर चल दिया। वह रात को चल रहा था, दिन में दौड़ रहा था। वह कहीं डेरा नहीं डाल रहा था और न विश्राम ही कर रहा था। बारात को उसने चलवा दिया। बारात कोली के घाट आ गयी। कोलिया घाट पर नगाड़े बज उठे, अगोरी में आवाज पहुँचने लगी। इधर (अगोरी के) मूबा का हाल सुनिये। उसके कानों में आवाज पहुँची। उसने कहा -- लगता है महर मेरा शत्रु हो गया है। उसने मेरे ऊपर जबर्दस्त हमला किया है। न जाने किस शहर से बारात आयी है। यहाँ बड़े जोर से डंके बाज रहे है। उसने अपने नौकरों और सिपाहियों से कहा -- तुम लोग सोन नदी के तट पर तैनात हो जाओ, फैल जाओ। इधर बारात काशी घाट पर उतरी और छिप गयी। नदी के दोनों किनारे उफान ले रहे थे। वहाँ उतरने का कोई साधन नहीं था। उस पार झिमला केवट घूम रहा था। लोरिक ने उससे कहा—"आप घाट के ठेकेदार हैं, मल्लाह हैं। अपनी नाव इधर लाइये और हम लोगों को उस पार उतार दीजिए। तब झीमल मल्लाह बोला—ऐ भाई, मेरी बात मानिये, मूबा की आज्ञा इसके विपरीत है। जिस दिन अहीर की बारात उस पार उतर जायगी उस दिन वह मेरे बाल बच्चों को कोल्हू में पेरवा देगा। अपनी जान देकर उस पार कौन जायेगा ? वीर लोरिक बोल उठा—झीमल, मेरी बात मानो। देखो, हम लोग गउरा में थे। मैंने सुना कि अगोरी का राजा बलवान है। उसका जोड़ खोजने पर भी नहीं मिलता। तब हम यहाँ मंजरी से विवाह करने आ गये। मैं तो सर्व प्रथम उसका पौरुष देखने आया। तुम खे कर हमें उस पार लगा दो। झीमल, जहाँ तुम्हारा पसीना गिरेगा, वहाँ लोरिक अपना खून बहा देगा। पहले अगोरी का राजा इस लोरिक को कोल्हू में पेरवायेगा तब फिर तुम्हारे बाल-बच्चों की बारी आयेगी। इतनी बात सुन कर झीमल घर दौड़ कर गया। उसने अपने सभी बर्तन उठाये, बाल बच्चों को लिया और नदी के किनारे आ गया। नाव पानी में चला दी। वह पानी में उतराने लगी। वह पचास-सो खेप चली। नाव भारी थी। झीमल उसे खे कर लोगों को अगोरी के पार करने लगा।

अब वहाँ का हाल सुनिये। नाव इस पार लौटी। फिर बूढ़े कठईत उठे। वह लकड़ी टेकते हुए नाव के पास पहुँचे, डाँड़ पकड़ लिया। नाव नीचे दब गयी। झीमल अत्यन्त दुखी होकर गिर पड़ा। अपनी छाती पीटने लगा। हे देव, हे नारायण, तुमने मेरे भाग्य में क्या लिख दिया ? मैंने अहीर की सवा लाख बारात अगोरी के पार उतारी। एक बूढ़ा बचा रह गया था। इसके लिए नाव इस पार लाया। डाँड़ के पकड़ते ही नाव डूब गयी। अभी तो बूढ़ा नाव पर चढ़ भी नहीं पाया था। अब वहाँ का हाल सुनिये। बूढ़ा उछलने लगा। उसने नाव का डाँड़ हाथ में उठा कर उसे चला दिया। स्वयं नाव पर बैठ गया। उसे खे कर अगोरी के उस पार चला आया। बूढ़े कठईत नदी के उस पार उतर गये, तट पर खड़े हो गये। उन्होंने सुबच्चन से कहा—समधी के घर में जा कर पूछ आओ। बारात खड़ी है, जनवासा कहाँ रहेगा ? हमें एक स्थान पर बैठा दो। मल्ल सुबच्चन दौड़ कर घर गये, बहन को पुकारा। महरिन अन्दर से बाहर निकल कर आँगन में खड़ी हो गयी। सुबच्चन ने उनसे कहा—समधी ने आज्ञा माँगी है कि जाजिम कहाँ गिराया जाय। अहीर की बारात कहाँ रहेगी। तब महरिन ने नम्रतापूर्वक कहा—भइया, यहाँ तो मैंने कुछ भी तैयारी नहीं की है। तू ने बीच में यहाँ बारात लिवा लाये। जरा मुझे भी तैयारी कर लेने दो। अभी हमने न तो अपने गोत्र वालों को निमन्त्रित किया है और न तो भाइयों, कुटुम्बियों, और परिवार को आमन्त्रित किया है। न तो अभी आजमगढ़ के बढई को न्योता दिया है जो दालान में तोता अंकित कर दे। अभी समधी हमें दस दिन का मौका दें। फिर ठाट से द्वार पर बारात लगेगी। सुबच्चन वहाँ से रवाना हुए। समधी कठईत को समझा कर कहा-- मेरी बात सुनिये। अभी मेरी बहन ने कुछ इंतजाम नहीं किया है। वह नाराज हो रही है दस दिन का समय गुजर जाता तो आकर ठाट से आप विवाह करते। तब कठईत ने कहा—समधी तुम मेरी बात मानों। महरी ने दस पाँच दिन की बात कही है। मैं दो चार पुश्त ठहर जाऊँगा। हमारे रहने की जगह तो बता देतीं। फिर हम डट कर विवाह करेंगे।

अब उस दिन, उस समय का हाल सुनिये। सुबच्चन दौड़ कर जा रहे हैं। फिर बहन से कह रहे हैं—मैं समधी का उल्टा हुक्म लाया हूँ। ऐ बहन, तुम उन्हें जगह बता दो। तू ने उन्हें दस पाँच दिन क्या सुनाया है, वे दो चार पुश्त टिक कर रह जायेंगे। तब महरिन ने उत्तर दिया—भइया, मेरी बात सुनो—बारात को उस खेत पर ले जाओ जहाँ नौ सौ बन-गोभी के जंगली पेड़ हैं तथा घमोय की कटीली झाड़ियाँ हैं। वहाँ चार चार अंगुल के काँटे हैं। यदि काँटे बारातियों के शरीर में चुभेंगे तो उनके शरीर से खून बह निकलेगा। वही स्थान बारातियों को बता दो। सुबच्चन वहाँ से चले। सोन नदी के तट पर आये। टिकईत से बोले—चलो मैं जगह बताता दूँ, जहाँ बारात टिक जायेगी। आगे-आगे मल्ल सुबच्चन चले। पीछे सवा लाख बाराती चले जहाँ नौ सौ जंगली कंटीली गोभी और घमोय के पेड़ हैं। बारात में एक से एक सुन्दर व्यक्ति थे, सरदार थे, लाड़ले थे। लौरिक के प्रेम और

मुरव्वत में एक से एक देव के लाल आ गये थे। उनकी धमनियों में रक्त का संचार हो रहा था। वे आज इन काँटों का कष्ट कैसे सहेंगे! अहीर लोरिक इस प्रकार सोच रहा था। वह जाजिम पर बैठा हुआ था। कठईत उछलते हुए पालकी के पास पहुँचे। लोरिक बूढ़े टिकईत का पैंतरा देख कर गिर पड़ा। टिकईत ने उसे डाँटा—बेटा तुम कनउज में अपने को मर्द समझते थे। तुम इस संकटापन्न देश में चढ़ आये हो। अपनी चाँदनी से यहाँ का राजा तुम्हारी जाँघ देख रहा है जो थर-थर काँप रही है। ऐसा कहते हुए टिकईत क्रोध में जल रहे थे। बायें हाथ में चक्र तथा दाहिने हाथ में डंडा उठा कर बूढ़े ने वहाँ से पैंतरा बदला। वह बयालिस हाथ कूदे। पूर्व से उछलते कूदते वह पश्चिम गये। गोभी और कंटीले घमोय के पेड़ वे काट काट कर सोन नदी में बहाने लगे तथा पूर्व दिशा में जाने लगे। वहाँ मैदान साफ हो गया। अब उसी जगह जाजिम गिरा दिया गया। दल बल के साथ अहीर वहाँ खड़ा था। प्रकाश के लिए गैसें वहाँ टाँग दीं गयीं। जलसा होने लगा। बारात मौज करने लगी। नर्तकियाँ और कस्बिनें वहाँ नाचने लगी। भाँड़ चुटकी पर ताल देने लगे। अहीर खेत पर बैठा हुआ था।

अब यहाँ का हाल सुनिये। महरिन ने सुबच्चन से पूछा—अहीरों की कितनी बारात है? हमें ठीक-ठीक बताओ। सुबच्चन ने तत्काल जवाब दिया। अहीर की सवा लाख बारात है। उसमें जाति और परजाति सभी प्रकार के लोग हैं। सवा लाख बाराती खेत में टिके हुए हैं। सभी मण्डली बना कर बैठे हुए हैं। अब वहाँ का हाल सुनिये। महरिन नम्रतापूर्वक कह रही हैं—भइया सुबच्चन, तुम अगोरी चले जाओ। वहाँ के महाजन साहु महिचन बहुत बड़े हैं। बैल गाड़ी हाँक कर ले जाओ तथा बोरे उठवा लाओ। सवा लाख मन चावल बारातियों के स्थान पर गिरवा दो। हल्दी, मसाला आदि के अतिरिक्त सवा लाख चारपाइयाँ वहाँ पहुँचा दो। फिर खाद्य सामग्री बँटवा दो।

भावार्थ—(१८०१—२१००)

उन्हें कह दो कि एक बार का भोजन है। इसमें से एक भी चावल बचना नहीं चाहिए। इसमें थोड़ी भी रसद बच जायेगी तो वे (बाराती) गउरा का रास्ता नापेंगे। महरिन ने कहा—बाराती रास्ता पकड़ कर नगर गउरा गुजरात चले जायेंगे। उस समय मल्ल सुबच्चन वहाँ से चल पड़े। अगोरी की गलियों को पार करते हुए साहु के दरबार में पहुँच गये। हुक्म दिया—बोरों को भरकर बैलगाड़ी दे दो। साहु ने सामान तौल कर बोरों में बन्द कर दिया। चावल की गाड़ी लद गयी, और भी सारी सामग्री लद गयी। किले से गाडियाँ खेत पर पहुँची जहाँ बारात रुकी हुई थी। गाड़ीवान ने जाजिम से थोड़ी दूर पर ही चावल गिरा दिया। सवा लाख मन और रसद भी रख दी गयी। सवा लाख घी के पात्र रख दिये गये। सवा लाख बकरे तथा अन्य सींगवाले जानवर भी उतरवा लिये गये। खाद्य सामग्री का वहाँ पर्वत सा खड़ा हो गया। देख कर गउरा के लोग आश्चर्य चकित हो उठे। वहाँ माँ के एक से एक लाड़ले थे। एक से एक सुन्दर सरदार थे। वे पाव भर के खाने वाले

थे। वे एक मन कैसे खा पायंगे ! वे पाँच सेर (पसेरी) घी कैसे खायंगे। ये बकरा और सींग वाले पशु कैसे खा जायंगे ? यहाँ तो अब ऐसा लगता है कि सारी बारात वापस लौट जायगी। विवाह का कार्य सम्पन्न नहीं होगा? गउरा के सब लोग चिकित हो उठे हैं। अहीर लोरिक भी चिन्ता में पड़ गया है। वह अपने दांतों तले अंगुली दबा रहा है। यह खाद्य-सामग्री खायी नहीं जा सकेगी ! मुझसे कुछ कहा नही जाता। बूढ़े कठईत इधर-उधर घूम रहे थे। वह अहीर के आगे गये। कहने लगे – बेटा, वीर लोरिक सुनो, क्या तुम जाजिम पर बैठे ही रहोगे ? तुम ज़रा इस बुढ़ापे में मेरा पुरुषत्व देखो ! इधर रसद रखकर लोग अगोरी घर लौट गये। वहाँ केवल बाराती ही रह गये थे तब बूढ़े ने मंतव्य प्रकट किया। ऐ सवा लाख बाराती, अपनी-अपनी खुराक के अनुकूल तुम लोग तौल कर रसद ले जाओ। जितनी फालतू रसद बच जाय उसे सोनभद्र नदी में बहा दो। खाने भर का घी रख लो, शेष घी फेंक दो ताकि वह पूर्व दिशा में बह जाय। बकरे और सींग वाले पशुओं में से जितना खाना है उतना बध करो, शेष को सोनभद्र नदी में बहा दो। कठईत की इतनी बातें सुन कर सबकी आँखें खुल गयीं। सभी लोग भोजन बना कर खाने लगे।

अब कठईत का हाल सुनिये। उन्होंने हजाम से कहा कि सारी रसद बन गयी है। यहाँ पर अब एक अक्षत भी बचा नही है। तुम बारात से एक लड़का ले लो एवं महर के घर चले जाओ। उन्हें यह बात बता दो कि शाम को रसद कम हो गयी लड़के के लिए बासी तरकारी भी नहीं है। यदि महर के घर कुछ जूठा आदि पड़ा हो तो मेरा लड़का खा ले। यह कह कर कठईत जाजिम पर जाकर सो रहे। अहीर की सवा लाख बारात गाँव से दूर जीर पर सो रही थी। आधी रात ढलने के बाद बहुत ही सबेरे नाऊ उठा। एक सोये हुए लडके को उसने पकड़ लिया और गर्दन पकड़े हुए उसको महर के घर ले गया। प्रातः काल बहुत सबेरे सबेरे महरिन द्वार पर झाड़ू लगा रही थीं। नाऊ वहाँ पहुँच गया। कहा—मलकिन मेरी बात सुनिये। जैसे मैं लोरिक का नाऊ लगता हूँ वैसे ही आपका भी। शाम को रसद कम हो गयी। इस लड़के के लिए बासी सब्ज़ी भी नहीं है यदि घर के अन्दर कुछ जूठन आदि पड़ा हो तो दे दीजिए ताकि यह लड़का खा ले। जब महरिन ने यह बात सुनी तो दांतों तले अंगुली दबाने लगीं।

अब वहां का हाल सुनिये। महरिन कहने लगीं। ऐ नाऊ गांगी, सुनो। तुम हाथ मुँह धोओ। तुम्हें बासी क्या दूं ? मैं खिचड़ी उतरवा देती हूँ। तुम दोनों यहाँ से भोजन करके जाओ।

देवी का स्मरण—गायक राम का नाम स्मरण करता है और कहता है मैं रामायण कह रहा था। मेरे हृदय में न जाने कैसे चूक हो गयी। तुम अपने दोस्तों और समान उम्र वालों को न भूलो। माँ दुर्गा को भी मत भूलो।

अब वहाँ का हाल सुनिए। महरिन चौके में जा रही हैं। सुबच्चन से कह

रहीं हैं कि तुम कूटे हुए अन्न की भूसी से भरा हुआ एक पुरवा ले लो। उसे गाँव से दूर जहाँ बारात टिकी हुई है ले जाओ और उसे समधी के आगे रख दो। इससे समधी रस्सी बना दें ताकि उस रस्सी को मैं मंडप में बाँध दूँ। सुबच्चन पुरवा लेकर कठईत के पास आए। नम्रतापूर्वक कहा—समधी सुनिए, जौ के कूटने के बाद यह भूसी निकली है। इससे रस्सी बना दो। इससे मंडप बाँधा जाएगा। तब शादी विवाह होगा। नहीं तो तुम्हारा यहाँ ठिकाना नहीं लगेगा। जिस रास्ते से तुम आए हो उसी रास्ते वापस चले जाओगे। अब कठईत का हाल सुनिए। वह इधर उधर उछल रहे थे। वह मन में मुस्कराये। कहा सुबच्चन तुम सुनो। मेरी बात मानो जाकर शादी विवाह करो। रस्सी कौन सी बड़ी चीज है। तुम उल्टी चलनी में पानी भर कर लाओ ताकि हम रस्सी भिगो सकें। मल्ल सुबच्चन वहाँ से महर के घर आए। बहन-बहन पुकारने लगे। जब महरिन अन्दर से बोलीं तब सुबच्चन ने उन्हें बताया कि समधी रस्सी बनाने के लिए तैयार हैं किन्तु उन्होंने पानी माँगा है। कहा है कि उल्टी चलनी में पानी भिजवा दो मैं उससे भिगोकर रस्सी बनाऊँगा।

अब वहाँ उस समय का हाल सुनिए महरिन कह रहीं हैं कि उस पवित्र तीर्थ स्थान का जल धन्य है जहाँ के मर्द बुद्धिमान होते हैं। हमने बड़ी-बड़ी समस्याएँ उत्पन्न कीं पर समधी ने सबका काट कर दिया। इधर मल्ल सुबच्चन कठईत के पास पहुँचे। कठईत ने सुबच्चन से कहा—समधिन ने बड़ी बड़ी गूढ़ बातें की। अब मेरी भी एक गूढ़ बात सुन लो। समधिन को जाकर समझा दो सोलह थन वाली एक भैंस यहाँ भिजवा दें जिसमें एक ही थन पेन्हा सके, और सवा लाख बाराती दूध पी सकें। नहीं तो असमय में हम कूच की लकड़ी बजा देंगे और लोरिक की शादी कर लौट जाएँगे। महर की लडकी मंजरी जिसको हल्दी लग चुकी है यहीं रह जायगी। महरिन ने जब यह बात सुनी तो कहा कि बड़ा विघ्न उपस्थित हो गया।

समधी ने बड़ी गूढ़ बात कह दी। मेरी अक़्ल काम नही कर रही है। यह सुनते ही विषादयुक्त होकर महरिन घर के अन्दर चली गयीं। उनकी बुद्धि काम नही कर रही है। हृदय में क्लेश भर गया है।

तब पुत्री मंजरी ने माँ से कहा—मेरे ससुर ने बड़ा विघ्न डाल दिया है। अतः तुम्हारी अक्ल काम नहीं कर रही है। तुम सेर भर सोना ले लो। सुनार की दुकान पर चली जाओ। उससे पत्र पिटवा लो, गिलास बनवा लो उसकी पेंदी में सोलह टोटियाँ लगवा दो एक टोंटी में छेद कराकर भेज दो। इसमें सभी अहीर मद पीयेंगे। सुबच्चन एक सेर सोना लेकर सोनार की दुकान पर गए, सोलह पत्र पिटवाये, गिलास गढ़वाया, टोटियाँ लगवायीं। पन्द्रह टोटियाँ किनारे किनारे तथा एक बीच में। इस टोटी में छेद था। बारात के टिकने के स्थान पर गिलास भेज दिया गया। सवा लाख बारातियों की मण्डली बैठी हुई थी। बूढे कठईत के हाथ में जब गिलास आया तो उन्होंने उसमें पानी की धार बहायी। फिर हँसने लगे और धन्य

धन्य कहने लगे। किसी गुणवाली ने यह युक्ति सुझायी है। अगोरी में भट्ठी खोलवा दी गयी। बारात मदपान करने लगी।

अब वहाँ का हाल देखिए। महरिन सज धज कर तैयार हुई। समधी झुकते नहीं। महरिन ने सुबच्चन से कहा—बेवरा नदी के तट पर चले जाओ जहाँ सवा लाख बारात बैठो हुई है। समधी को जाकर हुक्म दे दो कि वे ठाट से द्वार पर बारात लावें और डट कर शादी करें। धावन का यह संदेश मिला तो धर्मी संवरू ने चमारों को बाजा बजाने के लिए कहा। कहा—तुम लोग ठाट से बाजा बजाओ। अगोरी में अपना हाथ दिखाओ। जब तुम लोग अगोरी से गउरा गुजरात चलोगे तो मजदूरी क्या, तुम्हें ईनाम में गाये दूँगा। सवा लाख बारात तैयार हुई, डंके पर तुमुल ध्वनि होने लगी। अगोरी की गली तंग थी। उसमें कसकर बाजार लगा हुआ है। अहीर लोरिक पालकी में बैठे-बैठे सोच रहा है यदि कोई विषम परिस्थिति पड़ी, विपत्ति आ पड़ी तो यहाँ बिजली की तलवार कैसे चलेगी।

अहीर की बारात गली कूचों से गुजर रही है। अब आगे का हाल सुनिये। महरिन ने एक उपाय सोचा।

भावार्थ—(२१०१—२४००)

उन्होंने कहा— गुणी सरदार संवरू को डाल दे दो। वे 'करगही' नाच नाचें। जब मल संवरू ने यह बात सुनी तब उनका मन कुम्हला मुर्झा गया। उन्होंने कहा—हे देव, हे नारायण, हे ब्रह्मा तुमने मेरे ललाट मे क्या लिख दिया? जब से पृथ्वी पर पैदा हुआ तब से मैंने केवल गायों का अड़ार देखा है डाल लेकर मै करगही नाच कैसे नाचूंगा? जब बूढ़े कठईत ने यह बात सुनी तो वह वहीं जल कर खाक हो गये। उन्होंने कहा 'तुम पालकी में ही रहो। तुम बूढ़े का पौरुष देखो।' बूढा हाथ में डाल लेकर बयालिस हाथ कूद पड़ा और करगही नाच नाचने लगा। उसके पीछे बारात चलने लगी। अहीर की सवा लाख बारात द्वार पर लग गयी। तब दस बीस गुंडों ने बूढ़े पर हमला कर दिया। बूढ़े के हाथ में डाली थी। वह अभी करगही नाच नाच रहे थे। गुंडे बूढ़े से लिपट गये उन्होंने गुण्डों का हाथ पकड़ लिया और उन्हें उलटा कर दिया। जिस वक्त उन्होंने अपना शरीर हिलाया गुण्डे धरती पर भहरा कर गिर पड़े। किसी का पाँव टूटा, किसी का हाथ टूटा। किसी के बत्तीस दाँत टूट गये। अब उस समय का हाल सुनिये। जब सुबच्चन ने यह देखा तो वह समधी के आगे चले गये। उनसे हाथ की डाली कोई अगोरी में छीन नही सकता! मैं उनसे डाली ले लूंगा तब दोनों दल का शृंगार रह जायगा, शोभा रह जायगी। बूढे कठईत ने सचमुच उनको डाली दे दी। सिववचन (सुबच्चन) उसको लेकर मण्डप में चले गये। दरवाजे पर बारात लग गयी वहाँ नाऊ और ब्राह्मण बैठे हुए थे। द्वार की मान-मर्यादा हो रही थी। तिलक हुआ, द्वार-पूजा हुई। बाजे की तुमुल ध्वनि होने लगी। अहीर की सवा लाख बारात महर का द्वार छेंक कर खड़ी है। द्वार की सभी रीतियाँ

सम्पन्न हो गयीं। नाऊ ब्राह्मण आँगन मंडप में चले गये वर को 'भाजी' खिलाने के लिए 'भाजी' लेकर वे द्वार पर आगये जहाँ सारी बारात टिकी हुई थी।

पाँच लड़के उठाये गये। लोरिक दही गुड़ खाकर हाथ मुँह धोकर पालकी में बैठ गये। अब मंडप का हाल सुनिये। पंडित ने मंडप में अपना पत्रा पटक दिया। उन्होंने देखा कि शादी का मुहूर्त कब है? सिंदूर दान की सायत कब है? सब दिन का झगड़ा मिट जाता तो हम सब लोग गउरा अपने घर चले चलने—ऐसा टिकईत ने कहा। अहीरों की बारात मण्डली बनाकर द्वार पर बैठी हुई है। उसी समय अन्दर से हुक्म आया। अब जल-पान हो जाय। नाऊ वहाँ आकर बैठ गया। कहने लगा—'लड़की के लिए जो सामान आया है उसकी मांग हुई है। साठ मुहरों का हार मंजरी की देह के श्रृंगार के लिए आया है। रेशम की साड़ियाँ आयी हैं जिनमें चार-चार अंगुल पर तार लगे हुए हैं। मंडप में सब लोग आकर बैठ गये। कथा-पुराण होने लगा। लड़की और लड़के की पुकार हुई। अगोरी में विवाह सम्पन्न होने लगा। माँग में सिंदूर पड़ गया। तब अहीर की बारात वहाँ से उठ गयी। कोलाहल मच गया। कोहबर से छुट्टी पाकर जब लोरिक बाहर जाने लगा तब उसने सबको प्रणाम किया। उसने सब का आशीर्वाद लिया फिर पालकी में बैठ गया। शादी विवाह खत्म हुआ। पालकी वहाँ से चली तथा बेवरा नदी के तट पर पहुँची। वहाँ सवा लाख बारातियों की मण्डली बैठी हुई थी। कस्बिनें एवं वेश्याएं नाच रही थीं। भांड़ चुटकियों पर ताल दे रहे थे। गउरा के लोग बैठे हुए थे। वे मगही पान खा रहे थे। बुटऊल का मांजा बन रहा था। चरवाहे चिलम पर दम लगा रहे थे। जनवासे में जलसा हो रहा था। अब वहाँ का हाल सुनिये—अहीर लोरिक गिलास लेकर जाजिम पर छक कर मद पी रहा था। उसका गुरु अजई भी नशे में मतवाला हो रहा था। रात बड़ी थी। बारात नशे में नाच रही थी। बूढ़े कठईत ने कहा—ऐ बेटा वीर लोरिक सुनो। तुम मेरी बात मानो। हमारी सवा लाख बारात सो रही है। तुम्हारा चिराग जल रहा है। अगर किसी को कोई चीज़ या वस्तु यहाँ नहीं होगी तो प्रातः काल क्या जवाब दोगे? जिसका टूटा हुआ जूता यहाँ से चला जायगा वह प्रातः काल चढ़ने के लिए घोड़ा मांगेगा। जिसका टूटा हुआ एक छोटा सा डंडा चला जायगा वह प्रातः काल ढाल और तलवार की माँग करेगा। जिसका फटा हुआ कम्बल चला जायगा वह हमसे पूर्वी खूबसूरत कम्बल मांगेगा। बेटा, तुम पूरा पहरा दो तुम्हारी सारी बारात सो रही है।

सारी बारात सो रही है। आधी रात ढल चुकी है। मंजरी मंडप में बैठी हुई है। वह लोरिक का स्वरूप देख चुकी थी। वह आधी चद्दर ओढ़कर, लोरिक का शरीर मिला कर देख चुकी थी। (बराबरी कर चुकी थी।) उस दिन वह रो रही थी कि मुझ जैसी परित्यक्ता के कारण जिसका ऐसा लाल जूझ कर समाप्त हो जायगा, वह तो विष खाकर मर जायगा। मुझे बहुत पाप लगेगा। महर की लड़की जिसका

नाम दावन मंजरी है, इस प्रकार सोच रही थी। वह ऐसे रो रही थी कि उसको सहन करना कठिन था। उसके रुदन से पेड़ के पत्ते झर रहे थे।

अब वहाँ का हाल सुनिये। लोरिक ने, जो बारातियों की देख-रेख कर रहा था, यह बात सुनी। उस क्षण रुदन की आवाज़ सुन कर वह भयभीत हो गया। क्या ब्राह्मण की कोई बेटी रो रही है जो चौके पर ही विधवा हो गयी है! या बनिया की कोई लड़की रो रही है जिसका पति सामान लाद कर (वाणिज्य के लिए) जा रहा है। या कायस्थ की लड़की रो रही है जिसका प्रिय कहीं लिखने-पढ़ने के काम से बाहर जा रहा है। या महर के परिवार की कोई स्त्री रो रही है जिसके रसोई घर में भात घट गया है। लोरिक ने मन में सोचा फिर जाकर गंगिया हजाम को गर्दन पकड़ कर उठाया। समझा कर कहा--गांगी मेरी बात मानो—एक स्त्री किले में रो रही है- उसके रुदन पर मुझे दया आ रही है। मैं सहन नहीं कर सकता। लगता है ब्राह्मण की बेटी रो रही है जो चौके पर ही विधवा हो गयी है। ऐ नाऊ, तुम जाकर उसका पता ठिकाना लो। वह स्त्री आधी रात में रो रही है। तब गंगिया हजाम ने कहा--मालिक मेरा कहना सुनिये। आधी रात ढल चुकी है। मैं अगोरी की बस्ती में कैसे जाऊँगा। गली में लोग 'चोर' 'चोर' चिल्लायेंगे। मुझे अच्छी तरह पीटेंगे और मेरी ज़िन्दगी खराब कर देंगे। तब लोरिक ने कहा--गंगिया, तुम्हारी जाति नाई की है। तुम चट अपनी बुद्धि और वाणी से कुछ न कुछ तरकीब निकाल लेते हो। हजाम ने कहा—मालिक मेरी बात मानिये। आज मेरी छत्तीस प्रकार की बुद्धि ठिकाने लग गयी है। एक भी अक्ल काम नहीं कर रही है। इस क्षण आपको जवाब क्या दूं?

> **सुमिरन--गायक राम का नाम स्मरण करता है और कहता है कि राम ने रामायण का सृजन किया। लक्ष्मण ने काशी और प्रयाग का सृजन किया। सीता ने अपने नैहर का सृजन किया जहाँ भगवान ने जाकर धनुष तोड़ा।**

उस दिन अहीर ने बीर लोरिक से कहा- ऐ मेरे गांगी हजाम सुनो। आधी रात ढल चुकी है। तुम महर के घर जाओ और उन्हें समझा कर कह दो कि हम सांभर नमक के खाने वाले हैं। उन्होंने भोजन में बसहा (सुवासित ?) नमक डलवा दिया और पानी नहीं पिलवाया। उनसे जाकर कह दो कि तुम्हारे दुलारे दामाद लोरिक को प्यास लगी है। तब मेरी सास कहेंगी कि नदी के तट पर बारात है वहां से लाकर मेरे लाड़ले को पानी पिला दो। और नहीं तो अगोरी में दस बीस कुएं हैं। वहाँ से जल खींच कर पानी पिला दो। उनसे कह देना कि नदी का पानी खराब है। कुओं का पानी भी गंदला है। सूबे का कुवां गहरा है। वहाँ रेशमी डोर नहीं पहुँचती। कलश के ठंडे पानी के लिए तुम्हारे दुलारे दामाद प्यासे हैं—ऐसा कह देना। गंगिया हजाम वहाँ से अगोरी चला तथा लुक-छिपकर महर के दरबार में पहुँचा। महर के घर में कुल परिवार की स्त्रियाँ नंगे बदन सो रही थीं। मंजरी

मंडप के तोते के पास बैठ कर रो रही थी। 'मुझ जैसी परित्यक्ता के लिए किसी का ऐसा लाल जूझ कर मर जायगा ! मुझको तो बड़ा अपराध लगेगा। मैं तो विष खाकर मर जाऊँगी।' नाऊ जाकर दरवाज़े पर खड़ा हो गया। वह कुछ बोल नहीं रहा है। वह चार पग पीछे हटकर खंखारने लगा। मंजरी के कानों में आवाज पहुँची। मंजरी वहाँ से भागी और जाकर महरिन के पेट पर गिर गयी। महरिन अचानक उठ गयीं। कहने लगीं—मेरी बिटिया सुनो। शाम को ही सिर में सिंदूर पड़ा तथा आधी रात में तुम मस्ती में पागल होने लगी। महर की बेटी दावन मंजरी बोली—मइया, तुमने ऐसा ताना मारा कि मैं सह नहीं सकती। न तो मेरे सिर में सिंदूर पड़ा है और न आधी रात में मैं पागल हुई हूँ। दरवाजे पर एक आदमी खड़ा है। ज़रा पूछ लो कि वह धराती है या बाराती। महरिन और मंजरी बाहर निकलीं तथा दरवाजे के निकट से साफ़-साफ़ पूछने लगीं—'भाई तुम्हारा वतन कहाँ है, तुम्हारा गोत क्या है ? तुम्हारा उद्देश्य क्या है ? तुमने कहाँ चढ़ाई की है। आधी रात को तुम कहाँ आये हो ?'

गांगी नाऊ ने कहा—मलकिन मेरी बात मानिये, जैसे मैं लोरिक का नाई हूँ वैसे ही तुम्हारा भी नाई लगूंगा। तुम्हारे लाड़ले लोरिक को प्यास लगी है। उन्होंने कलश का ठण्डा जल मांगा है। महरिन ने कहा—'नाई मेरी बात सुनो। नदी के तट पर बारात है। मेरे दुलारे दामाद को नदी का पानी पिला दो। और नहीं तो अगोरी में दस बीस कुएं हैं उनमें से जल भर कर उन्हें पिला दो। तब गांगी हजाम ने कहा—'मलकिन, मेरी बात सुनिये। नदी का पानी खराब है। कुएं का पानी गंदला है। राजा की कुइयां संकरी है उसमें रेशम की डोर नहीं पहुँच सकती। लोरिक ने कलश का ठण्डा जल मांगा है। तुम्हारे दामाद को प्यास लगी है।'

महरिन घर से बाहर निकल कर दरवाजे पर खड़ी हो गयीं। पूछा—'तुम घराती हो, या बाराती। तुम मुझे ठीक-ठीक बतलाओ।' नाऊ ने कहा—'जैसे मैं लोरिक का नाई लगता हूँ वैसे ही आपका लगता हूँ ?' जब नाई यह बात कह रहा था। उसी समय महरिन ने अनुपी को पुकारा।

भावार्थ—(२४०१—२७००)

तब, महरिन ने 'अनुपी' 'अनुपी' चिल्लाना शुरू किया। अनुपी आ कर आँगन में खड़ी हो गयी। महरिन ने कहा—ऐ मेरी भतीजी अनुपी, तुम नाई को सिन्दूर तथा काजल लगा दो। इसको घाँघरा पहनाओ तथा ललाट पर टिकुली चिपका दो। महरिन कह रही हैं कि चुपचाप तुम नाई के मस्तक पर टिकुली चिपका दो। वह नाई करगही नाच नाचेगा। इसने मण्डप में बड़ी-बड़ी विपत्तियां ढाई हैं। सवा लाख कुटुम्ब-परिवार की स्त्रियाँ नंगे बदन सो रही हैं। यह जा कर बड़ी निंदा करेगा। गउरा के सब लोग हँसेंगे। अनुपी तब बाहर निकली। दक्षिण देश की बनी हुई झाँपी (सन्दूक) उतारी। नाई के सिर पर सिन्दूर और काजल लगा दिया फिर उसको रत्नजड़ित घाँघरा पहना दिया। अनुपी उसको 'गंड़थइया' नाच नचाने

लगी। गंगिया ने एक हाथ सिर पर रक्खा एक अपनी कटि पर। वह रक्त के आँसू गिराने लगा। वह नाचते नाचते थक गया, तब धरती पर गिर पड़ा। कहने लगा, महरिन मैं आपकी कोटिशः दुहाई देता हूँ। मेरा अल्हड़ प्राण चला गया। महरिन ने कहा—ऐ अनुपी, इसका नाच बन्द करवा दो इसके माथे की टिकुली तथा रत्नजड़ित घांघरा उतरवा दो। ठंडा कलश भर लेने दो' वह पानी 'जिरवा' और 'खेतार' पर (जहाँ बारात टिकी हुई है) ले जाय। मेरे दामाद को प्यास लगी है। नाई अपनी दुर्दशा का वर्णन करेगा। अनुपी वहाँ से कमरे में चली गयी। नाई ने एक लोटा जल भर लिया तब तक मंजरी ने अनुपी को देखा। मंजरी भयभीत हो गयी। माघ पूस की बर्फीली ठंड थी—ऐसी ठण्ड कि शरीर खड़े-खड़े गिर जाय। ऐसे में मेरे प्रिय (मुखनन्दन) जल पीयेंगे तो उनका कलेजा जल जायेगा। प्रातःकाल होगा, पौ फटेगी। पूर्व में कौवे शोर मचायेंगे। फिर बडा संघर्ष शुरू होगा। मेरे स्वामी लोहा कैसे संभालेंगे ? इतना कहते हुए मंजरी दूसरे छोर पर गयी। माघ के पाले को फेंक दिया। कलश में फाल्गुनी को रख कर जल भर कर गंगिया को दे दिया। जब गंगिया जल लेकर चलने लगा तब महरिन नम्रतापूर्वक कहा—

मेरे नाई सुनो—मेरे लाड़ले से जा कर यह संदेश समझा कर कह दो—एईल (एला) की लता तथा बनबेनियाँ फूल उठी हैं। चमेली और कचनार के फूल भी पुष्पित हो चुके हैं। कह दो रात में अहीर उन्हें चुन लें। अन्यथा सूर्य उगते ही ये सभी कुम्हला जायेंगे। हजाम गंगिया वहाँ आया जहाँ बारात टिकी हुई थी। लोरिक वहाँ पहरा दे रहा था। सवा लाख बाराती सो रहे थे। नाऊ वहाँ पहुँचा। लोरिक ने उससे हाल चाल पूछा। कौन सी स्त्री आधी रात ढलने के बाद रो रही थी ? उस पर कौन सी मुसीबत पड़ी हुई थी। तब मल्ल गंगिया ने कहा—मालिक मेरी बात सुनिये। आपकी विवाहिता मण्डप के बीच बैठ कर रो रही थी। क्या जाने कौन सी मुसीबत पड गयी है। वह फूट फूट कर (ज़ार ज़ार) रो रही थी। मैं उससे कलशे का ठंडा जल माँग रहा था। वह ला नहीं रही थी। तुम्हारी सास ने तुम्हें बुलवा भेजा है। उन्होंने कहा है—एला की लता फूल चुकी है, बेइलि फूल चुकी है। चमेली और कचनार फूल चुके हैं। रात में अहीर उन्हें चुन ले जाय नहीं तो प्रातःकाल सूर्य के उगते ही ये सारे फूल कुम्हला जायेंगे।

अहीर लोरिक ने तत्काल जवाब दिया। मेरी सवा लाख बारात इस खेतार पर, जीर पर सोई हुई है। मैं अकेले पहरा दे रहा हूँ। मैं ससुराल करने कैसे जाऊँ ? गंगिया ने कहा—मालिक आप जाकर ससुराल कीजिए। मैं घूम घूम कर पहरा दूँगा। लोरिक अपने शरीर पर अँगरखा डालने लगा। पैर में उसने तम्बान (पायजामा) डाल लिया। तरकस लिये। फिर अपनी एड़ियों में जूते डाल लिये। उसका दुपट्टा साठ गज का है। वह सँभाल कर फेंटा बाँध रहा है। उसकी कटारी छप्पन छुरियों वाली थी। उसकी बगल में तलवार लटक रही थी। उसके बायें हाथ में ओढ़न तथा दाहिने हाथ में बिजली की तलवार थी। उसने सिर पर नर्मा की पगड़ी

बाँध ली जिसमें एक प्रकार का छत्र 'मेघडम्बर' लहरा रहा था। लोरिक बारात से चला जैसे झूमता हुआ हाथी जा रहा हो। द्वार पर चिराग जल रहा था, गैस जल रही थी। अहीर वहाँ आया पर सारे दरवाजे बन्द थे। एक-एक किवाड़ के पीछे लोहे के मूसल लगे हुए थे। दरवाजे पर द्वारपाल ने आवाज लगायी। खिड़की से कोतवाल ने कहा—तुम्हारे लिए भीतर का बुलावा है। यदि तुम्हारे अन्दर शक्ति हो तो तुम अंदर जाओ। द्वारपाल ने ऐसा कहा। खिड़की से कोतवाल ने भी ऐसी ही बात की। अहीर चार पग पीछे हटा फिर उसने एड़ी से जबर्दस्त चोट की। लोहे का मूसल टूट गया। खंड खंड होकर कपाट गिर पड़ा। लोरिक पहली ड्योढ़ी पर प्रवेश कर गया। दूसरे पर उसने धक्का मारा तो दीवार गिर पड़ी। अहीर वहाँ से आगे बढ़ा। मंडप में कुर्सी रखी हुई थी। वह बायीं कुर्सी पर बैठ गया। उसकी निगाह मुग्गे पर पड़ी। आजमगढ़ के बढ़ई ने दालान पर मुग्गे की रचना की थी। लोरिक की जितनी दौलत और पूँजी थी, वह सभी बरामदे में अंकित की गयी थी। पीतल का छोटा-सा घर था। भीतर बहुत से फल आदि थे। द्वार पर पीपल का पेड़ था तथा झंडा फहरा रहा था। वहाँ बायें और दाहिने दुर्गा का स्थान था। वहाँ सोने का मन्दिर बनवाया गया था। लोरिक वहाँ दोनों समय पूजा करता था।

अब वहाँ का हाल सुनिये। अहीर उसे देख कर क्रोध में खाक हो गया। उसने पलक उठा कर नहीं देखा और उसने गूंगी साध ली। उधर से महरिन गुजरीं लाड़ले लोरिक ने ज़रा भी नज़र नहीं फेरी। तब महरिन ने कहा—ऐ भइया, सुबच्चन आपने कैसा गूंगा वर ढूंढ़ दिया है। मंजरी भाग्य से हीन है। यदि मंजरी इतनी भारी थी तो इसे काट कर सोन नदी में फेंक देते। मेरी बिटिया कितने दिन जीवित रहेगी? यह कितने दिनों तक अगुलो के इशारे से बात करेगी। जब महरिन ने इतना कहा तो सुबच्चन बोल उठे—मेरी बहन सुनो। मेरी बात मानो। जिस समय हम लोग गउरा नगर में गये थे उस समय वर को हमने ठीक से चुना था। जैसे पिंजड़े में वहाँ तोता बोल रहा था वैसे ही वर भी 'सीताराम' बोल रहा था। अब न जाने इस अगोरी में क्या हो गया? मंजरी का भाग्य फूट गया।

अब वहाँ का हाल सुनिये। लोरिक की सास महरिन अनुपी से बोलीं—तुम सिन्दूर और काजल कर लो। रत्न जटित घाघरा भी पहन लो और करगही नाच नाचो। नाचते हुए लोरिक के पास जाओ। उनके आगे ताल दो। उनके गले में गुदगुदी होगी और तब हमारे दामाद बोल उठेंगे। पुत्री अनुपी ने सिन्दूर-काजल किया तथा बत्तीस आभूषणों से अपने को अलंकृत कर लिया। फिर करगही नाच नाचने लगी। वह नाचते नाचते थक गयी पर अहीर ने पलक नहीं खोली, न नज़र उठाकर देखा। तब सास महरिन ज़िद में आ गयीं। अपशब्द उच्चारण करने लगीं। यदि रोटी की कमी थी तो ऐ वर, तुम गउरा मे ही रहकर बूढ़े क्यों नहीं हो गये? अहीर बोल उठा। सास मेरी बात सुनो—ऐसी ही रोटी की कमी थी तभी तो तुम्हारी लड़की ने मुझे निमन्त्रण भेजा। तुम्हारी सातवीं लड़की ने जो अन्तिम लड़की है, मुझे

सूचना भेजी है तब हम यहाँ तुम्हारे दरवाजे पर चढ़ाई करके आये हैं। तुम हमें ताने दे रही हो। अब अगोरी का हाल सुनिए। अनुपी ने यह बात सुनी। महरिन ताली बजाकर हँसने लगीं। अहीर बीर लोरिक कहने लगा—ऐ सास, ऐ अम्मा, मेरी बात सुनिए। यदि मैं बढ़ई को जीवित पा जाता तो मैं उसकी ठुड्डी पकड़ कर दो हिस्सों में तोड़ देता। जितना मेरा धन और पूँजी है उसने तोते में अंकित कर दी है। मेरे माता पिता को उसने एक साथ चारपाई पर सुलाया है। मैंने उसका चरित्र देखा है। मेरे शरीर में गुस्सा बढ़ गया है। यदि मैंने बढ़ई को जीवित देख लिया तो मैं उसको दो टुकड़ों में ढेर कर दूँगा। महरिन ने कहा अनुपी मेरी भतीजी सुनो। गद्दी आदि लगा दो। सोने की खाट सजा दो और मेरे लाड़ने को पलंग पर ले जाओ। मेरे प्रिय दामाद वहाँ सोयेंगे। आगे आगे अनुपा चली पीछे पीछे लोरिक चला। वह कोहबर में चला गया जहाँ सेज लगी हुई थी। लोरिक को सेज पर बैठाकर अनुपी वहाँ से चली गयी। अब मंजरी का हाल सुनिए वह सोलह शृंगार करने लगी। बत्तीस आभूषणों से सजकर वह दर्पण में अपना मुँह देखने लगी—। ऐसा लग रहा था जैसे दूज का चाँद उदित हो गया हो। हाथ में आरती का थाल लेकर मंजरी ठुमकती हुई धीरे धीरे चली आ रही है। वह आकर पलंग के पास खड़ी हो गयी। उसने लोरिक के दीर्घ जीवन के लिए खर उतारा उसके हाथ में पंच मेवा था। उसे खाकर उसने जल पिया। तब दोनों वहाँ बैठ गए। मंजरी की बाँह पकड़ कर लोरिक ने बैठाया और उसे सुला दिया। एक ओर स्वयं सो गया। मंजरी को उसने अपने हाथ से स्पर्श किया तब उसने कहा तुम्हें छोड़कर मैं दूसरे की नहीं होऊँगी तुम मेरी देह को क्यों छू रहे हो कल पूर्व में कौए शोर मचायेंगे फिर कल सूर्य के डूबते ही लोहा लग जायगा। यदि तुम्हारा शरीर अपवित्र हो जाएगा तो दुर्गा तुम्हारा साथ छोड़ देंगी। तुम मेरे और अपने बीच में तलवार रख दो, एक ओर तुम आनन्द करो तथा दूसरी ओर मैं आनन्द करूँ। हम लोग पलंग पर इस प्रकार सोयें जैसे भाई-बहन सोते हैं। तब दोनों सो गये। अहीर को नींद आ गयी। मंजरी उठ कर लोरिक का स्वरूप देखने लगी। वह दाँतों तले अँगुली दबाने लगी। हे देव, हे नारायण, हे ब्रह्मा! तुमने मेरे ललाट में क्या लिख दिया ?' मेरे जैसे—उच्छिष्टा के कारण जिसका ऐसा सुन्दर लाल जूझ कर मर जायगा ? वह मां हीरे का कण खाकर आत्मघात कर लेगी और मुझे बड़ा अपराध लगेगा। वह अहीर का स्वरूप देख रही है तथा भयभीत होकर अपनी तकदीर को कोस रही है। मन में कह रही है—बाबू तुमने किस जांत का पीसा खाया है ? किस तालाब का पानी पीया है ? मंजरी को किस चारपाई पर सुलाया है। तुम्हें वाध (मूंज की रस्सी) गड़ रहा होगा। मेरी जैसे उच्छिष्टा के कारण तुमने प्राण तज दिया। मंजरी इस प्रकार सोच रही है। सोचते-सोचते वह ज़ोर-ज़ोर से रोने लगी। उसके रोने से अहीर लोरिक भीग गया। उसकी नींद उचट गयी। उसके शरीर में कुछ गीला-गीला सा लगने लगा। तब उसने नम्रतापूर्वक कहा—"जिस दिन से मैंने अपनी खताओं को

गाँठ में बाँध लिया था, मैंने कोई पाप नहीं किये। बीच में न जाने कौन से अपराध मुझसे हुए कि महल टूट गया है, और पानी चू रहा है।'

भावार्थ--(२७०१—३०००)

ससुर का महल दुश्मन हो गया है, लगता है उसने टूटी झोपड़ी छवा दी है। मंजरी ने कहा—सइयां मेरी बात मानो, जिस दिन से तुमने गउरा छोड़ा है तुमने पापों का संग्रह नहीं किया। तुमसे कोई चूक नहीं हुई है और न मेरे पिता ने टूटी झोपड़ी छवाई है और न छत ही टूट कर चू रही है। मेरे रोने के कारण तुम्हारी दुलाई भीग गयी है। जब लोरिक ने यह बात सुनी तो उसने हाथ में बिजली वाली तलवार पकड़ ली। कहने लगा दुष्टा, क्या तुमने मुझे लंगड़ा या पंगु समझ लिया है या मुझमें कोई कमी या नुक्स देख लिया। मेरे घर में धन या पूँजी की कमी है? क्या तुमने कुछ ऐसी खबर सुनी है? क्या सास और ननद की बातें सुनी हैं? किस गुण या अवगुण को देखकर तुमने सारी रात रुदन किया है। मंजरी ने उत्तर दिया, ऐ स्वामी, ऐ सुखनन्दन, ऐ मेरे पति, सुनिये। जब प्रातः काल होगा, पूर्व में कौवे शोर मचाना शुरू करेंगे, उस समय घाट पर युद्ध छिड़ जायगा। अगोरी में तलवारें चलेंगी। तब लोरिक ने कहा—मेरी विवाहिता, मेरा कहना सुनो। मैं गउरा में शांति पूर्वक रह रहा था। सुना कि अगोरी मे एक राजा बड़ा बली है। उसके जोड़ का कोई दूसरा नही है। मैं विशेष रूप से उसी का पौरुष देखने आया हूँ। तुमसे विवाह करने वाली बात तो साधारण थी। मैं सोचता हूँ जल्दी भोर होता तथा दो हाथ जम कर तलवारें चलतीं। राम जिसको शक्ति देगा वही विजय प्राप्त करेगा! क्षण मे ही झगड़ा तय हो जायगा। लोरिक वहाँ से चल पड़ा और अपने जाजिम पर आ गया फिर पहरे पर तैनात हो गया। सोने का जो गिलाल बनाया गया था और जिसकी पेंद में सोलह टोटियाँ बनायी गयी थीं। उसमें गउरा के लोग दारू पी रहे थे। उसे पीते-पीते सवा लाख बारात जाजिम पर लेट गयी। तब कठईत ने कहा—बेटा तुम इस स्थान पर पहरा पूरा करो। किसी का बिस्तरा कही गायब न हो जाय? जिसकी टूटी लकड़ी चली जाएगी वह प्रातः काल चढ़ने के लिए घोड़ा मांगेगा। जिसका टूटा हुआ डण्डा चला जायगा वह ढाल और तलवार की मांग करेगा। जिसका फटा हुआ कम्बल चला जायगा वह पूर्वी 'राल' नामक कम्बल की मांग करेगा। तुम दण्ड पा जाओगे। अतः घूम-घूम कर तुम बारात का पहरा दो। अब उस समय का हाल सुनिये। लोरिक की सास महरिन उठीं और चोर खरफरिया के यहाँ गयी। उसको बुलाया और कहा कि भइया खरफरिया, तुम मेरी बात सुनो। तुमने बहुत चोरियाँ की हैं एक चोरी तुम मेरे लिए कर लाते तो मैं तुम्हें रुपये-पैसे से अगोरी में आजाद कर देती। इतना धन देती कि तुम दो चार पुश्त बैठ कर खाते। आगे-आगे महरिन चलीं। पीछे-पीछे चोर चला। वह महर के आँगन में बैठ गया। महरिन ने उन्हें समझाकर कहा—देखो भाई सोने का गिलास गहरा है। उससे सवा लाख बाराती दारू पीते हैं। वह गिलास कहीं रखा होगा। भइया, वह गिलास

लाकर मेरे हाथ में दे दो। मैं तुम्हारा जीवन एकदम चिन्ता मुक्त कर दूंगा। जब महरिन ने इतनी बात कही तो चोर जीर पर चला गया जहाँ अहीर की सवा लाख बारात टिकी हुई थी। गिलास लोरिक की जांघ पर थी। लोरिक उसे उठाकर दारू पीता था और फिर उसे जांघ पर रख देता था। उसे देख कर चोर घर वापस लौट गया। उसने घर से सेंध काटना शुरू किया और अन्दर-अन्दर खोदते हुए उसे बाहर निकाल ले गया। जब वह जाजिम पर आ गया तब धरती के अन्दर से कहने लगा। ऐ मेरी आराध्या भगवती, तुम मेरी नज़र पर चढ़ जाओ। सोने का गिलास कहाँ है? तुम उसकी पहचान करवा दो। उसकी नज़र पर भगवती सवार हो गयीं। चोर आँख फाड़-फाड़ कर देखने लगा। लोरिक की पल्थी पर गिलास दिखाई पड़ने लगा। वह द्वार तक चला गया, जाजिम काटा। अहीर अपनी पल्थी पर रख कर सो रहा था। खरफरिया चोर गिलास उठा कर सेंध में चला गया और सुरंग के रास्ते अन्दर-अन्दर घर पहुँच गया। गिलास महरिन के हाथ में दिया। वह नदी की ओर गयीं तथा गिलास को सोन भद्र के घाट पर फेंक दिया। गिलास बहकर हल्दी चला गया। वहाँ महीचन की सत्यवादी लड़की आधी रात में स्नान कर रही थी। गिलास उसके शरीर से छू गया। उसने गिलास को उठा लिया और उसे घर लायी। कच्चा पीतल निकाल कर वह सोनार के घर गयी। वहाँ गिलास बनवाया। दोनों गिलासों को लेकर उसने अपने भण्डार-गृह में रख दिया।

इधर लोरिक की नींद खुली तो (चिंतित होकर) उसने सोते हुए धर्मी संवरू को जगाया। कहा—भइया संवरू, सुनिये मेरे पहरे में चोरी हो गयी है। गिलास गायब हो गया है। प्रातः काल, पौ फटते ही उसकी मांग होगी। मैं गिलास कहाँ पाऊँगा? लोग कहेंगे—गउरा के लोग लालची थे। उन्होंने गिलास गायब कर दिया। उसी समय दोनों ने गंगिया नाऊ को जगाया। ऐ नाऊ, तुम सवा लाख बारातियों को देखो। हम लोग गिलास की खोज में जा रहे हैं। उन्होंने दुर्गा का स्मरण किया। दुर्गा चील पक्षी का रूप धारण कर प्रकट हुईं। उनके बायें पंख पर लोरिक बैठ गया। दाहिनी ओर मल्ल संवरू बैठ गये। मां दुर्गा वहाँ से उड़ीं तथा उन्हें स्वर्ग लोक इन्द्रपुरी में ले गयीं। अब वहाँ का हाल सुनिये। वहाँ चन्द्रमा प्रकाशमान होकर उदित थे। दोनों भाइयों ने उन पर हमला कर दिया और उनकी मुस्कान बन्द कर दी। देवता चन्द्रमा रोने लगे। वह स्वर्ग में सिर पटकने लगे। कहने लगे—ऐ अहीर, मेरे पहरे में चोरी नहीं हुई है। मैं कुछ यत्न नहीं कर सकूंगा। शुक्र देवता वहाँ उगने वाले हैं। वह तुम्हें चोरी के बारे में बता देंगे। दोनों ने चन्द्रमा का बन्धन ढीला कर दिया। शुक्र देवता को उन्होंने बांध लिया। उन्होंने रोकर कहा—मेरे पहरे में चोरी नहीं हुई है नहीं तो मैं चोरी का रहस्य बता देता। गोबर सइंती तारा उग रहे हैं। वह तुम्हें चोरी के बारे में बता सकेंगे। तब दोनों भाइयों ने शुक्र देवता का बन्धन ढीला कर दिया और वे 'गोबर सइंती' तारा के पास गये। उनसे लिपट

गये और उनको बांध लिया। इन्द्रासन में तारा गोबर सइंती ने चोरी के बारे में बताया। नम्रता पूर्वक कहा—ऐ वीर लोरिक, ऐ सांवर सुनो। तुम इतना कष्ट मत सहो। मेरा बंधन ढीला कर दो। तुम्हारी सास खरफरिया चोर को बुला लायी थीं। उसने गिलास के लिए मौके की तलाश की, सेंध खोली और महरिन के आंगन से जीर तक जहाँ बारात टिकी हुई है, सुरंग बनायी। ऐ लोरिक जहाँ तुम बैठे हुए थे वहीं तुम्हारी जांघ पर गिलास था। चोर तुम्हारे आगे सेंध काट कर गिलास ले गया। गिलास ले जाकर शीघ्र ही उसने तुम्हारी सास को दे दिया। सास ने गिलास को सोनभद्र नदी में फेंक दिया। वह बहता हुआ हल्दी चला गया। महीचन्द की भाग्यशालिनी बेटी वहाँ थी। वह आधी रात में स्नान कर रही थी। उसके शरीर से गिलास छू गया। उसने गिलास को हाथ में ले लिया। फिर घर से कच्चा पीतल लेकर सोनार की दुकान पर गयी और सोने के गिलास के आकार का हूबहू एक पीतल का गिलास बनवा लिया। दोनों गिलास तैयार कर के उसने अपने भंडार गृह में सुरक्षित कर लिया है। तुम लोग कष्ट मत सहो। हल्दी चले जाओ। उन्होंने 'गोबर सइंती' तारा का बंधन ढीला कर दिया। फिर पश्चिम की ओर चले। उन्होंने दुर्गा का स्मरण किया। कहा—ऐ दुर्गा, तुम्हारे बल और शक्ति के भरोसे हमने इस भयंकर देश में प्रस्थान कर दिया। हे माता, आपने ऐसा सब उल्टा-पल्टा कर दिया है कि उससे हम लोगों की हानि होगी। आप चील का रूप धारण कीजिए। हमें जीर का ठिकाना बता दीजिए। वह जीर के नीचे उड़ कर आ गयीं। अब वहाँ का हाल सुनिये। दोनों भाई वहाँ आकर टहलने लगे और वहाँ का हाल चाल देखने लगे। वहाँ सवा लाख बारात सो रही थी। उन्होंने गंगिया से कहा कि तुम बारात की देखभाल करो हम लोग हल्दी जा रहे हैं। वही गिलास गया है। मलसावर अपना सन्दूक खोलने लगे जिसमें दुशाला रखा हुआ था। उन्होंने दुशाला निकाला जिसमें हीरा और मोती के किनारे लगे हुए थे। उन्होंने दुशाले को बीच से फाड़ दिया। आधा लोरिक को दिया। फिर आधे को टुकड़ा-टुकड़ा कर कंथा बना डाला। सभी लोग तम्बू में सो रहे थे। सांवर ने हाथ में सारंगी उठायी। लोरिक ने हाथ में खंजड़ी ली। आधी रात ढलने पर वे हल्दी के घाट पर पहुँचे। उन्होंने योगी का रूप बनाया और मौज में गीत गाने लगे। महीचन्द की बेटी हल्दी के घाट पर पहुँची। वहाँ बांस पर धोती टंगी हुई थी। योगी मस्ती में गा रहे थे। महीचन्द की लड़की ने कहा—गोसाईं बाबा, मेरी बात सुनिये। दिन भर में तुम्हें कितनी भिक्षा मिली है। तुम लोग मुझे बताओ। मैं तुम्हें उससे अधिक दूँगी। तुम मेरे दरवाजे पर चल कर मौज के साथ गीत गाओ। योगी मौज में गीत गाने लगे। पूरा हल्दी शहर मुग्ध हो गया। महीचन्द की बेटी भी मुग्ध हो गयी। कहने लगी—बाबा आप लोग कौन नशा खाते हैं? मैं उसे मंगा दूँगी। तब योगी मलसांवर ने कहा। बच्चा, हमने गाँजा तम्बाकू छोड़ दिया है। जब से हमने सातों तीर्थों का पर्यटन किया है तबसे हमने सिर्फ एक ही नशा बचा कर रखा है। हम सिर्फ भट्ठी का दारू पीते हैं। अन्यथा हमने बहुत

तीर्थ किया है। हम लोगों के पास जो कुछ था उसको हमने संकल्प करके दान में दे दिया है। हम लोगों ने कोई बर्तन भी नहीं रखा है। बच्चा जब सोने का गिलास आ जायगा। तब हम तुम्हारे हाथ का दारू पीयेंगे। जब महीचंद की लड़की ने यह सुना तो वह.अपने महल में चली गयी।

भावार्थ—(३००१—३३००)

भंडार-गृह से पीतल का गिलास निकाला। जाकर उसे योगियों के हाथ में दे दिया। दोनों भाई गिलास देखने लगे। पीतल का यह गिलास हूबहू सोने के गिलास की भांति था। दोनों भाइयों ने गिलास को देखा। लोरिक को थोड़ा सन्देह हुआ। कहा—ऐ मेरी दुर्गा, तुम धन्य हो। तुम आदि के दिनों से ही मेरी आराध्या हो। तुम मेरी नज़र पर चढ़ जाओ। सोने और पीतल की पहचान करा दो। तब दुर्गा नज़र पर सवार हो गयीं। लोरिक आँखें फाड़ कर देखने लगा। पीतल का बर्तन पहचान में आ गया। अहीर ने उसे फेंक दिया और लड़की से कहा—तुम्हें कौन-सा अभिशाप दूँ? वह जल कर खाक हो गया। कहा—मैंने तुमसे सोने का ब्रर्तन माँगा तो तुमने मुझे पीतल का दे दिया। मैंने सोने का संकल्प किया था। तुमने पीतल मेरे हाथ से स्पर्श करा दिया। मैं सोने के बर्तन में छक कर दारू पीता। लड़की दूसरी बार भंडार गृह में गयी तथा उसने गिलास लाकर दे दिया। योगी गिलास उलट कर देखा। कहा—यही हमारा गिलास है। अब दोनों भाई गिलास में ढाल ढाल कर मद पी रहे हैं। उनकी आँखों में सुर्खी चढ़ गयी। फिर योगियों का हाल सुनिये। उन्होंने सारंगी पटक दी, खंजड़ी फेंक दिया। धूल झाड़ते हुए बीर वहाँ से चल पड़े। दोनों भाई गरजते हुए चले जा रहे थे। वे बत्तीस हाथ उछल रहे थे। एक घड़ी के अन्दर वे जीर के खेतार पर पहुँच गए जहाँ बारात टिकी हुई थी। प्रातःकाल हो गया। पौ फटने लगी। पूर्व में कौवे शोर मचाने लगे। महरिन ने सुबच्चन को पुकारा। सुबच्चन दौड़कर पास आ गये। कहा--भैया, सुबच्चन सुनो। मेरी बात मानो। जो गिलास बारात में गया था उससे सारे बारातियों ने मद पीया है। उस गिलास को जरा माँग लाते। मेरे (घराती) मेहमान उससे दारू पीयेंगे। मल्ल सुबच्चन वहाँ से चले तथा जीर पर पहुँच गए जहाँ अहीर की बारात सोयी हुई थी। मल्ल सुबच्चन ने कहा—ऐ वृद्ध कठईत, आप मेरी बात मानिए। ऐ समधी जो शाम को गिलास यहाँ आया था और जिससे तुम्हारी सवालाख बारात ने दारू पीया था उसकी माँग मेरी बहन ने की है। मेरी बहन ने हुक्म दिया है कि उससे इस समय घर वाले अतिथि (घराती) दारू पीयेंगे। उसे तुम मेरे हाथ में दे दो। समधी ने गिलास हाथ में दे दिया सुबच्चन गिलास लेकर चले गये। महरिन के हाथ में उसे दे दिया। महरिन ने जब उसे उलट कर देखा तो छाती पीटने लगीं। बातें बना बनाकर कहने लगीं—मैंने ऐसे अहीरों को नहीं देखा है। मैंने सारे संसार का भ्रमण किया है। जो पानी में गिलास डूब गया, बचा नहीं, उसको इन्होंने कैसे प्रकट कर लिया!

आधी रात ढल चुकी थी। इधर मंजरी ने नम्रतापूर्वक लोरिक से कहा—ऐ

स्वामी, ऐ सुखनन्दन, ऐ पति, मेरी बात सुनिए। यहाँ गोठानी में बड़े शक्तिशाली देवता हैं। तुम वहाँ चलकर हाथ जोड़कर पाँव पर गिरो। उनसे वरदान माँगो। तब अहीर वीर लोरिक ने कहा – ऐ मेरी विवाहिता, तुमने देवता देवता क्या किया है। चलो, हमें देवता को दिखला दो। मैं उनके पाँव पड़ता हूँ और वरदान माँगता हूँ। महर की पुत्री मंजरी ने जब यह बात सुनी तो वह आगे आगे चली उसके पीछे-पीछे लोरिक चले। वे सेमल के पास गये जहाँ शिवशंकर का मन्दिर था। मंजरी जाकर शिव के पाँव पर गिर पड़ी तथा वरदान माँगने लगी। उसने मस्तक पर विभूति लगा ली तथा दरवाजे से बाहर निकली। लोरिक से कहने लगी—ऐ स्वामी, ऐ मेरे सुखनन्दन, ऐ मेरे पति, मेरी बात मानिये। आप महादेव शिव का पाँव पकड़िये तथा उनसे वरदान माँगिये। अहीर जाकर मंदिर के द्वार पर खड़ा हो गया। कहा—ऐ महादेव, सुनिये। यदि तुम्हारी मूर्ति में शक्ति है तो हँसकर, ठहाका मारकर बोलिए। नहीं तो ऐसे ऐसे पत्थर तो मेरे गउरा गाँव में बहुत हैं। यदि तुम मेरा गुस्सा बहुत बढ़ाओगे तो हाथ में तुम्हें लेकर यहाँ से फेंक दूँगा और जब मैं उठाकर फेंकूँगा तो तुम गउरा गाँव में जाकर गिरोगे।

अहीर लोरिक ने इतनी बात कही पर महादेव ने कोई उत्तर नहीं दिया। तब उसने म्यान फेंक दी तथा दस्तगी तलवार तान ली जिससे चारों तरफ अंगारे फैल गये तथा अंगारों की लपट आकाश तक पहुँचने लगी। नीचे दावाग्नि फैल गयी तथा शिव मन्दिर उसमें छिप गया। तब पत्थर की मूर्ति हँस पड़ी। महादेव ठहाका मारकर हँस पड़े। कहने लगे—भइया लोरिक जाओ। मैं अगोरी में तुम्हारी जीत करा दूँगा। महादेव ने जब यह बात कही तो मंजरी ने अपनी तकदीर ठोक ली। कहने लगी—हे दैव, हे नारायण, हे ब्रह्मा, तुमने मेरे भाग्य में क्या लिख दिया। जब से मैंने अगोरी में जन्म लिया है तब से मैंने शिव की बड़ी सेवा की है। मैंने उन्हें दूध और घी में स्नान कराया है पर मूर्ति कभी नहीं बोली। अब जब बराबरी का मुकाबला हुआ तब पत्थर की मूर्ति ठहाका मार कर हँस पड़ी। अब वहाँ का हाल सुनिये। दोनों वहाँ से चले। मंजरी नम्रतापूर्वक बोली। ऐ स्वामी, ऐ सुखनन्दन, ऐ मेरे सिर के मुकुट, सुनिये। एक यह बंसरा भवानी हैं। आप उनसे वरदान माँगिए। मंजरी आगे आगे चली। पीछे पीछे लोरिक चला। उसने बंसरा भवानी से कहा—यदि तुम्हारी मूर्ति में शक्ति है तो तुम उठ कर मुझसे दो शब्द बातचीत कर लो। अन्यथा मैं खड्ग खींच लूंगा तथा तुम्हें दो भागों में खंडित कर दूँगा। मूर्ति तब भी नहीं बोली। लोरिक ने तलवार खींच ली। उसकी आवाज़ आकाश में गूंज गयी। लपट मन्दिर में प्रवेश कर गयी। तब भगवती हँस पड़ीं। नम्रतापूर्वक बोलीं। ऐ भाई अहीर, तुम जाओ। मैं अगोरी में तुम्हारी विजय करा दूँगी। तब महर की पुत्री मंजरी हँस पड़ी। मैंने बहुत दिनों तक भवानी की सेवा की। इनको दूध और घी में नहलाया पर मूर्ति खुलकर कभी नहीं बोली। अब जोड़ से काम पड़ा तब पत्थर की मूर्ति ठहाका मारकर हँस पड़ी। मंजरी नम्रतापूर्वक बोली—ऐ मेरे स्वामी, ऐ मेरे सुखनन्दन, ऐ मेरे सिंदूर के

मालिक, अगोरी के राजा के पास बारह मल्ल हैं। उनके जोड़ का संसार में कोई नहीं है। वे राजा की ड्योढ़ी पर निश्चित होकर खा रहे हैं। जो सबसे बड़ा मल्ल है उसके जोर का थाह नही। अखाड़े में जो नाल रखी हुई है तुम उसको पोरसे भर उठा लो तब मुझे तुम्हारी शक्ति का विश्वास होगा। बीर लोरिक ने कहा—ऐ विवाहिता, तुम 'नाल नाल' क्या कह रही हो, तुम चलकर नाल दिखला दो। ज़रा देखूं कि नाल मुझसे उठता है या नहीं। मैं उसे पोरसे भर उठाता। आगे आगे महर की पुत्री मंजरी चली। पीछे पीछे लोरिक चला। मंजरी नाल के पास खड़ी हो गयी। सइंया, देखिए यही नाल है। अहीर ने अपनी कनिष्ठा अंगुली उसमें डाल दी और नाल को पोरसे भर उठा कर घुमाने लगा। कहने लगा—ऐ मेरी विवाहिता, तुम मेरी बात सुनो। तुम कहो तो मैं नाल को यहाँ से ऐसा फेंक दूँ कि वह जाकर गउरा गुजरात में गिरे। यदि नही तो तुम कहो तो मैं इसे सोन भद्र में फेंक दूँ कि नाल का घेरा टूट जाय। यदि नही तो तुम कहो, मैं इस नाल को किले पर फेंक दूँ ताकि किले का गुंबज टूट कर गिर पड़े। तब मंजरी ने नम्रतापूर्वक कहा—सइंया, राजा के बारह मल्ल हैं। ये बारहों देव के लाल हैं। जब वे अखाड़े में कसरत कर लेते हैं और जाकर इमली के पेड़ में धक्का मारते हैं तो इमली का पेड़ जड़ से हिलने लगता है। बीर लोरिक इमली के पेड़ के पास गया। दाहिनी अंगुली से उसे दबाया। पर इमली का पेड़ अभी सो रहा था। लोरिक घूमते हुए अखाड़े से होते हुए महर के घर गए।

अब वहाँ का हाल सुनिए। लोरिक ने सिर से पैर तक चद्दर तान ली। मंजरी के साथ वह वैसे ही सो गया जैसे नाते में भाई बहन हों। पलंग पर दोनों जमकर सो गए। अब राजा का हाल सुनिए हाथी का हौदा उन्होंने कसवा लिया। पचास गुंडे शहर में छोड़े गए। गुंडों ने महर का घर छेंक लिया। प्रातःकाल बहुत तड़के महरिन आँगन बटोर रही थी। अगोरी के राजा मोलागत दरवाजे से ही बोल उठे। ऐ भाग्यशालिनी महरिन, आप सुनिये। मेरी बात मानिए। शीघ्र मंजरी की पालकी सजवाइए मैं उसे अपने किले के भवन में ले जाऊँगा। महरिन ने कहा—मोलागत आप सुनिए। मेरी बेटी दीन थी। जिसने उसके सिर में सिन्दूर डाला है वह उसके साथ कोहवर में सो रहा है। सूबा दरवाजे पर गाली देने लगा। महरिन से सहा नहीं जा रहा था। वह कोहबर में गयी जहाँ दोनों सो रहे थे। दोनों चद्दर तान कर वहाँ सो रहे थे। वह अचानक जग उठा। उसने दरवाज़े पर फौज देखी तो उसे गुस्सा चढ़ गया। वह जिसका मुश्क पकड़कर खीचता उसके बत्तीस दांत टूट कर गिर जाते। किसी का पैर पकड़कर वह खीचता तो वह लंगड़ा और लुंज पुंज हो जाता था। राजा मोलागत वहाँ से भागा। उसने महावत को गाली दी। कहा—हाथी को सीधे भाला घोंप देते तो अपना प्राण बचाकर मैं किले के भवन की ओर नहीं भागता। हाथी भाग कर अगोरी के किले में आ गया। अब वहाँ का हाल सुनिए। अहीर वहाँ से भाग कर बारात में आ गया। उसके दो चार दोस्त और समवयस्क जग रहे थे। सवालाख बारात सो रही थी। लोरिक के दोस्त हँस पड़े। ऐ अहीर बात हमारी सुनो। शाम को तुम मंजरी के सिर में सिन्दूर डाला। आधी रात को ही ससुराल

कर ली ! लोरिक ने हाथ जोड़कर कहा—भइया, तुम लोग मेरी बात सुनो—यह बात या तो मैं जानता हूँ या तुम लोग जानते हो। सवालाख बाराती यह बात न जानने पावें। नहीं तो अगर कहीं मेरे काका कठईत इस बात को सुन लेंगे, धर्मी भइया संवरू सुन लेंगे, गुरु अजयी सुन लेंगे तो मेरा हृदय लज्जित हो जायगा।

प्रात:काल हुआ। पौ फटने लगी। पूर्व में कौवे शोर मचाने लगे। महरिन ने सुबच्चन की पुकार लगायी। सुबच्चन आकर द्वार पर खड़े हो गये। महरिन ने कहा—जाकर बारातियों को यह सूचना दे दो कि यदि वे गाय भैंस के इच्छुक हों तो मैं दहेज का अम्बार लगा दूंगी। पर्वत और पहाड़ खड़ी कर दूँगी। यदि उन्हें सोना और द्रव्य की भूख हो तो मैं मंडप में खोल में बांधकर उन्हें सोना और द्रव्य दूंगी। जो विवाहिता मंजरी के लिए इच्छुक है वह किले से पालकी उठा ले जाय। संवरू गाय और भैंस के लिए भूखे थे। उन्होंने ढोरों का पहाड एकत्र कर लिया। बाराती द्रव्य के भूखे थे। उन्होंने मंडप में द्रव्य एकत्र कर लिया। लोरिक विवाहिता के लिए भूखा था। उसने किले से डोली फंदवा दी। मंजरी रुदन कर रही थी। कह—रही थी—माँ मेरी बात सुनिए। हर रोज़ बहुत तड़के अँधेरे में ही मैं तुम्हारे लिए मक्खन मथती थी। आठ 'नेत (मथानी की रस्सी) दस कनिया' तथा दस मिट्टी के बर्तन (चरूई) यहाँ रोज़ फूटते थे। यदि इतनी क्षति गउरा में होगी तो सास ताना मारेंगी। कहेंगी—यदि ऐसे जबर्दस्त की बेटी होती तो तुम सोने की हांड़ी, तथा सोने का बर्तन अपने साथ लाती। मइया तुम मुझे इतना सामान दे दो।

भावार्थ—(३३०१—३६००)

तब पालकी में पैर रखूंगी। महरिन ने स्वीकृति नहीं दी। मंजरी ज़ोर-ज़ोर से रोने लगी। अब सुबच्चन का हाल सुनिये। वह वहाँ गये। सुबच्चन ने कहा—बहन सुनो। भांजी घर से चली जा रही है। बर्तन की क्या कीमत है ? तुम मथानी की रस्सी (नेत) भी उसे दे दो ताकि वह उसे पालकी में रख ले और उसकी चिन्ता दूर हो जाय। माँ ने दहेज में सोने के बर्तन आदि दे दिये। मंजरी पालकी में चली गयी। फिर दरवाज़े पर गयी जहाँ पिता बैठे हुए थे। उनका पैर पकड़ कर मंजरी रुदन करने लगी। पिता, मेरी बात सुनिये। जहाँ आपने मेरी शादी की है वहाँ युद्ध का ही उठना बैठना होता है। युद्ध ही अहीर के प्राण का आधार है। यदि उसका पैर ऊंचा नीचा पड़ गया तो वह अपना मस्तक गँवा देगा। गउरा में मेरे ऊपर भारी विपत्ति आ जायगी। मैं वैधव्य कितने दिन भोगूंगी। (अब वहाँ का हाल सुनिये।) मंजरी ने महर के पैर पकड़ लिये। पिता बोल नहीं सके। उस समय मामा सुबच्चन उपस्थित हो गये। कहने लगे—ऐ बहनोई, ऐ महर सुनिये, भांजी जैसी चीज़ घर से निकली जा रही है। पगड़ी की क्या कीमत है ? तुम दहेज में उसे पगड़ी दे दो ताकि भैने पालकी में पैर रखे। मंजरी ने पगड़ी उठा कर रख ली उसमें हीरे और मोती के गोट लगे थे। यदि मंजरी पर कोई विपत्ति आ जायगी तो वह बैठ कर दो चार पुश्त खायेगी। इतना अतुल धन लेकर मंजरी पालकी में बैठ गयी। वहाँ से

पालकी उठी तथा पाँच पग चली फिर मैदान में आ गयी। लोरिक भी अब आकर सबका अभिवादन करने लगा। सास ने उसे सोने की किनारी वाली धोती दी, उसमें सोने की करधनी लपेट दी। वहाँ से अहीर बाहर आया। द्वार पर ससुर महर बैठे हुए थे। लोरिक ने झुक कर उन्हें प्रणाम किया। महर ने उन्हें जी भर कर आशीर्वाद दिया। जेब में हाथ डाली उसमें से साठ मुहरों का हार निकाला और अपने लाड़ले दामाद के गले में पहना दिया। वहाँ से मर्द आगे बढ़ा और पालकी के पास खड़ा हो गया। उसने अगोरी की बहुत सी गलियाँ देखीं। उसने अपने मन में कहा—मैं ऊँचा नीचा देख कर किसी गली या रास्ते से निकल जाऊँगा तो मोलागत सुनेगा और ताना मारेगा। वह कहेगा—अहीर चोर था। ऊँचा नीचा देख कर डोली लेकर वह भाग गया। उसने बत्तीस कहाँरों से कहा—डोली को किले के समीप से पार करते हुए ले चलो।

अब वहाँ का हाल सुनिये। मंजरी की डोली चली। इधर राजा मोलागत की कचहरी लगी हुई थी। उसकी नजर डोली पर पड़ी तो वह रक्त के आँसू बहाने लगा। हे दैव, हे नारायण, हे ब्रह्मा, तुमने मेरे मस्तक में क्या लिख दिया। हमने बचपन से इस पक्षी को जिलाया। भिगो कर चने की दाल खिलायी यह साला, कहाँ का परदेसी चढ़ आया और मेरे पक्षी को उड़ा कर लिये जा रहा है। यदि अगोरी में कोई मर्द होता तो अहीर के बाहर निकलते ही खेत पर उसे मार डालता। डोली को उठवा कर किले में लाता। मैं मंजरी के साथ रनिवास में भोग करता।

अब वहाँ का हाल सुनिये। दरबार लगा हुआ है। मन्त्री तथा अन्य लोगों ने राजा से कहा—हमारी बात सुनो। तुम्हारे ऊपर कौन सी मुसीबत आ गयी है कि तुम फूट फूट कर रो रहे हो। इस भुनगे से लड़ने के लिए तुम्हारा सारा शहर और बाजार वहाँ पड़ा हुआ है। वे उसे सत्तू के नमक की भाँति चूर-चूर कर देंगे। जब मन्त्री ने इतनी बात कही तब राजा ने कहा। बारह मल्लों के सरगना को जिसके जोड़ का कोई दूसरा नहीं है जीर और खेतार पर भेज दो। वह जाकर अहीर को मार डालेगा। तब हर रोज की मुसीबत टल जायगी। अगोरी से सिपाही छूटे और भाँट के घर गये। उसके जोड़ का दूसरा मल्ल नहीं था। भांट की छोटी और बड़ी दोनों औरतें घर घर पूनी से चर्खा कात रही थीं। सिपाहियों ने भांट से कहा—'सूबा ने तुम्हें बुलावा भेजा है।' भाँट चाँदनी पर जा कर खड़ा हो गया। सूबा मोलागत ने उससे कहा—"मैं तुम्हें आधा राज्य दूँगा। आधा किला और महल दूँगा आधा गाँव और घाट दूँगा। गेहूँ जौ आदि के भण्डार से आधा दूँगा। आधे नौकरों को तुम्हें दे दूँगा। तुम मेरे आधे के पट्टीदार हो जाओगे।" पर भाई तुम इस अहीर को मार डालो। उसे रौंद कर सत्तू का नमक बना डालो। मंजरी की डोली जल्दी से उठा कर किले में लाओ। मैं उसके साथ रनिवास में भोग विलास करूँगा। भांट ने यह बात सुनते ही लौंड़ी (पत्नी वहाँ चर्खा कात रही थी।) मल्ल ने चरखे पर ठोकर मारी। चरखा पूनी समेत चटख कर टूट गया। बुजरो, मैं आधे का पट्टी दार हो गया हूँ। मैं अगोरी का राज्य पा गया हूँ। आधा किला और आधा महल

मुझे प्राप्त हो गया है । हाथी घोड़ों में आधा तथा नौकरों में आधा हमारा हो गया है । इस साले अहीर की क्या हस्ती है ? जाते ही उसको खेत पर पटक कर मार डालूंगा । लौंडी (पत्नी) ने जब यह बात सुनी तब उसे जवाब दिया । ऐ मेरे स्वामी, ऐ सुखनन्दन, ऐ मेरे सिर के मुकुट, सुनिये । मारने से अहीर नहीं मरेगा और न तो अग्नि में वह जल सकेगा । उसकी वाणी मधुर है । वह युद्ध में बाँका और जुझारू है । जो अहीर के दाव में पड़ जायगा उसकी विवाहिता राँड़ हो जायगी । भांट ने अपनी छोटी पत्नी का झोंटा पकड़ लिया । ऊपर से दो चार घूंसे भी लगा दिये । बुजरो, तुम मेरी बात मानो । गाँव घर के नाते अहीर तुम्हारा भर्तार है । तुम मेरे जैसे वीर के लिए अपमानजनक बात कर रही हो । ऐसा कहते हुए भांट वहाँ से रवाना हुआ । सीढ़ियों से नीचे उतर गया, जीर और खेतार पर गया । लोरिक की नजर उस पर पड़ी । मंजरी से मधुर वाणी में उसने कहा—मेरी विवाहिता सुनो । मेरी बात मानो । किले से एक मर्द आ रहा है । दायीं ओर शत्रु है । पहले मै तुम्हें सहेजूंगा फिर थोड़े समय में मैं तैयार हो जाऊँगा । मंजरी ने पाँच रंगों का पर्दा फेंक दिया, गर्दन निकाल कर देखा । लोरिक से कहा—मेरे स्वामी, मेरे सुखनन्दन, मेरे सिर के मुकुट, अभी तक किसी तरह जिन्दगी बच गयी पर अब तुम्हारी ज़िन्दगी नहीं बचेगी । यह मल्ल बेजोड़ है ।

अब भांट का हाल सुनिये । वह पालकी के पास पहुँच गया । झुककर माथा नवाया । लोरिक ने पूर्ण आशीर्वाद दिया । तुम अक्षय रहो, अमर रहो तथा लाख साल तक जीवित रहो । जैसे गंगा का जल बढ़ता है वैसे ही तुम्हारी आयु बढ़े । भांट ने कहा—तुम मंजरी की डोली छोड़ दो । मैं उसे किले में रनिवास का भोग कराऊँगा । मेरे बूढ़े राजा को स्त्री का ख्याल आया है । उनकी तरुणाई जागी है । यदि तुम ऐसा नहीं करोगे तो मैं जबर्दस्ती तुम्हें इस खेत पर मार डालूंगा । मैं डण्डे से तुम्हारी खाल खिचवा लूंगा और उसमें भूसा भरवा दूंगा । तब अहीर ने नम्रता-पूर्वक कहा—ऐ वीर सुनो । शालि धान का डंठल कैसा होता है ? तुम उसका बोझा बना कर लाओ और मुझे दो । मेरे घर की झोपड़ी टूटी हुई है मैं उसे अपने घर ले जाऊँगा । मैं जाकर अपनी झोपड़ी ठीक करूंगा तथा अपनी विवाहिता की डोली सहज ही में छोड़ दूंगा । तुम इसे किले में ले जाओ और रनिवास भोग कराओ । भांट ने इस बात पर विश्वास कर लिया । वह घर लौट गया । हाथ में टांगी उठायी तथा गेरु पर्वत पर चढ़ गया । अच्छा-अच्छा (चुन कर) शालि धान काटा तथा उसका बोझा बनाया । बोझ लाकर उसने डोली के पास पटक दिया । कहा—ऐ लोरिक मैंने तुम्हारी बात मान ली । अब तुम मेरी बात मान लो । तुम मंजरी की डोली छोड़ दो । मैं रनिवास भोग के लिए उसे ले जाऊँ । लोरिक ने जब यह बात सुनी तो वह अपना गुस्सा संभाल नहीं सका । उसने उसके मुंह पर जबर्दस्त घूसा मारा । भांट के बत्तीस दांत टूट कर गिर गये । फिर अहोर ने अपनी गोजी उसके शरीर पर चलाना शुरू कर दिया । जहाँ-जहाँ गोजी लगती थी । भांट के शरीर से खून निकलने लगता

था। वह व्याकुल हो उठा। लोरिक को दुहाई देने लगा। मंजरी को भी वह लाख-लाख दुहाई देने लगा कहने लगा--हाय मेरा प्राण चला गया। तब बाहर निकल कर मंजरी ने लोरिक की कटि पकड़ ली। नम्रता पूर्वक बोली—स्वामी मेरी बात सुनिये। तीन जातियों को नहीं मारना चाहिए--एक तो ब्राह्मण, दूसरा भांट तथा तीसरा कहांर। इस भांट को मारने से बड़ा पाप लगेगा। इसको बचपन से ही पाला गया है। लोरिक बहुत ही हठी था उसने समझाकर कहा—मेरी विवाहिता सुनो। मेरी बात मानो। झोपड़ी की छत पर बछिया चढ़ जाय तो मैं कुत्ते और बिल्ली की खोज करूंगा।

अहीर ने धीरे से कहा—ऐ भांट सुनो। शांत चित्त जमीन पर बैठे रहो। उसने स्वयं बेल तोड़े और उनको डोली से परछ कर बड़ा सा गट्ठर बनाया तथा भांट के सिर पर उठा दिया। साले, तुम इसे लेकर किले में जाओ। रास्ते में कहीं एक भी बेल को फेंका तो किले में तुम्हारा मस्तक काट लूंगा। भांट वहाँ से चला। उसके मुँह से खून निकल रहा था। उसके मुँह में एक भी दांत नहीं रह गया था। वह रोते हुए घर जा रहा था। उस वक्त उसकी छोटी और बड़ी पत्नी ने आपस में झगड़ा किया। बडी ने कहा—लोरिक मेरे ननदोई हैं। उन्होंने बड़ी विदाई दी है।

भावार्थ—(३६०१—३६००)

इसी बीच भांट आ गया। आंगन में गठरी पटक दी तथा खाट पर भहरा कर गिर पड़ा। छोटी पत्नी झाड़ू लेकर पहुँची तथा उसे दो चार झाड़ू लगाये। उसने कहा—'ऐ दुष्ट, सुनो। तुमने कहा था कि गाँव घर के नाते से अहीर मेरे साथ बदमाशी करने वाला (भर्तार) है और मैं तुम्हारे जैसे जबर्दस्त पहलवान को नीचा दिखा रही हूँ। इस परदेशी अहीर को तुमसे अधिक सशक्त ठहरा दिया।' आज तुम दोनों का झगड़ा तय हो गया। यह तुम्हारी क्या दशा हो गयी? अब वहाँ का हाल सुनिये। कचहरी के लोग कह रहे हैं। ऐ मंत्री, सुनो। भांट खेत पर गया और दोनों ने समझौता कर लिया। भांट स्वयं आकर अपने घर में बैठ गया। उसने कुछ खबर तक नहीं दी। तब तुर्की और सिपाही वहाँ से छूटे। वे मल्ल के घर गये। उसका हाल देखा। सिपाही थर-थर कांपने लगे। उन्होंने कहा—हे दैव, हे नारायण, हे ब्रह्मा, तुमने मेरे ललाट में क्या लिख दिया? हम सूबे की नौकरी छोड़ देंगे और किसी मुल्क में चले जायगे। नहीं तो वह ऐसे ही रण में भेज देगा और सबकी भांट जैसी दशा होगी। सिपाही भयभीत हो गये। भांट वहाँ से द्वार पर आया। भांट ने अपनी बड़ी पत्नी से कहा ऐ मेरी पत्नी सुनो, खिड़की पर प्रमाण पत्र रखा हुआ है। मैं उसे सूबा को सुपुर्द कर देना चाहता हूं। किसी प्रकार मेरी जिन्दगी बच जाती। मैं किसी प्रकार यहाँ से भाग जाता। भीख मांग कर खाता। भलाई की कोई आवश्यकता नहीं है। इधर राजा मोलागत रो पड़ा। चांदनी पर वह अपना सिर पटक रहा है। मंजरी मेरा राज्य छोड़ कर चली जा रही है। इस तोते को हमने बचपन से ही जिलाया है। भिगो कर चने की दाल दी है। यहाँ कहाँ का परदेशी चढ़ आया

है तथा मेरी सुग्गी को उड़ाये लिये जा रहा है। अगोरी में आज ऐसा कोई मर्द नहीं है जो खेत पर पटक कर अहीर को मार डाले। तथा डोली को किले में फंदवा दे। तब मन्त्री ने अपना मंतव्य प्रकट किया। चुगुली करने वालों ने समझा कर कहा—'ऐ राजा सुनिये। हमारी बात मानिये। अहीर मारने से नहीं मरेगा, न तो वह अग्नि की ज्वाला में जल सकेगा। सारी पल्टन को एकत्र करो। तब अहीर को मारो। चारों तरफ पत्र लिख कर राजाओं को बुलाओ। अगोरी की सारी प्रजा और अपनी जितनी सेना है, सब को खड़ा करो। अगोरी के जितने कर्णधार हैं सबको पलटन में खड़ा कर दो। बांके घोड़ों को अहीर के बीच ललकार दो। चारों कोनों पर सूबे रहेंगे अहीर का पूत कहाँ भागेगा? साले को रोककर जीर पर मार दो। रौदकर सत्तू के नमक की भांति उसे चूर-चूर कर डालो। अब वहाँ का हाल सुनिये। मंत्री ने सूबा को इस प्रकार की राय दी। सूबा ने कोरा कागज निकाला। हाथ में कलम और दावात ली। चारों कोने में पत्र लिखा। पहले पश्चिम दिशा में पत्र लिख कर बघेलों के राजा को निमन्त्रण भेजा जो तोप चलाने में सशक्त था। दूसरा पत्र उसने दक्षिण में लिखा तथा कोलों के राजा को निमंत्रित किया जो तीर चलाने में तेज था। फिर पूर्व के राजा को निमन्त्रित किया जो युद्ध में शक्तिशाली था। उत्तर देश के राजा को भी उसने पत्र भेजा। वहाँ के रकसेल राजा का बरछा बारह मन का था। वह अहीर को पटक कर मार डालेगा। अगोरी के राजा ने रच-रच कर पत्र लिखा। ऐसा कि यदि क्षत्रिय होगा तो अन्न ग्रहण करना बन्द कर देगा। वह जाकर रक्तपान करेगा जो भोजन कर रहा होगा वह भोजन छोड़ कर अगोरी में आकर हाथ धोयेगा। उसने लिखा—मेरा अगोरी का राज्य उजड़ रहा है।

परदेशी अहीर चढ़ आया है। उसने अगोरी में झगड़ा पैदा कर दिया है। राजा ने पत्र लिख कर सबको निमन्त्रण भेज दिया है। राजा के सिपाही छूटे। वे सम्पूर्ण अगोरी में बिखर गये। अगोरी की जितनी प्रजा थी और उसमें जितने जवान और बलवान थे उनको सूबा के लिए रण तैयार करा रहा है। उन्होंने जाकर जीर और खेतार पर मोर्चा बन्दी कर दी। फौज ने जाकर वहाँ घेरा डाल दिया। युद्ध का डका बजने लगा। जुझारू लकड़ी बजने लगी। सिंहनाद होने लगा। फौज चढ़ चली, सबकी सुध-बुध जाती रही। अगोरी का जीर और खेतार फौज से घिर गया। तब मंजरी ने नम्रता पूर्वक कहा—हे दैव, हे नारायण, हे ब्रह्मा तुमने भाग्य में क्या लिख दिया! एक फतिंगे के लिए इतनी फौज चढ़ कर चली आ रही है। चार कोने पर चार सूबे हैं। बीच में फौजों की सात कतार है। महर की पुत्री मंजरी ने लोरिक से कहा—हे स्वामी, हे सुखनन्दन, हे पति तुम आँखों से ओझल हो जाओ। मेरे पास विष है। तुम्हारे हटते ही मैं उसे खा लूंगी। मैं जहर खाकर मर जाऊँगी। अहीर आज फौज द्वारा मार डाला जायगा तब मेरा ठिकाना कैसे लगेगा। तब अहीर लोरिक ने कहा—मेरी विवाहिता, तुम मेरा कहना मानो। जहर की पुड़िया कहाँ है? ज़रा मुझे दिखाओ। हम दोनों मिलकर जहर खा लेंगे। हर दिन का झगड़ा मिट जायेगा।

मंजरी को इस बात पर विश्वास हो गया। उसने अपने आंचल से विष निकाला। लोरिक ने झुक कर विष की पुड़िया ले ली। अपनी तलवार से उसे काटा तथा तलवार को विषैला बना दिया। विष का कुछ भाग उसने नदी में फेंक दिया। मंगर मछली मार रहा था उस ओर विष प्रवाहित हो गया। कुछ विष लोरिक ने आकाश में फेंक दिया। आकाश लाल पीला हो गया। धरती पर जितना विष गिरा उससे विषैला 'कुचिला' का पेड़ तैयार हो गया। अब उस समय का हाल सुनिये। वहाँ मंजरी रो रही है। डोली पर अपना मस्तक पटक रही है। मेरे साथी, मेरे सुखनन्दन सुनिये, यहाँ मेरी बात मानिये। एक ही सहारा विष का था। तुमने उस विकल्प को भी समाप्त कर दिया। यदि कुछ गड़बड़ हो जायगा तो पापी मुझे किले में ले जायगा तथा रनिवास भोग करेगा। मैं तुमसे सच कहती हूँ। तब मेरी जिन्दगी को धिक्कार होगा। उस समय फौज ने चारों ओर से घेरा डाल दिया। लोरिक ने दुर्गा का स्मरण किया—'मां दुर्गा तुम्हारे बल और पौरुष के भरोसे मैं इस दारुण देश में चढ़ आया। मैया, यदि आपने मेरा साथ छोड़ दिया तो अगोरी में मेरा मस्तक चला जायगा। यदि इस रण में आपने विजय करा दी तो मैं आपकी पूरी-पूरी सेवा करूँगा। बकरा और भेड़ की क्या गिनती है? मैं पचास भैंसों को काटूंगा। सवा लाख मन का हवन तुम्हारे स्थान पर करूँगा। दुर्गा, आप प्रकट हो जातीं तो अगोरी में दो हाथ तलवारें चलतीं। उस समय दुर्गा प्रकट हो गयीं। वह लोरिक के दाहिने, बायें नाचने लगीं। अहीर को संतोष हुआ। उसने बिजली की तलवार फेंकनी शुरू की। सन सन कर तलवार चलने लगी। अब दुर्गा का हाल सुनिये। उन्होंने चील का रूप धारण किया। चंगुल में तलवार पकड़ी फिर लोरिक को दिया। कहा—ऐ मेरे उपासक प्रिय लोरिक, इसको रखो। मैं अगोरी में तुम्हारी जीत करा दूँगी। उस समय कट कट कर चलने लगे। सन सन करती हुई तलवारें चलने लगीं। गोलियों की बौछार होने लगी। गोले बरसने लगे। दुर्गा जीर-खेतार पर प्रकट हो गयी। अहीर के ऊपर अपना आंचल फैला दिया। गोलियां आंचल से गिर-गिर कर धरती पर आने लगीं। दुर्गा ने ऐसी शक्ति लगा दी कि शत्रु के मोर्चे फेल हो गये। तीर और बारूद लगी हुई तोपें ठण्डी पड़ गयीं। अब न तो गोली और बारूद ही चल रहे हैं और न रण में ही कुछ हो रहा है। तब अहीर लोरिक ने कहा—ऐ सूबा, सुनो, मेरी बात मानो। मैंने तुम्हारा पक्का वार संभाल लिया तुम ज़रा मेरा कच्चा हमला संभालो। (म्यान फेंका-फेंकी) लोरिक ने अपना म्यान फेंका तथा दस्तगी तलवार तान ली। वह चार अंगुल बाहर हुई तो उसकी आवाज़ आकाश में गूंजने लगी नीचे दावानल फैल गया। ऊपर एक पोरसा तक लहरें फैलने लगी। सूबा की पलकें ऊपर उठीं। लोरिक की तलवार उसकी गर्दन से हो कर निकल गयी। वह पूर्व को काटती हुई पश्चिम चली गयी। फिर पश्चिम से दक्षिण चली गयी। जैसे कोईरी का कोड़ार फटता है वैसे अहीर का पुत्र सबको काट रहा है। उसने फौजों को लात से मारी। वहाँ खून की धारा बह चली। सारा लहू और पानी सोन नदी की धारा के साथ

बहा जा रहा है। अब वहाँ का हाल सुनिये। साँवर कोली के घाट पर थे। उन्होंने वहाँ से तीर चलाना शुरू किया। तीर अगोरी चला जा रहा था। दो दो सौ सिर काटते हुए तीर मंजरी की पालकी के पास गिरा। मंजरी बाहर निकली और तीर रोकने लगी। तीर साँप हो कर फुंफकारने लगा। उस पर लोरिक की नजर पड़ी। उसने कहा, ऐ मेरी विवाहिता सुनो। मेरी बात मानो। वह तीर तुम्हारे भसुर का है। मेरी सहायता के लिए भइया ने वह बाण मारा है। तुम उस तीर को मत छुओ। वह संवरू का तीर है। अब नगर अगोरी का सुनिये। सूबा मोलागत रोने लगा। उसकी सारी सेना रोने लगी। राजा ने कहा—मुझसे न तो अगोरी का राज्य छोड़ा जा रहा है और न मंजरी छोड़ी जा रही है। मैंने बचपन से ही इस पक्षी को जिलाया है। उसको भिगो कर चने की दाल दी है। भाई न जाने यह कहाँ का परदेशी चढ़ आया है तथा मेरी सुग्गी को उड़ाये लिये जा रहा है। अगोरी में ऐसा कोई मर्द नहीं है जो खेत पर उसे मारता तथा डोली को किले में पहुँचा देता। मैं मंजरी के साथ रनिवास भोग करता। मोलागत ने ऐसा कहा तो मन्त्री ने उत्तर दिया। हे राजा, हे महाराजा। मेरी बात सुनिये। मेरी बात मानिये। आप सात हथिनियों को भेज दीजिए उनके आगे आगे 'इनरावत' (ऐरावत) हाथी को भेजिये। उसके सूंड़ में लोहे का मूसल रख दीजिए। वह जाकर अहीर को घेर कर मार डालेगा। उसकी हस्ती ही क्या है ? हाथी अहीर को मार डालेगा और हर दिन का झगड़ा मिट जायगा।

[सुमिरन—गायक कहता है कि हे राम मैं रामायण कह रहा था मेरे हृदय में कैसे भूल पड़ गयी। तुम संगी और समवयस्कों को मत भूलो। माँ दुर्गा को भी मत भूलो।]

अगोरी का राजा विचार करने लगा। चुगुली करने वालों ने उसे समझाया अहीर मारने से नहीं मरेगा और न तो अग्नि की धार पर वह जल ही सकेगा। तुम सातों हथिनियों को भेज दो।

भावार्थ—(३९०१—४२००)

उनके सूंड़ में लोहे का मूसल डाल दो वे जीर और खेतार पर जायँगी तथा अहीर को घेर कर मार डालेंगी। रोज का झगड़ा मिट जायगा। उस दिन वहाँ से हथिनियाँ चलीं। सूवा का मन उदास हो गया। हथिनियों के सूंड़ में मूसल रखवा दिया गया। ऐरावत (इनरावत) हाथी भी वहाँ से चला और वह आकाश छूने लगा लोरिक की नजर उस पर पड़ी। वह नम्रतापूर्वक बोला। ऐ मेरी विवाहिता सुनो। यहाँ मेरा कहना मानो। इस जीर के खेतार पर पाँच पैरों वाला कौन सा जानवर आ रहा है ? मंजरी ने पर्दा उठा कर आँख उलट कर देखा। फिर नम्रतापूर्वक कहने लगी—ऐ स्वामी, ऐ सुखनन्दन, ऐ मेरे सिर के मुकुट सुनो। अभी तक तो किसी प्रकार तुम्हारा जीवन बचा रहा, पर अब तुम्हारी जिन्दगी नहीं बचेगी। राजा की

सात हथिनियाँ थीं। वे जीर खेतार पर घेरा डालने आ रही हैं। आगे आगे ऐरावत (इनरावत) हाथी आ रहा है। वह हमारी जान ले लेगा।

अब वहाँ का हाल सुनिये। उस समय भादों का वन निर्जन हो रहा था, शून्य हो रहा था। फाल्गुनी वृक्ष (मेंहुड़) लाल हो रहा था। मंजरी ने कहा—"ऐ स्वामी तुम वहाँ भाग जाओ। तुम व्यर्थ अपना प्राण त्याग रहे हो। गाँठ की पूँजी लगा कर तुम मुझसे भी सुन्दर स्त्री खरीद सकते हो। मेरी जैसी अधम के लिए तुम अपना अल्हड़ प्राण क्यों त्याग रहे हो? जिस माँ का तुम्हारे जैसा लाल युद्ध में मारा जायगा वह हीरे का कण खा कर आत्मघात कर लेगी।" मंजरी इस प्रकार कह रही है। अहीर वहाँ पल्थी मारकर बैठ गया। पल्थी पर उसने तलवार रख ली। तब तक हथिनियाँ वहाँ पहुँच गयीं। मंजरी डोली से बाहर आयी। ऐरावत हाथी का पैर पकड़ लिया और उससे कहने लगी—ऐ इनरावत हाथी, सुनो—सतयुग में हम तुम बहनें थीं। तुम मेरी ज्येष्ठ बहन थी। हम लोगों का जीवन बदल गया। ऐ बहन, तुमको हाथी का जन्म मिला। मुझे मनुष्य का जन्म मिल गया। ये तुम्हारे बहनोई हैं। तुम उसको कैसे छू सकोगे। तुम अपने छोटे बहनोई को कैसे मारोगे। मेरा सिन्दूर कैसे बिगाड़ोगे? इनरावत हाथी शांतचित्त से मंजरी की बातें कान खोल कर सुनने लगा, तथा सोचने लगा।

मंजरी ठीक कह रही है। सतयुग में हम दोनों बहनें थीं। एक ही पीठ से हमारा जन्म हुआ था। कठिन समय आया। हम लोगों का जीवन बदल गया। मंजरी को आदमी का जन्म मिला मुझे हाथी का जन्म मिला। मैं अपने छोटे बहनोई को नही स्पर्श करूँगा। ऐ मंजरी, तुम्हारा सिन्दूर नही बिगड़ेगा। हाथी इनरावत वहाँ से धूल उड़ाते हुए भागा। भाग कर किले और महल में पहुँच गया। अन्य हथिनियाँ भी भाग कर वहाँ पहुँच गयीं। उस समय राजा मोलागत बहुत क्रुद्ध हुआ। हाथी को फूहड़ गालियाँ देने लगा। दुष्ट, इनरावत सुनो। क्या अहीर तुम्हारा दामाद है कि तुमने उस मेरे शत्रु को खेत पर जीवित छोड़ दिया। उसको मारा नही। मैं हाथ में बन्दूक लेकर क्षण में तुम्हारा प्राण ले लूगा। चुगली करने वालों ने समझा कर कहा —राजा सुनिये। मेरी बात मानिये। हाथी और हथिनियों का शील ऐसे नहीं नष्ट होगा। तीनों भुवन और पृथ्वी भी लग जाय तो भी उनका शील नहीं टूटेगा। एक एक हथिनी को सात सात भट्ठी का मद पिलाइये। जब वे सभी नशे मे इतराने लगें तो उनके सूंड़ में मूसल रखवा दीजिए। तब वे जा कर अहीर को मार देगी। सारे दिनों का झगड़ा समाप्त हो जायगा।

अब वहाँ का हाल सुनिये। राजा ने भट्ठी जलवा दी। झूल और जंजीर मँगवा कर हथिनियों के पास रखवा दिया। 'दिलजरी' हथिनी को राजा ने बुलवाया। फिर महावत को बुलवाया। हाथियों को बोतल पर बोतल दारू पिलाये जाने लगे। एक एक हथिनी के पेट में सात सात भट्ठी का दारू चला गया। हथिनियाँ नशे में चूर हो गयीं। जब वे मदमत्त हो उठी, तब उनके सूंड़ पर मूसल रख

दिये गये। हथिनियाँ उन्मत्त हो कर जीर खेतार पर चलीं। लोरिक की नजर उन पर पड़ी। वह उठ कर तैयार हुआ। हाथ में बिजली की तलवार ली तथा अलग जाकर खड़ा हो गया। हथिनियों ने उसे घेर कर मूसल से मारना शुरू किया। भगवती धन्य है! दुर्गा धन्य हैं। उन्होंने लोरिक को सहायता दी। श्रेष्ठ लोरिक को लेकर यह आकाश में उड़ गयीं। इधर हथिनियों के मूसल छूटने लगे। वे धरती में गिर गिर कर चूर होने लगे। घड़ी और पहर बीतते ही अहीर आगे आकर खड़ा हो गया। इनरावत हाथी अहीर की ओर बढ़ने लगा। जाकर लोरिक के ऊपर उसने अपना सूंड़ रख दिया और उसे आकाश की ओर झटक दिया। मां दुर्गा धन्य हैं, उन्होंने लोरिक को आँचल में लोक लिया। हथिनियों को ज़मीन पर गिरा दिया। उनका ताप बढ़ गया। उनकी आँखों पर पर्दा पड़ गया। वे नशे में चूर थीं। हथिनियों का दल वहाँ से भागा तथा सोन नदी की धारा में कूद गया। आगे आगे इनरावत हाथी तथा पीछे सात हथिनियाँ थीं। अब लोरिक का हाल देखिये। वह वहाँ से उछलते हुए किले के पास जाकर बैठ गया। वह मौके की तलाश करने लगा। इसी बीच इनरावत हाथी की गर्दन चमक उठी।

तब दुर्गा ने कहा—ऐ प्रिय लोरिक, ऐ बटुक (उपासक) तुम मेरी बात मानो हाथी प्राणों का थोड़ा ही स्पंदन शेष है। तुम तलवार चलाओ और हाथी को दो खंडों में विभाजित कर दो। लोरिक नदी के तट पर बैठा हुआ था तब तक इनरावत हाथी का सिर चमका। अहीर लोरिक ने बिजली की तलवार खींची। उसके चार अंगुल बाहर होते ही आकाश में आवाज गूंजने लगी। नीचे दावानल फैल गया। पोरसे भर से ऊपर लहर चमक उठी। हाथी की पलकें घूम गयीं। खड्ग उसकी गर्दन पर जा लगी। गर्दन आगे जाकर गिर पड़ी हाथी अभी खड़ा रह गया। तब अहीर वहाँ से उठ कर नदी के किनारे कूद गया तथा हाथी की पीठ पर सवार हो गया। उसकी पीठ पर तलवार चलाने लगा। उसी समय राजा मोलागत ने उसे देखा। वहाँ सेना बिलख रही थी। मोलागत ने कहा—हे देव, हे नारायण, हे ब्रह्मा तुमने मेरे मस्तक में क्या लिख दिया है। अहीर इतने दिनों तक जीर पर रहा। एक इनरावत हाथी से आशा थी उसको भी किले और महल में अहीर ने मार डाला उसकी गर्दन धरती पर गिर पड़ी। उसके शरीर पर वह तलवार भांज रहा है।

अब वहाँ का हाल सुनिये। राजा मोलागत चांदनी पर अपना सिर पटक रहे थे। कह रहे थे मुझसे अगोरी का राज्य छोड़ा नहीं जा रहा है और न मंजरी ही मुझसे छूट रही है। हमने छोटी सी चिड़िया को जिलाया था। उसे भिगोकर चने की दाल दी थी। यह साला कहाँ का परदेशी चढ़ आया। यह मेरी चिड़िया को उड़ाये लिये जा रहा है। ऐसा कोई वीर नहीं है जो अहीर को खेत पर पटक कर मारता। किले में डोली को लाता तथा मैं मंजरी के साथ रनिवास भोग करता। विचार-विमर्श होने लगा। चुगली करने वालों ने उसके दिमाग में यह बात बैठा दी। ऐ राजा, ऐ महाराजा सुनिये। यहाँ हमारी बात मानिये। अहीर इस

प्रकार मारने से नहीं मरेगा न तो वह अग्नि में जल सकेगा। आप कोरा कागज मंगाइये, पत्र लिखिये तथा संदेश वाहकों से कोट-भदोखरी गांव भेजिये। आपका भांजा निरम्मल वहाँ का राजा है। यदि वह आता तो अहीर को मार देता और सारे दिनों का झगड़ा समाप्त हो जाता। राजा ने हाथ में कलम और दावात ली। पहले कुशल-मंगल लिखा फिर दुख का समाचार लिखा। अगोरी का राज्य उजड़ गया है, यहाँ संघर्ष छिड़ गया है। अगोरी का सारा धन अहीर (लोरिक) ने लूट लिया है। अगोरी की स्त्रियां बिना पुरुष के गली-गली में मारी-मारी फिर रही हैं। इतना लिखने के बाद मोलागत ने लिखा कि ऐ भैने, यदि तुम क्षत्रिय हो तो हे अमर, तुम ठहर पर का भोजन छोंड़ देना और अगोरी में आकर हाथ धोना। अन्न खाना गऊ के बराबर है तथा पानी पीना रुधिर पीने के बराबर है। अगोरी में आये बिना अन्न खाना तुम्हारे लिए हराम है। ऐसा लिखकर मोलागत ने धावन को पत्र देकर दौड़ा दिया। धावन ने पश्चिम का रास्ता लिया। वह रात दिन दौड़ता रहा। उसने कहीं पड़ाव नहीं डाला। भदोखरी गांव पहुँच कर उसने निरम्मल का घर पूछा। लोगों ने धावन को निरम्मल का घर बताया। धावन वहाँ पहुँच गया। निरम्मल प्रातः काल ही गौना कराकर आया था तथा स्वयं अखाड़े में गया था। धावन ने दरवाजे से निरम्मल को पुकारा। महल से एक बुढ़िया निकली। वह निरम्मल की मां थी। हाथ में सोने की छड़ी लेकर टेकती हुई वह बाहर निकली। उसने धावन से नम्रता-पूर्वक पूछा—भैया, तुम्हारा वतन कहाँ है ? तुम्हारा मूल-स्थान कहां है। ऐ परदेशी तुमने कहाँ से चढ़ाई की है। तुम निरम्मल, निरम्मल क्यों चिल्ला रहे हो। तुम्हारा मेरे बेटे से कैसे परिचय हुआ ? तब धावन ने कहा—मेरा वतन अगोरी में है। वही हमारा मूल स्थान है। मैंने कोट की चढ़ाई की है। यहाँ कोट भदोखरी में निरम्मल को पूछते हुए आया हूं। वे राजा कौन हैं ? तब बुढ़िया ने कहा—भइया अभी गौना कराकर आये हैं। दुलहिन को कोहबर में बैठा दिया है तथा मुझे अभिवादन कर स्वयं अखाड़ा भाग गये हैं। भइया धावन, तुम अखाड़े में चले जाओ। वहीं मेरा बेटा अखाड़े में लड़ रहा है। धावन वहाँ से चला—अखाड़े मे पहुँचा। वहाँ मां के एक-एक लाड़ले थे। एक से एक सुन्दर सरदार थे। वे जोड़-तोड़ के थे। निरम्मल की पहचान नहीं हो सकी। धावन घर लौट आया जहाँ निरम्मल की मां बैठी हुई थी। कहा—माता अखाड़े पर एक से एक लाल हैं। उनमें निरम्मल की पहचान कठिन है। मैं कैसे जानूं कि सरदार निरम्मल कौन है ? बुढ़िया ने कहा—

भावार्थ—(४२०१—४५००)

मेरा बेटा ऐसा वैसा नहीं है। वह देव का लाल (दैवी पुरुष) है। अभी उसने गौना कराया है। उसके मस्तक पर प्रखर तिलक है। अखाड़े में उसकी आंखों में काजल और सूरमा लगा हुआ होगा। निरम्मल की मां ने धावन से कहा—कि उसकी आँख में काजल तथा सूरमा लगा होगा। जब वह ओट में ताल ठोकेगा तो ऐसा प्रतीत होगा जैसे भादों में दैव घहरा रहा हो। धावन लौटकर फिर अखाड़े पर

चला गया। अखाड़े में दो जोड़ों की लड़ाई हो रही थी। राजा निरम्मल ने उस समय ऐसा दाव मारा कि उसका जोड़ अखाड़े में भहराकर गिर गया। वीर निरम्मल वहाँ से ओट में जाकर ताल ठोकने लगा। ओठ घहराने लगा। धावन दौड़कर वहाँ पहुँच गया। तथा निरम्मल के हाथ में पत्र दे दिया। झुक कर धावन ने उन्हें प्रणाम किया। निरम्मल ने उन्हें आशीर्वाद दिया। भइया पूर्ण रूप से अमर रहो। तुम लाख वर्ष जीवित रहो। जैसे गंगा का जल बढ़ता है वैसे ही तुम्हारी आयु बढ़े। तुम्हारा वतन कहाँ है ? तुम्हारा मूल-स्थान कहाँ है ? ऐ परदेशी, तुमने कहाँ चढ़ाई की है। किसको खोजते इस अखाड़े पर चले आये। धावन ने कहा—अगोरी मेरा वतन है। अगोरी ही मेरा मूल-स्थान है। मैंने कोट की चढ़ाई की है। मैं निरम्मल सरदार की खोज में हूँ। अगोरी से पत्र आया है वह पत्र मैं उनको दूँगा। राजा निरम्मल ने अपने हाथ पत्र लिया वहाँ से घर आया। वह पत्र पढ़ने लगा। अगोरी उजड़ चुकी है। वहाँ संघर्ष छिड़ गया है। स्त्रियाँ वहाँ बिना पुरुष के गली-गली मारे-मारे फिर रही हैं। अगोरी में कोई रास्ता रह नहीं गया है। भैने यदि तुम जाति के क्षत्रिय हो तो पत्र देखते ही घोड़ा कस देना। पत्र में यह भी लिखा था कि पत्र देखते ही अन्न को गाय खाने के बराबर समझना। पानी पीने को रुधिर पीने के बराबर समझना। भैने अगोरी आकर ही तुम जल ग्रहण करना। निरम्मल पत्र पढ़ते-पढ़ते किले में प्रविष्ट हुए। उन्होंने झटपट अपनी पवनी घोड़ी को कसा तथा बाहर निकाल कर बांध दिया। स्वयं कमरे में प्रवेश कर गये। अगरखा पहना। पैर में 'त्योरी' और 'तमाम' चढ़ा लिया, दिल्ली साही जूता पहना। अस्त्र-शस्त्रों के स्थान पर गये जहाँ उनकी सांग गड़ी हुई थी। जिस समय निरम्मल ने सांग उठायी। उस समय पृथ्वी में भूकम्प आ गया। कोट के सब लोग भयभीत हो उठे। लोग कहने लगे—राजा निरम्मल अमर है। उसने अपनी अमर सांग उठा ली है जिससे पृथ्वी में भूकम्प आ गया है। किसकी मृत्यु निकट आ गयी है ? आज वीर ने आक्रमण की तैयारी कर ली है। निरम्मल द्वार पर आये। फिर नम्रतापूर्वक बोले—लड़की, कल ही तो तुम्हारा गौना सम्पन्न हुआ है। पत्नी ने आंगन से निकल कर पवनी घोड़ी की लगाम पकड़ लिया। वह रानी जयकुंडल धरती पर मस्तक पीटने लगी तथा पति निरम्मल से कहने लगी ऐ मेरे मालिक सुनो। ऐ राजा तुमने गाड़ी हुई सांग हाथ में ग्रहण कर ली है। आज किसकी मृत्यु निकट आयी है ? राजा दइयवा की लड़की जो सदैव घर के भीतर रही थी, द्वार पर चली आयी। पवनी घोड़ी का लगाम पकड़ा और कहने लगी—स्वामी, मेरी बात मानिये। मुझे यहाँ लाकर तूने खूंटे में बछिया की तरह बांध दिया। स्वयं रण में चले जा रहे हो। मुझे कष्ट क्यों दे रहे हो ? मैं कोट के गाँव में कैसे रहूँगी ? तब राजा निरम्मल बोले—विवाहिता तुम मेरी बात मानो। तुम कोट भदोखरी में रहो। मैं अगोरी जा रहा हूँ। जब तक वहाँ झगड़ा तय नहीं हो जाता तब तक मैं घर लौट कर वापस नहीं आऊँगा।

अब वहाँ का हाल सुनिये । रानी जयकुंडल ने घोड़े का लगाम नहीं छोड़ा । वह रो-रोकर कहने लगी । सैंया, तुम मेरे हाथ की दो कौर खिचड़ी खा लो। निरम्मल ने कहा—'विवाहिता, मेरी बात सुनो । मामा मेरे शत्रु हो गये हैं । अपने पत्र में उन्होंने शपथ दिलायी है कि मैं अन्न नहीं ग्रहण करूँ ।' मेरे लिए अन्न हराम' है । पत्र में लिखी बात को मैं कैसे टाल सकता हूँ ? मैं तुम्हारी खिचड़ी कैसे खा सकता हूँ ? जयकुंडल रो रही थी और कह रही थी कि तुमने मुझे कष्ट में क्यों डाला ? राजा निरम्मल ने कहा मैं तुम्हें भविष्य की सारी सूचनाएँ दूँगा । वह कुम्हार के घर गये । वहाँ से एक कच्चा घड़ा उठा लिया । कच्चा सूत लाये तथा उसे पत्नी के हाथ में बांध दिया । कहा - ऐ मेरी विवाहिता,—तुम रोज़ प्रात: काल उठना तथा कूद फांद कर कुंए पर जाना । जब तक मैं जीवित रहूँगा तुम कुएँ का जल खींच कर पानी पीओगी । जिस दिन मैं अगोरी में जूझ जाऊँगा उस दिन तुम्हारे हाथ का सूत्र टूट जायगा । पानी छूते ही घड़ा गल जायगा । तब तुम समझ लेना कि मेरा पति युद्ध में मारा गया । निरम्मल ने कहा मैं तुम्हें एक और संकेत देता हूँ । उसने एक बर्तन में 'कल्गेर' गाय का दूध भर दिया । उसमें ऊपर से तुलसी के पत्ते छोड़ दिये । कहा- ऐ विवाहिता, रोज स्नान कर तुम बर्तन खोल कर देखना । जिस दिन तक मैं अगोरी में जीवित रहूँगा उस दिन तक यह तुम्हारा दूध रहेगा, उसमें तुलसी की पत्तियाँ लहलहाती रहेंगी । जिस दिन पत्तियां कुम्हलाने लगें समझना कि कुछ गड़बड़ हो गया है । तब दूध खून के समान हो जायगा तथा तुलसी की पत्तियां कुम्हला जायेंगी । फिर तुम समझ लेना कि सरदार निरम्मल युद्ध में जूझ गया है, मारा गया है । निरम्मल ने लगाम पकड़ी तथा हाथ में हजारी सांग ले ली । घोड़ी का आसन हुआ । वह उड़ी और आकाश छूने लगी । हवा से बातें करने लगी । घड़ी भर में घोड़ी अगोरी पहुँच गयी । वहां सूबा मोलागत की कचहरी लगी हुई थी । घोड़ी वहां जाकर चू गयी । मामा मोलागत उठे तथा पवनी घोड़ी का बल्गा (लगाम) पकड़ लिया । निरम्मल ने झुक कर प्रणाम किया । उन्होंने आशीर्वाद दिया—तुम पूर्ण रूप से अमर रहो । भांजे, लाख साल तक जीयो । तुम्हें सारे संसार की आयु प्राप्त हो । उन्होंने निरम्मल से कहा—अगोरी में संघर्ष छिड़ गया है । स्त्रियां बिना पुरुष के हो गयी हैं तथा गली-गली में अनाथ घूम रही हैं । जब निरम्मल ने सब कुछ देखा तो उसने दांतों तले अंगुली दबायी । राजा मोलागत ने उनसे कहा—भैने, तुम मेरी बात सुनो । पान का बीड़ा लगा हुआ है । मुख मे बीड़ा रख लो । खेत पर शत्रु बैठा हुआ है । उसे पटक कर मार डालो । भैने तुम मंजरी की डोली लाओ ताकि मैं उसके साथ रनिवास भोग करूँ । जब मोलागत ने इतनी बात कही तो निरम्मल ने पान का लगा हुआ बीड़ा मुंह में रख लिया । कन्धे पर उन्होंने हजारी सांग रख ली तथा सीढ़ी से नीचे उतरने लगे । बायीं ओर सुइया चिड़िया बोलने लगी । निरम्मल को तब शंका होने लगी । तब उसने कहा—हे दैव, हे नारायण, हे ब्रह्मा आपने ललाट

में क्या लिख दिया। जिस समय राजा निरम्मल आगे बड़े तथा किले के उत्तर गये, सुइया बायें हाथ की ओर बोलने लगी। उसे शंका हुई कि मैंने घर में विवाहिता की बात टाल दी। बड़ा खराब आगम (भविष्य) दिखाई पड़ता है। सूबा को खटका पैदा हो गया। वह किले के बाहर गया तो लोरिक पालकी की रखवाली कर रहा था। लोरिक की नज़र उस पर पड़ी। कहा—विवाहिता तुम मेरी बात सुनो। किले से एक पुरुष आ रहा है। वह हमारा शत्रु है। मंजरी ने रेशमी पर्दा उलट दिया। पंचरंगा पर्दा ढक दिया। वह गर्दन निकाल कर सरदार निरम्मल को देखने लगी। लोरिक से कहने लगी—ऐ मेरे स्वामी, ऐ सुखनन्दन, ऐ मेरे सिर के मुकुट, अभी तक किसी न किसी प्रकार ज़िन्दगी बची रही। अब तुम्हारी जान नहीं बचेगी। यह अमर सूबा निरम्मल है। इसके जोड़ का व्यक्ति खोजने पर भी नहीं मिलेगा। उसकी मृत्यु नहीं लिखी है। ब्रह्मा से उसने मृत्यु का भय दूर करा लिया है। इसी बीच निरम्मल लोरिक के पास आ गया। लोरिक ने उसे प्रणाम किया। अमर निरम्मल ने उसे आशीर्वाद दिया। तुम पूर्ण रूप से अमर रहो। लाख साल तक जीयो। सारे संसार की आयु तुम्हारी जांघ और शरीर में लगे।

अब वहां का हाल देखिये। निरम्मल ने कहा—मामा पगला गये हैं। इन्हें तरुण युवती का ख्याल सता रहा है। उसने लोरिक से कहा—तुम डोली छोड़ दो। मैं मंजरी को ले जाऊँ। रनिवास भोग करें। वीर लोरिक ने कहा—निरम्मल मेरी बात मानो—मैंने चोरी नहीं की है न तो अगोरी में मैंने सेंध मारी है। अपनी गांठ की पूंजी लगाकर ग्वाल जाति में शादी की है। इसमें राजा की क्या क्षति हुई है ? उन्होंने पहले ही झगड़ा शुरू कर दिया। अहीर की बात सुन कर निरम्मल ने समझा कि अहीर उचित बात कह रहा है। सचमुच अहीर का कोई कसूर नहीं है। सभी कसूर मामा का है। मामा अगोरी के राजा हैं, प्रजा यदि शादी करती है तो उनकी रसद क्या घटती है ? किले पर वह बैठे रहते। उनकी प्रतिष्ठा बची रहती। अहीर की बारात आ जाती मामा हाथी घोड़ा सजा कर मिलान कर लेते। मामा, तुम विपत्ति में कैसे पड़ते ? तुम लोरिक को पत्र लिख कर भेज देते। लोरिक अपने घर खाता, अगोरी में आकर हाथ धोता। अहीर जहां-जहां जाता मामा की बड़ाई करता। निरम्मल ऐसा सोचते हुए वहां खड़ा था। कह रहा था कि अहीर का कोई अपराध नहीं है। मामा का क्या नुकसान हुआ है। लोरिक ने अपनी जाति में शादी की है, फिर उसने रुपया खर्च किया है। वह अपना गौना ले जा रहा है। मामा को झगड़ा करने की क्या पड़ी थी। सभी कसूर मामा का है।

भावार्थ—(४५०१—४८००)

निरम्मल कन्धे पर सांग धारण किये हुए खड़ा था। वह चांदनी पर लौट गया तथा मामा मोलागत से बातचीत करने लगा। मामा, क्या कहूँ और क्या नही कहूँ। मुझसे कहा नही जाता।

अब वहां का हाल सुनिये। निरम्मल ने कहा—ऐ मामा, तुमने अहीर से

बेकार झगड़ा मोल ले लिया। झगड़े का क्या प्रयोजन था। तुमने अपना राज्य उजड़वा दिया। स्त्रियाँ बिना पुरुष के अगोरी में मारे-मारे फिर रही हैं। मामा यदि आप समझते कि महर तुम्हारी प्रजा है तो वह शान-शौकत से विवाह करता। यदि उसकी रसद कम हो जाती तो तुम रसद उसको किले में पहुँचवा देते। गउरा के लोग खाते और तुम्हारी बड़ाई करते। ऐ मामा, तुम पसीना गिराते तो लोरिक अपना खून तुम्हारे लिये बहाता। राजा मोलागत ने यह बात सुनी तो जल कर राख हो गया। ऐ भांजे, तुम क्षत्रिय के घर व्यर्थ उत्पन्न हुए। तुमने खेत पर मेरे दुश्मन को छोड़ दिया। तुसने वंश डुबा दिया। आज तुमने क्षत्रिय होकर अहीर का पक्ष लिया। वह अपने हाथ में तलवार पकड़े हुए है।

मोलागत ने कहा—तुम व्यर्थ क्षत्रिय के घर उत्पन्न हुए। तुम्हें चमार होना चाहिये था। तुम दाँत से कीलों को निकालते। दुकान की रखवाली करते बैठे रहते। तुमने क्षत्रिय होकर मेरा पक्ष नहीं लिया, इसीलिए अहीर तलवार ग्रहण किये हुए है। निरम्मल ने जब यह बात सुनी तो उसकी आँखों से आसुओं की धारा बह निकली। मामा, अपने घर बुला कर तुम मुझे गोली मार रहे हो। मैंने घर पर अपनी विवाहिता का कहना टाल दिया। रोकर निरम्मल ने हजारी सांग उठा ली। उसे कंधे पर रख कर वह अगोरी लौट चला जहाँ पर अहीर बैठा हुआ था। वह अपनी पल्थी पर तलवार रखे हुए था। राजा निरम्मल सीधे अहीर के पास पहुँचा। और कहा—ऐ लोरिक, तुम मेरा कहना मानो। मेरा बूढ़ा मामा—विचलित हो गया है। उसको तरुण स्त्री की चिन्ता सवार है। तुम मंजरी की डोली छोड़ दो। मैं उसे किले में रनिवास भोगने के लिए ले जाऊँगा। तब लोरिक ने निरम्मल से कहा—देखो, मैंने चोरी नहीं की है और न तो मैंने यहाँ सेंध ही मारी है। अपनी गांठ से धन लगा कर मैं अपनी जाति और कबीले में विवाह किया है। इसमें सूबा मोलागत का कोई नुकसान नहीं हुआ है। उन्होंने झगड़ा व्यर्थ में लगा दिया है। मेरा कोई अपराध नहीं है। सारा कसूर तुम्हारे मामा का है। निरम्मल ने कहा कि मंजरी को छोड़ दो। वह किले में जा कर रनिवास भोग करेगी। इस पर बीर लोरिक क्रुद्ध हुआ। वह जल कर खाक हो गया। कहा—यदि तुम्हें मामा का बहुत मोह है तो अपनी बहन और बिटिया निकाल लाओ तथा किले में उसे चढ़ा ले जाओ वे सब रनिवास का भोग करेंगी। लोरिक की बात सुन कर क्षत्रिय क्रोध में जल उठा। बातों बातों में झगड़ा शुरू हो गया। दोनों खेतार पर पैंतरेबाजी करने लगे। भादों में जैसे भैंसे आवाज करते हैं वैसे ही वहाँ कोलाहल शुरू हो गया। दोनों एक दूसरे पर आक्रमण करने के लिए उतारू हो गये। वीर लोरिक ने कहा—ऐ निरम्मल तुम मेरी बात मानो। मैं पहले चोट नहीं करूँगा मेरे गुरु की शपथ है। पहले वार करना मेरे लिए अपराध है। अब क्षत्रिय का तमाशा देखिये। उसने हजारी सांग खींची तथा अहीर लोरिक पर लक्ष्य साध कर मारा।

भगवती धन्य हैं, दुर्गा जो आदि काल से ही पूज्य हैं, अहीर को लेकर आकाश

में कूद गयीं । हजारी सांग गिर कर निरस्त हो गयी । अहीर आकर आगे खड़ा हो गया । सूबा नजर उठाकर उसे देखने लगा । उसने दूसरी बार हमला किया । अहीर के पेट में लक्ष्य कर प्रहार किया पर बीर लोरिक दाव खेल गया । वह बायें से तिरछा हो गया । हजारी साँग फिर गिर गयो । सूबा निरम्मल झंखने लगा, वह दाँतों तले अंगुली काटने लगा । कहने लगा —हे देव, हे नारायण, हे ब्रह्मा तुमने तकदीर में क्या लिख दिया ? मेरे दो आक्रमण निष्फल हो गए । अब तो दैव ही मेरा बेड़ा पार करेंगे । हे मनियाँ भगवती, आप मेरी नज़र पर सवार होइये । भगवती वहाँ प्रकट हुईं । सूबा की नज़र पर बैठ गयीं । जब उसने क्रोधपूर्वक देखा तो सामने माँ दुर्गा खड़ी थीं । वह दुर्गा रत्नजटित घाघरा पहने हुए थीं तथा लोरिक की बाँह पर नाच रही थीं । तब वीर निरम्मल ने कहा —'ऐ अहीर, मैं क्या कहूँ और क्या न कहूँ ? मुझसे कुछ कहा नहीं जाता । भाई देवो दुर्गा प्रकट हो गई है नहीं तो मैं तेरा पुरुषत्व देखता ।' अब अहीर के मन में विकार उत्पन्न हो गया । उसने ओछी बाते शुरू कर दीं । यदि मेरी जाँघ में शक्ति होगी । यदि मेरी भुजाओं में पौरुष होगा तो बिना भगवती की सहायता के मैं खेत पर तुम्हारा पौरुष देखूँगा ।

दुर्गा ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने उसका साथ छोड़ दिया । इधर निरम्मल ने हजारी साँग खीची तथा अहीर को लक्ष्य साध कर मारा । अहीर ने उसे अपने ओड़न से संभाला । ओड़न गिर पड़ा । अहीर के कंधे में दर्द प्रवेश कर गया, आँख के सामने पीलापन छा गया । अहीर खड़े-खड़े गिर पडा । उसके प्राण निकल गये । वह खड्ग पर लुढक गया । राजा निरम्मल वहाँ से चलने लगा । किले का रास्ता पकड़ा ।

अब दुर्गा का हाल सुनिये । भवानी वहा से उठी । पालकी के पास जाकर खड़ी हो गयी । कहने लगी-- मंजरी सुनो । मेरी बात मानो । अहीर की लाश बिगड़ने न पावे । इसकी रखवाली करो । दिन में इसको कौवे या कुत्ते नही देखने पावें । रात में दुम कटे हुए सियार इसको देखने न पावें । मैं पंडित के पास ठीक समय विचरवाने के लिए जा रही हूँ । अगोरी का सूबा इसे ले जाने के लिए आएगा । पालकी यही रह जाएगी क्योंकि यहाँ भद्रा होगा । देवी वहाँ से उड़ी तथा मोहनी पंडित के घर गयीं ।

अब इधर का हाल सुनिये । निरम्मल अगोरी की चाँदनी पर चढ़ता चला जा रहा है । जाकर उसने मामा से हाथ मिलाया तथा सारी बातें समझाकर कही । अगोरी के सूबा मोलागत के सिपाही छूटे । नौकर-चाकर पंडित के दरबार में पहुँचे । राजा ने आज्ञा दी थी —जाकर पडित को पुकारो और कहो कि मोहनी पंडित पोथी पत्रा साथ लेकर आवें और बतावें की मंजरी के लिए कब की सायत है ।

सुमिरन-- [गायक यहाँ राम का नाम स्मरण कर रहा है और कह रहा है—तुम राम का गुण गान करो । जिन्होंने राम का नाम

स्मरण किया तथा तुम्हारा नाम भजा उसका क्षण में दुख का भार हल्का हो जायगा।]

अब वहाँ का हाल सुनिए। मोहनी पडित राजा मोलागत के दरबार मे चले आए। मुहूर्त देखा। शुभ घडी नही मिली। देवी ने भद्रा डाल दिया है। तीन दिन तीन रात तक कोई सायत नही है। चौथे दिन दस बजे दिन चढने शुभ घड़ी होगी। उसी समय मजरी की डोली उठेगी। इधर मजरी लोरिक की लाश की देख-भाल कर रही है। दिन मे वह कौवे तथा सियार हाँक रही है तथा रात मे पूँछ कटे सियारो को देख रही है। दुर्गा स्वय इन्द्रासन चली गयी। सोने चाँदी का इन्द्रासन बना हुआ था। उसको दुर्गा ने फूंक दिया। कोयला और राख होकर इन्द्रासन गिरने लगा। ब्रह्मा का भगवा जलने लगा। ब्रह्माइन के रेशमी वस्त्र जलने लगे। देवी दुर्गा ने नीम के पेड पर हिंडोला डाल दिया तथा झूल झूलकर मौज म गीत गाने लगी। वहाँ ब्रह्मा और ब्रह्मानी पधारी। ब्रह्मानी (ब्रह्माइन) ने कहा— ननद देखा, यह तुम्हारे भाई हैं। तुम अपनी लपटो को बटोर लो। तब भगवती बोल उठी। हम लोग सात बहिने थी। ब्रह्मा ने हम सबको मृत्यु लोक मे उतार दिया। मुझे एक अहीर बटुक (उपासक) के रूप म मिला। वह उपासक खेत पर लडकर मर गया है। उस मरे उपासक को तुम अमर कर दो। तब मै अपनी लहर बटोरूँगी।

ब्रह्माइन ने कहा—ननद मेरी बात मानो। मे निरम्मल की आयु घटवाऊँगी। तुम्हारे उपासक लोरिक के हाथ मे आयु मै बढवा दूँगी पर तुम अपनी लहर बटोरो। देवी भगवती, फिर ब्रह्मा की कचहरी मे गयी। ब्रह्मा ने मृत्यु का लेखा जोखा लिया तो निरम्मल की मृत्यु नही लिखी थी। सर्वत्र ढूँढा पर उसकी मृत्यु का लेख कही दिखाई नही पडा। उन्होने दुर्गा से कहा—तुम्हारा लोरिक उठेगा। उसका मस्तक छै बार कटेगा। छै बार उसका सिर तीर्थयात्रा करेगा तथा लाश पतरा बदलेगी। सातवी बार जब लोरिक की गर्दन कटेगी तब इन्द्रपुरी मे आयेगी। उसकी गर्दन से जितनी खून की बूदे गिरगी उतने निरम्मल तैयार हो जाएँगे। तब एक दो लोरिक क्या पचास लोरिक भी लग जाएँगे तो निरम्मल मारा नही जा सकेगा। अब दुर्गा वहाँ से जीर-खेतार पर आ गयी। मजरी से दुर्गा ने कहा—तुम मेरी बात सुनो। इस बात को या तो तुम जानोगी या मे जानूगी। लोरिक इस रहस्य को जानने न पाये। उन्होने कानी अगुली काटकर लोरिक के शरीर पर छिडका। अहीर तब अगडाई लेकर उठा। नम्रतापूर्वक बोला - ऐ देवी दुर्गा सुनिए।

भावार्थ--(४८०१--५१००)

मुझे ऐसी नीद आ गयी थी कि इस जीर-खेतार पर मैं गाडी निन्द्रा में सो गया। तब मइया दुर्गा ने कहा—ऐ बटुक (उपासक) तुम ऐसी नीद मे सोये थे कि तुम्हारा शत्रु ही वैसी नीद सोये। अब वहाँ का हाल सुनिए। पण्डित का पत्रा आया, तथा डोले का मुहूर्त निकट आया। सूबा वहाँ बैठकर मुहूर्त की स्थिति देख रहे थे। उन्होने मोहनियाँ पण्डित से पूछा कि विवाहिता की सायत कितने दिनो मे निकलेगी

तुम मुझे इसके बारे में बाताओ। पंडित ने कहा तीन दिन और तीन रात तक भद्रा है जब चौथे दिन में सात घड़ी चढ़ जाय तब मंजरी के लिए शुभ मुहूर्त निकलेगा। शुभ घडी आ गयी। बत्तीस कहार डोला लेकर चले। सूबा मोलागत ने हाथी का हौदा कसवा लिया तथा दस पाँच आदमियों को साथ लेकर जीर तथा खेतार पर चले। डोली कुछ दूरी पर थी। वहाँ लोरिक को बैठे हुए देखकर राजा मोलागत भयभीत हो गया। महावत से कहा—हाथी को भाला पेल दो। मैं किले और अपने भवन में भागूंगा। मेरा भैने मेरा शत्रु हो गया है। उसने मेरा प्राण ले लिया। मुझसे उसने कहा कि मैंने शत्रु को खेत पर मार दिया है, मैं जाकर मंजरी की डांड़ी उठवा लाऊँ। यहाँ तो अहीर बैठकर डोली की रखवाली कर रहा है! किसी की मौत निकट आ गयी है। हाथी किले के आँगन में चला आया। मोलागत हाथी से उतरा तथा चाँदनी पर गया। वहाँ उसका भैने निरम्मल बैठा हुआ था। मोलागत रो रो कर कहने लगा—भैने मैं तुम्हारा कब का दुश्मन हूँ। आज तो तुम मेरी जान ही मरवा देते। तुमने मुझसे कहा कि मैंने दुश्मन को खेत पर मार डाला है। वह तो बैठकर डोली की रखवाली कर रहा है। राजा निरम्मल ने जब यह बात सुनी तो वह दाँतों तले अंगुली दबाने लगा—हे दैव, हे नारायण, हे ब्रह्मा तुमने मेरे ललाट में क्या लिख दिया? मैंने घर पर विवाहिता का कहना टाल दिया। यह कैसी मृत्यु दिखाई पड़ रही है? मरा हुआ मुर्दा उठकर बैठ गया है। बुरा दिन निकट आ गया है। पुनः वीर ने हजारी साँग ली और वह किले की सीढ़ी से नीचे उतर गया, सीधे खेत की ओर भागा।

इधर वीर लोरिक ने मंजरी से कहा—मेरी विवाहिता, तुम मेरी बात सुनो। यह निरम्मल जो पहले आया था, वह फिर यहाँ आ रहा है। लोरिक ने उससे कहा—संगी, तुम खेत पर आ जाओ। मैंने तुम्हारे तीन आक्रमण संभाले हैं। मैंने तुम्हारी चोटें सह ली हैं। संगी, अब तुम मेरा आक्रमण संभालो। अब कचाकच तलवारें चलेंगी। वीर लोरिक उठा और निरम्मल को ललकारने लगा संगी, 'अवसर आया, अवसर आया' तुम इस प्रकार ललकार रहे थे। मैंने तुम्हारा आक्रमण बर्दाश्त कर लिया अब तुम मेरा आक्रमण बर्दाश्त करो। उसने म्यान को फेंक दिया और दस्तगी तलवार निकाली। चार अंगुल बाहर होते ही उसकी आवाज़ आसमान मे जाने लगी। धरती पर दावानल फैल गया। पोरसे भर ऊपर लहर फैल गयी। निरम्मल की पलकें घूम गयीं। लोरिक की तलवार उसकी गर्दन में घुस गयी। निरम्मल की गर्दन उड़ कर बदरी आश्रम चलीं गयी फिर समुद्र में जाकर गोते लगाने लगी। सभी देवताओं से भेंट कर गर्दन उड़ी और अगोरी में आकर निरम्मल के धड़ पर बैठ गयो। लोरिक ने फिर उसकी गर्दन काटी। गर्दन ठाकुर द्वारा गयी, देवताओं से भेंटकर उसने फिर समुद्र में गोता लगाया और अगोरी आ गयी। अहीर जमकर कूदा। तीसरी बार कटी हुई गर्दन फिर उड़ी। वह काशी विश्वेश्वर में गयी। गंगा में गोता लगाया देवताओं से भेंट कर गर्दन फिर निरम्मल के धड़ पर बैठ गयी।

अहीर ने कूदकर फिर हमला किया। इस बार गर्दन निकल कर गया में चली गयी फिर गंगा में गोता मारा, देवताओं से भेंट की, और वापस आ गयी। इधर निरम्मल का धड़ पैंतरा करने लगा और गर्दन से जुड़ गया। लोरिक ने पाँचवीं बार चोट की। इस बार गर्दन उड़ कर इन्द्रपुरी में आ गयी जहाँ ब्रह्मा का दरबार लगा हुआ है। गर्दन ने ब्रह्मा से कहा- तुमने कल ही मुझे अमर बनाकर भेजा। आज तुमने यह मेरी क्या दशा कर दी ? ब्रह्मा ने अपना मुँह फेर लिया। गर्दन भी उधर चली गयी। पूछा—तुमने मेरे भाग्य में विपत्ति क्यों लिख दी ? ब्रह्मा ने नम्रता पूर्वक कहा—ऐ निरम्मल की गर्दन, तुम सुनो। एक बार फिर जाओ। इस बार खून की जितनी बूंदें धरती पर गिरेंगी। उतने ही निरम्मल तैयार हो जायेंगे। तब एक दो क्या। पूरे पचास लोरिक भी लग जायं तब भी तुम मारे नही जा सकोगे। निरम्मल की गर्दन उड़कर वापस आ गयी तथा गर्दन पर बैठ गयी। अहीर छलांग मार कर कूदा और गर्दन पर चोट की। गर्दन स्वर्ग में उड़ गयी। दुर्गा धन्य हैं। उसी समय उन्होंने लोरिक को डाटा। कहा - सुनो मेरे उपासक, प्रिय लोरिक। इस बार निरम्मल की गर्दन इन्द्रासन में चली जायगी तो तुम्हारी खबर ले लेगी। तब लोरिक ने उछल कर निरम्मल की गर्दन पकड़ ली और उसे धरती पर गिरा दिया। इधर लाश कुछ ही घड़ी में धरती पर भहरा कर गिर पड़ी। निरम्मल की लाश ने एक बीघा ज़मीन घेर लिया।

निरम्मल द्वारा दिये गये संकेत

इधर उसकी पत्नी जयकुण्डल को अशुभ के संकेत मिलने लगे। कच्चा घडा टूट गया था। उसको लेकर वह कुएं में फांद गयी। उसका सूत टूक-टूक हो गया था। पानी चूते-चूते घड़ा गल गया। तब वह गवाक्ष की ओर दौड़कर गयी। दूध का डिब्बा खोल कर देखा तो वह खून के समान हो गया था। तुलसी का वृक्ष कुम्हला चुका था। जयकुण्डल खड़ी-खड़ी धरती पर गिर पड़ी। धरती पर वह सिर पटकने लगी। हे सास, हे अम्मा, मेरी बात सुनिये। आप अपना धन और पूंजी संभालिये। अपना किला और भवन देखिये। मेरे स्वामी अगोरी में युद्ध में जूझ चुके हैं (मर चुके हैं)। मैं भी अगोरी जा रही हूँ। मैं स्वामी की लाश खोजूंगी और उसे लेकर सती हो जाऊँगी। हर दिन की मुसीबत समाप्त हो जायगी।

अब रानी का हाल सुनिये। वह अस्तबल में गयी। विलायती घोड़े को खोल दिया तथा उसका जीन कस कर मुंह में लगाम लगा दिया। अपना सामान लिया। चुन-चुन कर धोतियाँ ली और फांद कर घोड़ी पर सवार हो गयी। जैसे ही वह घोड़ी पर बैठी, घोड़ी धरती से उड़ी तथा आसमान छूकर फिर बादल की रेखाओं में उड़ने लगी। जयकुण्डल को हवा खिलाते हुए घड़ी भर के भीतर घोड़ी ज़ोर के खेतार पर चू गयी।

लोरिक वहां बैठा हुआ था। रानी ने घोड़ी को पास बांध दिया तथा स्वयं लोरिक के पास पहुँची। हाथ जोड़ कर कहा—भइया, मेरे पति की लाश कहाँ है ?

मुझे बताओ। मैं लाश लेकर इस अगोरी नगर में सती हो जाऊँगी। तब वीर लोरिक ने कहा—रानी तुम मेरी बात सुनो—इस प्रकार की बात मत कहो। तुम मेरी भावज लगोगी। जयकुण्डल ने कहा—गाँव घर के नाते मैं तुम्हारी बहन या बेटी हूँ। मैं तुम्हारी बहन हूँ। मुझे लाश दे दो। उसे लेकर मैं सती हो जाऊँगी। वीर लोरिक ने कहा—तुम्हारे पति की लाश कैसी है? रानी जयकुण्डल ने रोते हुए कहा मेरे स्वामी ऐसे वैसे नहीं थे। ऐ वीर अहीर मेरे स्वामी दैवी पुरुष थे। मेरे स्वामी की मार को तुम अच्छी तरह पहचानते होगे। तुम्हें उनकी लाश भूलेगी नही। मुझे लाश के बारे में बता दो। तब अहीर वीर लोरिक लाश के पास गया तथा उसकी गर्दन दिखा दी। लाश एक बीघे में गिरी हुई थी। रानी ने धोती की काछ संभाली तथा अपने आंचल में पति का सिर रख लिया। एक हाथ में उसका पैर बटोर दिया एक हाथ उसके पखुरे के नीचे रख दिया। लाश लेकर वह सोन नदी में प्रवेश कर गयी। स्वयं शरीर मल-मल कर उसने स्नान किया फिर निरम्मल के शरीर को नहलाया। उनकी गर्दन को स्नान कराया। फिर खेत के डंडार पर आकर खड़ी हो गयी। लोरिक से कहा—ऐ भइया सुनो। यह जो पेड़ में बेलें लगीं है अपने खडग से टुकड़े-टुकड़े कर दो। इसी समय तुम हमारे लिए चिता सजा दो। लोरिक ने पेड़ के बेलों को काट कर चूर-चूर कर दिया तथा चिता सजा दी। रानी जयकुण्डल ने पल्थी पर लाश रख ली फिर गर्दन पर लाश रखी। ब्रह्मा का ध्यान किया तथा ऊपर आंचल फैला दिया। कहा—ऐ ब्रह्मा, ऐ नारायण आप लोग मेरी बात सुनिये 'यदि मैं एक बाप की बेटी हूँ, यदि एक पुरुष की स्त्री हूँ तो आप लोग आकाश से अग्नि बरसाइये। मैं उनको लेकर यहाँ सती हो जाऊँगी।' जयकुण्डल ने अपने सत को खोला। ब्रह्मा ने अग्नि की वर्षा की। जयकुंडल आंचल खोलकर चिता में प्रवेश कर गयी। सोन नदी के तट पर अग्नि प्रज्ज्वलित हो उठी। दोनों जल कर भस्म हो गये। दोनों ने नया जीवन धारण किया। बायें सती बेर का पेड़ हुई उसके दाहिने निरम्मल हुआ। इस बेर में न कभी फूल लगा न फल।

अब इधर का हाल सुनिये। मोलागत अब रो रहा है। धरती पर सिर पटक रहा है मुझसे अगोरी का राज्य त्यागा नहीं जाता। मंजरी रानी भी मुझसे त्यागी नही जाती। सुग्गी को मैंने नन्हें पन से ही जिलाया। भिगोकर उसे चने की दाल दी। आज न जाने कहाँ का परदेसी चढ़ आया। वह मेरे पक्षी को उड़ाये लिये जा रहा है। यह कह-कह कर मोलागत किले में फूट-फूट कर रो रहा है। मन्त्री ने उन्हें सलाह दी। चुगुली करने वालों ने उन्हें समझाया—हे राजा, हे महाराजा. हमारी बात सुनिये।

भावार्थ—(५१०१—५३१२)

अहीर इस प्रकार मारने से नहीं मरेगा न तो अग्नि की लपट में वह जलेगा। उसको धोखे से बुलवाइये तथा किले के भवन में मरवा डालिये। अब वहाँ का हाल सुनिये। अब अगोरी नगर का हाल देखिये। राजा के मन्त्री का हाल

देखिये। चुगुलखोर (चुगुला) सोनार ने कहा—ऐ राजा, ऐ महाराजा, सुनिये। आप अहीर महर को बुलवाइये वह जीर के खेत पर जाये और लोरिक को समझा कर कहे—'ऐ साधु वीर लोरिक, मंजरी फिर नैहर करने नहीं आयेगी न तो तुम्हीं ससुराल करने आओगे। तुम चल कर सबको प्रणाम कर लो और पांव छू लो।' मन्त्री और चुगुला ने राजा को समझाया कि यह अहीर मारने से नही मरेगा न तो वह अग्नि में जलेगा। तलवार ही उसका 'उठना' है और तलवार ही उसका 'बैठना' है। तलवार ही उसके प्राण का आधार है। उसको आप धोखे से किले में बुलवाइये और यहीं बांध कर पिटवाइये। मन्त्री की यह बात राजा के हृदय में बैठ गयी। राजा ने फौरन हुक्म दिया। सिपाही छूटे और महर के घर गये। कहा—सूबा ने तुम्हें बुलाया है। तुम किले के भवन मे चलो। आगे महर चले। उनके पीछे-पीछे सिपाही चले। महर ने राज दरबार की चांदनी पर पहुँचते ही राजा को झुक कर प्रणाम किया। मोलागत ने महर को आशीर्वाद दिया। फिर कहा—ऐ महर, मैंने तुम्हें इस लिए बुलाया है कि इस अगारी मे कोयला बो दिया गया है। कोई वीर जवान अब बचा नही है। पुरुष से हीन होकर स्त्रियां अगोरी में गली-गली मारी-मारी फिर रही हैं। अब तो मंजरी नहर करने नहीं आयेगी और न तो लोरिक ससुराल करने आयेगा। जाकर उससे कह दो कि तुम्हारी छै ज्येष्ठ बेटियां उसे किले में बुला रही है। वह छवों का छोटा बहनोई है। आकर वह सबका पांव छू जाय, प्रणाम कर जाय। महर वहां से उठा तथा किले से उतर कर जीर पर जाने लगा जहां मर्द वीर लोरिक बैठा हुआ था। उसकी पल्थी पर तलवार रखी हुई थी। उसकी नज़र महर पर पड़ी। उसने नम्रता पूर्वक कहा—ऐ मेरी विवाहिता, ऐ सौभाग्यशालिनी मेरी बात सुनो। आज तुम्हारे पिता किले से सीधे तुम्हारी डोली की ओर आ रहे हैं। मर्द वीर लोरिक खड़ा हो गया। महर ने कहा—भाई, किले पर तुम्हारा बुलावा है। चल कर तुम मेरी बेटियों से भेंट कर लो। अब तो मंजरी यहां नैहर करने नहीं आयेगी और न तो तुम ससुराल करने आओगे। सबका चलकर पैर छू लो। महर के यह कहने पर दोनो वहां से किले मे चले। आगे महर चल रहे थे। पीछे-पीछे लोरिक चल रहा था। जब वे पहली ड्योढ़ी पार कर गये तब दरवाजा बन्द हो गया। दरवाजे में लोहे के दो मूसल और अर्गला लगी हुई थी। जब वे दूसरी ड्योढ़ी से निकले तो वहां बुर्ज पर चार गुण्डे तैयार खड़े थे। जब कोने से छोटी तोपें छूटने लगीं तो दुर्गा प्रकट हो गयी। उपासक के ऊपर अपना आंचल ओढ़ा दिया। लोरिक के शरीर से गोले भहरा कर गिरने लगे जैसे पानी धाराओं में खंडित होकर गिर रहा हो। वीर लोरिक वहां आकुल हो उठा। वह संघर्ष मे उलझ गया। मन में वह सोचने लगा—यदि मैं अकेले अपना प्राण बचाकर भाग जाऊंगा तो कल प्रातः यहां बड़ी निन्दा होगी। मैं ससुर को किले मे लेकर गया तथा किले में उन्हें मरवा दिया। उसने अपने ससुर को कांख में दबाया और आंगन में कूद पड़ा। आंगन से कूद कर वह आकाश में उड़ गया फिर नाले के उस पार खेत पर गिरा जिसका

नाम 'गूदरिया' है । फिर लोरिक ने उठ कर ससुर की धूल झाड़ी और उन्हें वहां से प्रस्थान कराया । स्वयं जीर के खेतार पर डोली के पास गया फिर वहां से अहीर के दरबार में उपस्थित हो गया । वहां पर बत्तीस कहांर वैठाये गये थे । लोरिक ने उनको पुकारा । वे अपना सामान लेकर पालकी के पास उपस्थित हुए । मंजरी की डोली उठी तथा सोनभद्र के तट पर चली आयी । कगार पर झिमला मल्लाह की किश्ती लगी हुई थी । डोली नाव में चढ़ गयी फिर लोरिक उस पर चढ़ गया । झिमला ने खेकर उन्हें पार लगाया । डोली उतर गयी । केवट वहाँ घूमने लगा । तब तक लोरिक नाव से उतरा अपनी जेब में हाथ लगाया तथा उसमें से साठ मुहरों का हार निकाल कर झिमला को दिया । कहा--भाई मैं तुम्हें कुछ ईनाम न दूंगा । यह साठ मुहरों का हार ले लो । यह तुम्हारी खेवाई है । इसको ठीक से देख लो, अब मंजरी की डोली उठी । उत्तर दिशा में उसका प्रस्थान हुआ । कुछ दूर चलने के बाद मंजरी ने लोरिक से कहा—ऐ स्वामी मेरी बात सुनिए । अब हमें यहाँ नैहर नहीं करना है और न तुम्हें यहाँ ससुराल करनी है । अब तुम कुछ सतयुग का चिन्ह छोड़ दो ताकि कलियुग के लोग उसे देखें । मंजरी के यह कहने पर अहीर ने नम्रतापूर्वक कहा— ऐ मेरी विवाहिता, यहाँ कुछ सामान तो दिखाई नहीं पड़ रहा है । मैं अपना चिह्न कहाँ छोड़ूं ! यह पत्थर दिखाई पड़ रहा है । इसी पर तलवार गिर जाय तो अच्छा है । तब सौभाग्यशालिनी मंजरी ने कहा—स्वामी तुम बड़ी चीज कहाँ खोजोगे । खड्ग से इसको ही दो टुकड़े कर दो । लोरिक ने तलवार निकाली । उसके चार अंगुल बाहर होते ही आवाज आकाश में गूंजने लगी । नीचे दावानल छा गया । पोरसे भर से ऊपर लहर फैल गयी । पत्थर पर तलवार गिरी । उसके टुकड़े-टुकड़े होकर गिर पड़े । मंजरी ने कहा—स्वामी मेरी बात सुनिये । पत्थर के टुकड़े-टुकडे होकर बिखर गये हैं । इसमें कौन सा निशान रह जायगा ? कलियुग के लोग क्या देखेंगे ? स्वामी तुम दाहिने हाथ से खड्ग चलाओ तथा बायें हाथ से पत्थर के दोनों हिस्सों को रोक दो । जब दोनों पत्थर जुड़ जायेंगे तब कलियुग के लोग उसे देखेंगे । लोरिक ने अपनी दूधारी तलवार निकाली तथा पत्थर के बीच में आघात किया, बायें हाथ से दोनों टुकड़ों को पकड़ लिया तथा दाहिने हाथ से उनमें एक छोटा पत्थर डाल दिया । फिर पालकी से महर की बिटिया मजरी निकली । उसको पसीना हो रहा था । उसने सिंदूर पोंछा तथा घूम-घूमकर उसे पत्थर पर छिड़क दिया । जब मंजरी की डांड़ी उठी । उत्तर के रास्ते चली । रात दिन चलकर डोली गउरा की सीमा पर पहुँच गयी : गउरा के लोगों की नजर उस पर पड़ी । सब लोग उसे देखने लगे । अहीर के द्वार पर जाकर खोइलनि से कहा— माता खोइलनि सुनो, तुम्हारा बेटा गौना लेकर आ रहा है । तीन महीने तेरह दिन बीत चुके हैं । तेरहवें दिन डोली गउरा पहुँची । नाऊ और ब्राह्मण को बुलवा कर चौका चन्दन ठीक कराया गया । द्वार पर परिछन होने लगी । लोरिक और मंजरी का गठबन्धन हुआ । आगे-आगे मल्ल लोरिक चला, पीछे मंजरी चली । वे कोहबर में प्रविष्ट हुए । फिर हवन आदि सम्पन्न हुए ! दोनों ने दही-गुड़ खाये । अहीर का गठबन्धन खुला । वह उठकर सबको प्रणाम करने लगा । कोहबर को लोरिक ने प्रणाम किया फिर बाहर द्वार पर आकर खड़ा हो गया । देह का सारा सामान उतारा । उसका निगोट बन्द हो गया । लोरिक आनन्द पूर्वक डांकते-फांदते वहाँ से चला फिर कूद कर अखाड़े में पहुँच गया । ☐☐

२. संवरू का विवाह—सुराहुल की लड़ाइयाँ

होली का आगमन—लोरिक का गउरा में होली खेलना

भावार्थ—(१—३००)

अब उस दिन का और वहां का हाल सुनिए। अहीर अखाड़े से लौट आया। वह धीरे-धीरे दरवाज़े पर गया। गगिया की पुकार लगायी। गांगी हजाम आ कर खड़ा हो गया। लोरिक ने उससे कहा—मैं गउरा की गलियों में जा रहा हूँ। अच्छे-अच्छे वीर जवानों को मैं चुनूंगा मैंने तीन महीने और तेरह दिन तक अगोरी में लोहा लिया। आधे फागुन में घर आया। मेरे मन में फागुन की लालसा है। मैं गउरा में फगुवा खेलूंगा। तब मेरी इच्छा पूर्ण होगी। उसने गगिया को सहेजा—गांगी, मेरे हजाम सुनो। तुम सीधे बोहा चले जाओ। भइया मलसांवर को इस बात की खबर कर दो। वे मेरे लिए एक डफली मढ़वा दें और तुम्हारे हाथ भेजवा दें। आज ही तुम उसे घर लेकर आओ। हजाम गागी वहां से चला। भोर में ही वह पल्ली पर पहुँच गया। वहां मल सांवर कुश की चटाई पर बैठे हुए थे। गांगी ने झुककर प्रणाम किया। सांवर ने आशीर्वाद दिया—'तुम अक्षय रहो, अमर रहो। लाख वर्ष तक जीयो। जैसे गंगा का पानी बढ़ता है वैसे ही तुम्हारी आयु बढ़े।' फिर उन्होंने गाँगी से पूछा—मेरा प्रिय भाई कब वापस लौटा। फगुवा खेलने के लिए द्वार पर कब निकला। कितने दिन उसके घर में आए हो गये। तुमसे कब समाचार भेजा। गांगी हजाम बोला—'मालिक कल सांझ को ही वह गौना लेकर आए है। प्रातःकाल ही मैं बोहा में कूद कर आ पहुँचा। लोरिक ने तुमसे डफली मांगी है। वह गउरा में घूम-घूमकर फगुआ खेलेगे। तब मल सांवर उठे। हाथ में धनुष बाण लिया और छिउली (पलाश बन) में चले गए। घूम घूमकर वह जंगली जानवरों को देखने लगे। मौका देखकर वह उनके आगे चले जाते थे। जब उन्होंने एक हिरण को झाड़ी से आते देखा तो खींचकर बाण मारा। जानवर के पास गए। खंजड़ी की नाप के बराबर उसका पेट नापा और चमड़ा काट लिया। बाण संभाला फिर छिउली के वन से खरका पर आ गये जहां उनके पशु रहते थे। हाथ में डफ लेकर नाऊ प्रातःकाल वहां से चला गउरा मे प्रिय लोरिक के पास पहुँच गया। लोरिक ने खंजड़ी देखी और अपने पलंग से उठ गया। गउरा गांव में गया। गउरा बारह पल्लियों का नगर था। तिरपनवें गली में अहीरों की बस्ती थी। लोरिक ने अच्छे-अच्छे जवानों को फगुवा खेलने के लिए छांट लिया। दस बीस पट्ठों को लेकर द्वार पर आया सबकी खातिरदारी की। सबने ढोली का मगही पान खाया। तब वीर लोरिक बोला—साथियों मेरी बात

सुनो। तीन महीने तेरह दिन दक्षिण में अगोरी में आग लगी रही आधे फागुन में मैं घर आया। मेरे मन में फाग खेलने की लालसा है। साथियों हाथ में अबीर लो हम चलकर गाँव में ललकार कर फगुवा खेलें।

अब वहाँ का हाल सुनिए। दस बीस पट्ठे जवान उठे। दरवाजे से फाग खेलना शुरू किया। वे घूम घूम कर गउरा में (फाग) गाने लगे। गउरा बारह पल्लियों का नगर है इसकी तिरपन गलियों में बाजार हैं।

वहाँ का हाल सुनिए। वीर जवान बावन गलियों में घूमे फिर तिरपनवें गली में पहुँचे। वे राजा के किले पर पहुँच गये। वहाँ द्वार पर फगुवा हो रहा था। राजा सहदेव-महदेव सबकी बड़ी खातिरदारी कर रहे थे। गाँजा और चिलम लेकर चरवाह दम लगा रहे थे। नशा,पान पत्ती, सोपारी खाकर सब लोग राजा को आशीर्वाद दे रहे थे। सभी जवान वहाँ से चले तथा घर की खिड़की से होकर गुजरे। वेश्या चनइनी हाथ में काठ का बर्तन परात लिए खिड़की पर निकल कर खड़ी थी। उसने मिट्टी और गोबर में पानी मिलाकर जवानों पर फेंका। पानी गली में जमीन पर गिर कर बह गया। जवान खड़े खड़े गलों में फगुवा गा रहे थे। अब लोरिक का हाल देखिए एक ओर खड़ा होकर लोरिक फाग गा रहा था। वेश्या (चनइनी) मिट्टी और पानी भर रही थी। उसने दुबारा सीधे लोरिक पर मिट्टी और पानी फेंका। अहीर लोरिक पक्का खिलाड़ी था वह बायें तिरछे हो गया। पानी गली में गिर पड़ा। वेश्या वहाँ से लौट गयी। अहीर क्रुद्ध हो गया। लोटा से उसने अबीर खींचा और चन्दा पर पिचकारी मारी। उसके दाहिने वक्ष में चोट आ गयी। वह धरती पर गिर पड़ी। उसकी मां सेल्हिया ने उसे देखा और वह दौड़ी। बेटी को झाड़-पोंछकर उठाया। फिर गम्भीरतापूर्वक बोली ऐ विक्षिप्त लोरिक, तुम इस प्रकार क्यों पागल हो गये हो? तुम्हारी बुद्धि हर ली गयी है। तुम दक्षिण देश में गये तब से तुम अपनी शान में हो। एक कमज़ोर राजा को तुमने मारा। अगोरी के किसानों को मारा, निर्बल हाथी को मारा और संसार में अपने खड्ग की पूजा कराने लगे! मैं तुमको मर्द तब समझूंगी जब तुम संवरू की शादी करवा लोगे। अगर तुम कठईत के पुत्र हो तो सुरहुल के मल्ल भिमलिया की बहन है सतिया। तुम सुरहुल में ढोल बजवा दो तब समझूंगी कि तुम कठईत के पुत्र हो। यह सुनकर लोरिक के मन में मलाल उठा, ठेस लगी। उसने अपनी इचकारी-पिचकारी फेंक दी, लोटे का अबीर झटक दिया, अम्फ-डंफ (खंजड़ी आदि) तोड़ दिया और सीधे घर के लिए रवाना हुआ। उसका पलंग सोने का था। बिछे हुए पलंग पर सिर से पैर तक चद्दर तानकर वह सो गया। फिर अन्न जल सब कुछ छोड़ दिया। प्रातःकाल हुआ, पूर्व में कौवे शोर मचाने लगे। पर लोरिक मन में गुमान किए हुए पैर फैलाये अभी भी सो रहा था, सात घड़ी के अन्दर-अन्दर खा लेने वाले लोरिक को दोपहर हो गयी। लोरिक अभी तक नही जागा, खोदने पर भी नही जागा। वह मौन था, जबान खोलकर कुछ कह नही रहा था। घर के सब लोग व्यथित हो उठे—क्या लोरिक को किसी ने मारा है? क्या किसी ने गाली दी है क्या किसी

ने ताने दिये हैं कि लोरिक ने अन्न जल छोड़ दिया है ? अब कठईत का हाल सुनिये। वह बेटे को जगाने गये उसके मुँह की चादर हटा दी। अहीर लोरिक अवाक् सा देख रहा था। कठईत वहाँ से चले और अजयी के पास गये। कहा—गुरु अजयी, घर में बड़ी हलचल मच गयी है। तुम्हारे चेले लोरिक ने अन्न पानी सब कुछ छोड़ दिया है। वह पलक खोलकर नहीं देख रहा है। तब गुरु अजयी आगे चला, पीछे-पीछे अजयी चले। वह जाकर उस पलंग पर बैठ गये जहां लोरिक सो रहा था। अजयी ने उसके मुँख से चादर हटायी तो वह अवाक् सा रह गया। गुरु ने कहा—चेला तुम गउरा में इतने बलवान थे कि तुमसे जबर्दस्त कोई नहीं था। चेला, तुम मेरी बात सुनो। तुमको किस शक्तिशाली व्यक्ति ने मारा है कि तुम हृदय से रो रहे हो। जब गुरु अजयी ने ऐसा करुणापूर्वक कहा तब लोरिक संतुलित होकर उठकर बैठ गया और गुरु से कहने लगा - गुरु मेरी बात सुनो, मैंने तीन महीने तेरह दिन तक अगोरी में लोहा लिया फिर गौना लेकर घर आया। देखो यहां फागुन उद्भासित हो रहा है। मेरे मन में गउरा में जाकर फाग खेलने की लालसा थी। मैं बावन गलियों में घूमा किसी ने 'रे' और 'तू' कहकर नही पुकारा। जिस समय मैं सहदेव की तिरपनवीं गली। में गया, वेश्या चनवा खिड़की से निकली और मिट्टी घोलकर जवानों पर फेंकने लगी। बीर जवान पक्का खेलाड़ी थे वे कूद कर आकाश में चले गये। पानी धरती में गिर गया। फिर उसने मुझ पर कीचड़ फेंका। गुरु, मेरा गुस्सा नही रुका। मैंने खींचकर पिचकारी मारी। अबीर का रंग उसके दाहिने वक्ष पर जा गिरा। जब अबीर से चनवा को चोट आयी तो वह धरती पर भहरा कर गिर पड़ी। गुरु तब उसकी मां सेल्हिया निकली। झाड-पोंछकर चनवा को उठाया। फिर उसने मुझे 'तू' और 'रे' कहकर अपमानित किया। कहा - मैं दक्षिण देश में गया। वहां के दुर्बल राजा और किसानों को मारा। कमजोर हाथी को मारा और मैं देश में अपनी बांह की पूजा कराने लगा। सेल्हिया ने कहा—'ऐ लोरिक, मैं तुम्हें तब मर्द बखानूंगी और तब कठईत का वंश समझूंगी जब झिमली की बहन सतिया से सुरहुलि में संवरू की शादी संपन्न करा लेने और वहां ललकार कर ढोल बजा दोगे।' गुरु मैं क्या कहूँ और क्या न कहूँ ? मुझसे कहा नहीं जाता। सुरावल का राज्य मेरा देखा हुआ नही है अन्यथा मैं इसी क्षण प्रस्थान कर देता। सुरहुल में जाकर ढोल बजवा देता। तब अजयी ने नम्रतापूर्वक कहा—चेला लोरिक सुनो ! तुम स्नान करो, खिचड़ी खा लो कटोरे की तरकारी खराब हो रही है। मेरा जन्म सुरावल का है। मेरी जन्मभूमि सुरावल है मैं तुम्हें सुरहुलि का रास्ता बता दूंगा। सुरहुलि के जो जो पंडित हैं, ऐ चेला मे उनका भी नाम बता दूंगा। तुम उठकर भोजन करो। मेरी बात सच है। गुरु के पास संतुलित होकर लोरिक ने सुरावल का भेद पूछा। गुरु, तुम्हारा जन्म सुरावल का है तुमने सुरावल के स्थान को कैसे छोड़ा ? तुम मेरे गउरा नगर में कैसे आये ? तुमने तो मुझे यहां चेला बनाया। तब गुरु अजयी ने कहा—चेला सुनो। मैं सुरहुल में बदी खेलता था। सोलह सौ लड़के बदी में खड़े हुए। भीमली अंतराल में खड़े हुए और नम्रतापूर्वक कहा—मैं

भी इस समय खेलूंगा। तब सुरहुलि के लड़कों ने कहा कि तुम राजा के लड़के हो। यदि तुम्हारा कान या सिर फूट जायगा तब राजा सारे बाल बच्चों को कोल्हू में पेरवा देंगे। लोरिक के आग्रह करने पर अजयी ने बताया कि मैं कैसे सुरहुलि से भागा। जब बदी हुई तो राजा के लड़के भिमलिया की गर्दन पर चढ़ गए। मेरे और राजा के बीच झगड़ा हो गया।

भावार्थ—(३०१—६००)

लड़के बदी के लिए अपनी जोड़ी बनाकर आ गए तथा पक्की बदी होने लगी। राजा भीमली गोटी हाथ में छिपाकर उसे खोजवाने लगा, उसके बारे में बुझवाने लगा। अजयी ने दाहिना हाथ पकड़ लिया। वह 'मरती' दाव में हो गया राजा ने 'चलनी' दाव बदी में रख ली। गउरा में ललकार कर बदी होने लगी। अजयी ने लोरिक को बताया कि जब मेरी देह झुकी तो सूबा ने थप्पड़ मारना शुरू किया। मैं एक बीघा दूर भाग खड़ा हुआ जब राजा भीमली ने उलट कर देखा तब वह वीर जमकर कूदा। खींच कर उसने जोर से मुझे पैर के पंजे से, एड़ी से मारा। मै धरती में गड़ गया। मेरे बारह जोड़ी साथी थे किन्तु राजा के चौदह जोड़ी साथी कूद पड़े। मेरे ससुर खदेरू ने मेरी जान बचा ली। मैंने छः महीने तक गाय का दूध पीया। फिर नगर सुरवली से अपना चोला उठाया और तुम्हारे गांव गउरा में आ गया। मैंने यहां तुम्हें चेला बनाया और मैं अब गउरा मैं आनन्द कर रहा हूँ। मैं सच बात कह रहा हूँ। तुम अपनी शक्ति बढ़ा लो। भीमलिया बलशाली है। पर कर्तव्य में ऐ लोरिक तुम सरदार हो। तुम्हारे सम्मुख मां दुर्गा हैं, देवी हैं जो आदि काल से ही पूजमान हैं। गुरु अजयी अहीर लोरिक को उत्साहित कर रहा है। वह कह रहा है—चेला, कोई हर्ज की बात नहीं है। सुरहुलि का रास्ता मेरा देखा हुआ है। मैं तुम्हें सागर के भीटे पर ले चलूंगा।

अब वहाँ का हाल सुनिये। अहीर लोरिक ने नम्रतापूर्वक कहा—गुरु तुम स्नान कर लो। गुरु ने तख्त पर बैठ कर स्नान कर लिया। फिर दोनों भोजन के स्थान पर बैठ गये। अहीर ने गिलास और बोतल सामने रख दिया। गुरु ने 'चिखना' उठाया। दोनों व्यक्तियों ने मिल कर भोजन किया तथा आपस में बात चीत की। जब खा पीकर वे संतुलित हुए तब अहीर के मन का बोझ बढ़ता चला गया। प्रातः-काल पूर्व में कौवों ने शोर मचाना शुरू किया। तब वीर लोरिक उठा। वह तेजी से बोहा में गया। वहाँ से बारह बैल लाया, तथा उनके गले में रस्सी डाल दी, टाट और पिटारा कस दिया, नथ के जोड़े पहना दिये। फिर स्वयं महल में चला गया, जाकर भंडार खोला तथा बटोर कर धन, पूंजी (रोकड़) बाँध ली। दरवाजे से बैल हांका तथा मेला और बाजार करने चला गया। बारह बैलों पर उसने सोपारी लद-वाई तथा दरवाजे पर ला कर उन्हें गिरा दिया। बैलों का बन्धन ढीला किया तथा टाट-पिटारी उतरवा दी। फिर अहीर ने बैलों को टिटकारा ये सभी बोहा में चले गये। वीर लोरिक गाँव गउरा में चला गया जहाँ अहीरों की बस्ती जम कर बसी

हुई थी। उन्होंने चौबीस जवानों को चुन लिया। वे अच्छे अच्छे पट्ठा थे। उनको लेकर लोरिक द्वार पर आ गया। फिर जलपान होने लगा। गोठहुल की चिलम पर जवान दम लगाने लगे।

अब वहाँ का हाल सुनिये। दम लगा कर जवान तैयार हुए। उन्होंने बैलों की जोड़ियों को कस कर तैयार कर लिया। उनके मुँह के जाब खोल दिये तथा चौबीसवीं गली का रास्ता नापा। लोरिक ने उन्हें हुक्म दिया और कहा—"ऐ न्यौता करने वाले मेरे भाइयों, कोई अपनी जाति का हो, या पर जाति का हो, आप लोग किसी को न छोड़िये। सब को मेरा न्यौता बांटिये। उसने बताया कि शुक्रवार को बारात चलेगी। लोरिक ने कोठरी में जा कर द्रव्य बांधे तथा एक दम सीधे बस्ती में चला गया। सात प्रकार के बाजे तय किये तथा सब को दिन और मुकाम बता दिया। शुक्रवार को बारात चलेगी यह कह कर अहीर घर लौट आया। जिस दिन निश्चित समय आया और सुबह हुई, उस दिन लोरिक ने दस बीस ग्वालिनों को बुलाया। उन्होंने जा कर तालाब पर स्नान किया फिर रसोईघर में गयीं। एक ओर पक्की रसोई बनने लगी। एक ओर कच्ची रसोई तैयार होने लगी। प्रात.काल का समय है, शुक्रवार का दिन। शुभ समय आ गया। कठईत के द्वार पर जाजिम गिर गया। गेंस जुटाये गये। वहाँ बड़ी सेना आ कर खड़ी हो गयी। अहीर मंडली बना कर वहाँ बैठ गये। कठईत मद्य-पान करने लगे। गोपी और ग्वाल सभी पीने लगे। बीच में गांजा और चिलम रखी हुई है। चरवाह चुटकियों पर ताल दे रहे हैं। भोजन भी तैयार हो गया, तब अहीर लोरिक आ कर जाजिम पर खड़ा हो गया। उसने कहा - ऐ मेरी जाति के लोगों, ऐ मेरे सजातीय बंधु बांधवों, 'ऐ मेरे अन्य जाति के भाइयों, आप लोग उठ कर एक साथ हाथ-पाव धोइये। आंगन में जा कर अलग अलग विभक्त हो कर बैठ जाइये। सामान परोस दिये। आग पर घी भी गरम किया जा चुका था। सीताराम बोल दिया गया। सब लोगों ने कौर उठाये। खा पीकर लोगों ने द्वार पर हाथ मुँह धोये। कुल्ला आदि करके लोग जाजिम पर चले गये। वीर लोरिक ने पान के बीड़ों का थाल सब को घुमवा दिया। लोग एक एक बीड़ा उठा कर ओठ में मगही पान कूँच रहे हैं। अब फिर वहां का, उस समय का हाल सुनिये। बूढ़े कठईत बोले—ऐ गांगी नाऊ, मेरी बात सुनो। भइया संवरू को जाकर बुलाओ। प्रात:काल धरमी की बारात चलेगी। गांगी नाऊ बोहा गया। संवरू कुश की चटाई पर लेटे हुए थे। गांगी ने झुक कर उन्हें प्रणाम किया। भइया ने उन्हें हृदय से आशीर्वाद दिया। गांगी हजाम ने कहा—धरमी मेरी बात सुनिये। तुम्हारे काका ने तुम्हें बुलाया है कल प्रात.काल सुरहलि मे बारात चलेगी। तुम्हारा इस समय तिलक चढ़ेगा। भइया, तुम पालकी में बैठ कर चलो, सुबह तक ही चलने का अवसर है। मल्ल धरमी आगे आगे चले। उन्होंने समझा कर नाऊ से कहा—तीन सौ साठ चरवाह हैं उनमें नान्हूँ अगुआ है। नान्हूँ को छोड़ कर मैं बारात में चल रहा हूँ। धरमी घर आये और एक दम घर के भीतर चले गये, जलपान किया

तथा भोजन के लिए ठहर पर बैठ गये। पंडित मोहनियां भी आ गये । उन्होंने रणभूमि का सारा आगम देखा । जिस वक्त सात घड़ी दिन चढ़ जायगा, तब परिछन का मुहूर्त है, ऐसा शकुन निकला ।

अब वहाँ का हाल सुनिये---सभी जाति पर जाति के लोग देह का वस्त्र लेने के लिए घर चले गये । पहन ओढ़ कर सब लोग अहीर के द्वार पर आ गये । सत-रंगा बाजा भी आ गया । सबसे पहले पुरहथ हुआ फिर अक्षत रख दिया गया । बाजा बजाने वालों ने ताल ठोका, ऐसी लकड़ी सजायी कि पृथ्वी से भार सहा नहीं गया । नीचे धरती डोलने लगी । ऊपर आसमान हिलने लगा । ऋषि मुनियों का ध्यान टूट गया । बाबा विष्णु का सुरधाम डोलने लगा । धरमी का परिछन हो रहा है । साथ ही साथ बारात प्रस्थान कर रही है । गांव की सीमा पार कर बारात टप्पे में, मैदान मे खड़ी हो गयी । तब अहीर लोरिक बोला—ऐ गुरु अजयी सुनो । हम लोग अभी धाप भर आये, आधा कोस ज़मीन पार की । अच्छा हुआ कि हमें अभी याद आ गया । मैं अभी घर जा रहा हूँ । मड़ई में बर के लिए पानी टँगा हुआ है । ऐ गुरु, सुरहुलि का रास्ता तुम्हारा देखा हुआ है । तुम मेरी बारात को ले चलो । बाजे-गाजे की ध्वनि के साथ बारात दक्षिण दिशा में चलने लगी । लोरिक लौट कर घर गया ।

अब वहां का हाल सुनिये । ब्रह्मा का इन्द्रासन डोलने लगा, विष्णु का सुरधाम हिलने लगा । अहीर लोरिक से उनको चिढ़ हो गयी । ब्रह्मा ने स्वर्ग से दूत भेजा, वह दूत मृत्युलोक में उतर कर आ गया । अहीर की बारात जा रही थी । दूत ने अपना एक ओठ धरती मे रख दिया । एक ओठ आसमान मे । बीच में सड़क दिखाई पड़ने लगी । बिहँसती हुई अहीर की बारात दूत के पेट में चला गयी । दूत ने मुँह बन्द कर लिया पहाड़ के रास्ते पर ऊपर चढ़ गया तथा फेंटा मार कर बैठ गया । अब अहीर लोरिक का हाल सुनिये । वह दौड़ते कूदते आया । सोचने लगा – बाजे की ध्वनि खामोश है । बारात दूर चली गयी है ? आगे शून्य निर्जन दिखाई पड़ रहा है । लोरिक चारों ओर देख रहा है । बारात दृष्टिगत नहीं हो रही है । अहीर शोकाकुल हो गया । कहने लगा---हे दैव, हे नारायण, हे ब्रह्मा, आपने मेरे मस्तक में क्या लिख दिया ? दैव के एक से एक लाल बारात में है । हमारी रीतियां तो महोबा जैसी बहादुरी की हैं । इतने व्यक्ति कहां गायब हो गये । मेरा अकेला प्राण बच रहा है । मैं गउरा में अपना मुंह कैसे दिखाऊँगा । जब गउरा के लोग पूछेंगे तब मैं क्या जवाब दूँगा ? वह कहने लगा—मां धरती तुम फट जाती तो अच्छा होता । मैं धरती में समा जाता । धरती दो भागों में फट गयी । अहीर खड़ा खड़ा उसमें कूद गया तथा पाताल में चला गया । वहां नाग और बेनिया नागिन सोई हुई थीं । अहीर वीर लोरिक ने कहा—ऐ नाग, ऐ नागिन, तुमने यह क्या कर दिया ? मुझे नाग से काम है । ज़रा सोते हुए नाग को जगा दो मैं उससे दो शब्द बातें करना चाहता हूँ । नागिन ने नाग को खोद दिया और वह फुफकार कर उठ बैठा । जब लोरिक की

और उसने फुफकार मारा, उसकी जांघ और शरीर कांपने लगा। तब दुर्गा गरज उठीं।

भावार्थ—(६०१—८००)

दुर्गा ने तुरन्त कहा—ऐ मेरे प्रिय उपासक लोरिक सुनो। तुम मेरी बात मानो। वह नाग है जिसने नेउरियापुर को बांध रखा है तथा बिठई की तरह फेंटा मारे पड़ा हुआ था तथा लड़कों ने उसके गुप्त द्वार को खोदा था। जब माता दुर्गा ने ऐसा कहा तब अहीर लोरिक गरज उठा—ऐ दुष्ट नाग, तुम पागल हो गये हो। तुम्हारी मति हर ली गयी है, तुम्हारा ज्ञान चला गया है। मैं अहीर लोरिक हूँ जिसने तुम्हें नेउरियापुर में बांध रखा था। जिस वक्त मैंने तुम्हारा फेंटा उलट दिया था लड़कों ने तुम्हारे साथ खेल किया। अब ऐ भाई, तुम्हारे पहरे में मेरी सवा लाख बारात गायब हो गयी है। तब नाग नेउरापुर की बात सोचने लगा। तुरन्त उसने अपना फँड़ जमीन पर रख दिया और रो-रो कर कहने लगा—भइया, अहीर लोरिक मेरी बात सुनो। ब्रह्मा सबसे शक्तिशाली हैं। उनसे अधिक शक्तिशाली कोई नहीं था। तुम उनमे भी अधिक शक्तिशाली हो गये। इस मृत्युलोक में नीचे उतर कर उसने ऐसे बाजे जुटाये कि उसका भार पृथ्वी से नहीं सहा जा रहा है। जिस समय तुम्हारे डंके बजते हैं पृथ्वी डगमगा जाती है। ऋषि मुनियों का ध्यान डिग जाता है। बाबा विष्णु का सुरधाम डोलने लगता है। ऐ अहीर, तुमसे ब्रह्मा क्रुद्ध हैं। उन्होंने रास्ते में एक दूत भेज दिया। उस दूत ने होठ धरती में गड़ाया तथा ऊपर बादल तक उसे सटा दिया। बीच में सड़क सी दिखाई पड़ने लगी। बारात उसके अन्दर प्रवेश कर गयी तब दूत ने अपना मुँह बन्द कर दिया तथा सीधे पहाड़ पर चढ़ गया फिर नीचे जाकर ढलान पर फेंटा मार कर बैठ गया। उसके पेट में सवा लाख बारात है। ब्रह्मा ने तुम्हें डण्डा दिया है उसे लेकर तुम झरिया घाट पर प्रतीक्षा करो। प्यास लगने पर वह दूत नीचे उतरेगा और खींच कर पानी पीयेगा। तब सवा लाख बारात मर जायेगी। अतः तुम जल्दी मृत्युलोक में चले जाओ। लोरिक वहाँ से खिसका फिर धरती पर आसमान के नीचे आ गया। वह इधर-उधर टहलने लगा तथा झरियवा घाट पर निगरानी करने लगा। घाट पर दस-बीस रास्ते दिखाई पड़ रहे थे। अहीर चिन्ता में पड़ गया। किस घाट को मैं अगोरूँ? क्या जाने किस घाट पर दूत उतरेगा। मेरी बारात नष्ट हो जायगी। दिन में वह भाग्यमान देवताओं को स्मरण कर रहा है, सबका नाम सुमिरन कर रहा है। कह रहा है—हे माँ दुर्गा, हे देवी, सहायता करो। मैं जाकर कौन-सा रास्ता रोकूँ। माँ अपनी वाणी सुनाओ। तब दुर्गा उसकी नजर पर चढ़ गयीं। दुर्गा जो आदिकाल से ही पूजमान हैं क्रोध भरी दृष्टि से देखने लगीं। कहने लगीं—मेरे उपासक, मेरे लाड़ले, तुम मेरी बात सुनो। जाकर बीच वाले घाट को अगोरो। दूत अभी जाकर अपना ओठ पानी में डुबायेगा। लोरिक तब घाट पर जाकर बैठ गया। ब्रह्मा का दूत वहाँ से चला। धरती से लेकर आकाश

तक एकदम वही दिखाई पड़ता था। लोरिक की जांघ थर-थर काँपने लगी। वह दाँतों तले अंगुली दबाने लगा। मेरा खड्ग तो चार अंगुल का है, बहुत छोटा है और यह दूत तो धरती और आसमान से लगा हुआ है। यदि मैं इसकी देह छोड़ दूं तो यह उलट कर मुंह खोलेगा तथा मेरी जिन्दगी समाप्त कर देगा। लोरिक ऐसा कह ही रहा था कि दूत ने पानी में ओठ डाला और पहला घूंट खींचा। फिर उसने दूसरा घूंट पीया। बारात सांसत में थी। दूत ने इतना पानी खींचा कि सड़क भीग गयी। जब उसने तीसरा घूंट पीया तो दुर्गा ज़ोर से गरज उठीं—'ऐ मेरे उपासक, ऐ मेरे प्रिय लोरिक, मेरी बात सुनो। इस बार वह दूत इतना पानी पीयेगा कि सारी बारात मिट्टी में मिल जायगी, नष्ट हो जायगी।' मुझे भूख लगी है। दुर्गा के हाथ में खप्पर था। दुर्गा के ही संकेत पर लोरिक ने खड्ग खींचा जिसकी आवाज़ आकाश में गूंज गयी। नीचे दावानल फैल गया। पोरसे भर लहर उठ गयी। दूत की पलकें घूमीं और लोरिक का खड्ग उसकी गर्दन में प्रवेश कर गया। झरिया घाट पर गर्दन के गिरते ही दूत के पेट से सारा पानी निकल आया। जितने दुर्बल कमज़ोर लोग थे वे सब बाहर आकर झरिया घाट पर गिर पड़े। अहीर की बारात पानी से भीगी हुई थी। इधर सूर्य ने बादल घिरवा दिये। बारात जाड़े में ठिठुरने लगी, जवानों के दाँत कट-कटाने लगे, हिलने लगे। लोरिक ने तब गुरू अजयी से कहा—भाई, तुम्हारा रास्ता देखा हुआ है, इधर के गांव और बस्तियाँ तुम्हारी पहचानी हुई हैं। यदि पास में कोई गाँव हो तो जाकर तुम वहाँ से आग ले आओ। पास में जो सनई थी वह भीग चुकी है। सवालाख बारात काँप रही थी।

अब इधर ब्राह्मण का हाल सुनिये। वह अभी भी टेढ़े हैं, प्रसन्न नहीं हुए हैं। उन्होंने माया का ओसारा खड़ा कर दिया। उसमें धधकती हुई आग जला दी। उसमें एक डाइन को सुला दिया जिसने बुढ़िया का रूप धारण किया था। वह डाइन धीरे-धीरे कराह रही थी। लोरिक की नज़र उस पर पड़ी। उसने अजयी से कहा—एक बड़ी बखरी दिखाई पड़ रही है। उसके पीछे एक ओसारा है। वहाँ एक चारपाई भी नज़र आ रही है। गुरू तुम वहाँ से आग उठा लाओ ताकि सारी बारात ताप सके। गुरू अजई वहाँ से बखरी में गया। नम्रता पूर्वक बोला—यह किसका घर-द्वार है? इसका मालिक कौन है? ज़रा हमें आग दे दीजिए। मेरे लोग तम्बाकू पीयेंगे। तब डाइन ने चारपाई से कहा—भइया, यह घर तुम्हारा ही है? तुम आग ले जाओ। मुझे बारह बेल का ज्वर चढ़ा हुआ है। मुझे कोई चीज़ दिखाई नहीं पड़ रही है।

अब अजई का हाल देखिये। वह अपना एक पैर भीतर रख रहा है। जब वह झुक कर लुकाठी पकड़ने चला तब डाइन वहां से मुँह खोल कर कूदी और अजयी को खड़े-खड़े निगल गयी। फिर खाट पर जाकर सो गयी।

अब अहीर का हाल सुनिये। लोरिक बड़ी चिन्ता में पड़ गया। गुरू अजई ठण्ड महसूस कर रहा था। जाड़े में उसे पेट भर अग्नि मिली। बातचीत करते हुए वह भर पेट आग तापने लगा। लोरिक ने गंगिया हजाम से कहा—यह साला गुरू

अजयी, बदमाश है। वह बातों के भ्रम में आ गया है और तृप्त होकर आग ताप रहा है। गांगी तुम दौड़ कर जाओ और आग उठा लाओ। गांगी दौड़ कर ओसारे के दरवाज़े पर पहुँचा। वहां गुरू अजयी नहीं दिखाई पड़ा और न तो कोई साझीदार ही दिखाई पड़ रहा था। एक बुढ़िया खाट पर कराह रही थी। नाऊ बड़ी शंका में पड़ गया उसने खंखारा फिर कहा—ज़रा हमें आग दे दीजिए। डाइन ने खाट से कहा—यह घर तुम्हारा है। तुम अपने हाथ से आग उठा ले जाओ। हमें बारह बैल का ज्वर है। उठने का मौका नहीं है। नाऊ ने एक पैर बाहर रखा तथा एक पैर भीतर और ज्यों ही झुक कर वह अग्नि की लुकाठी लेने को उद्यत हुआ, डाइन मुँह खोल कर कूदी तथा गांगी को खड़े-खड़े निगल गयी, फिर खाट पर जाकर आराम से सो गयी।

अब लोरिक का हाल सुनिये। वह इसका अर्थ और माने बैठाने लगा। शायद गुरू अजयी को मेरा डर नहीं है और वह जाकर आग तापने लगे। पर नाऊ गांगी तो मेरा आज्ञाकारी है। वह हमारा कार्य जल्दी ही कर देता है। नाऊ इतनी देर नहीं करता। वह बारात में आ गया होता। ऐसा लग रहा है कि कुछ धोखा हो गया है।

अब वहां का हाल सुनिये। अहीर वहां से खड़े-खडे चल दिया तथा डाइन के घर पहुँच गया। द्वार से खंखारा तथा नम्रतापूर्वक बोला। वहां न तो गांगी नाऊ दिखाई पड़ रहा था और न तो गुरु अजयी। उसने ज़ोर से खंखारा और पूछा यह घर और बखरी किसकी है? मुझे ज़रा आग दे दो। तब खाट से डाइन नम्रतापूर्वक बोली। यह तुम्हारा ही घर है और तुम्हारी ही बखरी है। भइया तुम आग उठाकर ले जाओ। लोरिक वहां गया। एक पैर उसने ओसारा में रखा। जिस समय झुक कर उसने लुकाठी पकड़ी मुँह खोल कर डाइन कूद गयी तथा वीर लोरिक को निगलने लगी। इसी बीच दुर्गा गरज उठीं। कहने लगी मेरे उपासक, तुम मेरा कहना सुनो। तुम्हारी जेब मे छुरी और कटारी है। उसे भोंक दो ताकि डाइन का पेट खड़े-खड़े फट जाय। डाइन का पेट फट गया। उसमें से गुरू अजयी हँसते हुए निकला, नाऊ भी हँसते हुए बाहर आया। लोरिक अजयी की ओर झुका। कहने लगा, अगर तुम मेरे गुरू न होते तो तुम्हें दो भागों में खडित कर देता। इस तरह की गूढ़ कठिनाइयां थीं तो पहले क्यों नहीं बतलाया। मैं अपने स्थान पर रहता। तब गुरू अजयी ने कहा—चेला, तुम मेरी बात सुनो। तुम्हारे ऊपर ब्रह्मा टेढ़े हो गये हैं, क्रुद्ध हो गये हैं। वे ही यह सब उपद्रव कर रहे है। उन्होंने तुम्हें कष्ट में डाला है। मुझसे तो कुछ कहा नहीं जाता।

अब अहीर का हाल सुनिये। वह अपने हाथ से लुकाठो बटोर रहा है। जितनी भी लुकाठी थी उसको बटोर कर वह बारात में चला आया। सवालाख बारात वहाँ काँप रही थी। लोरिक सबको आग बांट रहा है। दस बीस स्थानों पर उसने आग जलवा दी। सब लोग घूम-घूम कर आग ताप रहे हैं। अब ठांव-ठिकाना

होने लगा, विश्राम होने लगा। तम्बाकू आदि चढ़ाया जाने लगा। गांजा चिलम पर चढ़ गया। चरवाहे दम लगाने लगे।

अब वहाँ का हाल सुनिये। लोरिक ने नम्रतापूर्वक कहा—दस बीस जवानों उठ जाओ तथा इसी क्षण बारात को गिन लो। कतार में खड़ा कर बारात गिनी जाने लगी। कुल संख्या ठीक उतरी। जिसके सिर पर बारात चल रही थी वह वर संवरू नहीं थे और न तो काका कठईत ही वहाँ थे। गुरू अजयी भी दिखाई नहीं पड़ रहे थे। बत्तीस कहांर भी वहाँ नहीं थे। लोरिक ने तब अपनी बिजली वाली तलवार ली झरियवा घाट के निकट पहुँच गया तथा म्यान खिसका कर फेंक दिया। लोरिक ने अपनी दस्तगी तलवार तान ली। वह चार अंगुल बाहर हुई तो उसकी आवाज आकाश में चली गयी। नीचे दावानल फैल गया। पोरसे भर तक लहर उठने लगी। अब वहाँ का हाल सुनिये। अहीर का दल वहाँ से चला। पीछे पीछे डोली निकली।

भावार्थ—(८०१—१३००)

बाजा बजाने वाले बाजे पर अद्‌भुत ध्वनि निकालने लगे जिससे पृथ्वी डग-मगाने लगी। उत्तर में बारात रात दिन चलने लगी। रास्ते में कहीं पड़ाव नहीं पड़ा, कहीं विश्राम नहीं हुआ। सभी बरईपुर पहुँचे। सामने बड़ा भारी बागीचा दिखाई पड़ रहा था। आगे-आगे वीर लोरिक चल रहा था। पीछे सवालाख बारात थी। बरईपुर के बगीचे में बारात प्रवेश कर गयी। वहां डेरा डाल दिया गया। खाद्य सामग्री खोली गयी, जाजिम बिछा दिया गया। दल बादल, सेना का समूह खड़ा हो गया। सबको सीधा (आटा, चावल आदि) बाटा जाने लगा। गोप और ग्वालों को छोड़ कर सभी रसद पा गये। तब बूढ़े कठईत ने कहा—लड़कों अपने हाथ से बना कर खाओगे या मैं कहीं जा कर अपनी जाति बिरादर खोजूं। जब अहीर लोरिक ने यह बात सुनी तो वह जल कर खाक हो गया। काका, गांव-घर का कोई नहीं बच पायेगा। एक बार तूने गड़बड़ किया था। अहीर स्वयं ही भोजन बनायें। खुद रोटी ठोक कर खायेंगे। कोट भदोखरि गांव था, नगर बरईपुर। वहां का तमाशा देखिये। सभी बाराती भोजन कर रहे थे। खा पी कर संतुलित हो कर जिस समय वे जाजिम पर बैठ गये उस समय पान के बीड़े खुले। सभी वीर मगही पान खाने लगे। कस्बियां और पतुरियां वहां नाचने लगीं। भांड़ चुटकियों पर ताल देने लगे। जेठ का महीना था, आम पके हुए थे। जाजिम पर मालदह तथा लंगड़ा आम गिरे हुए थे। खटिक उनको अगोर रहे थे। गउरा के लोगों ने आम उठा कर मुँह में लगा लिये। खटिक क्रुद्ध हुए और कच्ची पक्की बातें करने लगे, गाली देने लगे। लोरिक ने उन्हें अपने कान से सुना। उसको ये बातें बुरी लगीं। उसने कहा—गउरा के तरुण जवानों, तुम लोग आम को बिखेर दो। पेड़ पर जितने आम पके हुए हैं उन्हें हिला कर तोड़ो और खाओ। जितने कच्चे आम बच रहें उन्हें झकझोर कर धरती पर गिरा दो। दस बीस जवान तैयार हो जाओ तथा पेड़ों को जरा घुमा दो, झटका

लगा दो तथा बगीचे में काठ का ढेर लगा दो। जवान उठे तथा वहां हालत खराब कर दी। खटिक रोने लगे। रोते हुए बरईपुर के राजा की चांदनी पर पहुँचे और कहा—राजा तुम बड़े जबर्दस्त थे। तुमसे अधिक बल वाला कोई नहीं था। आज न जाने कहां से और अधिक शक्तिशाली लोगों ने चढ़ाई कर दी है। उन्होंने बगीचे को तहस-नहस कर दिया है। हम लोग अपने बाल बच्चों का भरण पोषण कैसे करेंगे? तुम्हारा कर कैसे चुकायेंगे। बगीचा रह नहीं गया है। वहां डालियों और काठ का ढेर लगा हुआ है। पेड़ पर पत्ते नहीं रह गये हैं। वहां अहीर का जाजिम गिरा हुआ है। बारात वहां जलसा कर रही है।

अब वहां का हाल सुनिये। कठईत ने खटिकों को जा कर समझाया। उन्हें दुहाई दी। राजा ने यह बात कान लगा कर सुनी। वह अंगरखा, विशेष पाजामा, पैर में त्यौरी, तथा एड़ी में दिल्लीशाही जूता पहन कर तेग लिये हुए तथा झंडा फहराते हुए वहां से चला। जब बारात थोड़ी दूर रह गयी तब उसने डांटना शुरू किया। ऐ बारात वालों तुम कहां के हो? तुम्हारी बारात कहां टिकी हुई है। किसकी जांघ से तुममें बल आ गया है। किसकी भुजा से तुममें ताकत आ गयी है? किसके तालू में दांत जम आये हैं? तुम लोगों ने बगीचे को तहस-नहस कर दिया है। तब मर्द वीर लोरिक बोला, तुरन्त जवाब देने लगा। 'गउरा मेरा वतन है। वही मेरा स्थान है गउरा ही मेरो बुनियाद है। मैंने सुरहुल की चढ़ाई की है। यहां बरईपुर में हमने पड़ाव डाला है। बरई राजा की लड़की हठ में आ गयी। उसने निर्द्वंद्व होकर कहा—किसके दिमाग से तुमने यहाँ पड़ाव डाला और मेरा बगीचा उजाड़ डाला। दोनों तरफ से कहासुनी होने लगी। बात बात में झगड़ा बढ़ गया। शोरगुल होने लगा, पैंतरेबाजी शुरू हो गयी वैसे ही जैसे भादों में भैंसा चिल्लाता है। पैंतरे में मुठभेड़ हो गयी तथा धीरे-धीरे हमले की नौबत आ गयी तब मर्द लोरिक ने सूबा बरइनि से कहा—मैं पहले वार नहीं करूंगा पर पीछे चोट करने में चूकूंगा भी नहीं। मेरे गुरु ने शपथ दिलायी है। पहले मारने के लिए हाथ उठाना मेरे लिए कसम है। सूबा बरइनि ने तलवार निकाल कर कहा—मैं अभी अहीर का भर्ता बनाती हूँ। अहीर पक्का खिलाड़ी था वह बायें से तिरछे घूम गया। बरइनि की तेग धरती पर गिर गयी। तलवार की मूंठ संभालकर उसने अहीर को मारा। अहीर जमकर आसमान में उछल गया। तेग धरती पर गिर गयी। रानी बरइनि का तीसरा हमला भी खाली गया।

अब वहाँ का हाल सुनिए। लोरिक ने कहा ऐ सूबा बरइनि, तुम मेरी बात सुनो। मैंने तुम्हारी पक्की चोट बर्दाश्त कर ली है, तुम मेरी कच्ची चोट बरदाश्त करो। यह कहते हुए उसने म्यान खिसका कर फेंक दिया। उसने अपनी तलवार संभाली। जब वह चार अंगुल बाहर हुई तो उसकी आवाज़ आकाश में गूंज गयी। नीचे दावानल फैल गया और पोरसे भर तक लपट मंडराने लगी। बरइनि ने अपनी पलक फेरी। लोरिक का खड्ग बरइनि के सिर पर गिर गया। हे भगवती, तुम धन्य हो,

आदिकाल से ही तुम पूजमान हो। भगवती ने बरइनि की चोली फाड़ दी तथा लोरिक की नज़र पर वह चढ़ गयीं। उसने स्त्री का तन देखा। हाथ जोड़कर उसने भगवती से कहा—माता, तुमने मेरा धर्म बचा दिया। यदि स्त्री जाति मुझसे जूझती तो मेरे वंश का नाम डूब जाता। राजा बरइनि पुरुष वेश में थी अतः उसको पहचानना कठिन था।

अब उस समय और उस घड़ी का हाल सुनिए। जिस समय बरइनि की चोली फटी और उसका सीना दिखाई पड़ा तो लोरिक व्याकुल हो उठा। उसने कहा—हे देव, हे नारायण, हे ब्रह्मा तुमने मेरे ललाट में क्या लिख दिया? यहाँ आप लोग मेरे धर्म की रक्षा कीजिए। हे दुर्गा। आपकी शक्ति मेरी सहायता करे। स्त्री यहाँ खड्ग लेकर लड़ रही है। मेरा वंश डूब जाएगा। बरइनि ने खड्ग का प्रहार किया उसने लोरिक से कहा - मैं तुम्हारा पिंड नहीं छोड़ूँगी। तुम्हारा प्राण नहीं छोड़ूँगी। मेरा यही प्रण है कि जो मुझे युद्ध में नीचा दिखा देगा वही मेरा पुरुष होगा। मैं उसकी स्त्री हो जाऊँगी। भगवान ने मेरे प्रण की रक्षा कर ली। मैं तुम्हारा पिंड नहीं छोड़ूँगी! तुम्हारे साथ सुरावली नगर चलूँगी। तब लोरिक ने कहा—बरइनि मेरी बात सुनो। मैं तुझे छोड़ूँगा नही। जब मैं सुरहुलि से लौटूँगा। तब मैं तुझे अपने साथ ले लूँगा। सुरहुलि के लोग समझेंगे कि साथ में मैं अपनी बहन को लाया हूँ तब पद समझ कर वे दिल्लगी करेंगे। बरईपुर नगर में भी मेरी बड़ी हँसी होगी। सुरावलि में अयुक्त, असंगत बातें होंगी। लोग कहेगे लोरिक अपनी बहन को संग लेकर बारात में आया है। ऐसा कह कर लोग मेरी निंदा करेंगे। तब बरइनि बोली—मैं इस समय तुम्हारी जान नहीं छोड़ूँगी। मैं भी साथ में सुरावलि चलूँगी। अपने भगुर का विवाह ललकार कर करूँगी। वीर मर्द ने कहाँ - तुम बरईपुर में ही रहो और पान की दुकान करो। जब सुरावलि से लौट आऊँगा और भउजी की डाँड़ी फनवा लूँगा तब तुम्हारी भी डोली निकलवाऊँगा। जेठानी और देवरानी दोनों साथ गउरा गुजरात चलेंगी। लोरिक के इतना कहने पर बरइनि मन मार कर बैठ गयी। अहीर की बारात सज कर बरईपुर गाँव से उत्तर की ओर चल पड़ी। बारात रात में धीरे-धीरे चलती, दिन में दौड़ लगाती। रास्ते में कहीं पड़ाव या डेरा नहीं डालती। बाजे गाजे की ध्वनि के साथ बारात सुरवलि नगर चली जा रही थी। जब थोड़ी दूर जमीन रह गयी तथा बारात सुरवलि गाँव पहुँच गयी तब भीमली कीं नींद शुरू हुई। ६ महीने की उसकी नींद होती थी। अभी भीमली गाढ़ी नींद में सो रहा था तब तक बाजे की तुमुल ध्वनि होने लगी। भीमली का पिता बमरी उस दिन रोने लगा। तख्ते पर मस्तक पटकने लगा। कहने लगा—'हे देव, हे नाराण हे ब्रह्मा तुमने मेरे मस्तक में क्या लिख दिया? मेरा बेटा मेरा शत्रु पैदा हुआ है इसे कुंभकर्ण को नींद लगी हुई है। न जाने कहाँ से सूबा ने चढ़ाई कर दी है। सुरवलि में बाजे बज रहे हैं। सुरवलि का राज्य उन्होंने लूट लिया। मुझसे कुछ कहा नहीं जाता।' बारात चली और शम्भू सागर की भित्ति पर पहुँच गयी। भीटे पर जाजिम गिरा तथा सेना का दल वहाँ खड़ा हो गया। चारों कोने पर गैस

चढ़ा दी गयी। बीच में झूंपू गैस लटका दी गयी। गउरा के लोग वहाँ मंडली बना कर बैठ गये। अब वहाँ का हाल सुनिये। मुरवली में बारातियों का जलसा होने लगा, कस्बिनें और पतुरियाँ नाचने लगी भांड़ चुटुकी पर तान तोड़ने लगे। गउरा के लोग उन्हें घेर कर बैठे हुए थे और मगही पान कूँच रहे थे। भींटे पर जलसा हो रहा था। शत्रु किले में ६ महीने की नींद सो रहा था। तीन महीने आठ दिन बीत चुके थे। अब लोरिक का हाल देखिये। उसने गुरु अजयी से कहा—गुरु तुमने कहा था कि चलकर विवाह कराऊँगा और सतिया की डोली निकलवाऊँगा। पर यहाँ तो तीन महीने बीत चुके हैं। अभी तक कुछ आहट ही नहीं मिल रही है। कब खेत पर शत्रु जायेंगे। कब झगड़े का निपटारा होगा? हम तो बहुत कम खर्च लेकर चले हैं। खर्चा कम पड़ गया है। मुरुहुलि तुम्हारी जन्मभूमि है। ज़रा तुम नगर में जाते और खर्चा जुटा लाते। नहीं तो सवालाख बारात क्या खायेगी? तब गुरू अजयी मुरावल गये। मुरावल में प्रवेश करते ही गली से महीचन साह के दरबार में पहुँचे। महीचन ने जब गुरू अजयी को देखा तो बैठने के लिए काली कुर्सी दी तथा झुककर उन्हें अभिवादन किया। अजयी ने हृदय से आशीर्वाद दिया। महीचन ने पूछा—गुरू आजकल तुम्हारा वारा स्थान कहाँ है, तुम्हारी बुनियाद कहाँ है? गुरू ने कहा—जब से मैंने सुरहुल नगर छोड़ा है, मैं गउरा-गुजरात चला गया हूँ। मैंने वहाँ एक गोप ग्वाल को अपना चेला बनाया है उसका प्रिय नाम लोरिक है। बल में भीमली है तो कार्य में लोरिक चतुर है। देवी दुर्गा उसकी पूजमान हैं। वह दुर्गा के ही बल पर चलता है। वह शीघ्र ही शत्रु को मार डालेगा। सतिया का विवाह हम लोग ललकार कर करेंगे। हम गुरू चेला कम खर्च लेकर चले थे। हम लोगों को खर्च दे दो। हमारी सारी बारात खायेगी। जिस समय नगर गउरा में चेला लौटेगा, घर पहुँचेगा तो जोड़ कर सारी पूंजी तुम्हें भेज देगा। गाड़ी और छकड़े पर वह रुपये भिजवायेगा। तब साहु महीचन ने कहा—गुरू, मैं ऐसी स्वीकृति नहीं दूंगा नहीं तो राजा भीमली बहुत बली है। सुनेगा कि मैंने उसके शत्रु को खर्चा पानी दिया है तो मेरे बाल बच्चों को कोल्हू में पेरवा देगा। जब मैं लोरिक का रूप देख लूंगा तब मुझे थोड़ा एतबार होगा। तभी मैं शम्भू-सागर के तट पर लोरिक को खर्चा दूंगा।

अब वहाँ का हाल सुनिये। गुरू अजई ने महीचन से नम्रतापूर्वक कहा—'चेला, मेरी बात सुनो। तुम मेरे साथ अभी चलो। मेरा चेला लोरिक बैठा हुआ है। आगे गुरू अजई चला। साथ में दो चार महाजन भी चले। जब वे शम्भूसागर के तट पर पहुँचे, भीटे पर चढ़े तब साहु महीचन भी ऊपर चढ़ा। जब उसने गउरा के लोगों का दंगल देखा तो उसकी जांघ कांपने लगी, शरीर थर्राने लगा। वहाँ एक से एक लाड़ले है, एक से एक सुन्दर सरदार बैठे हुए हैं, मगही पान खा रहे हैं। महीचन की वहाँ जाने की हिम्मत नहीं हुई। जाजिम के बाहर ही वह डर से काँप रहे हैं। गुरू अजई लोरिक के पास चला गया और कहा—चेला लोरिक तुम मेरी बात सुनो। नौ लाख की सम्पत्ति वाला साहु खड़ा है पर उसकी हिम्मत भीटे पर

चढ़ने की नहीं हो रही है, तुम उसको अपने पास बैठा लो—अजयी ने लोरिक से इस प्रकार कहा। मर्द बीर लोरिक उस वक्त उठा, साहु के पास गया और उसका हाथ पकड़ कर उसे ले आया और अपने पास बैठा लिया। चेला लोरिक बोला—ऐ साहु सुनो। हमारा खर्चा घट गया है।

भावार्थ—(१३०१ –१६००)

गुरू अजयी ने हमें तसल्ली दी। उन्होंने कहा कि सुरवलि में पहुँचते ही सतिया से मलसांवर का विवाह करवाऊँगा तथा उसकी डोली निकलवाऊँगा। पर यहाँ तीन महीने बीत गये। मेरे पास खर्चा कम था सवा लाख बारात यहाँ बैठ कर खा रही है। पास में जो खर्चा था वह घट चला है। साहु तुम मुझे खर्चा दे दो। यहाँ सारी बारात खायेगी। जिस दिन मैं सुरहुलि से गउरा-गुजरात पहुँच जाऊँगा, सब जोड़ कर तुम्हें रकम भेजूंगा। तब साहु महीचन ने कहा—भइया रुपये पैसे की क्या ज़रूरत है। मैं सुरावलि के बाजार को वहाँ घेर कर बैठवा दूंगा। जिसकी जैसी इच्छा होगी वैसा भोजन कर लेगा। जब तुम गउरा पहुँच जाना तब चिट्ठा-पुर्जा जोड़ कर मेरा कर्ज उतार देना। गउरा पहुँच कर जोड़ कर मेरा सारा खर्च भेज देना। ऐसा कह कर महीचन साहु सुरवली में चला आया। गली में जो मुखिया था, मुखबीर था, उसके नाम से डुग्गी पीटवा दी गयी। सुरवलि के बाज़ार मे जितने महाजन हैं सभी सागर के भींटे पर चलें। अहीर की सवा लाख बारात वहाँ टिकी हुई है वहाँ तुम लोग खर्चा पानी जुटा दो, इसमें बहुत लाभ है। इतना द्रव्य मिलेगा कि तुम्हारे बाल बच्चे बैठ कर खायेंगे। डुग्गी पिटवा दी गयी। मुरहुलि का बाज़ार उजड़ गया। सबने जाकर सागर के भींटे को छेंक लिया। राजा बमरी उस दिन रोने लगा। धरती पर सिर पटकने लगा। हाय, मुरहुल की मेरी बस्ती उजड़ गयी। यहाँ बंड़वा सियार रो रहें हैं। तख्त पर सिर पटकते हुए बमरी ने कहा—मेरा बेटा मुद्दई होकर पैदा हुआ है। उसे कुम्भकर्ण की नींद लगी हुई है। यह कहाँ का सूबा आकर टिका हुआ है। इसने सुरवली की बस्ती उजाड़ दी है। मुरहुलि के जो श्रेष्ठ लोग थे उन्होंने सागर के बीच जाकर डेरा डाल दिया है। गाँव में दिन में ही सियार रो रहे हैं। मुझसे कुछ कहा नहीं जाता। स्त्रियों ने भी जाकर वहाँ डेरा डाला है। अपने भरे हुए घड़ों का पानी उन्होंने गिरा दिया है जिससे पानी की धारा बह चली है।

अब यहाँ का हाल सुनिये। गउरा के सरदार घूम-घूम कर सब कुछ देख रहे हैं। लोरिक ने गुरू अजयी से कहा—किसी (ओढ़रा) अपहृत की हुई से झगड़ा लग जाता तो मेरा शत्रु जग जाता तथा खेत पर दो हाथ तलवारें चल जातीं। राम जिसकी सहायता करता उसकी विजय होती। फिर लोरिक ने अभद्र बोली बोलते हुए कहा—ऐ गउरा के लोगों, एक-एक स्त्री पर तीन-तीन आदमी लग जाओ पार कर जाओ। ये हल्ला मचाते हुए भाग जायेंगी तथा किले में आग लगायेंगे। सूबा वहाँ से चढ़ाई करेगा। लोरिक का हुक्म पाते ही जवानों में खलबली मची। कहने लगे—एक-एक स्त्री पर दो-दो तीन-तीन मर्द चढ़ जाओ। सुरवलि की स्त्रियाँ रोने

लगीं। हे देव ! हे नारायण ! यह कहाँ का दुश्मन टिका हुआ है ? उसने हम लोगों की इज्ज़त ले ली है। स्त्रियाँ रोते हुए चलीं। वे किले का रास्ता पकड़े हुए चली जा रही थीं। बूढ़ी और पुरनियाँ स्त्रियों ने कहा—ऐ राण औरतों ! ऐ बेटों को खा जाने वाली स्त्रियों, तुम लोग सुनो। अपने दामादों को जगाने जा रही हो ! अपनी तकदीर ठोको, करम को ठोको। जिस फल को किसी ने नहीं खाया उसको तुम लोगों ने परदेशियों को चखा दिया। तुम लोग भींटे पर लौट जाओ। स्त्रियों ने दल बनाकर सागर के भीटे को छेंक लिया। वहाँ कस्बियाँ, पतुरियाँ चुटकियों पर तान तोड़ रही थीं। सागर पर जलसा हो रहा था अभी उनका शत्रु भीमली नहीं जागा था। दस पन्द्रह दिन और बीत गये। दिन के बारह बजे थे। मुरहुलि के सारे गड़ेरियों ने सागर के भींटे पर अपनी भेड़ें और बकरियाँ छोड़ दी। तब लोरिक ने गउरा के लोगों से कहा—जवानों उठ जाओ तथा भींटे पर फैल जाओ। जितनी भेड़ें और बकरे हैं उन्हें मारकर जंगल में फेंक दो जितनी भेड़ें आदि बची हों उनको मार कर धरती पर फेंक दो। ये साले रोते हुए किले पर जायेंगे और गुहार करेंगे। तब शत्रु जाग उठेगा तथा खेत पर दो हाथ जम कर तलवारें चलेंगी। राम जिसकी सहायता करेगा उसकी विजय होगी। क्षण में झगड़ा खत्म हो जायगा। इधर मूबा बामरी रो रहे हैं। तख्त पर सिर पटक रहे हैं। मेरा बेटा शत्रु होकर उत्पन्न हुआ है। वह कुम्भकर्ण की नींद सो रहा है। इस बीच मुरहुल का राज्य उजड़ गया। सभी लोग सागर के भीटे पर चले गये हैं। यहाँ दिन में वांड़ा सियार रो रहे हैं। राजा बमरी यह कह कर तख्त पर बैठे रो रहा था। मंत्रियों ने उसे बताया तथा चुगुली करने वालों ने उसे समझाया। जब तक दिन और अवधि पूरी नहीं हो जायगी तब तक तुम्हारा बेटा नहीं जगेगा। राजा, तुम सात हाथियों की दँवरी चलवा दो। महावत को उन्हें घुमाने दो। राजा ने हाथियों को मंगवाया तथा दंवरी घुमवा दी। हाथी भीमली के शरीर को रौंदने लगे। दिन पूरा होने को आया। भीमली के शरीर का गठन हलका था। उसने शरीर घुमाया तथा अपनी करवट बदली। फिर तेरह हाथियों को लेकर उसका शरीर रौंदा गया। तीसरे दिन में थोड़ा समय रह गया तब शरीर पर कुछ रेंगने का आभास हुआ। भीमली अंगड़ाई लेकर जाग उठा। उसने चाँदनी पर शरीर के अगले भाग से ऐसी चोट की कि उसकी आवाज़ आकाश में गूंज गयी। जब भीमली ने ताल ठोका तो उसकी आवाज़ सागर के भींटे पर पहुँच गयी। सुरहुलि के लोगों ने सुना बारात में बैठे हुए लोग कहने लगे—भाइयों, आज सूबा भीमली जाग गया है। उसने ताल ठोकी है जिसकी आवाज़ सागर के भीटे तक पहुँच गयी है। राजा भीमली ने पिता का रुदन सुना, पिता ने उसे बताया कि मुरावल की बस्ती उजड़ गयी है। मेरा राज्य उजड़ गया है। मुरावल की सारी सम्पत्ति सागर पर छेंक ली गयी है। न जाने कहाँ से आकर वहाँ परदेशी टिके हुए हैं जिन्होंने मुरावल को उजाड़ दिया है। यहाँ दिन में ही पुच्छहीन सियार रो रहे हैं। सूबा बमरी झंख रहे हैं, फूट-फूट कर रो रहे हैं।

जब भीमली ने यह सुना तो वह अपने किले में प्रवेश कर गया। हाथ में

अपनी हजारी ली। कन्धे पर सांग जमा कर रखी तथा जल्दी से सागर पर गया। चार बीघा और जाना था कि वहीं से भीमली कड़क कर बोला—भाई तुम्हारा वतन कहाँ है, तुम्हारा वास स्थान, तुम्हारी बुनियाद कहाँ है ? तुमने कहाँ की चढ़ाई की है ? सुरवली के राज्य को क्यों उजाड़ दिया है ? किसकी जांघ की शक्ति से तुम किले के भीटे पर आ टिके हो। किसके तालू में दांत जमा है कि मेरे शहर को उजाड़ दिया है। भीमली की डांट गउरा के सभी लोगों ने सुनी। लोरिक ने तत्काल जवाब दिया — गउरा मेरा वतन है, गउरा वास स्थान है, गउरा में बुनियाद है। सुरहुलि की मैंने चढ़ाई की है। अपनी जांघ की शक्ति से, अपनी भुजाओं के बल से हम सुरवलि में टिके हुए हैं। भाई सुनो, मेरे ही तालू में दांत जमे हुए हैं। मैंने ही बस्ती उजाड़ी है।

अब वहाँ का हाल सुनिये। दोनों के बीच कहा सुनी शुरू हो गयी। भीमली ने कहा—ऐ दक्षिण के राजा मेरी बात सुनो। जिस ओर से चाहो हाथ मिला लो और बल की परीक्षा कर लो। लोरिक नम्रतापूर्वक बोला—चाहे कुश्ती मे हाथ मिला लो। चाहे युद्ध में हाथ का अंदाज़ ले लो। जब लोरिक ने यह बात कही तो भीमली ने अपनी हजारी सांग फेंकी। ताल ठोका। लोरिक ने भी अपनी बिजुली वाली तलवार फेंकी। दोनों ने खेत पर ताल ठोक दिये तथा पैंतरेबाजी करते हुए दोनों लड़ गये। जिस समय भीमली ने दाव मारा अहीर धरती पर गिर पड़ा। लंगड़ी दाव मारकर मल्ल भीमली ने जबर्दस्त कुश्ती छेड़ दी। लोरिक की हड्डी तड़-तड़ तड़कने लगी। तब धरमी भइया संवरू दौड़े। उन्होंने भीमली को नीचे कर दिया तथा झगड़ा निपटा दिया। दोनों मर्द अलग-अलग हो गये तथा अपने हथियार ले लिये। दोनों खेत पर पैंतरा करने लगे जैसे भादों में भैंसा चिल्ला रहा हो। वे ऐसा पैंतरा कर रहे थे कि उससे पेड़ के सभी पत्ते जो आगे पड़ते थे गर्द में मिल जाते थे। सूबा भीमली ने कहा—लोरिक मेरी बात सुनो। जब मैं तुम्हारे वार में आ जाऊँगा तब तुझे मार डालूंगा। मर्द वीर लोरिक ने कहा—भीमली तुम मेरी बात सुनो—मैं पहले चोट नही करूंगा। न पीछे से चोट करूंगा। मेरे गुरू ने शपथ दिलाई है। मेरे लिए यह हराम है। इतना सुनते ही भीमली ने ललकार कर हजारी सांग खींची तथा अहीर के सिर की ओर आघात किया। माता भगवती तुम धन्य हो। उन्होंने आंचल फैला दिया। वह अहीर के साथ धरती पर गिर पड़ीं। लोरिक फिर सामने खड़ा हो गया। भीमली ने दूसरा वार किया और लोरिक की कमर में मारा। लोरिक गउरा का खेला हुआ मर्द था। वह बांये से थोड़ा तिरछे हो गया। फिर भहरा कर गिर पड़ा। इस प्रकार उसने दो हमले निरस्त कर दिये। जब सूबा ने तीसरी बार हमला किया तब लोरिक ने अपनी ढाल (ओड़न) संभाली। इस प्रकार तीन हमले हो चुके। लोरिक ने तीनों हमलों को विफल कर दिया। उसने कहा—ऐ सूबा, तुम्हारी पक्की चोट मैंने बर्दाश्त की अब तुम मेरी कच्ची चोट बर्दाश्त करो। उसने म्यान से तलवार निकाल कर म्यान फेंक दिया और अपनी दस्तगी तलवार तान ली। तलवार चार अंगुल बाहर

हुई तो उसकी आवाज आकाश में गूंज गयी। नीचे दावानल फैल गया तथा पोरसे भर तक लपट भभकने लगी। उस समय भीमली की पलक घूमी और उसकी गर्दन पर तलवार गिर गयी।....सती चाँदनी पर सिर पटकने लगी। हे देव, हे नारायण, हे ब्रह्मा आपने मेरे ललाट में क्या लिख दिया ?

भावार्थ—(१६०१—१८००)

इस सागर पर कहाँ से दुश्मन आ गये ? ये सारे राज्य को उजाड़ रहे हैं। मेरी दाहिनी बाँह टूट गयी। मेरी अकेली ज़िन्दगी बच गयी। मेरे भाई सागर पर जूझ गये। सतिया ने वहाँ से प्रस्थान किया तथा अपने सत का स्मरण करने लगी। माया की उसने पिटारी (झंपोली) खोली। जिस समय उसने सत का बीड़ा उठाया वहाँ छत्तीस नाग उठ कर खड़े हो गये। सतिया ने उनसे कहा—तुम लोग इस पिटारी को छोड़ो तथा सागर के तट पर जाकर फैल जाओ। घूम-घूम कर बारात को डंस लो। जैसे मेरे भाई कट गये वैसे ही गउरा के सभी लोग मर जायं। दुर्गा तुम धन्य हो। आदिकाल से ही तुम पूजमान हो। लोरिक ने कहा—हे देवी ! तुम्हारे ही बल और पौरुष के सहारे मैंने इस दारुण देश मे आया। देवी, तुम मुझे पाठ दो, शिक्षा दो। मेरी सवा लाख बारात गायब हो गयी। दुर्गा ने एक लड़की का रूप धारण किया तथा रत्नजटित घांघरा पहन कर उसकी दाहिनी बांह पर छमकने लगीं। कहा—ऐ मेरे उपासक, ऐ मेरे प्रिय लोरिक, तुम मेरी बात सुनो। सवा लाख बारातियों के शरीर को अपनी शक्ति से बटोरो और मिट्टी की निगरानी करो। दिन में कुत्तों और कौवों को हांको तथा रात में पूंछ कटे सियारों को। मैं सतिया की चांदनी पर जा रही हूं। मैं उसकी मति फेर दूंगी। आधी रात ढल जाने के बाद देवी भगवती उड़ी और इधर-उधर घूम कर दरवाज़े के अन्दर प्रवेश कर गयी और दरवाज़े को बन्द कर दिया। अन्दर सतिया कुर्सी पर बैठी हुई थी। वह नम्रतापूर्वक बोली—क्या तुम ठग हो ? चोर हो ? शहर के गुण्डे हो जो आधी रात ढलने के बाद यहाँ लड़ रहे हो, शोर कर रहे हो तथा मेरा दरवाज़ा पीट रहे हो। तब भगवती जो लोरिक की पूजमान थीं, बोलीं—ऐ सती, तुम मेरी बात सुनो। मैं न तो चोर हूँ और न तो बदमाश हूँ, न तो शहर का गुण्डा हूँ। मैं तो लोरिक की माँ दुर्गा हूँ मैं आदि युग से उसकी पूजमान हूँ। तुम्हारे ही कारण मैं यहाँ चढ़ आयी हूँ। सवा लाख बारात नष्ट हो चुकी है। सतिया नम्रता पूर्वक बोली। ऐ भगवती सुनो—यह बात साफ़ है, हम माँ की दो सन्तानें थीं। भाई बहन का दोनों का जोड़ा था। भइया भीमली जूझ गये। मैं अकेली हो गयी। मुझसे गुस्सा संभाला नहीं गया। मैंने सत को पुकारा। तब पिटारी बिखर गयी। नागो को मैंने हुक्म दे दिया। ऐ देवी, तब नाग उस समय छत्तीस की संख्या में हो गये वे सागर के तट पर घूमने लगे तथा सवा लाख बारात को उन्होंने क्षत कर दिया। लोरिक अकेला बचा है और उसके बदन पर माँ दुर्गा हैं। जब नाग ने लोरिक की ओर फण ताना, आग कड़की। नाग ने अपना फण खीच लिया। बातों बातों मे सतिया ने दुर्गा को भ्रम में डाल दिया तथा उसने अपना सत

प्रकट किया। दुर्गा ने अपनी शक्ति बढ़ाई। सतिया के सिर पर चढ़ गयीं और उसे वश में कर लिया। पूज्य दुर्गा कहने लगीं—ऐ मंदाकिनी की भाँति पवित्र सती, तुम सुनो। यहाँ मेरी बात मानो। तुम्हारे कारण यहाँ मेरी सवा लाख बारात मर गयी है। यदि तुम इतनी बारात को नहीं जीवित करोगी तो तुमको बहुत अपराध लगेगा। और यह अपराध युग-युग तक तुम्हारे हाथ से नहीं छूटेगा। हमेशा-हमेशा के लिए तुम्हारे लिए बन्धन हो गया है। अब सती का हाल सुनिये। उसने नम्रतापूर्वक कहा—जो अमर सिंदूर है और जिसे ब्रह्मा ने मुझे दिया है, वह सात समुद्र के पार, जहाँ वह रखा हुआ है। वहाँ अगिया-कोइलिया मौसी हैं। उनके हाथ में मेरा सिंदूर है। वहाँ बत्तीस गाँव का भण्डार है जिसमें मेरा सिंदूर रखा हुआ है। कौन इतनी युक्ति करेगा ! ऐ दुर्गा, मेरा विवाह कैसे सम्पन्न होगा ?

अब वहाँ का हाल सुनिये। माँ दुर्गा प्रकट हुईं। एक ओर देवी भगवती बैठ गयीं दूसरी ओर सती बैठ गयी। उन्होंने सती की मति फेर दी। उन्होंने नम्रतापूर्वक कहा—ऐ मंदाकिनी की भाँति पवित्र सती, अपना सत तुम बटोर लो। जो तुम्हारे छत्तीस नाग हैं उनको तुम हुक्म दे दो। उन्होंने बारातियों की जाँघों में जहाँ-जहाँ दंश किया है वहाँ से वे विष निकाल लें। अहीर की बारात जीवित हो उठे। सागर के भींटे पर वह संतुलित हो जाय। सती ने अपना पिटारा उतारा, सत का स्मरण किया। नाग फुफकार कर उठे। सती ने उनसे कहा—तुम लोगों ने जहाँ-जहाँ दंश किया है, वहाँ से खींच कर बारातियों का विष निकाल लो। नाग इधर-उधर फैल गये। बारातियों का विष निकाल लिया। गउरा के सब लोग उठ कर बैठ गये। जवान लोरिक आश्चर्यचकित होकर कहने लगा—माँ ! शत्रु इस प्रकार सागर पर लग गये कि मैं नींद में विभोर होकर सो गया। तब माँ दुर्गा जो आदिकाल से ही पूजमान हैं बोल उठी—ऐ मेरे उपासक, ऐ मेरे प्रिय लोरिक, तुम मेरी बात सुनो। जैसी नींद में तुम सोये थे वैसी नीद में तुम्हारा शत्रु सोये। अब सिंदूर लाने कौन जायेगा ? बारात की देखभाल कौन करेगा ? दुर्गा ने कहा—यहाँ तुम्हारी सवा लाख बारात को पहरेदार संभालेंगे। तुम अमरपुरी में सिंदूर लेने चले जाओ। तुम्हारे साथ मेरी शक्ति है। तब अहीर अपना अंगरखा पहनने लगा पैर में तंब्रान (पाजामा) बदन में तरकश तथा डोरी संभाली। पैर में जूता डाला, साठ गज़ का दुपट्टा लिया। अपनी पेटी संभाली। छप्पन पेंचों वाली छूरी और कटार ली। बगल में तलवार लटकायी तथा मुलायम नरमा की पगड़ी धारण की जिसमें मेघडम्बर छत्र लगा हुआ था। सबसे ऊपर कवच था जो नौ मन लोहे का बना हुआ था। बायें हाथ में ओड़न तथा उसके दाहिने हाथ में तलवार थी। वह चलते-चलते समुद्र के पास पहुँचा। वहाँ कदम के पेड़ की छाया में बैठ गया। ऊपर हंस-हंसिनी का घोंसला था। वहाँ पेड़हरियां नामक नाग भी था। वह हर दिन पेड़ पर चढ़ता था। जिस समय वह कदम के पेड़ पर चढ़ रहा था लोरिक की नज़र उस पर पड़ी। मर्द वीर उठा। हाथ में तलवार खींची। फिर डांट कर उसे मार दिया। नाग वहाँ से खिसक कर गिर पड़ा।

अब वहाँ का हाल सुनिये हंस और हंसिनी दिन भर चुन कर संध्या को अपने घोंसले में बच्चों के यहाँ आने लगे । हंस हंसिनी ने घोंसले में आकर अपने बच्चों से पूछा—बच्चों आज तुम क्यों खा नहीं रहे हो ? बच्चों ने हंस हंसिनी से पूछा—पहले यह बताओ कि तुम्हारे आगे कौन है ? हंस हंसिनी ने कहा—बच्चों, हमारी बात सुनो । रात को अण्डे बच्चों की सेवा करके हम लोग चले गये आज जब लौट कर हम लोग आये तो तुम लोगों को ममता से हीन निर्मोह देख रहे हैं । आज क्या बात हो गयी है कि घोंसलों में ज़रा भी मोह-ममता नहीं है । बच्चों ने कहा—माँ ज़रा नीचे देखो । हंस और हंसिनी ने नीचे देखा । वहाँ नीचे पल्थी मार कर एक मर्द बैठा हुआ है । जो नाग अण्डे और बच्चों को खा जाता था वह दो टुकड़ों में होकर गिरा हुआ है । हंस हंसिनी उड़ कर बाजार गये । एक दूकान से मिठाई का थाल अपने चंगुल में भर लाये । फिर लोरिक के पास जाकर कहा—भइया, तुम पहले भोजन कर लो तब हमारे अण्डे बच्चे खायेंगे । बीर लोरिक भोजन करने लगा उसके बाद बच्चों ने खाया । हंस हंसिनी ने लोरिक से कहा—भइया, सुनो । तुमने हमारे साथ बड़ी नेकी की है । तुम हमसे कुछ वर माँग लो । बीर लोरिक ने कहा—पक्षियों मेरी बात सुनो । तुम्हारी जाति पक्षी की है । तुम लोग कौन सा वर दोगे । हंस हंसिनी ने कहा—जो कुछ तुम्हारी माँग होगी हम पूरा करेंगे । लोरिक ने कहा—सात समुद्र पार जहाँ अगिया और कोयलिया हैं वहाँ बत्तीस नगर हैं उसमें सोहाग का सिंदूर है, मुझे उसे लेने जाना है । तुम लोग हमें उस पार कर दो । हंस हंसिनी ने कहा—भइया अहीर लोरिक सुनो । पत्तों के सात दोनों में माँस रखा जायगा और हमारे साथ चलेगा । लौटते समय भी सात दोनों में मांस चढ़ेगा । चौदह दोने मांस का प्रबन्ध करो तब हम तुम्हें पार डका देंगे । बीर मर्द उठा । उसने नाग की बोटी गोटी काटी । तेरह दोने तैयार हो गये । पर एक दोना मांस घट गया । हंस-हंसिनी दोनों अहीर के पास गये उन्होंने वहाँ अपना डैना फैला दिया । उस पर मांस रख दिया गया । अहीर बीच में बैठ गया । उसने हाथ में बिजली का तलवार रखी थी । पक्षियों ने वहाँ से उड़ान भरी तथा उसे पार डँका दिया । सात हिस्सों को पार करा कर लोरिक को पक्षी कदम के वृक्ष पर लाये । बीर लोरिक वहाँ से उतरा तथा रेती में चला गया । वहाँ अगिया और कोइलिया बहिनें थी । वहाँ झूला पड़ा हुआ था दोनों मौज में गीत गा रही थीं । लोरिक ने जाकर उन्हें झुककर सलाम किया । वहाँ रात में कुररी पक्षी आश्चर्य प्रकट करने लगी, दांतों तले अंगुली दबाने लगी ।

भावार्थ—(१६०१—२२३३)*

अहीर ने वहाँ डाइनियों से मेल कर लिया । दोनों अहीर के साथ ठहर पर भोजन करती थीं । इस प्रकार दस पाँच दिन ही रह गये तब उन्होंने लोरिक से

*त्रुटि सुधार—पृष्ठ २२० पर लाइन नं० २१०० के स्थान पर ३००० मुद्रित है यहाँ से पृष्ठ २२४ तक लाइनों का क्रम सुधार कर पढ़ें ।

कहा—ऐ भइया, परदेसी सुनो। तुम यहाँ चारो ओर बहुत घूमे। चलो, अब नाव पर आनन्द से बैठें स्नान करें। लोरिक ने उनसे कहा—मैं रास्ते में बहुत थक गया हूँ। नाव पर स्नान करने नहीं जाऊँगा। मैं यहाँ रामरसोई बनाऊँगा। तुम लोग स्नान कर आओ। दोनों बहनें डोंगी लेकर स्नान करने चली गयीं। वे समुद्र में नौका-बिहार करने लगीं। इधर लोरिक भंडार में प्रवेश कर गया। उसने सिंदूर उठा लिया तथा उसे लेकर कदम्ब के वृक्ष पर चला गया। हंस-हंसिनी उसकी प्रतीक्षा कर रही थीं। उन्होंने एक धारा पार किया, फिर दोने का मांस खाया। दूसरी धार को डाँका, फिर मांस खाया। इसी प्रकार तीसरे दोने का मांस छक कर खाया चौथे, पांचवे तथा छठे दोनों का मांस खाकर वे आगे बढ़ती रहीं। जब सातवीं धारा में आयीं तब उन्हें बड़ी भूख लगी। उनका मुँह सूखने लगा। लोरिक ने पूछा—इस बीच समुद्र की धारा में क्या तुम लोग मेरा प्राण ले लोगे। हंस हंसिनी ने कहा—हमें थोड़ी भूख लगी है। इस कारण हम तीनों समुद्र में गायब हो जायेंगे। तब लोरिक ने जेव में हाथ डाला, चाकू निकाला तथा उसी वजन का मांस (अपने शरीर से) काटा। हंस हंसिनी ने उसे खाया और लोरिक को धारा के पार करा दिया। लोरिक समुद्र पार होकर बारात की ओर चला। घण्टा-पहर भर में वह शम्भू सागर के तट पर पहुँच गया। माँ भगवती उसको देख रही थीं। वह मुँह फाड़कर, खंखार कर उसके पास दौड़ी। उन्होंने चेले की जांघ चाट दी वह यथा पूर्व हो गयी। लोरिक ने कहा—ऐ मुरहुलि के लोगों, मेरा हुक्म लेकर जाओ और बमरी से कह दो कि वे जल्दी अपने दरवाज़े पर विवाह का इन्तज़ाम करें। मेरी बारात दरवाज़े पर लगेगी। वे अहीर के पांव की पूजा ठीक से करें। सूबा बमरी तख्त पर बैठे हुए मगही पान खा रहे थे। धावन उसी समय वहाँ पहुँचा। बमरी ने कहा- धावन मेरी बात सुनो। मेरी जाति क्षत्रिय की है। वह अहीर ग्वाल है। मैं अहीर के पांव की कैसे पूजा करूँगा? मैं (सतिया की) शादी कैसे करूँगा? यह बात सुनकर धावन शम्भू सागर पर लौट आया तथा लोरिक को बमरी का हुक्म सुना दिया। अहीर लोरिक ने धावन से कहा कि जाकर उन्हे समझा दो। यदि वह ठीक से पांव पूजा करेंगे तो उनको प्राण दान मिलेगा। नही तो मैं अपनी दोगाही तलवार खीचूंगा तो उससे बमरी को दो भागों मे काट कर ढेर कर दूँगा। लोरिक ने हुक्म दिया—ऐ मेरे सवा लाख बारातियों, तुम लोग अपना सामान कस लो। शक्ल-सूरत, ठाट-बाट बना लो। चलकर बमरी के यहाँ द्वारचार करो। सारे मर्द तारों की भाँति चमक उठे। लोरिक सागर पर चाँद की भाँति उगा हुआ था। अहीर ने हुक्म दिया। बारातियों, बमरी के द्वार पर चढ़ चलो। ऐ बाजा बजाने वालों, सुनो। तुम लोग ऐसी लकड़ी बजाओ, ऐसी ध्वनि निकालो कि मुरहुलि नगर में कोलाहल फैल जाय।

अब बांठा का हाल सुनिये। उसने आजाद होकर लकड़ी बजानी शुरू की। चमारों ने लकड़ी बजाना, बाजों पर ध्वनि निकालना शुरू कर दिया। सात रंगों का बाजा बजना शुरू हुआ। उस समय पृथ्वी डगमगाने लगी; विष्णु लोक कांपने

लगे। बारात द्वार पर लगी। ठाट से द्वारचार होने लगा। पाँव पूजा होने लगी। सतिया की माँग में सिंदूर पड़ गया। अहीर का विवाह ठाट से सम्पन्न हुआ। तब फिर अहीर बीर लोरिक बोला—ऐ ससुर बमरी, हम खिचड़ी और भात की रस्म एक साथ सम्पन्न करेंगे। तब रुखसदी होगी। मुहूर्त आ गया है। बारात शम्भू सागर पर जाकर मण्डली बनाकर बैठ गयी। मुरहुलि में जलसा होने लगा। कस्बिन और पतुरिया नाचने लगीं। भांड़ चुटकी पर ताल देने लगे। सूबा बमरी के यहाँ रसोई तैयार हो गयी। बारात में आज्ञा कर दी गयी कि जितने गोप और ग्वाल हैं वे उठकर खिचड़ी खायें। सभी काम एक साथ निपट जाय तब विदाई होगी।

अब वहाँ का हाल देखिये। अहीर खरभरा कर उठे। गोप और ग्वाल वहाँ से चले। अब दूल्हा सांवर खिचड़ी और भात खाने चलेंगे। गउरा के जवान उठे। गोप आँगन में पहुँच गये। अहीरों का पत्तल बिछ गया। सोलह प्रकार के सामान पत्तल पर गिरने लगे। सब लोग मंडली बना कर बैठे हुए थे। बीच में आग रखी हुई थी। कटोरों में सब्जियाँ रखी हुई थी। पानी आदि भी हाथ मुँह धोने के लिए दे दिया गया। तब चौधरी ने कहा—पंचों, कोर उठाओ, सीताराम करो। अहीर गर्दन झुका कर भोजन करने लगे। खिचड़ी-भात खा कर, हाथ मुँह धोकर वे मगही पान खाने लगे। ऊपर से सूर्ती और सोपारी ठोंकने लगे। मुरहुलि मे जलसा हो रहा था। लोरिक ने भी भोजन कर लिया था। उसने बमरी से कहा—ऐ मेरे ससुर, देखो, सायत आ गयी है। सतिया की विदाई इसी क्षण कर दो। मुहूर्त की घड़ी में हम लोग प्रस्थान कर देंगे तथा दक्षिण की ओर चल देंगे। तब धरमी की विदाई होने लगी। सावर बमरी के दरवाजे पर गये। जितने लोग बमरी के अपने थे वे पाँव लगी करने गये, प्रणाम करने लगे। धरमी सावर ने भी बमरी को प्रणाम किया। बमरी ने उन्हें हृदय से आशीर्वाद दिया। तुम लाख वर्ष जीवित रहो। तुम्हारा शरीर, तुम्हारी जाँघ बढ़े। उन्होंने साठ मुहरों का हार संवरू के गले मे पहना दिया पाँवलगी और आशीर्वाद के बाद सतिया की डोली उठी। आगे-आगे सतिया की डोली चली। पीछे पीछे बारात चली। सभी लोग रात को चलते रहे, दिन में दौड़ते रहे। कही उन्होंने डेरा नही डाला, न विश्राम किया। चलते चलते वे बरईपुर पहुँचे। वहाँ गद्दी से बरइनि उठी। वह मगही पान बेच रही थी। लोरिक से उसने ललकार कर कहा—ऐ मेरे सैंया, ऐ मुखनन्दन, ऐ मेरे सिर के मालिक, यही तुमने बात दी थी, यही तुमने करार किया था कि जिस दिन मुरहुलि से भउजी की शादी कर लौटूंगा और गउरा जाते समय बरईपुर में जब बारात आयेगी तब मैं तुम्हारी डोली ले चलूंगा। दोनों डोलियाँ गउरा गुजरात चलेंगी। तब बीर अहीर लोरिक ने कहा—बरइनि मेरा कहना मानो। युद्ध गा उठना बैठना है, लाहा लेना ही मेरे प्राण का आधार है। यदि मैं मेहरियों के काम-धाम में फँसू तो क्या करूँगा और क्या खिलाऊँगा? ऐ बरइनि, तुम अपना काम देखो। ढोली का मगही पान बेचो। जब लोरिक ने यह बात कही तो बरइनि की आशा टूट गयी। बारात वहाँ से दक्षिण

चली। रात में बारात चलती रही, दिन में दौड़ती रही। उसने कहीं डेरा नहीं डाला। विश्राम नहीं किया। चलते चलते बारात गउरा पहुँच गयी। गउरा की सीमा पर जब बारात पहुँची तब अहीर वीर लोरिक ने कहा—ऐ बाजा बजाने वाले चमार, सात रंग का बाजा बजाओ। ऐसी लकडी बजाओ कि गउरा में उसकी ध्वनि स्थिर हो जाय। तुम लोग अपना पैसा, कौड़ी, अपनी मजूरी ठोक बजा कर ले लो। उसके बाद मैं बिदायी दूंगा। मैं सब को एक-एक बछिया दान में दूंगा। गउरा में लकडी बज उठी। अहीर के घर तक बाजों की ध्वनि पहुँची। सभी लोग बाहर निकल कर बारात की राह देखने लगे। जब गाँव निकट आ गया तब चारों ओर उज्ज्वल प्रकाश फैलने लगा। सवा लाख बारात गउरा उमड़ती चली आ रही थी। घड़ी भर के भीतर वह दरवाजे पर आ गयी। दूल्हा सांवर पालकी पर चढ़ गये। परिछन होने लगा। दूल्हा और दुलहिन उतर कर कोहबर में चले गये। वहाँ पूजा हुआ। उन्हें गुड घी खिलाया गया। कोहबर में दोनों की गाँठ खुली। वर अपने आसन से उठा, सब को प्रणाम किया। फिर बारात में चले गये। खिचड़ी और भात खाया। दो एक दिन घर में रहे। तदुपरान्त मल सांवर बोले · काका मेरी बात सुनो। छः महीने तथा आधा पक्ष सुरवली में बीत गये। मुझे लक्ष्मियों की (गायों) की चिन्ता है। मैं उनके पास जाऊँगा। तब सतिया सत के साथ बोली—ऐ मेरे स्वामी, दूसरे की बछिया यहाँ लाकर तुम अलग क्यों हो रहे हो? मैं भी बोहा में चलूंगी। गायों का गोबर होगा, उपले होंगे। मैं भी गायों से दोनों समय भेंट करूंगी। उस समय दोनों बोहा में चल पड़े। वहाँ जाकर सांवर ने तम्बू तान दिया। सतिया उसमें प्रवेश कर गयी। धरमी स्वयं वहाँ से चल पड़े और जाकर कुश की चटाई पर बैठ गये।

□ □

३. हल्दी—चनवा का उद्धार

भावार्थ—(१—३००)

सुमिरन—गायक कहता है—शाम को संझेश्वरी देवी की पूजा करो। आधी रात में देवताओं से अर्ज करो। भोर में देवताओं के दूतों का स्मरण करो। ये ही तीन धर्म-कर्म के जुअे हैं। हे राम, तुमसे रामायण की रचना हुई। लक्ष्मण ने काशी प्रयाग छोड़ दिया। सीता ने अपना नैहर छोड़ दिया जहाँ भगवान ने जाकर धनुष तोड़ा।

गायक कहता है अब उस समय का हाल सुनिये। जब अहीर सुरहुल में गया हुआ था और जब संवरू का विवाह और गौना सम्पन्न हुआ था, उसी समय सेवरिया के साथ चनवा का विवाह सम्पन्न हुआ। वह चनवा को बिजरिया गाँव में ले गया।

गायक की दुर्गा से गायन में सहायता करने की प्रार्थना

हे मैया कंठेश्वरी, हे श्री सम्पन्न भगवान मेरे हृदय में बैठिये। जिह्वाग्र पर, ऐ माँ दुर्गा, भूली हुई कड़ियों को जोड़ दीजिए। ऐ देवी, यदि एक भी शब्द छूट जायगा तो मैं फिर से तुम्हारा नाम नहीं लूंगा। सतयुग में जितनी भी कीर्ति गायी गयी है वह इस क्षण, हे माता दुर्गा, जोड़ दो। तुम्हारी शक्ति को मैं जानता हूँ।

जिस दिन चनवा का गौना हो गया, वह बिजरिया गाँव चली गयी। गौना कराकर सेवहरि चला गया और दुलहिन को उतारा। उसने दूध दूहा, वर्तन उठाया और गायों के अड़ार पर चला गया। अब वेश्या का हाल सुनिये। उसने भोजन की तैयारी की। बुढ़िया सोयी हुई थी। चनवा ने उनसे नम्रतापूर्वक कहा। मेरी बात सुनो। मेरे स्वामी गायों के अड़ार से लौटते होंगे मैं अब रामरसोई बनाती हूँ। सास ने कहा—पुत्री, तख्त पर बैठ कर स्नान कर लो तथा अन्दर जाकर रसोई बनाओ। उस समय सेवहरि मल्ल वापस आ गया तथा दरवाजे पर खड़ा हो गया। घर से वेश्या चनइनी निकली और अहीर के आगे पहुँच गयी। दोनों बर्तन, दोनों छोटे घड़े लेकर सेवहरि घर के अन्दर चला गया तथा दूध को अगीठी पर बैठा दिया।

फिर ज्योनार की तैयारी होने लगी। राम रसोई समाप्त हुई। पानी गर्म करके सेवहरि के पास आया। जब अहीर ने गर्म किया हुआ पानी देखा तो वह आश्चर्य में पड़ गया। कहने लगा—हे देव, हे नारायण, हे ब्रह्मा, तुमने मेरे भाग्य में क्या लिख दिया। खौलता हुआ पानी यहाँ रखा गया है। जब यह मेरे शरीर पर पड़ेगा तो मेरा शरीर जल जायगा। मैं तप्त पर स्नान नहीं करूँगा। यह वेश्या मेरी शत्रु हो गयी है। इसने मुझे मारने के लिए यह कार्य किया है। उसने स्नान किया फिर हाथ मुँह धोकर भोजन करने के स्थान पर जाकर बैठ गया। उसने ठहर पर की ज्योनार देखी। बारह प्रकार की तरकारियाँ तथा छत्तीस प्रकार के व्यंजन हैं। दइयंवा की लड़की ने ठाट से ज्योनार बनायी है। सब ठाट देखकर सेवहरि ने कहा—यह आते ही मेरी जड़ के लिए, जीवन के लिए काल बन गयी। उसने कहा—हे देव, हे नारायण, हे ब्रह्मा तुमने मेरी तकदीर में क्या लिख दिया ? यह बुजरी, वेश्या मेरे लिए शत्रु हो गयी हैं। लगता है यह मेरी जान ले लेगी। छत्तीस दोने में तरकारी रखी हुई है। न जाने किसमें इसने विष डाल दिया है। मैं किसमें का विष खा जाऊँगा तथा क्षण में ही पीढ़े पर उलट जाऊँगा। मल्ल सिवहरि ने कहा—ऐ बुजरी वेश्या चनइनी, तुमने इस प्रकार से क्यों बनाया है। मैं तो बासी भात का खाने वाला हूँ। रोज बासी मट्ठा खाता हूँ। तुमने छत्तीस दोने में विष रखा है। न जाने कौन मुझे मीठा लगेगा। कोई दोना मैं उठाकर खा लूंगा और सहज में मेरी ज़िंदगी चली जायगी। तुम मेरे घर में शत्रु आयी हो। चनवा ने कहा—घर में खुशी बिखेर कर दो चार कौर भोजन कर लो। अहीर ठहर से उठ गया। उसने हाथ मुंह धो लिया। फिर वह आँगन में चला गया। कम्बल बिछा लिया तथा बीच आँगन में सो गया।

अब चनवा का हाल सुनो। उसने अपनी सासु को बुलाया। सास पतोहू ने मन भर कर भोजन किया। भोजन करने के बाद चनवा ने सास का पलंग लगाया और उस पर उन्हें सुला दिया। फिर उसने अपना बिछौना ठीक किया, धोती का काछ बांधा तथा सीधे आंगन में चली गयी जहाँ मल्ल सिवहरि सो रहा था। उसकी गर्दन में हाथ लगाया और उसे उठा दिया। उसे ले जाकर पलंग पर लेटा दिया। मल्ल सिवहरि सो गया। इधर चनवा आभरण ठीक करने लगी। फिर आरती सजाकर सिवहरि की शैय्या पर चली गयी। थोड़ी रात रह गयी, भोर के झुटपुटे में सिवहरि उठा तथा दूध दूहने वाला बर्तन लेकर गायों के अड़ार पर चला गया। अड़ार पर चरवाह के छोटे-छोटे बच्चे थे। उन्होंने सिवहरि से कहा—ऐ मालिक, हमें भूख लगी है, (बट) बर के पके हुए फलों को आप हमें खिलाइये। सिवहरि बर (बट) के पेड़ पर चढ़ गया। खोद खोद कर फलों को गिराने लगा। लड़के चुन-चुन कर फलों को खाने लगे। जब वे पूर्ण रूप से तृप्त हो गये तब कहने लगे—मालिक, अब हमसे जबर्दस्ती खाया नहीं जायगा। इधर वेश्या चनैनी निकल कर आँगन में खड़ी हुई। उसने सास से कहा—हे अम्मा, हे सासू, आज मैं महल में सो रही थी तो मैंने एक विचित्र सपना देखा। मेरे पिता अचेत हैं और उनको ज़मीन पर उतारा

गया है। मेरे भाई महादेव चारपाई पर पड़े हुए हैं। मैं जल्दी गउरा जाना चाहती हूँ और बाप-भाई का मुंह देखना चाहती हूँ। नही तो मेरे नाम पर कलंक लगेगा। लोग मेरी निंदा करेंगे। सिवहरि की माँ घर से निकली और अपने बेटे के पास बैठ गयी। उससे कहा—दुलहिन भवन में सो रही थी तो उसने विचित्र सपना देखा। उसके पिता सहदेव मरणासन्न चारपाई पर पड़े हुए हैं। उनके भाई महदेव को गउरा में जमीन पर लेटा दिया गया है। जल्दी से दुलहिन को नैहर पहुँचा दो वह जाकर बाप और भाई का मुंह देखे। नहीं तो उसकी बदनामी होगी और हमेशा के लिए उसको कलंक लग जायेगा। माँ की यह बात सिवहरि के हृदय में बैठ गयी। उसने कहा—हे देव, हे नारायण, हे ब्रह्मा तुमने मेरे मस्तक में क्या लिख दिया ? यह बुजरी मेरी मुद्दई है। यह किसी तरह से यहाँ से हट जाती तो मेरे सिर की बला टल जाती। आगे-आगे चन्दा चली। उसके पीछे सिवहरि चला। वे जंगल में प्रवेश करते गये। दोनों बड़ी तेज़ी से पैर बढ़ा रहे थे। वे बेबरा नदी पर पहुँचे। वहाँ नदी फुफकार रही थी वहाँ कोई नाव या पतवार नहीं दिखाई पड़ रही थी। दोनों तट पर खड़े थे। तब वेश्या चनैनी बोली—हे स्वामी, रात को यह मेरा शरीर तुम्हारा है, दिन में यह शरीर मेरा है। तुम उलट कर पीछे देखते रहो। मैं ज़रा नदी में स्नान कर लूं। रात में मैंने भोजन बनाया दिन में मेरे शरीर की ओढ़नी महक रही है। सिवहरि उलट कर पीछे देखने लगा। तब तक चनवा ने अपनी धोती का काछ संभाला और नदी में ऐसी डुबकी लगायी कि वह आधी नदी पार कर गयी। फिर उसने जमकर डुबकी मारी। उसने कहा—सैयां, मेरी बात सुनो तुमने अपनी गांठ को रोक करके मुझे अपनी पत्नी बनाया। मैं गउरा में तुम्हें धिक्कारूँगी। सिवहरि ने दुख से कहा—हे ब्रह्मा, हे नारायण, तुमने मुझे सारा गुण दिया पर तैरने का गुण मेरे पास नहीं है। नही तो चार हाथ तैर कर मैं नदी के पार हो जाता। और इस भागने वाली का जोश देखता। इतना कह कर वह अपने घर चला गया। चनवा उस पार चली गयी। उस पार पहुँच कर उसने अपनी दो भीगी धोतियों को हाथ में उठाया तथा पानी निचोड़ कर उन्हें सुखाया। हाथ पैर संभाल कर वह वहाँ से भागी तथा जंगल और झाड़ी की ओर आगे बढ़ गयी। जब वह आधे जंगल में चली गयी तब बांठा ने जो वहाँ शिकार खेल रहा था, उसे देखा। उसके पास आठ धनुष थे। वह धनुष के साथ कुत्तों का पीछा कर रहा था। वह हँसते हुए चंदा के पास पहुँच गया और उसका पीछा करने लगा। आगे आगे चनवा भागी चली जा रही थी। पीछे चमार बांठा उसका पीछा कर रहा था। जंगल मे कुछ दूर जाने के बाद जब चनवा थक गयी तब अपनी इज़्ज़त बचाने के लिए उसने नम्रतापूर्वक कहा—हे चमार, हे मेरे पति, तुम हमारे मालिक हो। मैं तुम्हें छोड़ कर किसी और की नहीं होऊँगी किन्तु आज मैं इतवार का व्रत रख रही हूँ। यदि तुमने मेरी देह में कुछ गड़बड़ी कर दी तो मेरा व्रत भंग हो जायगा। जब चंदा ने यह कहा तब चमार बांठा ने कुछ धैर्य धारण किया। फिर वेश्या चनइनी ने कहा—हे मेरे बांठा, दिन का

थोड़ा समय रह गया है अब मैं यहाँ फलाहार करूँगी । यहाँ तूत का फल फला हुआ है तुम उन्हें उठा कर लाओ । बांठा वहाँ से चला और पेड़ के नीचे पहुँच गया ।

भावार्थ—(३०१—६००)

तोता और चिड़ियों ने चाट कर तूत के फलों को नीचे गिरा दिया था, चमार बांठा ने उन्हें अपने गमछे में बटोर लिया और चनवा के पास पहुँचा दिया । जिस समय बंठवा ने तूत के फलों का कूट लगाया उस समय चनवा क्रोध में जलकर खाक हो गयी । उसने कहा—चिड़ियों का जूठा किया हुआ फल है मैं उससे कैसे फलाहार करूँ ? मेरा व्रत खण्डित हो जायगा । मैं भूखी ही रहूँगी । चनवा ने कहा—ऐ स्वामी, ऐ मेरे सुखनन्दन, ऐ मेरे सिर के मुकुट, तुम जूठे फल लाये । आज मेरा व्रत रखना व्यर्थ हो जायगा । तुम पेड़ पर जाओ तथा तूत के फल तोड़ लाओ । जिस समय बांठा तूत के पेड़ पर चढ़ गया उस समय चनवा ने अपना सत-स्मरण करना शुरू कर दिया । उसने कहा—हे गउरा की देवी मैं तुम्हारा सुमिरन करती हूँ । बोहा की देवी कनिका मुरारी मैं तुम्हारा स्मरण करती हूँ । लोरिक की भवानी, मैं तुम्हारा सुमिरन करती हूँ । हे दुर्गा, देखिये मेरी इज्जत चली जा रही है । तब पेड़ की डाली बढ़कर आकाश में चली गयी । डाल से लता निकली और उसने बांठा चमार को लपेट लिया । वह उसी में बंधा रह गया । वेश्या चनइनी वहाँ से भागी तथा सीधे गउरा चली आयी ।

अब वहाँ का हाल सुनिये । चन्ना जब कोस भर आ गयी तब अपने मन में सोचने लगी और कहने लगी—हे दैव, हे नारायण, हे ब्रह्मा, तुमने मेरे ललाट में क्या लिख दिया ? यदि वह चमार बंधे-बंधे मर जायगा तो हमेशा-हमेशा के लिए हमारा पूजमान बन जायगा । फिर उसने गउरा की देवी को स्मरण किया । बोहा की कनिका मुरारी देवी का स्मरण किया । लोरिक की भवानी का स्मरण किया और उनसे सहायता मांगी कि चमार की बौंड़ (लता) कट जाय । बांठा धरती में भहरा कर गिर जाय । तब दुर्गा ने प्रकट होकर लता का घेरा काट दिया चमार बांठा आकाश में जाती हुई डाली से गिर कर धरती पर आ गया । उसने अपनी धूल झाड़ी । हाथ में धनुष उठाया, तथा चंदा के पीछे-पीछे दौड़ने लगा । आगे-आगे चनइनी चली जा रही थी । जब वह गउरा की सीमा पर पहुँची तो उसे सामने कुछ भेड़िहार दिखाई पड़े । वे भेड़ों का समूह लिये खड़े थे । चमार बांठा वहाँ चिल्लाया । भइया चरवाह सुनो । मैंने शाम को गौना कराया । प्रातः काल मेरी विवाहिता भागी जा रही है । ज़रा तुम उसको आगे जाकर रोको । मैं जल्दी उसके पास पहुँचूंगा । तब वेश्या चनैनी ने कहा—भइया अहीर सुनो । मैं तुम्हारे रोकने से नहीं रुकूँगी । यदि दिन-दोपहर का समय हो जायगा तब तुम्हारे पशुओं को खाज हो जाएगी । उससे तुम्हारी क्षति होगी तथा तुम्हारे बाल बच्चे मरने लगेंगे । तुम्हारा सारा धन नष्ट हो जायगा । गड़ेरिया तब वहाँ रुक गया । चन्दा आगे चली गयी ।

बांठा ने हलवाहों को आवाज़ लगायी। भइया हलवाह मैंने शाम को गौना कराया और प्रातः काल मेरी विवाहिता भागी जा रही है। ज़रा आगे जाकर उसको रोको। वेश्या चनइनी ने उनसे कहा मैं तुम्हारे रोके नहीं रुकूंगी। किसान खेत पर आयेगा। तुमसे काम के बारे में पूछेगा। जब काम नहीं दिखाओगे तो तुम्हारी हलवाही समाप्त हो जायगी। तुम्हारे बच्चे मरेंगे। इसमें कौन सी अच्छाई है। यह कहकर चनइनी वहाँ से भागी। वह गउरा गुजरात पहुँच गयी। आगे गाँव की सीमा थी। चनइनी को एक बछड़ा दिखाई पड़ा। उसने बछड़े से रो-रोकर कहा—ऐ मेरे बछड़ा पिढ़इया, सुनो। मैं बिजरिया नगर से भागी हूँ। बेवरा नदी पार कर यहाँ आयी हूँ। जब मैं आधे जंगल में आयी तो बांठा आठ कुत्ते तथा नौ धनुष लेकर जंगल में शिकार खेल रहा था। उसने मेरा पीछा किया। मैं आगे-आगे भाग आयी। तुम ज़रा उसको रोको तो मैं किले में पहुँच जाऊँ। इसी बीच बांठा चमार भी वहाँ पहुँचा। जब वह पास आया तो बछड़ा उसकी ओर तेजी से झुका। बांठा चमार भागा। बछड़ा शक्ति लगाकर तेज़ी से उसके पीछे दौड़ा। चनवा इस बीच अपने किले में प्रवेश कर गयी। बाद में बांठा चमार सागर के भींटे पर चढ़ गया। वहाँ साठ पोर का बांस झंडे के साथ गाड़ दिया। तथा अपने हाथ में गुलेल और गोली ले ली। कहने लगा—जैसी जिसकी बाँह है वैसे ही वह दूध से सागर भर दे, नहीं तो साठ पोर के बांस के वज़न के बराबर सोना दे। या चन्दा को विवाह के लिए घर से बाहर निकलवावे। तभी सागर के नींव में पानी पीने दूंगा। वहाँ के राजा सहदेव ने सोलह सौ नौकरानियों को वहाँ भेजा। वे अपने हाथ में घड़े लेकर वहाँ पहुँची। जब वे सागर के भींटे पर पहुँची तब चमार बांठा ने गिन-गिनकर गोली मारनी शुरू की। घड़ों के सतरह-सतरह टुकड़े हो गये। वे सभी राजा के यहाँ पहुँचीं। राजा सहदेव अपनी चांदनी पर बैठे हुए थे। उनसे दो लौंडियों ने जो पनिहारिन का काम करती थी कहा—हे राजा तुम गउरा में बड़े शक्तिशाली थे। तुमसे बढ़कर कोई और दूसरा शक्तिशाली नहीं था। आज तुमसे भी अधिक जबर्दस्त राजा चढ़ आया है तथा सागर के भींटे पर टिक गया है। उसने साठ पोर का बांस गाड़ दिया है तथा पल्थी मार कर वहाँ बैठ गया है। उसका कहना है कि साठ पोर के बांस के बराबर सोना दो या पोखरे के बराबर दूध भर दो या चन्ना को बाहर निकाल कर शादी करवा दो। तभी सागर के नीचे वह पानी पीने देगा। चमार तीन दिन तीन रात तक उपद्रव करता रहा। इधर लोरिक सुरहुल के युद्ध के बाद विश्राम कर रहा था। अपनी विवाहिता के साथ वह कमरे में सो रहा था। बांठा गउरा के सभी कुंवों में हड्डियाँ और गोबर डाल देता था। गउरा का एक ही कुंवा बच रहा था। वह लोरिक के दरबार का कुंवा था। बांठा बड़ा उपद्रव कर रहा था।

इधर राजा सहदेव और उनकी पत्नी ने आपस में बात चीत की तथा प्रातः-काल बहुत तड़के ही रानी को लोरिक के पास भेजा और समझा कर कहा कि जाकर लोरिक से कहो कि वह चमार बांठा को मार डाले तो हमेशा का झगड़ा समाप्त हो

जाएगा। नहीं तो चमार चन्दा को निकाल ले जायगा और भोग विलास करेगा। रानी लोरिक के घर प्रातःकाल पहुँची उनकी छोटी बखरी पीतल की थी। भीतर फलों का ढेर था। सोने से जड़ित उसका पलंग था। लोरिक उस पर सो रहा था। मंजरी उठ कर आँगन साफ कर रही थी तथा दरवाजे की ओर जा रही थी। उसी समय अम्मां सास पहुँची और नम्रतापूर्वक बोलीं—ऐ दुलहिन मांजरि, भइया लोरिक कहाँ हैं ? उनका पता-ठिकाना नहीं लगता। दावन मंजरी ने कहा कि वे अभी पलंग पर सो रहे हैं। उन्हें जगा कर मतलब की बात कर लो। सेल्हिया रानी वहाँ गयी। लोरिक चद्दर ताने शैया पर सो रहा था। उसे रानी ने इधर-उधर हिलाया पर वह कुछ बोल नहीं रहा था। रानी ने चिकोटी काटी फिर भी अहीर का पूत जाग नहीं रहा था। रानी क्रुद्ध हुई। मंजरी के पास गयीं और कहा—दुलहिन बेटा कैसे जागेगा ? मंजरी ने कहा—सास मेरी बात सुनो। धोती तुमने पहन रखी है उसे डाल पर लटका दो और मेरे सइयां के पास सो जाओ तब वह जग जायेगा। रानी ने डाल पर धोती रख दी तथा वह लोरिक के बगल में सो गयी। जब सेल्हिया का बदन छू गया तब अहीर लोरिक जग गया। उसको रोमांच हो आया। उसने सेल्हिया की टांग पर अपनी टांग रख दी। सेल्हिया ने उसे डाँटा—लोरिक तुम बिगड़ गये हो, पागल हो गये हो। तुम्हारा ज्ञान और बुद्धि हर ली गयी है। जिस तन से निकले हो उसको खराब करना चाहते हो। जब लोरिक ने यह बात सुनी तो हाथ से तलवार खींच ली। बुजरो, मेरी बात सुनो। तुम्हारे ऊपर क्या विपदा आयी है ? कौन मुसीबत आयी है कि तुम मेरी शैया पर आ कर सो गयी। सेल्हिया ने कहा—मेरी बेटी चनवा भाग कर बेवरा के पार आ रही थी। आधे जँगल में वह आयी तो बांठा चमार की दृष्टि उस पर पड़ी। वह वहाँ शिकार खेल रहा था। धनुष से कुत्तों को मार रहा था। उसने मेरी बिटिया का पीछा किया और गउरा तक आ गया। उसने यहाँ के सारे कुओं में हड्डियाँ और गोबर भर दिया है। सागर का पानी साफ है। वहाँ चमार बैठ कर रखवाली कर रहा है। अन्न और पानी के बिना गउरा के लोग मर रहे हैं। यह तुम्हारा कुआँ इसलिए बचा है कि चमार तुमसे डरता है। तब लोरिक ने सेल्हिया से कहा। तुम अपने घर जाओ। किले का काम देखो। अब सात घड़ी दिन चढ़ेगा। नहाने का समय होगा उस समय मै सागर पर चढ़ाई करूँगा और सागर में स्नान करूँगा।

भावार्थ—(६०१—८००)

मैं देखूंगा कि कौन मर्द रखवाली करता है ? आज ही झगड़ा निपट जायगा ऐ बुढ़िया, तुम घर जाओ। मैं तैयार हो कर दस बजे तालाब पर आऊँगा। सेल्हिया घर लौट आयी। उस समय वीर लोरिक उठा, दिशा-मैदान (शौच आदि) के लिए गया, हाथ-मुँह धोया, कुल्ला किया, जल पान किया। मगही पान खाया, फिर हाथ में एक मिट्टी का पात्र लिया तथा आ कर सागर पर चढ़ गया। टोकरी में झुक-झुक कर पानी भरने लगा। बांठा के कानों में आवाज पहुँची तो वह ललकारने लगा

कहने लगा—हे देव, हे नारायण; हे ब्रह्मा तुमने मेरे ललाट में क्या लिख दिया। यह कौन है जो अपनी जांघ के बूते पर चढ़ आया है। किसके तलुये में दांत जमा है? वीर लोरिक ने कहा – सागर के इस भींटे पर ऐसा गीदड़ आ गया है कि वह साला हुँवा हुँवा चिल्ला रहा है। बातों बातों में संघर्ष छिड़ गया दोनों वहाँ पैंतरा करने लगे जैसे भादों में भैंसा चिल्लाते हैं वैसे ही वे चिल्लाने लगे। लोरिक ने उस पर वार किया। चमार निकल कर आकाश में उड़ गया आत्म रक्षा करते हुए वह फिर धरती पर आ कर खड़ा हो गया उसने लोरिक पर अपना दाव मारा। लोरिक भी उड़ कर आकाश में चला गया। पुनः पीठ के बल धरती पर आ गया। वह चित्त नहीं हुआ, उसकी पराजय नहीं हुई। लोरिक ने कहा—ऐ मेरे वीर भाई बांठा, मेरी बात सुनो। घंटे भर के लिए झगड़ा बन्द कर दो। मुझे अवकाश दो। मैं जरा पान खा लूं। लड़ाई बन्द हो गयी। अहीर गउरा गया और क्रुद्ध हो कर सीधे गुरू अजयी के घर गया। चुपके से अजयी अपने कमरे में चला गया। लोरिक दरवाजे पर खड़ा हो गया। गुरू अजयी की पत्नी विजवा ने उसे बैठने के लिए काली कुर्सी दी। उसने कहा —हे देवर, तुम्हारे गुरु अजयी घर में नही हैं। वह तुम्हारे जाजिम पर चले गये हैं। तुम्हारा गुरु से क्या प्रयोजन है? ऐ अहीर, तुम बताओ। लोरिक ने कहा—ऐ विजवा धोबिन सुनो। लोरिक की जांघ की शक्ति से गुरु के अनेक गदहे चर रहे हैं। किन्तु गुरु अजयी ने मुझको और बांठा को दोनों को एक ही दाव दिया है। हम दोनों दिन भर लड़ते रहे पर किसी की पराजय नही हुई। यदि मैं अजयी को पा जाऊँ तो दो भागों में खण्डित कर दूं। धोबिन ने कहा—देवर, कुर्सी पर बैठ जाओ। तुमने गुरु अजयी से सभी गुण सीखे। अब एक गुण यहाँ हम से सीख लो। धोबिन कोठरी में गयी और उसने दो बीड़ा पान लगाया। एक बीड़ा उसने अपने मुँह में दबाया और एक बीड़ा लोरिक के हाथ में दिया। वीर लोरिक ने उसे अपने मुँह में दबा लिया। अब विजवा और लोरिक के बीच पैंतरा होने लगा। जब लोरिक ने उस पर वार किया तो विजवा ने उसकी जांघ पर मुँह से पान का रंग फेंक दिया, पिचकारी मार दी। कहने लगी—देखो, कैसे रुधिर की धारा बह रही है? लोरिक उधर देखने लगा। तब विजवा ने उस पर वार कर दिया। उसके शरीर पर हमला हो गया। विजवा ने दस पाँच झाड़ू उस पर और प्रहार किये। फिर समझा कर उसने लोरिक से कहा—ऐ लंवडू देवर! जा कर इसी प्रकार झगड़ा करो फिर धोखे से उस पर मार कर दो। बाद में बिजली की तलवार उस पर गिरा दो। तब क्षण में ही झगड़ा निपट जायगा। लोरिक ने दो बीड़े पान लिये और उन्हें अपनी गाँठ में बाँध लिया। सागर पर आकर खँखारा। बाँठा और लोरिक की जोड़ी वहाँ खड़ी हो गयी। लोरिक ने कहा—आज हमारा तुम्हारा झगड़ा निपट जायगा। दोनों वहाँ पैंतरा करने लगे। दोनों तरफ से एक दूसरे पर हमले होने लगे। अहीर ने खींच कर मुँह से पान की पिचकारी मारी और कहने लगा—भाई बांठा, मेरी बात मानो। हम और तुम पैंतरा चाल चल रहे हैं। तुम्हारी जाँघ से खून की

धारा कैसे फूट कर बह रही है। बांठा उलट कर जाँच देखने लगा। इसी बीच लोरिक ने बिजली की तलवार खींची और बांठा पर प्रहार कर दिया। उसके हाथ कट गये। वह धरती पर भहरा कर गिर पड़ा। लाश ने गिरते हुए कहा—ऐ गुरु भाई सुनो। मेरी बात मानो। आखिर तो तुमने मुझे मार ही दिया एक बुंद तुम मुझे पानी पिला दो। लोरिक सीधा आदमी था। वह सागर में चला गया और दोनों हाथों से पानी उठाने लगा। इधर बांठा ने बायाँ हाथ फैला कर हाथ से एक हड्डी खींची और अहीर पर प्रहार कर दिया। अहीर पानी ले कर आ रहा था। उसका दाहिना पैर टूट गया। बांठा अहीर की गर्दन काटने को तैयार हो गया। तब माँ दुर्गा उधर झुकीं। अहीर को लेकर उड़ीं तथा गाँव की सीमा के बाहर चली गयीं। उनकी अंगुली में अमृत था। उससे लोरिक का शरीर उन्होंने .सामान्य) सम-तूल कर दिया। इधर चनवा ने बांठा चमार को गिरते हुए देखा तो वह चाँदनी से उतरी। उसकी पगड़ी उतार कर अपने हाथों से उसके दोनों कंधों और बाहों को उसने जोड़ दिया। बांठा का हाथ घूमा और चनवा के स्तन पर चला गया। लोरिक की नज़र उस पर पड़ी। उसने चन्दा को डाँटा और कहा—तुम्हारी जाति वेश्या की है। तुम्हारा सारा परिवार वेश्याओं का है। यदि वह दामाद तुम्हारा सम्बन्धी रहा, हितू रहा तो तुम लोगों ने मेरा उससे झगड़ा क्यों करवा दिया? मैंने उस गुरुभाई को काट दिया। उसकी मृत्यु हो गयी। लोरिक वहाँ से चला और अपने घर के दर-वाजे पर आ गया। तब चौधरी ने गाँव में न्यौता घुमाया। सारे अहीर और उनके परिवार एकत्र हुए। महफिल मण्डली बना कर बैठ गयी। जब राजा सहदेव और महदेव वहाँ पधारे। मुखिया चौधरी ने जो जाति बिरादरी के रक्षक थे, कहा—ऐ अहीरों सुनो। तुम लोग यहाँ बैठो तो सवाल हल हो जाय। उन्होंने सहदेव से कहा—तुम्हारा काम राजा का है। हे राजा, मैं इस जाति का चौधरी हूँ। तुम्हारी लड़की चमार के साथ आयी है। उसको माँस खाने का पाप लगा है। तुम शपथ लो तथा कथा पुराण सुनो। भाई बन्धुओं को निमन्त्रित करो। उन्हें कच्चा-पक्का भोजन बना कर खिलाओ तब तुम्हें बिरादरी में रहने दिया जायगा। जब चौधरी ने यह बात कही तो राजा सहदेव ने यह दण्ड मन्ज़ूर कर लिया। शुक्रवार का दिन तय हो गया। उन्होंने कथा-पुराण सुना। शपथ ली। सभी जगह निमन्त्रण बाँटे तथा दरवाजे पर जाजिम बिछवा दिया। भारी संख्या में वहाँ गोप और ग्वाल एकत्र हुए। वहाँ चावल के माँड़ की नदी बह गयी। लोरिक भी वहाँ आया। आगे आगे कठईत थे। उनके पीछे संवरू थे। सरदार लोरिक पीछे था। जब उन्होंने अहीरों का हाल देखा कि वे जूठे माँड़ में डूबे जा रहे हैं तो कठईत का मन खिन्न हो गया। उन्होंने कहा कि चार कौर भोजन के लिए कौन धर्म गँवाये? सहदेव के यहाँ हम भात नहीं खायेंगे और न हम माँड़ में पैर ही रखेंगे। जब लोरिक ने यह बात सुनी तो उसने काका को बायीं काँख में दबा लिया तथा दाहिने अपने भाई सांवर को दबा लिया फिर उछल कर उस पार जा कर खड़ा हो गया। चाँदनी से चनवा

इसको देख रही थी। वह आश्चर्य चकित हो गई। हे दैव, हे नारायण, लोरिक गउरा में कर्णधार बन गया, नेता बन गया।

अब वहाँ का हाल सुनिये। अहीर वहाँ मण्डली बना कर बैठे हुए थे। बीड़ी और तमाखू वहाँ रखा गया था। जाजिम पर फर्शी हुक्का भी रखा गया था। अहीर गड़गड़ा नामक बड़ा हुक्का खींच रहे थे। बुटवल का गाँजा वहाँ एकत्र किया गया था। धरमी सांवर चिलम पर दम लगा रहे थे। दरवाजे पर जलसा हो रहा था। जब राम रसोई तैयार हो गयी तब घर के अन्दर से खबर आयी, पुकार हुई पंचों, भोजन तैयार है। चल कर ठहर पर भोजन करो। अहीर हाथ पाँव धोने लगे। आँगन में मुँह साफ करने तथा कुल्ला करने का क्रम चला। मण्डली बना कर अहीर वहाँ बैठ गये। चाँदनी की दीवाल के पास सभी लोग बैठे हुए थे। अन्त में कठईत बैठे हुए थे। इस ओर धर्मी साँवर थे। बीच में लोरिक बैठा हुआ था। सामने झरना की झाँकी थी। चनवा झाँकी से सबको देख रही थी। सोलह प्रकार का भोजन वहाँ परोस दिया गया। पत्तल पर घी भी चला दिया गया। 'सीता राम' हुआ और अहीरों ने कौर उठाया। लोरिक ने अपना कौर टाल दिया फिर कौर सामने लगा। तब खिड़की से चनवा कंकड़ फेंकने लगी। कंकड़ जाकर अहीर के पत्तल पर गिरने लगे। लोरिक लोटे से पानी पी रहा था तथा चाँदनी की ओर देख रहा था। चनवा अपना आँचल खोल कर दिखा रही थी। वह अहीर की चित्त में बसती जा रही थी। लोरिक भोजन कम कर रहा था। और पानी अधिक पी रहा था।

भावार्थ—(८०१—१२००)

चौधरी ने लोरिक को देखा तो कहा—लोटे से वह बहुत अधिक पानी पी रहा है क्या उसने कुछ अधिक कोदो खा लिया है? बूढ़े कठईत ने तुरन्त कहा—यह मेरे कुल का बुरा स्वभाव है कि हम कोदो कम खाते हैं और पानी अधिक पीते हैं। अब आगे का हाल सुनिये। ग्वालों ने खाना खा लिया। मुँह धो लिया तथा तैयार हो कर जाजिम पर बैठ गये। रानी सेल्हिया अब अपने हाथों से पान का बीड़ा लगा-कर सब वीरों को बाँट रही हैं। वीर मगही पान खा रहे हैं। सेल्हिया वीर लोरिक को मार डालने के लिए पान के पत्ते पर सिंहिया (संखिया) विष डाल रही है। वह सोच रही है कैसे शत्रु लोरिक को मार डाला जाय कि उसका बड़ा नाम समाप्त हो जाय। वेश्या चनवा ने यह देखा। वह अहीर के आगे गयी तथा पान का बीड़ा छीन लिया और उसे पास में बँधे हुए बकरे के पास धरती पर फेंक दिया। बकरा उसे चबा गया तथा घंटे-पहर भर में मर कर धराशायी हो गया। अहीर भात खा कर अपने अपने घर जाने लगे। चनवा ने लोरिक से नम्रतापूर्वक कहा कि तुम अपनी वीरता की लज्जा रखो तथा चलो हम पूर्व देश में चलें। चनइनी ने जब यह कहा तो लोरिक मन में हँसा, मुस्कराया। वह वहाँ से घर चल पड़ा और अपना काम-धाम देखने लगा। वह भड़भूजे के यहाँ गया तथा उससे जौ की लाई (बहुरी) तैयार

करवायी। बनियों के पास जा कर गुड़ की छोटी छोटी डलियाँ ले लीं। प्रातःकाल होने पर वह सोलह सौ लड़कों के पास गया और उनसे कहा कि तुम लोग छिवली वन में जाओ वहाँ कांस नामक घास उगी हुई है। वहाँ से कांस की मूठ बना कर मेरे पास लाओ। जितना मूठ घास लाओगे उतनी जौ की लाई (बहुरी) मैं तुम्हें दूँगा। वह स्वयं पलाश के पेड़ पर जाकर बैठ गया। कांस की मूठ से वह रस्सी तैयार करने लगा। उस वक्त चमार के लड़के आकर कहने लगे। ऐ मालिक, हमसे कांस-कुश काटा न जायगा। हम लोग चमड़ा तैयार कर देंगे। लोरिक ने चमार के बच्चों को छुट्टी दे दी। जो रस्सी या बरहा तैयार हुआ उसको लोरिक बांठा के परिवार वालों के पास ले गया। उन्होंने रस्सी को सँवार दिया। उसे लेकर उसने अपने द्वार पर टाँग दिया। उसकी पत्नी मंजरी ने उसे देखा तो उससे पूछा कि इस रस्सी का क्या काम है ? तब लोरिक ने कहा—ऐ विवाहिता तुम मेरी बात सुनो। साँवर भइया का हुक्म हुआ है। उन्होंने मजबूत रस्सा माँगा है। उससे वे बछड़ों को बाँधेंगे और उनके अंडकोश कुटवायेंगे। जब दिन का थोड़ा भाग शेष रहा तो लोरिक रस्सा लेकर महीचन तेली के घर गया। वह बाल बच्चों के साथ ठहर पर भोजन कर रहा था। उसने महीचन से कहा कि इस रस्से में तेल डाल दो। मेरा रस्सा रात भर तेल खायेगा। महीचन ने नम्रतापूर्वक कहा — मालिक मेरे बाल-बच्चे भोजन कर रहे है। तुम रस्से को आँगन में रख दो। खा पी कर जब तैयार हो जाऊँगा तो लोहे के बर्तन में जो तेल रखा हुआ है उसको तुम्हारे रस्से पर गिरा दूँगा। अहीर रस्सा महीचन के आँगन में छोड़ कर घर चला आया।

महीचन के सारे बच्चे रस्से में लिपट गये और उसे ठीक करने लगे। तेली महीचन फूट-फूट कर रोने लगा। प्रातःकाल झुटपुटे में, जब कौवे बोलने लगेंगे तब वीर लोरिक यहाँ आयेगा। यदि रस्से को वह सधा हुआ नहीं पायेगा तो वह खड़ा कर हमें कोल्हू में पेरवा देगा। मेरा निर्बल प्राण उसी क्षण निकल जायगा। उसने अपनी पत्नी से कहा—देखो, यह रस्सा अचल होना चाहिए। यह जुंबिश न खाये। यह कह कर महीचन मध्य रात्रि में रोने लगा। इधर अहीर भोजन कर सो रहा था। मंजरी सोच रही थी। मेरी प्रजा तेली क्यों रो रहा है ? उसके घर में क्या मुसीबत आ गयी है ? वह महीचन के घर गयी। जा कर पूछा— तेली, किस चिन्ता में तुम मध्य रात्रि में रो रहे हो ? किसका तेलहन खा डाला है ? वह किसान कौन है जो तुम्हें मार रहा है ? तेली ने कहा— बहन मंजरी सुनो। यह बरहा प्रिय लोरिक का है। हम लोग कल भोजन कर रहे थे तो वह इसे यहाँ लाये। मैंने उन्हें कह दिया कि ऐ मालिक, खा कर उठते ही इस बरहे को तेल में डूबा दूँगा। मैं और तथा मेरे सारे बाल बच्चे इसमें लग गये कि कहीं बरहा कमजोर न रह जाय (पर यह उठ नहीं रहा है।) मंजरी बरहा के पास पहुँची। दाहिने हाथ में पकड़ कर उसे तेल के कोठिले में डाल दिया। मंजरी ने उससे कह दिया कि लोरिक को यह मत बताना कि मंजरी ने इस बरहे को कोठिले में डाला है। कह देना कि इस सूखे बरहे

को मेरे बाल बच्चों ने कोठिले में डाला है। यह रात भर तेल में पड़ा रहा है, अब यह अचल है, अटूट है। ऐ लोरिक अब तुम इसे जा कर निकाल लो। यह बरहा हम लोगों से नही निकलेगा। प्रातः काल हुआ। पूर्व में कौवों ने शोर मचाया। बीर मर्द लोरिक उठकर तेली के घर गया तथा उससे बरहे के बारे मे पूछा तेली की पत्नी ने लोरिक को बताया कि ऐ मालिक, तुम्हारा मूखा बरहा हम लोगों ने तेल के कोठिले में डाल दिया। वह रात भर तेल खाता रहा। अब तुम अपना बरहा निकाल ले जाओ। मजरी फिर तेली के घर गयी और पूछा ऐ तेली महीचन, तुम क्यों रो रहे थे। तुम्हें किसने जबर्दस्ती दबा रखा है। महीचन ने कहा—ऐ मलकिन मेरी बात सुनिये। एक तो सहदेव गउरा में शक्तिशाली हैं और इधर तुम्हारे लोरिक शक्तिशाली है। मैंने उनका सामान लिया है। ऐ भाग्यशालिनी, मंजरी तुम उसे तेल से निकाल दो। मंजरी ने कहा—चेला तुम मेरी बात सुनो। मैं तुम्हारा बरहा उठा दूँगी किन्तु मेरा नाम कोई सुनने न पावे। यदि मेरे मुखनन्दन मेरा नाम सुनेंगे तो मेरी अल्हड़ ज़िंदगी समाप्त कर देंगे। महीचन ने कहा—मुझे अपने काम से काम है। कहने की मुझे क्या ज़रूरत है? तब महर की पुत्री ने कनिष्ठिका से, कानी अंगुली से रस्सी उठाली तथा लोहे का कुठिला गिरा दिया। दूसरे दिन लोरिक बरहा के पास पहुँचा। प्रातः काल तड़के उसे लेकर वह घर आया। मंजरी उसे देखकर जलभुन गयी, क्रुद्ध हुई। पूछा—मेरे मुखनन्दन, मेरे मालिक, इस रस्से का क्या होगा? मुझे सचसच बताओ। लोरिक ने कहा—सांसड़ बोहे से मेरे भाई संवरू ने खबर दी है कि पशुओं के झुंड में बछड़े उत्तेजित हो उठते हैं तथा बछियों का पीछा करते हैं। बछड़ों का बधिया कराना है। फिर उस समय का, उस स्थान का हाल सुनिये। अहीर के चित्त में चनइनी चढ़ गयी है। रात में एक घंटा व्यतीत हुआ। पूर्व में पुरवाई चलने लगी। पछुवा हवा भी झकझोरने लगी। उत्तरी हवा भभकने लगी और दक्षिण दिशा में मूसलाधार पानी बरसने लगा। आर्द्रा नक्षत्र की वर्षा होने लगी। लोरिक वहाँ से बरहा लेकर चला तथा गउरा गाँव में प्रवेश कर गया। चनवा की चाँदनी पर पहुँचा। उसने बरहे का एक छोर अपने पैर के नीचे रखा। उसका आधा अपने हाथ में उठा लिया और झटक कर उसे ऐसा फेंका कि बरहा चाँदनी पर जाकर गिरा। चनवा चारपाई से उठ बैठी। उसने बरहे को धरती पर गिरा दिया। लोरिक ने उसे हाथ में उठा लिया। पिछवाडे से उसने तड़क कर कहा—ऐ वेश्या चनइनी, तुम विक्षिप्त हो, बावली हो। तुम्हारी मति और तुम्हारा ज्ञान हर लिया गया है। बुजरो, यदि तुमने इस बार बरहा फेंका तो तुम्हारी निंदा हो जायगी। यहाँ मैं कील और काँटा गाड़ दूँगा तथा उसमें आधा बरहा बाँध दूँगा। आधा काटकर घर ले जाऊँगा। जब प्रातःकाल होगा, भोर होगा, पूर्व में कौए शोर मचाना शुरू करेंगे तब गउरा के लोग इसे देखेंगे। तुम्हारी निंदा होगी। फिर लोरिक ने दुहराकर रस्सी फेंकी। वह चाँदनी पर जाकर गिरी। चनवा ने उसे खंभे में तथा चारपाई के पावों में घुमा घुमा कर बाँध दिया।

भावार्थ—(१२०१—१५००)

अहीर की रस्सी लटकने लगी लोरिक ने उसे हाथ से पकड़ा और उसको तीन बार झटका दिया पर रस्सी अचल रही, अडोल रही। फिर वह रस्सी पर चढ़ने लगा और चांदनी पर ऊपर जाने लगा। जब वह शून्य में आधी दूर तक चढ़ गया तब नीचे ज़मीन की ओर देखने लगा। उस समय वह भयभीत हो गया। दांतों से अपनी अंगुली काटने लगा। कहने लगा--हे मैया दुर्गा, तुम आदि काल से ही पूज्य हो। हे देवी, यदि रस्सी आधे में टूट गयी तो मैं चांदनी से गिरकर टुकड़े-टुकड़े हो जाऊंगा। तब वह गर्हित व्यक्ति भी मेरी निंदा करेगा जिसके मल द्वार से निकला हुआ मल कौवा भी नहीं खाता। कहेगा, साला चढ़ना जानता नहीं था और राजा की चांदनी पर चढ़ गया। उसकी हड्डी पसली टूट कर बिखर गयी। ऐसा कहते हुए वह चढ़ता चला गया और जाकर चांदनी पर खड़ा हो गया। तब चंदा उससे बात-चीत करने लगी, सवाल जवाब करने लगी। अहीर तुम मेरी बात सुनो। गांव घर के नाते मैं तुम्हारी बहन लगूंगी। किन्तु अहीर उसके शरीर के पास पहुँच गया। चंदा ने उसे डांटा फिर कहने लगी, ऐ सइंया इसमें कोई झगड़े की बात नहीं है। तुम मेरा संग छोड़ दो। किन्तु अहीर ने चंदा पर चढ़ाई कर दी। चंदा उसको डाँटती रही। फिर चंदा ने कहा—अहीर तुम शपथ ग्रहण करो कि फिर तुम मेरी सेज के पास न आओगे। अब अगर अपनी पत्नी मंजरी का साथ छोड़ दोगे तभी मेरी शैया पर पैर रखोगे। घर पर भाई और माँ को भूल जाओ तब तुम मेरी सेज पर पांव रखो। गुरु अजयी का मोह छोड़ दो, तब मेरी पलंग पर पैर रखोगे। हम लोग पूर्व दिशा में चल देंगे। अहीर लोरिक ने कसम खाली। जब फिर चढ़ाई का समय आया तब वेश्या चनैनी ने कहा—संवरू का साथ छोड़ दो। लोरिक ने शपथ लेली। जब लोरिक ने सेज पर पांव रखा पलंग के पाये टूट कर चूर चूर हो गये चंदा चांदनी पर सिर पटकने लगी। यह मेरे भाई की चारपाई है। इसके पैर टूट गये। प्रात:काल हो गया, पौ फटने लगी। कौवे शोर मचाने लगे। अब झगड़ा लगने की नौबत आ गयी थी। लोरिक शपथ ले चुका था। उसने चनवा से कहा—तुम रुखानी और बसुला लाओ मैं चारपाई के चूरों को ठीक कर दूँ। वह बढ़ई की कर्मशाला में गयी और वहाँ से रुखानी तथा बसुला लाकर उसने लोरिक को दे दिया। लोरिक ने चारपाई के चूरे ठीक कर दिये। फिर लोरिक ने चंदा पर चढ़ाई कर दी। चंदा रोने लगी। उसने लोरिक से कहा—तुम अपने दांतों से मेरा शरीर का मांस क्यों काट रहे हो? तुम मेरा प्राण क्यों ले रहे हो। यह तुम कितनी बार कर चुके कितनी बार और करोगे? लोरिक ने कहा मैं एक सौ साठ-बार कर चुका हूँ, एक सौ साठ-बार और करूंगा। फिर गंगा में जाकर स्नान करूंगा। जाकर पत्नी के पास सोऊंगा तब मैं संतुष्ट होऊंगा, प्रात:काल मेरा शरीर निर्मल होगा। चन्दा ने उससे कहा—तुम मुझसे दिन और समय बताओ कि तुम पूर्व में कब चलोगे? तुम मेरे सुंदर शरीर के मांस को क्यों काट रहे हो? लोरिक ने कहा—मेरी स्त्री सुनो। जब

पूर्व के ग्राहक आयेंगे, खरीददार आयेंगे। बोहा के दसबीस बछड़ों को बेचूंगा, पास में पूंजी जमा कर लूंगा तब गउरा छोड़ूंगा और भोग-विलास करूंगा।

अब वहाँ का हाल सुनिये। लोरिक वहाँ कल्लोल कर रहा था। दोनों ने चद्दर तान लिये थे। चंदा आधी रात को उठकर चलने वाली थी। वही समय था जब सेल्हिया (चंदा की माँ) उठकर मट्ठा मथा करती थी। मुँगिया लौंड़ी से कहा जाकर देखो। अभी तक मेरी बेटी चंदा नहीं उठी। भोर का झुटपुटा हो चुका है, बिहान हो चुका है। सेविका चाँदनी पर गयी। उसने देखा वहाँ भैंस और भैंसा चद्दर तान कर पड़े हुए हैं तथा खून से लथपथ हैं। लौंड़ी वहाँ से भगी। लोरिक चाँदनी में उठा, जूते पहने, चंदा की चादर बटोरी, रस्सी लटकाई तथा ज़मीन पर उतर कर खड़ा हो गया। चंदा ने रस्सी खोल दी लोरिक ने उसे संभाल लिया। वह गउरा गाँव की ओर चला। प्रातःकाल हो रहा था। हलवाहा जाग उठा था। वह आगे मिला। उसने पूछा—'मालिक सारी रात कहाँ गुजारी। लोरिक ने नम्रता पूर्वक कहा—भैया संवरू ने खबर दी थी। मैं मजबूत रस्सी लेकर गया था। बछड़े बहुत ही उन्मत्त हो रहे थे। मैंने उन्हें पकड़ कर खूंटे में बाँध दिया। अब मैं घर लौट रहा हूँ। हँसकर हलवाहा बोला मैं तुम्हारा हाल जानता हूँ। चांदनी पर बछिया उन्मत्त थी। उसे तुम्हारी हवा जो लगी थी। बीर मर्द लोरिक अपनी बखरी में चला गया और कुर्सी पर बैठ गया। मंजरी धीरे धीरे आंगन बटोर रही थी। वह लोरिक के पास पहुँची और उससे तुरन्त सवाल जवाब करने लगी। कहने लगी—ऐ स्वामी, ऐ मेरे सुख-नंदन, ऐ मेरे सिर मौर। तुम्हारी रात कहाँ बीती है? हमें सचसच बताओ। लोरिक ने कहा—विवाहिता मेरी बात सुनो। सांवर भैया ने खबर भेजी कि बछड़े उन्मत्त हैं। कलोर बछियों को वे तंग कर रहे थे, लाँघ रहे थे। हमने पकड़ कर बछड़ों को कुटवाया, पकड़कर उनको बाँधा। तब घर आ रहा हूँ। मंजरी बोली—यह चादर तो चनवा की है? तुम मुझे सचसच बताओ। अहीर लोरिक ने कहा—मैं गुरु अजयी के यहाँ गया था। बोहा—जाते समय मैंने बिजवा से चद्दर मांगी। बिजवा ने चन्दा की चद्दर दी। मैंने उसी चादर की पगड़ी बाँध रखी है। तब मजरी बोली—सैंया, तुम्हारे गाल पर टिकुली चिपकी हुई है। तुम मुझे सच्ची बात बताओ।

लोरिक ने कहा—गुरु अजयी के घर गया था। भउजी बिजवा निकली। उसने मेरे ऊपर सिन्दूर और टिकुली डाली। हो सकता है उसकी टिकुली मेरे शरीर में लिपट गयी हो। मंजरी बोली—तुम इधर उधर की व्यर्थ की बात कर रहे हो। तुम्हारे शरीर में खून क्यों लगा है? बीर मर्द अहीर लोरिक ने कहा—मेरी पत्नी सुनो। मैंने बछड़ों को बोहा में पटक पटक कर मारा। किसी का सींग टूटा, किसी का बंसा (एक प्रकार की टेढ़ी सींग) टूटा। इसी कारण मेरे पीछे रंग लगा हुआ है। मंजरी ने मचिया पर बैठी हुई अपनी सास से कहा कि लोरिक चंदा उढ़ार करेंगे और पूर्व दिशा में हल्दीपुर जायँगे। गउरा में मेरे ऊपर विपत्ति पड़ेगी और मैं विधवा की

तरह विपत्ति झेलूंगी। प्रातःकाल हुआ। झुटपुटे में पूर्व दिशा में कौवे शोर करने लगे। वेश्या चनैनी उठी दस सेर धान को गंठियाया। फिर सहदेव की बेटी (चन्दा) कोइरियों के कोड़ार में चली। कोइरी के यहाँ उसको रख दिया और स्वयं लोरिक के घर चली। मंजरी प्रातःकाल घर में धीरे धीरे झाड़ू दे रही थी। दरवाज़े पर वेश्या चनैनी खड़ी हो गयी। बोली—भउजी माँजरि सुनो। आजकल भैया लोरिक दिखाई नहीं दे रहे हैं। यह सुनकर मंजरी खाक हो गयी। कहने लगी—इस गउरा में आग लग जाय। यहाँ कोयला बरसे। लोग रात में यहाँ पत्नी और भर्तार हो जाते हैं तथा दिन में भाई बहन। महर की बेटी मंजरी की यह बात सुनकर चनवा वहाँ से भगी तथा झगड़ू कोइरी के कोड़ार में पहुँच गयी। चार पसेरी धान गंठिया कर वहाँ मंजरी भी पहुँच गयी। दोनों स्त्रियाँ वहाँ उदास बैठ गयीं। फिर चनवा बोली—ऐ कोइरी झगड़ू मेरी बात सुनो। जैसा जिसका शरीर है उसको वैसा ही बैगन तुम दो। चनवा का शरीर गोरा था। मंजरी का शरोर सांवला था। जब उसने यह बात सुनी तो धीरे से कहा—ऐ झगड़ू कोइरी मेरी बात मानो। जिसके पति जैसे सुन्दर हों उसको वैसा ही सुन्दर बैगन दो। जिसके पति काने हों उसको सड़े हुए बैगन दो। लोरिक सुन्दर था अतः कोइरी ने उसके लिए सुन्दर बैगन छाँटने शुरू किये। चनवा का पति मल्ल सिवहर काना था। उसको कोइरी ने चुनकर सड़ा हुआ बैगन दिया। बातों बातों में दोनों में झगड़ा हो गया। दोनों स्त्रियाँ झगड़ू कोइरी के कोड़ार में झगड़ पड़ीं जिससे नेवार मूली के पेड़ टूट गये, पोस्ता के पेड़ टूट गये जो एक रुपये सेर बिकता है। कोइरी वहाँ रोने लगा। कोड़ार में सिर पटकने लगा। दो स्त्रियाँ लड़ रही हैं। मैं किसको डांटू। कैसे झगड़ा निपटाऊँ ? एक शक्तिशाली व्यक्ति की बेटी एक जबर्दस्त व्यक्ति की बहू है। उसने किसी से कुछ नहीं कहा और सीधे अखाड़े पर चला गया जहाँ बीर लोरिक था। झगड़ू ने लोरिक से कहा—दो स्त्रियाँ लड़ पड़ी हैं। जबर्दस्त झगड़ा हो गया है। मेरा खेत नष्ट हुआ जा रहा है। मैं अपने बाल बच्चों को कैसे जिलाऊँगा ? कैसे कर चुकाऊँगा ? लोरिक ने गुरु अजयी से नम्रतापूर्वक कहा—। गुरु मेरी बात सुनो और जाकर जरा झगड़ा निपटा दो।

भावार्थ—(१५०१—१८००)

गुरु अजयी ने कहा—चेला, मेरी बात मानो। दो स्त्रियाँ झगड़ू कोइरी के कोड़ार में जा कर लड़ रही हैं। वे दोनों वहाँ नंगी हैं और उनका शरीर उघरा हुआ है। मैं झगड़ा कैसे निपटाऊँ ? हमें जिनकी परछाईं नहीं देखनी चाहिए, मैं भाई की उन बहुओं का ललाट देखूं। ऐ लोरिक, तुम जाकर स्वयं झगड़ा निपटाओ। मर्द वीर लोरिक यहाँ से चला तथा झगड़ू के घर की ओर गया और दूर से ही खँखारा। मंजरी के कानों में शब्द पड़ा। इसी बीच उसने चनवा को दाव मारा। चनवा धरती पर भहरा कर गिर पड़ी महर की धिया मंजरी वहाँ से भागी। आकर अपने महल में प्रवेश कर गयी। वेश्या चनैनी ने अपनी धूल झाड़ी। फिर वह कोने

में बैठ गयी, मूली के पत्ते निकाल निकाल कर खाने लगी। जब वह स्वस्थ हुई तो अहीर खेत पर पहुँच गया। सहदेव की बेटी जिसका सुन्दर नाम चनवा था, बोल उठी—"ऐ अहीर लोरिक, तुम मेरी बात सुनो। मंजरी आज गर्म हो गयी थी। उसने मुझे कटु बातें कही। इसलिए अब तुम पूर्व की ओर मेरा उद्धार करो। हम लोग हरदीपुर की बस्ती में चलें। इधर गउरा में विपत्ति पड़े तथा मंजरी राँड़ का कष्ट भोगे।" लोरिक ने कहा—जरा मौसम आ जाने दो ताकि मैं बछड़ों को बेचूं। जिससे रास्ते के लिए खर्च मिल जाय। मैं खर्चा एकत्र कर लूं ताकि विपत्ति आवे तो हरदीपुर में बैठ कर खाऊँ। वेश्या चनैनी ने कहा—खर्चे की कोई चिन्ता नहीं है। मैं पिता का धन ले लूंगी, उनकी पगड़ी ले लूंगी जिसमें हीरा और मोती जड़े हुए हैं। यदि कहीं रास्ते में विपत्ति पड़ी तो बैठ कर हम दो चार पुश्त खायेंगे। उसने कहा—मैं सोना और द्रव्य ले लूंगी। हम लोग हल्दी में चल कर दो चार पुश्त खायेंगे। ऐ लोरिक, तुम दिन और मुकाम तय कर लो ताकि हम हल्दी निकल चलें। वीर लोरिक ने कहा—आज और कल का दिन बीत जाने दो। परसों शुक्र-वार का दिन होगा। तब हम हरदो बाजार के लिए प्रस्थान कर देंगे। रास्ते में सुरहानाल है, वहाँ पीपल का वृक्ष है। वहाँ हमारा मुकाम रहेगा। जो व्यक्ति घर से पहले निकलेगा वह ताल के भीटे पर बाट देखेगा। दिन और स्थान निश्चित हो गया कि आधी रात ढलने पर जो घर से पहले निकलेगा पीपल के पेड़ के नीचे आकर प्रतीक्षा करेगा। अब वेश्या चन्दा अपने किले में चली गयी। वीर मर्द लोरिक ने जाकर तख्त पर स्नान किया, पानी पिया, फिर भोजन के लिए चला गया। वह खा पीकर तैयार हुआ। फिर सोने चला गया। वह चारपाई पर झूठमूठ सो गया, नाक बजाने लगा। मंजरी इधर सोच में पड़ी हुई है। मेरे पति कहाँ से थक कर आये हैं कि विकट निद्रा में सो गये हैं। वह अपना पलंग बिछाने लगी। लोरिक के सिर की ओर बिजली की तलवार टंगी हुई थी। मंजरी ने उसको अपनी गर्दन के नीचे रख लिया। उसका तकिया बना लिया, फिर वह सो गयी। इधर लोरिक उठ उठ कर देखता रहा। आधी रात ढल जाने पर उसकी विवाहिता पहरा देने लगी। उसकी आँखों में नींद नहीं आ रही थी। वह पलंग पर एक टक देख रही थी। इधर आधी रात के बाद लोरिक उठ उठ कर देख रहा था। मंजरी अपने पलंग पर टकटकी लगाये देख रही थी। वह पूरी तरह से पहरा दे रही थी कि देखें लोरिक कैसे पूर्व देश में जाता है।

अब आगे का हाल सुनिये। लोरिक घर से बाहर निकला। उसका खड्ग खूंटी पर टंगा हुआ था। उसने टूटा खड्ग लेकर सुरवली ताल की ओर प्रस्थान किया। पीपल के पेड़ के पास जा कर देखा तो वहाँ कोई दिखाई नहीं पड़ रहा था मंजरी रोती रही, अपने भाग्य को कोसती रही। अहीर लोरिक सुरवली ताल में जाकर खड़ा हो गया। महर की धिया मजरी उसकी खोज में निकल पड़ी। इधर वेश्या चनैनी का हाल सुनिये। उसने द्रव्य बटोर लिया और आगे जाकर पीपल के

पेड़ के नीचे पहले ही जा बैठी, फिर कहीं छिप गयी। अहीर ने इधर-उधर घूम कर देखा फिर वह अपशब्द कहने लगा। यह चनैनी वेश्या जाति की है। उसका सारा परिवार वेश्या का है। मैं उस वेश्या के चक्कर में पड़ गया। मेरे घर में विवाहिता है। ऐ बुजरो चन्दा, मैं अब घर लौट जाऊँगा। मैं हल्दी नहीं जाऊँगा। अहीर लौटने लगा तब चनवा हँस पड़ी। वह वेश्या झाड़ की आड़ में छिपी हुई थी। हँसते हुए वह रास्ते पर आ गयी। तब बीर अहीर लोरिक ने कहा—ऐ विवाहिता, मेरी पत्नी मजरी पूरी पहरेदारी कर रही है। उसने अपने सिर के नीचे बिजली वाली तलवार रख ली है। मैं टूटी हुई तलवार हाथ में लेकर सुरवली ताल में आ गया हूँ। मैं निश्चित किये हुए स्थान पर पहुँच गया हूँ। हम परदेश कैसे चलेंगे। कोई सम्बन्धी मिल जायेगा तो मैं कौन सी युक्ति निकालूंगा। इस टूटे खड्ग की क्या हस्ती है ? इससे मैं कैसे बड़ी लड़ाई करूंगा। जब लोरिक ने ऐसा कहा तब चनैनी बोल उठी। ऐ मेरे स्वामी, ऐ मेरे सुखनन्दन, ऐ मेरे सिर के मुकुट, तुम भगवती का सुमिरन करो जो आदिकाल से ही तुम्हारे लिए पूजमान हैं। दुर्गा मंजरी को निद्रा में विस्मृत कर दें। दुर्गा ने अपनी शक्ति बढ़ायी। मंजरी की आँख में उन्होंने उसी क्षण निद्रा भर दी। अहीर ताल से लौट गया। वह कमरे में गया, मंजरी के सिर के नीचे रखी हुई तलवार उसने खींच ली तथा वहाँ टूटी हुई तलवार रख दी। बिजली वाली तलवार लेकर वह द्वार से चला। चन्दा और लोरिक दोनों पूर्व की ओर बढ़े। वे रात दिन चलते रहे। रास्ते में उन्होंने कहीं विश्राम नहीं किया, कहीं डेरा नहीं डाला। इधर मंजरी की आँख खुली, वह आँख फाड़-फाड़ कर देखने लगी। टूटी तलवार रखकर बिजली की तलवार कौन ले गया ? वह ज़ोर-ज़ोर से रुदन करने लगी। घूम-घूम कर हाथ में गैस लेकर उसे खोजने लगी। वह बाहर देखने गयी। घनघोर वर्षा हो रही थी। उत्पात मचा हुआ था। घर बहा जा रहा था। सास खुइलनि से मजरी ने कहा—अम्मां बात सुनो। लोरिक और चन्दा, इन दोनों ने उढ़ार किया है वे हल्दीपुर पार जा रहे हैं। ये दोनों आधे जंगल में पहुँच गये। आंवला का पेड़ फला हुआ था। पेड़ ने कहा—चनइनी जाति की वेश्या है। उसका सारा परिवार वेश्या है। इसने विवाहित पति को छोड़ दिया है। पर पुरुष के साथ वह हल्दी जा रही है। आंवले के पेड़ ने फिर कहा—ऐ वेश्या चनैनी सुनो। तूने अपने विवाहित पति को छोड़ दिया, पर पुरुष के साथ तुम हल्दी जा रही हो। वेश्या चनैनी ने लोरिक से कहा—सैया मेरी बात मानो। तुम अपनी तेज़ तलवार निकालो तथा आंवले के पेड़ को धराशायी कर दो।

बीर लोरिक ने कहा—ऐ विवाहिता, ऐ स्त्री सुनो। तुम रास्ता चलते झगड़ा करती रहती हो। कहाँ-कहाँ लोरिक तलवार उठायेगा ? दोनों आगे बढ़े। पूर्व की ओर सीधे चले। वे बोहा के पास पहुँचे। वहाँ एक कल्याणी गाय बछड़ा दे रही थी। वेश्या चनैनी ने लोरिक से पूछा—यह किस अभागे की गाय है कि जंगल में बछड़ा दे रही है, झाड़ी में ब्या रही है। कल्याणी गाय ने कहा—हम अभागे लोरिक की

गउवें हैं, हम जंगल झाड़ी में बछड़े देते हैं। गाय ने फिर नम्रतापूर्वक कहा—धर्मी संवरू की गायें हैं जो पशुओं के बाड़े में बंधी हुई हैं और वे वहाँ बछड़े देती हैं। इतना सुनते ही लोरिक गाय के पास गया। अपनी गोद में बछड़े को उठा लिया तथा अड़ार की ओर चल पड़ा। पीछे-पीछे गाय चन्दा को भगाने लगी। संवरू की गायें बिगड़ उठीं। गायों के झुण्ड में खलबली मच गयी। मल्ल संवरू ने कहा—नान्हूँ तुम मेरी बात सुनो। तुम पलाश के वृक्ष पर चढ़ कर देखो। क्या वन में कोई लकड़-बग्घा आ गया है? या वन बिलाव आ गया है। छिउली के पेड़ पर चढ़ कर नान्हूँ चारो ओर देखने लगा। फिर उस ढोर के चरवाहे नान्हूँ ने कहा—ऐ बहनोई, धर्मी संवरू सुनो। आगे-आगे बहनोई लोरिक बछड़े को लिये चले आ रहे हैं। पीछे से चन्ना को गाय खदेड़े लिये आ रही है। जब संवरू ने यह सुना तो नान्हूँ से कहा—नान्हूँ, इतना समय बीत गया पर तुमने कभी ऐसे कटु शब्द नहीं कहे। पर आज क्या बात हो गयी है जो ऐसी बात कर रहे हो? अभी इस प्रकार की बात हो ही रही थी कि लोरिक वहां आ पहुँचा। बछड़े को अड़ार पर उतार दिया तथा स्वयं धर्मी संवरू के पास पहुँच गया। चनवा छोटे तम्बू में चली गयी। सहदेव की वह बेटी मैना चन्दा वहीं बैठ गयी। लोरिक ने संवरू को झुक कर अभिवादन किया। उन्होंने जी भर कर लोरिक को आशीर्वाद दिया। ऐ लोरिक तुम अमर रहो, लाख वर्ष जीयो। जैसे गंगा का पानी बढ़ता है।

भावार्थ—(१८०१—२१००)

वैसे ही तुम्हारी आयु बढ़े। बोहा में दोनों भाई मिले। संवरू ने लोरिक से कहा—हम यहाँ सुरक्षित बैठेंगे तथा बोहा में आनन्द करेंगे। तब वीर लोरिक ने कहा—मेरे भाई संवरू सुनो। मैंने चोरी की है। मैंने सहदेव की बेटी को हड़प लिया है और उसको लेकर पूर्व देश में भाग रहा हूँ। दस दिनों में में हल्दी पहुँच जाऊँगा।' यह सुनकर मल संवरू ने चरवाहा नान्हूँ से नम्रतापूर्वक कहा—तुम दो भैंसों को छोड़ दो उनका दूध दूह लो ताकि ये दोनों छक कर पीयें। ये हल्दी बाजार जायेंगे। लोरिक ने कहा—'भइया यदि तुम दूध नही दोगे तो रास्ते में मुझे और कौन दूध देगा! क्या जाने रास्ते में लड़ाई ही छिड़ जाय तुम मुझे थोड़ी दूर पहुँचा दो। यह सुन कर संवरू जल गये। कहा—लोरिक मेरी बात सुनो। मैं दूध दे रहा हूँ। यदि आगे लड़ाई छिड़ जाय तो तुम दोनों आदमी आपस में मुकाबला कर लेना। इतनी बातचीत के बाद लोरिक बोहा से आगे बढ़ गया। वेश्या चनैनी आगे-आगे चली, पीछे-पीछे लोरिक चला। वे पूर्व दिशा में चलने लगे, जंगल और झाड़ियों को पार किया तब बेवरा नदी मिली। बेवरा नदी पर कोई नाव दिखाई नहीं पड़ी। नदी के दोनों कगारों पर जल उफन रहा था। लोरिक ने चनवा से तुरन्त बातचीत शुरू की, सवाल जवाब किया। ऐ स्त्री, तुम किनारे पर बैठो। मैं सूखे पेड़ और लकड़ियाँ एकत्र

करूँ तथा उनकी नौका बनाऊँ तथा हम दोनों खेकर उस पार चलें। चनैनी वहाँ बैठी रही अहीर जंगल में प्रवेश कर गया। उसने जंगल झाड़ी से मोटी लकड़ियाँ प्राप्त कीं फिर पेड़ की लताओं को काटकर उन्हें बाँधा। नदी में कुंदों को डाल दिया गया कुंदों की नाव चल पड़ी। लोरिक ने खेने के लिए एक लग्गी बनायी। चनवा को बैठा लिया। फिर उसे बीच धार में खेने लगा। इधर से तेजी से एक बोझ सा बहा चला आ रहा था। उसमें एक बड़ा सा चूहा था। चूहा बहता हुआ आकर लकड़ी के कुंदों से टकरा गया। चनवा ने चूहे को देखा उसने उसे कुंदों पर रख लिया। थोड़ी देर में जब धूप में चूहे को कुछ आराम मिला तथा उसका शरीर शान्त हुआ तब वह कुन्दों के जोड़ों और बन्धनों के बीच चला गया। कुन्दों के बन्धनों को वह काटने लगा। तीन बन्धनों के कट जाने से कुन्दों के दो भाग हो गये। एक देश की ओर वेश्या चनैनी बहने लगी दूसरी ओर लोरिक उछलने लगा। उसने चनवा से कहा— वेश्या, मेरी बात सुनो। मैं तुम्हारे चक्कर में पड़ गया। तुम्हारी बात मान ली। अपनी विवाहिता को घर पर छोड़ दिया। तुम हमेशा ऐसा ही काम करती रहोगी तो लोरिक कब तक युद्ध करता रहेगा? लोरिक ने यह कहते हुए कुन्दों को फिर जोड़ दिया। जब कुन्दों का जोड़ ठीक हो गया तो लोरिक ने उसे खेना शुरू किया वे बेवरा नदी के उस पार उतर गये। तट पर सेमल का वृक्ष था उसके नीचे दोनों ने डेरा डाला। भोजन बनाने के लिए उन्होंने उपले तैयार किए।

अब चनवा के पति सिवहरि का हाल सुनिये। वह बिजरी गाँव छोड़कर राजा सहदेव के पास आया। वहाँ जाकर लोटने लगा पहले तो सहदेव को इसका कारण समझ में नहीं आया। बाद में उन्होंने कहा—तुम उढ़ार करने वालों का पीछा करो। यदि रास्ते में उनसे भेंट हो जाय तो लड़ाई में लोरिक का सिर तोड़ दो। तीन सौ साठ तीरों को एकत्र कर सिवहरि वहाँ से चला, सांसड़ बोहा में पहुँचा जहाँ मल्ल सांवर बैठे थे। उसने कहा—ऐ धर्मी मल सांवर, क्या तुमने उढ़री उढ़रा (स्त्री भगाने वाले लोरिक तथा भागी हुई स्त्री चन्दा) को देखा है। मल सांवर ने कहा—ऐ संगी सिवहरि, मैंने दोनों को देखा है। वे बेवरा नदी के उस पार पहुँच गए हैं। सिवहरि ने सांवर से उपाय पूछा कि मैं कैसे दोनों से भेंट करूँ? सांवर ने कहा—इधर बोतल टंगी हुई हैं। दो बोतल शराब डट लो फिर जूता पहन कर शीघ्र ही वहाँ पहुँच जाओ। सिवहरि ने मद पीया। अपना ठाट बनाया। जूते पहने तथा भीम बनकर तेजी से दौड़ा। क्षण में वह डगमगा कर गिर गया फिर तीन सौ साठ बाणों को लेकर बेवरा नदी पर पहुँचा। उसने उढ़ार करने लाले लोरिक चन्दा का हाल देखा। वहाँ आग सुलग रही थी। दोनों भोजन की तैयारी कर रहे थे। तब सिवहरि ने अपना बाण साधा तथा सेमल के पेड़ की ओर उसे फेंकने लगा। किन्तु बीर मर्द लोरिक खेलाड़ी था। वह वहाँ से हट गया। सेमल का वृक्ष धरती पर गिर कर चूर-चूर हो गया किन्तु जब उसने दूसरा बाण निकाला तो वह बेकार था। और बाण भी बेकार थे। वह आश्चर्य में पड़ गया। अब क्या करूँ? सिवहरि कहने लगा—हे देव, हे नारायण

आपने मेरे भाग्य में क्या लिख दिया ? मुझे सारा गुण दिया पर तैरने का गुण नहीं दिया, नहीं तो मैं तैर कर बेवरा को पार कर जाता। लड़ाई करके लोरिक का मुँह तोड़ देता। यह कहते हुए वह लौट कर घर आने लगा। लोरिक और चंदा दोनों की जोड़ी आगे बढ़ी। वे पूर्व की ओर चलने लगे। वे दिन-रात चलते रहे, उन्होंने कहीं डेरा नहीं डाला। हल्दी के भीटे पर पहुँच कर पनघट पर उन्होंने डेरा डाला, तम्बू खड़ा किया। फिर चनवा से उसने नम्रतापूर्वक कहा—ऐ मेरी विवाहिता मेरी बात सुनो। हम लोग रास्ता चलते रहे अतः मुझे थकान लग रही है। तुम यहाँ खाना बनाओ। मैं हल्दी जा रहा हूँ। हल्दी में मद की दुकान है। मैं वहाँ जाकर मद पीऊँगा। इतना कह कर उसने अपना बक्सा खोला। शरीर पर अंगरखा डाला, पैर में जामा पहिना, तर्कश धारण किया तथा विशेष प्रकार का जूता पहना। उसने छप्पन पेंचों वाली छूरी तथा कटारी ली, फिर तलवार संभाली। जैसे हथिनी झूमते हुए चलती है वह झूमते हुए चल पड़ा। पूछते-पूछते हल्दी बाजार में वह कलवार के घर पहुँचा, भट्ठी पर पहुँचा। भट्ठी पर दस पाँच पीने वाले मद पी रहे थे। लोरिक दरवाजे पर खड़ा था। जमुनी वहाँ गद्दी पर बैठी थी। उसने जब लोरिक को देखा तो आश्चर्य में पड़ गयी। दांतों तले अंगुली दबाने लगी। कहने लगी—हे दैव, हे नारायण तुमने ललाट में क्या लिख दिया ? इस व्यक्ति ने किस जांत का पीसा हुआ खाया है। किस सरोवर का जल पीया है। इसको किस प्रकार की चारपाई पर सुलाऊँ ! चारपाई का बाध इसको गड़ेगा। जमुनी कलवारिन ने उससे पूछा—'तुम्हारा वतन कहाँ है, तुम्हारा मूल स्थान कहाँ है ? ऐ दूर देश के वासी तुमने कहाँ की चढ़ाई की है। इस भट्ठी के पास आकर कैसे खड़े हुए ?' लोरिक ने कहा—गउरा मेरा वतन है, गउरा मेरा मूल स्थान है। मैंने हल्दी की चढ़ाई की है। खोजते-खोजते मैं तुम्हारी भट्ठी तक पहुँचा हूँ। इतना सुनकर जमुनी अपनी गद्दी से उठ गयी। जाकर उसने अन्दर से काली कुर्सी निकलवायी तथा अहीर लोरिक को बैठने के लिए दिया। जमुनी बोतल भरने लगी फिर हाथ में गिलास लेकर वह उसे लोरिक के पास ले गयी। लोरिक ने बोतल उठाया तथा गिलास में दारू उड़ेलने लगा। उसने ज्यों ही एक घूंट मुँह में डाला उसको बाहर निकाल दिया। उसने गिलास को बाहर फेंक दिया तथा जमुनी पर क्रुद्ध हो उठा। अरे कलवारिन, तुम दुष्ट हो। भट्ठी की मलकिन, मैं ऐसा-वैसा पीने वाला नहीं हूँ। तुम लौग और काली मिर्च से भट्ठी में शराब बनाओ। मैं तुम्हारी वही शराब पीऊँगा, फिर सागर के भींटे पर जाऊँगा। मेरी विवाहिता भोजन बना कर हल्दी के सागर के भींटे पर मेरी प्रतीक्षा कर रही होगी। जमुनी कलारिन ने कहा—ऐ ग्राहक, सुनो। तुम कुर्सी पर हाथ रख कर बैठो मैं तुरन्त भट्ठी लगा रही हूँ। जैसे ही दारू तैयार हो जाता है, मैं तुम्हें दूंगी।

अब वहाँ का हाल सुनिये। लोरिक को रात में वहाँ देर होने लगी। चनवा भोजन बनाकर दारू पीने वाले लोरिक की प्रतीक्षा कर रही थी। जमुनी की भट्ठी

उतरी। गिलास भर कर वह लोरिक के पास गयी और उसे उसके हाथ में दे दिया। जब उसने जमुनी का दारू मुँह में डाला तो उसका शरीर गमगमा उठा। दारू का घूंट पीकर वह जमुनी की ओर देखने लगा। जमुनी अपनी गद्दी से उसे देखने लगी। दोनों की नजरें एक दूसरे से लड़ गयीं, मिल गयीं। फिर जमुनी हँस पड़ी। जब उसकी बत्तीसी चमकी, लोरिक मूर्च्छित हो उठा, कुर्सी से गिर पड़ा।

भावार्थ—(२१०१—२४००)

कलारिन जमुनी वहाँ दौड़ पड़ी। हल्दी में जितने पीने वाले थे वे गुहार करने लगे। उन्होंने कहा—ऐ पीने वालों, चलो हम राजा महुवरि के दरबार में चलें। जमुनी ऐसी टोनहिन हो गयी है कि अपने द्वार पर आये हुए परदेशी पर जादू मार दिया है। वह कुर्सी से गिर पड़ा है। चलकर सूबा के यहाँ शोर मचाओ ताकि वह जमुनी को गड्ढे में भरवा दे। जमुनी यह बात सुन रही थी। वह डर गयी। सचमुच प्रजा राजा से जाकर यह बात कह देगी। मेरी बड़ी निंदा होगी। जमुनी ने लोटे में पानी ले लिया तथा हाथ में पंखा उठा लिया और जाकर उसने लोरिक के हाथ मुँह धोये, फिर हाथ से पंखा झलना शुरू किया। जब उसका मिजाज़ कुछ शांत हुआ तब लोरिक उसके सम्मुख बैठ गया। वह कहने लगा—मैंने पान-सोपारी खायी, जर्दा कुछ तेज़ हो गया तुम्हारी कुर्सी पर मुझे गर्मी लग गयी। मैं धरती पर गिर पड़ा। अब लोरिक फिर बोतल से खेल करने लगा। जमुनी उसे बोतल भर-भर कर देने लगी। लोरिक उसे पीता जाता था। जब वह दस-पाँच बोतल पी गया तो उसकी नज़रों पर नशा चढ़ने लगा किन्तु उसने पीना-बन्द नहीं किया। वह कुर्सी से ज़मीन पर गिर पड़ा। रात के तब तक बारह बज गये। जमुनी ने दुकान बन्द कर दी, भट्ठी बुझा दी, दरवाज़ा बन्द कर दिया। उसने घर जाकर दरवाज़ा खोला तथा पानी गर्म करने लगी, खाना बनाने लगी। भोजन लेकर वह अहीर के पास पहुँची। उसका रूप देखा। वह ज़मीन पर पड़ा हुआ था। घर से चाभी लाकर कमरे का ताला खोला। गद्दी का तकिया उठाया। उसे गर्दन पर रख दिया। फिर उसने अपनी साड़ी का काछ संभाला तथा दरवाजे पर चली आयी ज़हाँ मर्द लोरिक गिरा हुआ था। उसके दोनों पैरों को बटोर कर उनमें अपना हाथ डाल दिया। दूसरा हाथ उसने लोरिक की गर्दन में डाला। उसको टांग कर ले गयी और पलंग पर सुला दिया। आधी रात के बाद एक घड़ी और बीत गयी थी। इधर चनवा लोरिक का रास्ता देख रही थी। पीने वाला लोरिक कहाँ गिर गया? अभी तक वह नहीं आया।

इधर जमुनी का हाल सुनिये। उसने सोलह शृंगार किये तथा मुख पर बत्तीस आभरण चढ़ा लिये। जाकर पलंग पर सो गयी। लोरिक के आगे गिलास था। जब वह आँख खोलता था तो गिलास में दारू उड़ेलता था तथा उसे पी लेता था। इसी बीच उसने जमुनी से कहा—ऐ कलारिन, मेरी विवाहिता सागर पर भोजन बनाकर मेरी प्रतीक्षा कर रही है। आधी रात ढल चुकी है। मैं वहाँ कैसे जल्दी पहुँच जाऊँ? जमुनी ने कहा—भैया मेरी बात सुनो। तुम पलंग पर सोये रहो। मैं तुम्हारी

विवाहिता को यहाँ ला रही हूँ। इतना कह कर उसने गिलास में और शराब उड़ेल दिये। अहीर वह भी पी गया तथा पलंग पर सो गया। जमुनी वहाँ से सागर के भींटे पर गयी। चनवा दीप जलाकर बैठी हुई थी, हल्दी की राह देख रही थी। जमुनी ने खंखारा। फिर विनम्रता पूर्वक बोली—अरे भाई, इस तालाब पर कौन परदेशी है? यहाँ किसने धूनी रमाई है? तुम्हारा वतन कहाँ है? आदि स्थान कहाँ है? वेश्या चनैनी ने कहा—स्त्री सुनो, गउरा मेरा घर है, वहीं मेरी बुनियाद है। हमने हल्दी की चढ़ाई की है तथा हल्दी के इस सागर के भींटे पर हम टिके हुए हैं। मैं यहाँ भोजन बनाने लगी। मेरे स्वामी पीने गये हैं, न जाने खा पीकर कहाँ गिर पड़े हैं। मुझे यहाँ चक्कर आ रहा है। कलारिन जमुनी ने कहा—जितना तुमने खाना बनाया है उसमें से भर पेट खा लो। जो बच जाय उसको यहीं रख दो। फिर बर्तन आदि साफ कर लो। चलो मैं तुम्हारे पीने वाले का पता बता दूं। खाना खाकर तथा बर्तन साफ कर उसने उन्हें संभाल लिया। छोटे तम्बू की रस्सी काट कर उसे बटोर लिया। जमुनी ने उसे अपनी कांख में दबा लिया। चन्ना ने बर्तनों का पिटारा स्वयं ले लिया। दोनों जमुनी के घर पहुँचीं। जमुनी ने तम्बू को आँगन में रख दिया। उसने दूसरा दरवाजा खोल दिया उसमें डेरा, पिटारा आदि रख दिया गया। सोलह प्रकार की खाद्य सामग्री रख दी गयी। जमुनी ने चन्ना से कहा, तुम यहाँ विधिपूर्वक भोजन बनाओ तब तक तुम्हारे पीने वाले यहाँ आ जायेंगे।

चन्ना ने नम्रता पूर्वक पूछा—मेरे स्वामी कहाँ गिरे हैं? वे हमारे घर कैसे आयेंगे? जमुनी ने कहा—तुम केवल भोजन की चिन्ता करो। तुम्हारे पीने वाले कहीं होंगे। यहाँ आ जायेंगे और ठहर पर आकर भोजन करेंगे। वह स्वयं लोरिक को लेकर शैया पर सो गयी। वहाँ बिहार होने लगा। जब लोरिक का नशा उतरा तब वह अलग हो गया। जमुनी ने फिर लोरिक को ले जाकर कमरा बता दिया। वह कमरे के दरवाजे पर जाकर चनवा को झांकने लगा। चनवा बोल उठी—हे दैव, हे नारायण, हे ब्रह्मा तुमने मेरे ललाट में क्या लिख दिया! मैंने एक सौत को गउरा में छोड़ा, हल्दीपुर पाल आयी। यहाँ भी एक सौत तैयार हो गयी। जमुनी यह सुन कर मुस्कराती रही। प्रातः काल हुआ, झुटपुटे के समय कौवे बोलने लगे। लोरिक ने कलारिन जमुनी से कहा—तुम अपनी गद्दी आदि संभालो। अपना घर संभालो। मैं अब काम खोजने जाऊँगा। जमुनी ने पूछा तुम्हारी जाति क्या है? लोरिक ने कहा—मेरी जाति ग्वाल की है मैं गाय भैंस का चरवाहा हूँ। अपने लिए काम मैं ढूंढ़ लूंगा। जब मैं जीने खाने का उपाय कर लूंगा तब हरदीपुर में रहूंगा। नहीं तो कहीं आगे जाऊँगा तथा जल्दी से नया मुल्क देखूंगा। कलारिन जमुनी ने उससे विनम्रता पूर्वक कहा—ऐ अहीर, शाम तक यहाँ बैठे रहो। *मैं महुअरि के दरबार में* जा रही हूँ। मैं जाकर दरखवास्त दूँगी तथा तुम्हारे लिए रोजगार खोज दूँगी। कलारिन जमुनी वहाँ से चली। हल्दी में सूबा की कचहरी लगी हुई थी। महुअरि वहाँ बैठे हुए थे। जमुनी ने उनसे कहा—राजा मेरी बात सुनिये। एक परदेशी आया

हुआ है वह अपने लिए रोज़गार खोज रहा है। वह तुम्हारे हल्दी के बाजार में टिक कर रहेगा। महुअरि ने कहा— ऐ धनिया, तुम अहीर को बुलवा लो। उसको मैं रोजगार दूंगा। जमुनी वहाँ से अपने महल में वापस आयी। लोरिक से कहा कि— 'ऐ परदेसी तुम्हें सूबा ने बुलाया है।' आगे जमुनी चली। पीछे लोरिक जा रहा है। उसने लोहे का सामान (कवच अस्त्र-शस्त्र आदि) उतार रखा था। सादे कपड़े उसने पहन लिये थे। दरबार लगा हुआ था। लोगों की नज़र अहीर पर पड़ी तो कचेहरी काँप गयी, चकित हो उठी। लोगों ने कहा—हे दैव, हे नारायण, हे ब्रह्मा तुमने ललाट में क्या लिख दिया! इस वीर ने किस जाँत का पीसा खाया है? किस सरोवर का इसने जल पीया है। अहीर वहाँ खड़ा हो गया। महुअरि ने उससे उसका स्थान आदि पूछा, गंतव्य पूछा, हल्दी में टिक जाने का कारण पूछा। यहाँ तुम कौन सा रोजगार करोगे? वीर लोरिक ने कहा—'राजा मेरी बात सुनिये। हल्दी शहर में जितनी तुम्हारी प्रजा बसी हुई है, सबके पास लक्ष्मी गायें हैं। राजा और प्रजा सबकी गायें कल प्रातः गिनवा दीजिए (मैं उनकी चरवाही करूँगा)। इससे मेरा खर्चा चलेगा।' अहीर घर गया, हाथ मुँह धोया, मगही पान खाया। दूसरे दिन प्रातः काल गायें खुल गयीं, अहीर को गायें गिनवा दी गयीं। सब लोग गाय गिनवा कर वापस लौट गये। अहीर ने पशुओं को बटोर लिया। जितनी भी गायें और भैंसें थीं सबको लेकर लोरिक गाँव की सीमा पर पहुँचा। पके हुए गेहूँ और गोजई के खेतों में वह सात घड़ी तक गायें चराता रहा। गायें गर्दन उठा कर देखती रहीं। चारो ओर हरियाली दिखाई पड़ रही थी। लोरिक पशुओं को चराकर हल्दी वापस आया। हल्दी में धूल उड़ने लगी, सारी चीजें गर्द में मिल गयीं। खेत में पके हुए गेहूँ और गोजई की दुर्दशा देख कर किसान गिर पड़े। रक्त के आँसू बहने लगे। वे एकमत होकर राजा की चाँदनी में गये। गुहार करने लगे। हे राजा महुअरि सुनिये।

भावार्थ—(२४०१—२७००)

प्रजा ने कहा—आपने प्रातःकाल ही चरवाह नियुक्त किया। उसने दोपहर में ही धूल उड़ादी। गेहूँ और गोजई जो पक रही थी, नष्ट हो गयी। हम लोग अपने बाल बच्चों को कैसे जीवित रखेंगे? तुम्हारा कर कैसे अदा करेंगे। जब इतनी बात कही गयी तो राजा क्षीण पड़ गया। उसने कहा—ऐ हल्दी के किसानों, डंडा और लाठी हाथ में ले लो तथा जाकर अहीर को खेत पर मारो। किसान उत्तेजित हो उठे। चलकर अहीर को जबर्दस्ती पीट डालेंगे। वे हल्दी की सीमा पर पहुँचे। अहीर डंडार—पर बैठा हुआ था। लोग एक बीघा फासले पर थे, पर किसी की आगे बढ़ जाने की हिम्मत नहीं थी। लोरिक ने कहा—ऐ हल्दी के लोगों, मैंने कभी गाय भैंस की चरवाही नहीं की है और न कभी मांग कर खाना खाया है। लोहा ही मेरा उठना है और बैठना है। युद्ध ही मेरे जीवन का आधार है। कहीं राजा पर विपत्ति आये तो वह मुझे रण में खड़ा कर दें! जब आमना सामना हो जायगा तब खेत पर तलवारें चल जायेंगी। अब दो सिपाही छोड़े गये। वे जमुनी के घर चले गये।

उन्होंने लोरिक से कहा—तुम्हें राजा महुअरि ने चाँदनी पर बुलाया है। लोरिक राजा के किले की ओर चला। वहाँ कचहरी लगी हुई थी। मंत्री ने कहा—'ऐ राजा, नेउरी की तुम्हारी प्रजा ढीठ हो गयी है। उसने तुम्हारा धन रोक रखा है। तुम अहीर को नेउरी में भेज दो। वह जाकर सारा लगान वसूल कर लाये। वहाँ जाकर वह जूझ मरेगा। तब हर दिन का झगड़ा मिट जायगा। अहीर सुंदर है, जैसे द्वितीया का चंद्र उगा हो। वह युद्ध में समाप्त हो जायगा। उसकी स्त्री को लाकर आप रनिवास भोग कीजिए।' राजा महुअरि ने विनम्रता पूर्वक कहा—ऐ अहीर, तुम नेउरापुर जाओ। वहाँ की प्रजा ढीठ हो गयी है। तुम जाकर लगान वसूल कर लो तथा हल्दी बाजार में बैठ कर खाओ। मैं तुम्हें हल्दी का आधा राज्य दे दूँगा। आधा किले का महल दे दूँगा। यदि तुम नेउरापुर से जाकर लगान लाओ तब जानूंगा कि तुम अहीर वंश के हो। लोरिक ने कहा—राजा महुअरि, सुनो। मैं नंगे पैर नहीं जाऊँगा। मेरे साथ सरदार रहेंगे। वे सदा पहरे पर तैनात रहेंगे। इधर हल्दी का हाल सुनिये। कचहरी के लोग आपस में विचार करने लगे। उन्होंने राजा से कहा—ऐ राजा, सुनिये। किसी के लिए मृत्यु खोजी जाती है। इसकी मृत्यु सहज ही में आ गयी है। इसे काट खाने वाला घोड़ा जरूर दे दीजिए। जब घोड़ा मंगर का ढक्कन लोरिक खोलेगा तो घोड़ा उसका प्राण ले लेगा। सहज ही में झगड़ा निपट जायेगा। तब तुम चंदा को लेकर रनिवास भोग करना। राजा महुअरि ने लोरिक से कहा—ऐ लोरिक, घुड़साल में पचास घोड़े बंधे हुए हैं। तुम उनमें से जाकर एक घोड़ा चुन लो। अहीर घुड़साल में गया और अंदाज़ लेने लगा। कोई घोड़ा हाथ रखते ही धरती पर गिर गया। किसी की कटि पर उसने हाथ रखा तो उसकी पीठ नीचे झुक गयी। अंदाज लेते लेते लोरिक पूर्व की ओर निकल गया। वहाँ भिलासी घोड़ी बंधी हुई थी। उसने जब घोड़ी की पीठ पर हाथ रखा तो उसने धीरे से कहा—'ऐ भैया बीर लोरिक, मेरी बात सुनो। तुमने मेरी पीठ पर हाथ रख दिया। जिस दिन मेरे बेटा पैदा हुआ उसने पृथ्वी पर पैर रखा। यह पहले से लिखा हुआ है कि उस पर अहीर बीर लोरिक ही चढ़ेगा। दूसरा उस पर कोई नहीं चढ़ेगा। दूसरे के लिए वह घोड़ा काट खाने वाला बन गया है। अहीर के लिए वह पूज्य है। घोड़ी ने लोरिक से कहा कि घोड़ा मंगरू क्षत्रिय वर्ग का है। उसका मालिक तेली है।' अहीर अब उस चाँदनी पर गया जहाँ राजा महुअरि बैठा था। उसने कहा—ऐ राजा, तुम मुझे तुरन्त घोड़ा दो कि हम नेउरीपुर जायें। मुझे काट खाने वाला घोड़ा दो। मैं नेउरियापुर पाल जाऊँगा। मंत्री ने यह बात पहले ही सुझायी थी। कचहरी के सभी लोग हँस पड़े। किसी के लिए मौत खोजनी पड़ती है। अहीर की मृत्यु स्वतः निकट आ गयी है। लोगों ने कहा—जाकर घुड़साल का ताला खोल दो। लोरिक घोड़े को देखेगा, ढक्कन उठायेगा। घोड़ा मंगर उसे खा डालेगा। हर रोज की मुसीबत टल जायगी। राजा महुअरि ने कहा—ऐ अहीर मैं तुम्हारी बात नहीं मानूंगा। मैं तुम्हें काट खाने वाला घोड़ा कैसे दे दूँ। शायद वह तुम्हारी

ज़िदगी ले ले । मैं उसकी जिम्मेदारी नहीं लूंगा । लोरिक ने कहा—वह कैसे काट कर मेरी ज़िदगी ले लेगा ? मैं उस काट खाने वाले घोड़े को देखूंगा । ताला खोलकर वह कोठरी के अंदर जल्दी से चला गया । तख्ते उठाये । दोनों पास पास हुए । लीद के कारण बलशाली घोड़ा वहाँ शिथिल पड़ गया था उसकी आँखों में कीचड़ बह रहा था । लोरिक गड्ढे के अंदर चला गया । दोनों ओर से लीद हटायी, पेटी खोली, घोड़े के पेट पर हाथ रखा । उसको ऊपर लाया । लीद के ऊपर आकर घोड़ा खड़ा हो गया । लोरिक उसकी बगल में खड़ा था । उसकी पीठ पर जितने बाल बढ़े हुए थे उनको चाकू से काटा, आँखों का कीचड़ साफ़ किया फिर उस घोड़े का चूल पकड़ कर उसे बाहर निकाला । उसको लेकर तालाब के भीटे की ओर ले चला । हल्दी के लोग उसे देखने लगे । घर घर मे लोगों ने दरवाज़े बंद कर लिये, टाट चढ़ा लिये । काट खाने वाला घोड़ा छूट गया है । किसकी मृत्यु निकट आ गयी है । लोरिक घोड़े को लेकर जमुनी के पास आया । हाथ में एक कूँचा लेकर घोड़े को सीधे ले जाकर तालाब पर खड़ा किया । उसको खूब ठीक से धोने लगा । उसने घोड़े की आँखों का कीचड़ धोया । जमुनी के घर उसे वापस लाकर दूध और काली मिर्च दिया । उसकी गद्दी और लगाम ठीक किया फिर उसकी पीठ पर बैठ गया । उसके सामने गर्म चना रखा गया । लोरिक कहने लगा, ऐ बलवान मंगर, तुम इसे खालो । दस दिनों तक घोड़े की सेवा होती रही । जब घोड़े मे कुछ शक्ति आयी तो वह हल्दी में ठुमकने लगा । हल्दी के लोगों ने उसे देखा और घर के दरवाज़े बंद कर दिये । सब आश्चर्य में पड़े हुए थे । कट्हा घोड़ा जो सबको काट खाता था, लोरिक का पूज्य हो गया है । लोरिक ने मंगर की सेवा की । उसका शरीर यथापूर्व हो गया । वह चने की दाल खाता था एक नाद में दूध और मिर्च खाता था । जब मंगर स्वस्थ हो गया तो उसने लोरिक से कहा—ऐ लोरिक, मेरी बात सुनो । तुम राजा की चाँदनी पर जाओ और मेरा सारा सामान उससे माँग लाओ । मैं ज़रा अपने बल का अंदाज़ लेना चाहता हूँ । लोरिक जमुनी के घर से महुअरि की चाँदनी पर गया । जमकर वहाँ दरबार लगा हुआ था । उसने कहा--राजा सुनो । घोड़ा अपना सामान माँग रहा है । राजा महुअरि ने कहा—एक दो सामान की क्या गिनती है ? यहाँ तो पचास साजो सामान टंगे हुए हैं । तुम जाकर देख लो । जो सामान तुम्हें भाये उसे यहाँ से शौक से ले जाओ । लोरिक ने अच्छा सा सामान चुन लिया । उसे लेकर चाँदनी पर आया । जब घोड़े के पास वह सामान ले गया तो घोड़ा जलकर खाक हो गया । उसने कहा—चेला तुम पागल हो गये हो । तुम्हारी बुद्धि हर ली गयी है । तुम मेरा बंधन ढीला कर दो । मैं राजा का पौरुष देखूं । तुम यह टूटा हुआ सामान लाये । तुम ऐसा सामान मुझे क्यों दे रहे हो ? मेरी पाखर सोने की है । मेरा कवच (ज़िरह) सोने का है । बाहर तार में पिरोये हुए मोती हैं । मेरे पैर के घुंघरू हैं । जब मैं उन्हें बाँधता हूँ तो उनकी आवाज़ साठ कोस तक जाती है । लोरिक राजा महुअरि के यहाँ गया । कहने लगा—राजा तुम जल्दी से

घोड़े का सामान दे दो। नहीं तो मैं तुम्हरी अल्हड़ ज़िदगी समाप्त कर दूंगा। तुम सारी सामग्री दे दो ताकि मैं नेउरीपुर चाल जाऊँ। राजा महुअरि ने सामान दे दिये। लोरिक ने सामान लाकर घोड़े के सामने रख दिये। घोड़ा मंगर हंस पड़ा। अहीर घोड़े का सारा सामान कसने लगा। पाखर सजा कर उसके मुँह में लगाम कस दिया। उसके माथे पर कवच जड़ दिया जिस पर गोली के वार बेकार जाते थे। फिर झालरें पहना दी जिनमें मोती जड़े हुए थे। उसके पैर मे नूपुर बंध गये जिनकी आवाज़ घनी थी। अब घोड़े का हाल देखिये।

भावार्थ—(२७०१—३०००)

द्वितीया का चन्द्र उगा हुआ है। सूर्य की ओर तो देखा जा सकता है। पर मंगर घोड़े की ओर ताका नहीं जाता। अहीर अब तख्त पर स्नान करने लगा फिर जाकर ठहर पर भोजन करने लगा। उसने दोनों स्त्रियो से कहा—तुम लोग यहाँ दहाड़ती रहो मैं नेउरीपुर जा रहा हूँ। यदि मैं वहाँ जूझ गया तो हमेशा का कष्ट समाप्त हो जाएगा। यदि मैं नेउरी से हल्दी लौट आया तो आधा हल्दी का राज्य ले लूँगा। किले में भी आधा बँटवारा कर लूँगा। मैं आधे का हिस्सेदार बन जाऊँगा। अहीर खा पीकर तैयार हुआ, मुख मे पान का बीड़ा डाला तथा अपना बाक्स खोलकर वह अस्त्रशस्त्र से सुसज्जित होने लगा। आगे लम्बा कुर्ता अंगरखा पैर में विशेष पायजामा, एड़ी मे लोहे की कील वाला जूता तथा उसने तर्कश धारण किया। साठ गज का दुपट्टा उसने संभालकर अपनी पेटी में बाँध लिया। उसने छप्पन पेचों वाली छूरी तथा कटारी ले ली। उसकी बगल में तलवार झूल गयी। उसने साठ गज कपड़े की नरमा की पगड़ी बाँधी जिसमें कलँगी सुशोभित थी उसने दाहिने हाथ मे बिजली की तलवार ली तथा आसन पर बैठ गया। घोड़ा धरती और वायु मण्डल में घूमने लगा। फिर हल्दी की परिक्रमा करने लगा। वहाँ के लोग भयभीत हो उठे। आश्चर्य करने लगे। हे दैव, हे नारायण, हे ब्रह्मा आपने हमारे ललाट में क्या लिख दिया है! ऐसा दुर्दिन आ गया है। कट्टहा घोड़ा छूट गया है। हल्दी बाजार में किसकी मौत आ गयी है? घोड़ा उडान भर कर आकाश में चला गया। वह बादलों को चीरता हुआ नेउरियापुर में पहुँच गया। छिउली वन में जाकर वह उतर गया। लोरिक ने उतर कर घोडे को छिउली के पेड़ से बाँध दिया।

अब वहाँ का हाल सुनिये। राजा हरेवा-परेवा जंगल में शिकार खेलने गए थे। उनकी दृष्टि उस घोड़े पर पड़ी जो छिउली की डाल से बँधा हुआ था। उन्होंने पहरेदार से कहा—तुम पलाश (छिउली) वन की ओर जाओ और घोड़े का पता ठिकाना लो। क्या कोई राहगीर है जो रास्ता भूल गया है? या घोडे का सौदागर है जो घोड़ा बेचने आ रहा है। पहरेदार भींटे पर गया, पलाश के पेड़ के पास जाकर खड़ा हो गया। वहाँ अहीर वीर लोरिक सो रहा था। उसने घोड़े को छिउली की डाल से बाँध रखा था। पहरेदार वहाँ पहुँच गया तथा धीरे से बोला—भैया, तुम्हारा वतन कहाँ है? तुम्हारा मूलस्थान कहाँ है? ऐ परदेशी, तुमने इस धूप में कहाँ की चढ़ाई की

है ? तुम धूप में आगे चले जा रहे हो ? अहीर बीर लोरिक ने कहा—संगी मेरी बात सुनो। गउरा मेरा वतन है, मूलस्थान है। मैंने नेउरी की चढ़ाई की है। यहाँ छिउली वन में मैं उतर गया हूँ। पहरेदार ने कहा—भैया, मेरी बात सुनो। जब तुम्हारा घर गउरा में है तो तुम वहाँ के अपने किसी हितू या मित्र के बारे में बताओ। अहीर ने तुरन्त जवाब दिया। गउरा गुजरात में हमारा एक मित्र था और हम दोनों साथ में मिलकर गुल्ली डंडा खेलते थे। वह हमारा मित्र साहु बना, मैं चोर बना। मैंने गुल्ली टेढ़ी मारी जो भकताल में चली गयी। तब तक मेरा मित्र दौड़ा और हाथ में उसने गुल्ली लेकर चंपा मारा गुल्ली आकर मेरे माथे में गड़ गयी। खून बहने लगा। मेरा मित्र देश छोड़कर भाग गया। फिर उसका कोई पता ठिकाना नहीं है। मैं नेउरी में आया हूँ। पहरेदार ने कहा—लोरिक मेरी बात सुनो। मैं ही वह मित्र हूँ। तुम्हारे डर से मैं गउरा छोड़कर भाग आया तथा नेउरीपुर में आकर टिक गया। फिर गउरा वापस नहीं हुआ। फिर दोनों गले मिलकर रोने लगे। उनके रुदन से वृक्षों के पत्ते झर झरकर गिरने लगे। लोरिक ने कहा—मित्र सुनो। नेउरी में लगान रोक लिया गया है। तुम्हारा राजा यहाँ बड़ा बलवान हो गया है। तीन साल हो चुके हैं उसने हल्दी में मालगुजारी नहीं दी है। अब मैं उसे उगाहने के लिए आया हूँ। मित्र, मेरी बात सुनो। तुम्हारे राजा के लोहे के हथियार कैसे हैं ? उसके पास कौन-कौन से हथियार हैं ? मित्र पहरेदार ने समझाकर कहा—मित्र लोरिक मेरी बात सुनो। तुम्हारा घोड़ा जब आकाश में रहेगा तो राजा पहले अपनी सभी कुतियों को छोड़ेगा। वे घोड़े का लिंग पकड़कर उसे नीचे गिरा देंगी। तुम धरती पर गिर पड़ोगे तब तुम्हारा सिर टुकड़े टुकड़े हो जाएगा। दूसरा लोहा और तेज है उससे बड़ा कोई और लोहा नहीं है। तुम्हारा सिर ब्रह्म-फाँस में फँस जाएगा अंधकारमय है उसमें तुम्हारी जान नहीं बचेगी। लोरिक ने पूछा—मित्र, तब उपाय क्या है ? जो भी रास्ता हो तुम मुझे बताओ। पहरेदार मित्र ने कहा—जब तुम ब्रह्मफाँस में गिरो तो सरकंडों के पास चले जाना। यदि तुम सरकंडों को काट दोगे तो ब्रह्मफाँस गिर पड़ेगा। तब तुम्हारा अवसर आ जाएगा। लोरिक ने मित्र की बात ध्यान से सुनी। उसने कहा—देखना, भेद खुलने ना पावे। पहरेदार अब राजा के घर की ड्योढ़ी के लिए चला। वहाँ युद्ध की तैयारी हो रही थी। राजा ने पहरेदार से पूछा—मित्र, क्या राहगीर रास्ते की धूप से छाँह में रुक गया है तथा घोड़े को उसने छोड़ दिया है। उसे बाँधकर आराम करने लगा है ? पहरेदार ने कहा—मैं पलाश के वन में गया था। मैंने उससे स्पष्ट रूप से सारा हाल पूछा। वह घोड़े का सौदागर नहीं है। वह कहीं घोड़ा बेचने नहीं जा रहा है। वह तुम्हारा हित या मित्र नहीं है। वह भेंट मुलाकात करने नहीं आया है। वह राजा तुम्हारा दुश्मन है। हल्दी के राजा की तुमने जबर्दस्ती कौड़ी (मालगुजारी) रोक रखी है। वह उसे वापस लेना चाहता है। हल्दी का मालिक आया है, नेउरी में वह अपनी मालगुजारी वसूल कर लेगा दोनों भाई, हरेवा-परेवा ने यह बात कान लगाकर सुनी। हरेवा ने परेवा से कहा—गाँव के पास शत्रु आ गया है। नेउरी में जबर्दस्त

झगड़ा मचेगा । इधर लोरिक ने घोड़े का शृङ्गार करना शुरू किया । उसने सोने की झूल और कवच तथा बकसुवा आदि को पहनाया । माथे का सिरस्त्राण भी उसने सजा दिया । सिरस्त्राण पर गोलियों का निशाना चूक जाता था । लोरिक उस पर सवार हुआ । उसके सवार होते ही घोड़ा धरती से आसमान पर उड़ गया । वह बादलों को चीरने लगा । मंगर पैर उठाकर नाचने लगा । वहाँ का राजा दुरबीन लगाकर उसे देखने लगा । वह कुतियों के पास गया । सकुली कुतिया को उसने छोड़ दिया । उसने जाकर घोड़े का लिंग पकड़ लिया । और उसको नीचे खींचने लगी । तब बीर लोरिक ने कहा—ऐ मंगर स्वर्ग का घोड़ा कैसे मुझे नीचे लिए जा रहा है । मंगर ने धीरे से कहा—मेरे मालिक, दातों से मेरा लिंग पकड़कर कुतिया झूल रही है । लोरिक ने वहाँ नीचे लटककर देखा कि कुतिया ने घोड़े का लिंग पकड़ लिया है । उसने म्यान से कटार निकाली और तुरन्त कुतिया की गर्दन काट दी । नेउरी में रक्त की धारा गिरी, कुतिया की गर्दन स्वर्ग में उड़ने लगी ।

अब वहाँ का हाल सुनिये । घोड़ा आकाश में पैर उठा उठाकर नाच रहा था । इधर जब अमर कुतिया नेउरी में कट गयी तो फिर राजा ने लोरिक पर आक्रमण करने की तैयारी की । दोनों भाइयों ने (हरेवा और परेवा) आपस में बैठक की । फिर ब्रह्मफाँस को बढ़ाकर घोड़े पर फेंका दुर्गा धन्य हैं, आदिकाल से ही पूजमान हैं । उन्होंने जाकर रक्षक का काम किया, अपना पहरा लगा दिया । घोड़ा मछली बनकर पार हो गया । ब्रह्म जाल गिर पड़ा । मंगर आकाश में नाचने लगा । हरेवा परेवा ने घर से ब्रह्मफाँस को छोटा करके फेंका । देवी दुर्गा ने अपना रूप प्रकट किया । वह फिर रक्षक बन गयीं । ब्रह्मफाँस एकदम छोटा हो गया । तीसरी बार राजा हरेवा क्रुद्ध हुआ, बुजरो यह ब्रह्म का फाँस है । अब तुम अपनी पूरी शक्ति लगाओ । आज मैं फिर जाल फेंक रहा हूँ । आकाश में मेरा शत्रु फँसेगा । नहीं तो मैं इस जाल पर मूत कर इसे फेंक दूंगा । ब्रह्म की निंदा होगी । अब दुर्गा का हाल सुनिये । दुर्गा की शक्ति लोरिक को सहायता कर रही थी । नेपथ्य में हाथ फैलाकर वह नाच रही थीं । वह यह सोच रही थी कि ब्रह्म उनके बडे भाई हैं, पिता हैं । यदि उन्होंने अपनी जबान हिला दी तो मेरा यहाँ रहना कठिन हो जाएगा । अब दुगा सूबा के अनुकूल हो गयीं । उसने फाँस बनाकर फेंका । घोड़ा उसमें फँस गया । खींचने पर फाँस और संकुचित होता चला गया । नीचे लोरिक का मित्र पहरेदार खड़ा था ।

भावार्थ—(३००१—३३००)

वह आश्चर्य में पड़ गया । सहज ही मेरा मित्र लोरिक कट जाएगा । दिन भर में ही झगड़ा समाप्त हो जाएगा । उसने धरती से ही चिल्लाया । मित्र सुनो, यह सूबा तुम्हारा हत्यारा बन जाएगा । तुम्हारे पास गाँठ में जो कुछ हो उससे शलाका को काटो । अहीर यह बात भूल गया था । उसने अब अपना कौतुक दिखाया बगल से उसने कटारी निकाली । जाल की शलाका को काट डाला । शलाका के कटते ही जाल धरती पर गिर पडा । घोड़ा कूदकर अलग हो गया । फिर अगला पैर फैलाकर करगही

नाच नाचने लगा। अहीर ने कहा—अब अवसर आ गया है। अवसर पनिहारिन से कुएँ पर पानी भरवाता है। सूबा, तुम्हारा कठिन आक्रमण मैंने बर्दाश्त कर लिया। तुम मेरा साधारण हमला संभालो। लोरिक ने म्यान फेंक दिया तथा अपनी तलवार खींच ली। उसको चार अंगुल बाहर निकाला तो उसकी ध्वनि आकाश में गूँजने लगी। नीचे आग की लहर फैल गयी और पोरसे भर ऊपर लपलपाने लगी। सूबा की पलकें घूम गयीं। उसका खड्ग धूल में मिल गया। लोरिक पूर्व से पश्चिम की ओर काटने लगा। पश्चिम से फिर दक्षिण घूम गया। जैसे कोइरी कोड़ार का खेत काटता है वैसे ही कठईत का पुत्र, जिसका दुलारा नाम लोरिक है; सबको काट रहा है।

लोरिक ने इस प्रकार काटना शुरू किया कि वहाँ कोई बच नहीं पाया। जो स्त्रियाँ बची थीं उनको भी लोरिक खोज-खोजकर काटने लगा। शायद उनके पेट में शत्रु हों जो कभी बैर साधें। ऐसा कहते हुए उसने लोगों को काटना शुरू किया। जो स्त्रियाँ बिना पुरुष के हो गयी थीं वह गली-गली में बेचैन होकर घूमने लगीं। लोरिक ने नेउरी की सारी सम्पत्ति हर ली। अहीर अब हल्दी का मालिक बनेगा। उसका भाग्य खुल गया। लोरिक नेउरी के जेल में गया। वहाँ उसने पांच सौ कैदियों को छुड़ाया। उन्होंने लोरिक को घेर लिया। वे कहने लगे—ऐ मालिक लोरिक, हमारी बात सुनिये। हमारा भाग्य था कि तुमसे भेंट हुई। तुमने हमें जेल से मुक्ति दिलाई। लोरिक ने पांच सौ कैदियों से कहा—तुम लोग अब छूट गये हो। तुम सब लोग कुछ काम करो। तुम लोगों को हल्दी चलना है। सभी कैदी नेउरीपुर गांव में दल बनाकर प्रवेश कर गये। बारह बैलों पर कर्ण फूल, झुलनी और नँथिया आदि अलंकार तथा अन्य सामानों को लोरिक ने लदवा लिया। उसने नेउरी का सारा धन बटोर लिया। वहाँ के राजा का सारा धन उसने ऊंट पर लदवाया। उसने कैदियों से कहा—ऐ भाई, तुम लोग मेरी बात सुनो। हमने तुम्हारा बन्धन तुड़वा दिया है। तुम लोग अपने घर जाओ और अपने बाल बच्चों की देखभाल करो। कमाई करो और खाओ। कैदियों ने लोरिक से कहा— हम लोग जीते जी तुम्हारा पिन्ड नहीं छोड़ेंगे। ऐ अहीर, हम लोग तुम्हारा साथ नहीं छोड़ेंगे। जहाँ तुम्हारा पसीना गिरेगा वहाँ तुम्हारे लिए ये कैदी अपना खून दे देंगे। जब अहीर के बैल लद गये तो उन्होंने हल्दी की राह ली। ऊँट, हाथी, घोड़े सब पर नेउरी का धन लाद कर हल्दी लाया गया। वहाँ के राजा महुअरि ने लोरिक से हाथ मिलाया उसने विनम्रता पूर्वक कहा—ऐ अहीर लोरिक, सुनो। तुम हल्दी का राजा हो जाओ। मैं तुम्हारी प्रजा बन कर रहूँगा। तुम चनइनी को लेकर दोनों वक्त कचहरी करो तथा छक कर मदिरा पीओ। जब महुअरि ने ऐसा कहा तो लोरिक अपने मन में मुस्कराने लगा। शहर में डुग्गी पिट गयी, 'भाइयों, आज राज्य में परिवर्तन होगा'। महुअरि आज प्रजा बन रहा है। अहीर लोरिक अब राजा बन रहा है। लोरिक हल्दी का राजा बन गया, मालिक बन गया।

अब वहाँ का हाल सुनिये। जिस दिन नेउरी में झगड़ा लगा हुआ था उसी दिन बोहा में भी युद्ध हो रहा था। भगवती दुर्गा ने लोरिक से कहा—मैं किस दल को संभालूं। दंगल में मैं किसका साथ दूं? लोरिक रो पड़ा। माता, कौन सा दंगल? तुम क्या कह रही हो? तुम किसकी पूजमान हो? देवी, तुमने हमारे हाथ का गुड़ और घी खाया है। तुमने हमारी की हुई पूजा को स्वीकार किया है। तुम मेरा पक्ष संभालो। दूसरे पक्ष को संभालने का कोई प्रयोजन नहीं है। इधर बोहा में लोहा लगा हुआ है। कोलों ने मल संवरू को रोक लिया है। संवरू ने नन्हूवा से कहा—हाथ में डण्डा ले लो तथा कोलों का आगे बढ़ना रोक दो। मैं भी सावधान हो रहा हूँ। खेत पर आक्रमण हो रहा है। तलवार ले लेकर कोल दौड़ रहे हैं। बोहा में कोलों का दल एकत्र हो चुका है। नरानापुर गाँव के उमराव भी उनके साथ शामिल हैं गाजनगढ़ के तुर्क भी गढ़पीपरी के कोल और चंड़ारों से मिल गये हैं। चारों दल के लोगों ने एकजुट होकर बांट-बांट कर पत्थी पर भात खाया है। कोल तलवारें ले लेकर दौड़े। नन्हूवा ने आगे जाकर उनको रोका। जिस समय वह लाठी लेकर-ब्याल्मिम हाथ दौड़ा तो कोल भाग खड़े हुए। नान्हूं ने उन्हें पीपरी में भगा दिया। नदी के किनारे आकर वह बैठ गया। पीपरी का राह देखने लगा।

अब इधर संवरू का हाल सुनिये। उन्होंने नम्रता पूर्वक कहा—हे दैव, हे नारायण, हे ब्रह्मा, तुमने भाग्य में क्या लिख दिया? कोलों का दल आ रहा है। उन्होंने तीर और धनुष हाथ में उठा लिया। जाकर समर में डट गये। नान्हूं को समझा कर कहा—तुम कोलों के दल को छोड़ दो। आज ज़रा लोहा लग जाने दो। नान्हूं ने कहा—धरमी मेरी बात मानो। जब तक बहनोई लोरिक हल्दी से नहीं आ जायेंगे तब तक मैं बेवरा का घाट नहीं छोड़ूंगा। जब धरमी सांवर ने यह सुना तो वह तड़प कर बोले। नान्हूं चरवाह सुनो। बाद में लोरिक बहुत भाई का प्रेम दिखायेगा। वह रण में क्या काम आयेगा? तुम कोलों को छोड़ दो। ज़रा दो हाथ तलवार चल जाय। कोलों का दल चढ़ आया। तलवारें झनझना उठीं। इधर तीन सौ साठ चरवाह थे। वे जवान पट्ठे थे। वे बोहा में तत्पर हो गये। कोलों से उनकी लड़ाई छिड़ गयी। जब संवरू के हाथ से बाण छूटे तो सौ दो सौ कोल भहरा कर गिर पड़ते थे। तीन सौ साठ चरवाहे उनकी टांगें पकड़ कर बेवरा नदी में फेंकते जाते थे। नदी में लाशें बही जाती थीं। कोल तलवारों से आक्रमण किये जा रहे थे। मार करते-करते संवरू के हाथ थक गये। पानी के बिना उनका कंठ सूखने लगा। उन्होंने कोलों से कहा—मैं औरों के मारने से नहीं मरूंगा और न मैं यहां से भागूंगा। जब मेरे भाई सुबच्चन यहाँ आयेंगे, बोहा में लड़ेंगे, तब उनके हाथों मेरी मृत्यु होगी। सती ने यह बात सुनी। वह कलश में पानी लेकर चली, संवरू के पास गयी। तब तक कोलों की भवानी वहां पहुँच गयीं। उन्होने सती का हूबहू रूप धारण कर लिया। संवरू से कहा—मेरे स्वामी, मेरे सुखनन्दन, मेरे सुहाग, मेरो बात सुनो। कोलों का तीर कहाँ-कहाँ लगा है? मुझे शीघ्र बताओ। संवरू ने कहा—मेरी विवाहिता, सारे

शरीर में तीर लगे हैं। पर कहीं पीड़ा नहीं है। केवल एक तीर कलेजे में लगा है, वही थोड़ा दुख दे रहा है। कोलों की भवानी ने उसे देखा और उसी रास्ते अन्दर प्रवेश कर गयीं, संवरू के मस्तक पर चली गयीं। वे अन्धे हो गये। कोल प्रहार किये जा रहे थे। संवरू भी अपने आसन से तीर फेंक रहे थे। उनके छोड़े हुए तीर से सौ दो सौ कोल धराशायी हो जाते थे। उन्होंने कोलों से कहा—इस तीन भुवन में कोई मुझे मार नहीं सकता। जब पीपरी से मेरे भाई सुबच्चन आयेंगे तब तुरन्त मेरी मृत्यु होगी। उन्हीं के मारने से मैं मरूंगा। वहां से दस पांच कोल पीपरी के लिए चले। दिन रात चलकर वे पीपरी सुबच्चन के पास पहुँचे। मल सुबच्चन से एक कोल ने तुरन्त बातचीत की, तुरन्त सवाल जवाब किया। उसने कहा—भइया सुबचन, सुनो।

भावार्थ—(३३०१—३६००)

तुम्हारे भाई सांवर ने तुम्हें बुलाया है, बड़ा जरूरी काम है। सुबच्चन ने कहा—दूसरी पुकार में मुझे भेजो। मैं भाई को मारने के लिए नहीं जाऊँगा। इस पृथ्वी पर मेरा तीन बार जन्म हो तो भी ऐसा नहीं करूंगा। कोल यह सुन कर बिगड़ उठे। कुल मिलकर उनसे लिपट गये। उनको उठा कर बोहा में लाये। सुबच्चन मल सांवर के पास गये। दोनों भाई फूट-फूट कर रोये। फिर मलसांवर ने कहा—मैं इन कोलों के मारने से नहीं मरूंगा। मेरी मृत्यु तुम्हारे हाथों लिखी है। मैं तुम्हारे मारने से ही बोहा में मरूंगा। सुबच्चन ने कहा—भइया मलसांवर मेरी बात सुनो। हम दोनों भाई एक हो जायं। कोलों को बोहा से मार भगायें। मल्ल सांवर ने धर्म की बात कही। भैया, मैंने अहीर का नमक खाया है। मैं अहीर के लिए लड़ूंगा। सांवर ने कहा—तुमने कोलों का नमक खाया है तुम कोलों के लिए लड़ जाओ। मल्ल सुबच्चन रो पड़े। भैया, तुम इस प्रकार बैठे रहोगे तो मेरा बाण कैसे छूटेगा? कोल आपस में विचार करने लगे। सुबच्चन वैसे नहीं मारेंगे। उनके लिए गड्ढा खोद दो और उसमें इन्हें गाड़ दो। इनकी आँखों में पट्टी बाँध दो। हाथ में तीर पकड़वा दो वे सीधे प्रहार करेंगे और मलसांवर की मृत्यु हो जायगी। बोहा में सभी कोलों ने इस प्रकार की योजना बना ली। उन्होंने धरती में हाथ भर गहरा गड्ढा खुदवा दिया, सुबच्चन की आँखों में पट्टी बाँध दी तथा उनके हाथों में तीर और धनुष दे कर गड्ढे में खड़ा कर दिया। सुबच्चन ने तीर मारा तो वह आकाश में चला गया। पछुवा हवा थी। वह तीर को पूर्व की ओर लिये जा रही थी। तीर फिर नीचे आया। पूर्वी हवा झकझोर उठी। पूर्व की ओर मुँह करके मलसांवर बैठे हुए थे। तीर वहाँ से उड़ते हुए आकर सांवर के कलेजे में लग गया। धर्मी सांवर ने नम्रता पूर्वक कहा—पंचो, आज मेरी मृत्यु आ गयी है। इसके बाद वह मुँह से 'सीताराम' का उच्चारण करने लगे।

अब वहाँ का हाल सुनिये। जिस समय सांवर को तीर लगा, गाय का उदर फट पड़ा। उसने दूध की धार मारना शुरू कर दिया। बंध्या गाय का थन सूख गया। लाश बोहा में तैरने लगी। कोल पश्चिम दिशा में पशुओं को हांकने लगे।

पर बोहा उन्होंने नहीं छोड़ा। संवरू का प्राण पखेरू उड़ गया। कोल तमाशा देख रहे थे। धर्मी सांवर का प्राण फिर उनके शरीर में वापस आ गया। उनकी मिट्टी नम्रता पूर्वक बोल उठी। उन्होंने कहा—ऐ वीर कोलों, हमारा कहना मानों। तीनों भुवन उलट जायं पर बोहा की गायें बोहा से ऐसे नहीं जायेंगी। तुम लोग मेरा सिर काट कर धनुष में लटका लो। उसे लेकर आगे-आगे पीपरी भागो। पीछे से लक्ष्मी गायें चली जायेंगी। ऐसा कहते हुए संवरू का प्राण इन्द्रपुरी में चला गया। कोलों ने उनका सिर धनुष में लटका लिया। आगे-आगे कोल चंडार चले। पीछे से गायें दौड़ी जा रही थीं। वे पीपरी में प्रवेश कर गयीं। कोलों के यहां विहार करने लगीं।

इधर हल्दी का हाल सुनिये। यहां लोरिक दोनों समय कचहरी करता था। तख्त पर स्नान करता था। जमुनी के घर जाकर मद पीता था। उसकी गोद में जाकर सोता था। वह वहां आनन्द कर रहा था। यहां गउरा-गुजरात में मंजरी पर विपत्ति पड़ गयी। जो मंजरी घंटे-घंटे पर कपड़ा बदलती थी उस पर ऐसी विपत्ति आ गयी कि घूरों की लताएँ बटोर कर, पैबन्द जोड़कर वह तन ढकने लगी। उसको कूटने पीसने का काम भी नहीं मिलता था। उसकी विपत्ति का अन्त नहीं था। वह हर समय रक्त के आंसू गिराती थी। उसने कहा—हे देव, हे नारायण, तुमने भाग्य में क्या लिख दिया? मैं कितने दिनों तक गउरा में विपत्ति भोगूंगी। मंजरी झंख रही थी। उसके पेट में गर्भ के लक्षण दिखाई पड़ते थे।

अब गउरा का हाल सुनिये। उसको एक रात दाना पानी नहीं मिला। प्रातः काल वह उठी तथा नाई के घर चली। उसके दरवाजे पर दुखी होकर बैठ गयी। नाई से बोली—गांगी, तुम सुनो। हमारा तुम्हारा बहुत दिनों का साथ है। मेरे स्वामी के तुम बड़े प्रिय थे। उनके कारण तुम्हारे पास गाय भैंसों का झुण्ड जमा हो गया। आज तुम इस गाँव में हो। मेरे ऊपर गउरा में विपत्ति आ गयी है। वे हल्दीपुर में हैं। उनका पता नहीं चलता तुम गोरोचन लेकर हल्दी पहुँचा दो। यहाँ की विपत्ति लोरिक को समझा दो। शीघ्र ही अहीर गउरा गुजरात आयेंगे फिर मेरा दिन लौट आयेगा। मैं तुम्हारा मान रखूंगी। गांगी, तुम गउरा की विपत्ति देख रहे हो। तुम जाकर उनसे समझा कर यहां की विपत्ति कह दो। कह दो कि मंजरी के गले में जो नवलखा हार सुशोभित हो रहा था वह कोलों के घर पहुँच गया है। छाती पर पैर रख कर उन्होंने हार, तथा भारी करधनी ले ली। ऐसा दिन आ गया है कि वह हार कोलिनों के गले में चमक रहा है। गांगी मंजरी के घर आया। मंजरी ने कोरा कागज निकाला। हाथ में कलम और दावात ली तथा अपनी विपत्ति लिखने लगी। पत्र लिखकर उसे लपेट दिया। गांगी ने उसे हाथ में उठा लिया। गांगी पूर्व की ओर तेजी से चला। रास्ते में उसने कहीं विश्राम नहीं किया। चलते-चलते वह हल्दी पहुँचा। वह लोरिक का घर पूछते जा रहा था। गांव के लोगों ने घर बता दिया। नाई जमुनी के घर गया। अहीर कचहरी के दरबार में गया हुआ था। दरवाजे पर नाई को देखकर चनवा दौड़कर वहाँ आ गयी। उसकी बाँह पकड़ कर

उसे ले गयी और प्रेम से उसे बैठा दिया। वह नाऊ से हाल चाल पूछने लगी। मेरे पिता सहदेव कैसे हैं ? मेरे भाई कैसे हैं ? मेरी माँ सेल्हिया कैसी हैं ? मेरी ससुराल के लोग कैसे हैं ? मेरी सास खोइलनि कैसी हैं ? मेरे श्वसुर सांवर कैसे हैं ? नाई गांगी ने कहा—गउरा गाँव में कुशल है। वहाँ के सभी लोग आनन्द से हैं। अहीर के यहाँ कुशल नहीं है। उसके घर मुसीबत आ गयी है। सारी बातें लिखकर मंजरी ने जो पत्र दिया था उसे नाई अपने पास रखे हुए था। उसने चनवा से कहा—मलकिन, गाँव व घर का समाचार अच्छा है। अहीर के घर कुशल नहीं है। मल सांवर मार डाले गये हैं। सारी गायें हर ली गयी हैं। नरानापुर गांव कोलों से मिल गया है। गाँव के उमराव उनसे मिल गये हैं। गढ़ गाजन के तुर्क भी मिल गये हैं। गढ़ पीपरी के कोल-चंड़ार सभी ने मिल कर बोहा पर आक्रमण कर दिया। उन्होंने सुभग सरदार सांवर को मार डाला। सारे घर को लूट लिया। लोरिक के घर में विपत्ति आ गयी है। खोजने पर भी लोगों को कूटने-पीसने का काम नहीं मिल रहा है। वेश्या चनैनी ने यह सुना। उसने कहा—नाई मेरी बात सुनो। जो बात तुमने मुझसे कही है वे मेरे स्वामी न जानने पावें। मैं तुम्हें बहुत मछली भात खिलाऊँगी तथा तुम्हारी विदाई अच्छी तरह करूँगी। गांगी नाई ने कहा—मलकिन, मैं लोरिक से क्या कहूँगा ? तुम मुझे वे बातें बता दो। वेश्या चनैनी ने नम्रता से कहा—गांगी, नाई की छत्तीस बुद्धि होती है। तुम कोई अपना ज्ञान फैलाओ। गांगी हजाम ने कहा मलकिन, इस समय मेरी छत्तीस बुद्धि बेकार हो गयी है। मुझमें एक भी बुद्धि नहीं रह गयी है। चनइनी ने कहा—जिस समय मेरे पति तुमसे पूछें तुम पूरा समाचार देना। जब भाई सांवर का समाचार पूछें तो उन्हें समझा देना कि वे कुशल से हैं। बकेन गायें भी ठीक हैं। कहना—भइया के बेटा उत्पन्न हुआ है। बधाइयाँ बज रही हैं। लोरिक ने जैसा बोहा छोड़ा है वैसा ही एक और बन गया है। बोहा में इतनी गायें हो गयी हैं कि स्थान की कमी पड़ गयी है। चनइनी की यह बात गांगी ने स्वीकार कर ली। नाई के लिए वह मीठा जल लायी। बाजार में उसके लिए मछली खरीदने गयी। उसने दाल, भात, तरकारी बनायी। ऊपर से मछली तैयार की। इधर बारह बजा। अहीर की कचहरी उठ गयी। अहीर जमुनी के घर गया। तख्त पर स्नान किया। मचिया पर बैठकर जमुनी लौंग और मिर्च का दारू उड़ेलने लगी।

नशा खाकर अहीर घर के लिए चला। जब घर के द्वार पर खड़ा हुआ तो अन्दर गंगिया बैठा हुआ था। अहीर की नज़र उस पर पड़ी। वह दौड़ा। गंगिया उसे पहचान कर खड़ा हो गया। अहीर उसे जी भर कर आशीर्वाद देने लगा। गंगिया, तुम अजर अमर रहो। तुम लाख वर्ष तक जीओ। जैसे गंगा का जल बढ़ता है वैसे ही तुम्हारी आयु बढ़े। तुम गउरा का समाचार बताओ। गउरा के लोग कैसे हैं। मेरे धरमी भैया कैसे हैं।

भावार्थ—(३६०१—३८००)

मेरी मैया खोइलनि कैसी है ? काका कठईत घर पर कैसे हैं ? बकेन गायें

कैसी हैं। तब गांगी हजाम बोला—गउरा गाँव में कुशल मङ्गल है। गउरा के सभी लोग सकुशल हैं। तुम्हारी लक्ष्मी गायें कुशल हैं। धरमी को पुत्र पैदा हुआ है। बोहा में आनन्द और बधाई हो रही है। उसने कहा—तुम बहुत कम गायें छोड़ कर आये थे। अब उनकी संख्या बहुत हो गयी है। जब एक बोहा में गायें नहीं समा सकीं तो धरमी ने दूसरा बोहा बनाया है। एक ही कुशल नहीं है। मंजरी ने दूसरा पुरुष कर रखा है। लोरिक यह सुन कर मन में मुस्कराया। धरमी भाई कुशल हैं। हमारे बछड़े कुशल से हैं। बोहा की लक्ष्मी कुशल से हैं। गउरा के लोग आनन्द से हैं। बुजरी, मेरी औरत चली गयी। हमने दो औरतों को रखा है। जब मैं लौट कर वापस जाऊँगा तो विवाहिता के साथ रंगरेली करने वाले पुरुष को देखूंगा। इधर भय से गांगी का प्राण काँप रहा था। मैंने बातों को इधर-उधर कर दिया। कोई आ जाय और कहीं सच्ची बात न कह दे। जब अहीर सब बातें सुनेगा तो मेरे शरीर को काट डालेगा। नाई डर रहा है। उसने लोरिक से कहा—मालिक मेरी बात सुनिये। हमारे देश में सूखा पड़ा हुआ है। खोजने पर भी चारा नहीं मिलता। तुम मेरे बाल बच्चों के लिए आहार जुटा दो। मैं कल के दिन यहाँ नहीं ठहरूँगा। मैं गउरा जाऊँगा। अहीर लोरिक ने कहा—मेरे नाई गांगी सुनो। तुम आज ही मेरे घर आये हो। तुम कल हल्दी में रुक जाओ। कल तुम्हें लेकर बाजार चलूंगा। तुम्हारे लिए कुछ सामान बनवाऊँगा। परसों सवेरे उठ कर तुम चले जाना। लोरिक की बात हजाम ने मान ली। उसको भोजन बनवा कर उसने खिलाया, बड़ा सम्मान दिया। प्रातःकाल होते ही उसको शहर में ले गया। उसके शरीर के लिए कम्बल दिया। फिर कुर्ता बनवाया। धोती का जोड़ा दिया। हजाम ने झोली में सोना और द्रव्य कस कर भर लिया। नाई का घोड़ा लद गया। लोरिक ने उसे रास्ता बता दिया। नाई घोड़े पर बैठ गया। वह पश्चिम की ओर चला। हल्दी की अन्तिम सीमा आयी। राजा वहाँ दल बल के साथ कुर्सी पर बैठा हुआ था। तीन चार नौकर थे। राजा ने निगाह उठा कर देखा। नाई ने कौन सी बात बता दी है कि अहीर को इतनी प्रसन्नता हो गयी है। उसने नाई को इतनी बड़ी बिदायी दी है जैसे देश में विवाह का उत्सव हो रहा हो। राजा ने नौकरों को दौड़ाया। उन्होंने घोड़े का लगाम पकड़ लिया। सोनवा नाइन ने गंगिया से पूछा—तुम ने कौन सी शुभ बातें बतायीं हैं कि लोरिक तुम से प्रसन्न हो गया है। उसने इतनी बिदायी दी है। वह नाई से पूछती रही, किन्तु नाई चुप्पी साधे रहा। उसने मुँह से आवाज नहीं निकाली।

अब शोभा का हाल सुनिये। उसने जदुआ बारी को हुक्म दिया। तुम सोलह सौ बैलों को हल्दी जाने के लिए लदवा दो। फागुन का महीना था। गेहूँ तथा जौ कट रहा था। शोभा ने अपने बैलों को हल्दी के लिए छोड़ दिया। बैलों ने हल्दी में धूल उड़ा दी। वहां के किसान फूट फूट कर रोने लगे। धरती पर सिर पटकने लगे। उन्होंने लोरिक से कहा—लोरिक तुम बड़े शक्तिशाली थे। तुम से अधिक कोई बल-

शाली नहीं था। न जाने कहाँ से आ कर यह जबर्दस्त राजा टिका हुआ है। उसने सोलह सौ बैलों को हल्दी की सीमा में हाँक दिया है। बैलों ने पके हुए गेहूँ और गोजई को धूल में मिला दिया है। हम अपने बाल-बच्चों को कैसे जिलायेंगे। तुम्हारा लगान कैसे देंगे ? लोरिक सब कुछ ध्यान से सुन रहा था। प्रजा ने पुकार की। अहीर अपनी चाँदनी से उतरा। उसने प्रजा से कहा—तुम लोग हल्दी में चल कर बैलों को हाँको। मैं भी साथ में चल रहा हूँ। वह कौन सा जबर्दस्त राजा है, मैं देखूंगा। लोरिक हल्दी के सागर पर गया। वह बैलों को हंकवा रहा था। फिर उसने अपनी नजर दौड़ायी। उसने देखा कि सामने घोड़ा बंधा हुआ है। अहीर हार कर उसके पास गया। वह आश्चर्य में पड़ गया। उसको ज्ञान हुआ। यहाँ का राजा शक्तिशाली है। गउरा से जो नाई, हजाम आया था, उसकी मैंने बिदायी की। वह घोड़ा यहाँ बाँसवारी में बंधा हुआ है। लगता है इस राजा ने नाई को मार कर फेंकवा दिया है। लोरिक और पास गया और धीरे से बोला। भैया परदेशी सुनो। किसके बलबूते पर तुमने हल्दी में धूल उड़ा दी है ! शोभा बोला कि मैंने अपने बल-बूते पर हल्दी को धूल में मिला दिया है। बातों बातों में दोनों में झगड़ा हो गया। बात करते करते वे बैलों के पास पहुँच गये। तब नायक मुस्करा उठा। शोभा नाई हँस पड़ा। उसकी बत्तीसी खिल गयी। तब लोरिक शक्ति आजमाने की बात छोड़ दी। दोनों मर्द मिल गये। फूट फूट कर रोने लगे।

अब वहाँ का हाल सुनिये। शोभा नायक ने कहा। मेरे लोरिक भाई सुनो। मेरी बात मानो। गंगिया गउरा से आया। हल्दी में तुम्हारे घर ठहरा। न जाने घर में कुशल मंगल का क्या समाचार उसने दिया—कि तुम्हारे शरीर में प्रसन्नता छा गयी। तुमने उसको इतनी विदायी दी। मैंने उसका घोड़ा ले लिया है। तब अहीर ने कहा—संगी, तुम मेरी बात सुनो। नाई हरामी है उसने कहा है कि गउरा गाँव में कुशल है ! गउरा गाँव के लोग, खोइलनि, मेरे काका, भइया संवरू सब कुशल से हैं ! मेरी गायें ठीक हैं। संवरू को बेटा पैदा हुआ है। बोहा में बधाई बज रही है। मैं एक ही बोहा में गायें छोड़ कर आया। वहाँ बहुत गायें बढ़ गयी हैं। धरमी वहाँ घूम घूम कर दूसरे बोहा की निगरानी करते हैं ? दो-दो बोहा में गायें एकत्र हो गयीं। घर में बधाई बज रही है। उसने मुझसे कहा एक ही कुशल नहीं है कि मंजरी ने दूसरा पुरुष रख लिया है। लोरिक ने कहा—नाई ने मुझसे कहा है कि धन-जन सभी सुखी हैं। मेरी बुजरी विवाहिता चली गयी है। उसने दूसरा विवाह किया है। मैं चल कर उसके पुरुष को देखूंगा। शोभा ने उसे समझाया। संगी, वीर लोरिक सुनो। तुम्हारा घर नष्ट हो चुका है नरानापुर गाँव और उसके उमराव मिल गये। गढ़ गाजन के तुर्क मिल गये तथा पिपरी के कोल चंड़ार मिल गये। चारों दलों ने एक होकर एक परात में खाना खाया तथा बोहा पर आक्रमण कर दिया। उन्होंने सुभग सरदार सांवर को मार डाला। गउरा में सब कुछ विपरीत हो गया है। सारी गायें नष्ट हो गयी हैं।

मंजरी जब खेत में जाती थी तो घंटे-घंटे पर पुराने कपड़े बदलती थी। उसको अब कपड़े नहीं मिलते। आज वह नंगी और कपड़ों के बिना है। वह पुराने कपड़े घरों से बटोरती है और पैबन्द जोड़ कर उनको पहनती है। बारह मन का मूसल उसके हाथ में घिस गया है। गउरा में कहीं कुटौनी-पिसौनी का काम भी नहीं मिलता। तुम्हारी विवाहिता दाने दाने के लिए मर रही है। यह सुन कर अहीर लोरिक का हृदय चीख उठा। वह हल्दी में डूबने लगा। वह चाँदनी पर चढ़ गया। कचहरी में लोग बैठे हुए थे। जाकर अहीर ने कहा - पंचो, राम राम बोलो। मेरे घर भारी आपत्ति आ गयी है। मेरा गउरा गाँव लुट गया है। गउरा का सारा धन और पूँजी लुट गयी है। कोल चंड़ारों ने उसे बाँट कर खा लिया है। मेरी विवाहिता जो हमेशा नौलखा हार पहनती थी, उसका हार पिपरी की कोलिनों के पास पहुँच गया है। उसकी छाती पर पैर रख कर कोलों ने छीन लिया है। दुर्दिन आ गया है, कोलनियों के गले में हार सुशोभित हो रहा है। अहीर ने कचहरी में ऐसी बात कही। हल्दी के लोग वहाँ एकत्र हैं। उसनें कहा हिन्दुओं, राम नाम धारण करो। जो तुर्क हैं वे सलाम करें। मेरे घर पर मल सांवर मारे गये हैं। मेरी सारी बकेन गायें हर ला गयी हैं। मैं जाकर भाई का बदला लूंगा, वैर साधूंगा। तभी मेरे कुल की प्रतिष्ठा रहेगी। कोलों से मेरा संघर्ष होगा। जिसको राम विजय देगा वही प्राप्त करेगा। मैं जाकर पिपरी में जूझ जाऊँगा। हर दिन का झगड़ा समाप्त हो जायगा और कहीं वहाँ से जीवित लौटा तो अड़ार की सारी गायों को वापस कर लूंगा। जब उनको अपनी जगह पर स्थिर कर लूंगा तब फिर हल्दी वापस आऊँगा। लोरिक ने प्रजा से सारी बातें कहीं। वहाँ से उठ कर घर आया। उसी समय अस्तबल में गया जहाँ घोड़ा मंगर बँधा हुआ था। उसने उसकी जीन कसी। मुख में लगाम डाला। उसके बाल में मोती गुंथवा दिये। पैर में नूपुर बाँधा जिसकी आवाज साठ कोस तक जाती थी। मस्तक में कवच बाँधा जिस पर गोलियों के निशाने चूक जाते थे। घोड़े का लगाम उसने छोड़ दिया। विवाहिता से उसने बात तक नहीं की। वह घोड़े पर कूद कर बैठ गया। घोड़ा धरती छोड़ कर आसमान में उड़ने लगा।

भावार्थ—(३८०१—४०१३)

वह दिन भर चलता था। शाम को वह हल्दी में चू जाता था। बीर अहीर लोरिक ने कहा—मंगर, तुम मेरी बात सुनो। तुम दिनभर चलते रहे फिर तुम हल्दी में आ गये। मंगर घोड़ा ने तुरन्त कहा— लोरिक, मदिरा ले लेकर तुम बहुत दिनों तक जीवन्त रहे मस्त रहे। जमुनी के पैर के नीचे सोते रहे। पर तुमने जमुनी से बात भी नहीं की और तुम गउरा की ओर चल पड़े। जमुनी का जादू तुम्हें खींच रहा है। तुम्हें हल्दी के बाजार में पटक रहा है। तुम दिन भर किसी भी शहर में उड़ते रहोगे, शाम को जमुनी के घर आ जाओगे। अब वहाँ का हाल सुनिए। अहीर का घोड़ा चला तथा जमुनी के पास आ गया। जमुनी अपनी गद्दी पर बैठी हुई थी। दुकान पर सामान बेच रही थी। अहीर उदास होकर उसके पास

गया। उसके चरण पकड़ लिये। कहा—जमुना, तुम मेरी बात मानो। मैं हल्दी जा रहा हूँ। मैंने सुना है कि मल सांवर मारे गये हैं। मेरी सारी बकेन गायें हर ली गयी हैं। कोल सारे पशुपक्षियों को खा गये। गुड़-अन्न का संग्रह तथा सभी धन और पूँजी वे लूट कर खा गये। आज मेरे घर में कोई सहारा नहीं है। इसीलिए घर जाने की मैं तैयारी कर रहा था। तब जमुनी कलवारिन ने कहा—हे मेरे स्वामी, हे सुखनंदन, हे मेरे सिंदूर, मेरी बात सुनो। तुम मेरे घर में टिके हुए थे। तुमने यहाँ झगड़ा मोल ले लिया। शत्रु तुम्हारी प्रतीक्षा कर रहे हैं। तुम्हारे जाने की बात देख रहे हैं। यदि कोई मुसीबत आ जायगी तो हम लोगों की बड़ी यातना होगी। मुझसे लोग कहेंगे बुजरो तुमने अहीर जमाई को अपने यहाँ टिका रखा था। इस देश का ध्वंस करा दिया। लोग बड़ी बड़ी माँग करेंगे। मैं कुछ कहने में असमर्थ हूँ। बीर लोरिक ने कहा—ऐ मेरी विवाहिता, तुम मेरी बात सुनो। मैं पीपरी में जाते ही युद्ध करूँगा। मैं पीपरी के कोलों को मार डालूंगा फिर बकेन गायों को खदेड़ लाऊँगा। जब तुम्हारे ऊपर कोई विपत्ति आयेगी या कोई शुभ होगा। तो गउरा गुजरात में ठहर का भोजन छोड़ कर मैं हल्दीपुर पाल आ जाऊँगा और यहाँ हाथ धोऊँगा। जमुनी ने लोरिक को छुट्टी दे दी। लोरिक घोड़े पर कूद कर चढ़ गया। वेश्या चनइनी यह बात सुन रही थी। वह महल से बाहर निकली। राजा के अस्तबल में गयी। बेलसिया घोड़ी को खोल कर उस पर उसने आखर और पाखर (घोड़े का साज और सामान) सजा दी। मुँह में लगाम लगा दिया। फिर उसने अपना वस्त्र छोड़ कर मर्द का वेश बना लिया। उसने अंगरखा धारण किया पैर में रेशमी पैजामा पहना, दिल्ली शाही जूते कसे, हाथ में तलवार ली। फिर जमकर घोड़े पर बैठ गयी। चनवा के आसन पर बैठते ही घोड़ी उड़ चली। फिर उसने सीधे चलना शुरू किया। अहीर के सामने जब घोड़ी आ गयी तब उसने अपने मन में कहा—यह कहाँ का शूरमा है। यह साथ साथ चल रहा है। क्षत्रिय के रूप में है। लोरिक ने उसे झुककर प्रणाम किया। चनवा मुसकराने लगी। उसने दो धारों वाली तलवार निकाली। लोरिक आश्चर्य में पड़ गया। उसने कहा—हे देव, हे नारायण, हे ब्रह्मा, तुमने मेरे भाग्य में क्या लिख दिया? मैं वेश्या के चक्कर में पड़ गया। मेरा सारा धन गायब हो गया। बीर लोरिक अपने मन में सोच रहा था। चनवा तुम्हारी जाति वेश्या की है। तुम्हारा संपूर्ण परिवार वेश्या का है। मैं तुम्हारे मत में आ गया। मेरे गउरा में सारा विध्वंस हो गया। चनवा पर्दे में सब कुछ सुन रही थी दोनों घोड़ा उड़ाये चले जा रहे थे। कुछ समय बीतने के बाद वे बोहा में चू गये।

□ □

हल्दी से लोरिक की बोहा में वापसी
पीपरी का युद्ध—लोरिक की मृत्यु

भावार्थ—(१—३००)

अब वहाँ का हाल सुनिये। हल्दी से सारा सामान लद गया हाथी और घोड़े वहाँ से चले। तम्बू और कनात सब सज गये। महुअरि ने सारी सामग्री लदवा दी। थोड़े समय में हल्दी से सब लोग बोहा पहुँचे। बोहा में तम्बू और कनात ताने जाने लगे, डेरा डाल दिया गया। महुअरि ने हल्दी के उर्दू-बाजार का तम्बू दिया था। अहीर का बाजार वहाँ लग गया। रंग-रंग के सौदे, क्रय-विक्रय की सामग्री, वहाँ सजा दी गयी। अहीर लोरिक ने कहा कि बड़ा तम्बू छोड़ दो। वह तम्बू मालिक का है। वहाँ लोरिक का पलंग डाल दिया गया। वह वेश्या के साथ बैठा हुआ था। घोड़ा बोहे में बाँधा गया था। अहीर उठा और घूम-घूम कर बोहा देखने लगा। कहने लगा—मेरी तकदीर फूट गयी। मेरी गायें किस देश में चली गयीं। मेरे भाग्य में भारी विपत्ति लिखी हुई है। अहीर यही दिन-रात सोच रहा था। अब आगे का हाल देखिये। लोरिक ने कहा—ऐ सिपाहियो, ऐ नौकरो, तुम लोग गउरा नगर में चले जाओ। वहाँ डुग्गी पिटवा दो। 'गउरा में जितना मक्खन और दूध है उसको लेकर लोग बोहा आवें। वहाँ पूरब का राजा आया हुआ है। दूध और मट्ठा की खोज हो रही है।'

गायक राम का नाम सुमिरन करता है। तुम अपने संगी और समान उम्र वालों को न भूलो। दुर्गा माँ को मत भूलो। हे दुर्गा, मैं तुम्हारे ही बल और पौरुष के दम पर तुम्हारा नाम हरदम लेता हूँ। माँ तुम मेरे छोटे प्राण को न बिसारो। मुझे रास्ते पर लगा दो। अब वहाँ का हाल सुनिये। गउरा बारह पल्लियों का है। वहाँ तिरपनवें बस्ती में अहीर बसे हुए हैं। वहाँ घर घर में डुग्गी पीट दी गयी। कि लोग मट्ठा महकर सबेरे चलें। मंजरी ने अपनी सास से कहा—मेरी सास, सुनिये, ज़रा आप कहीं से थोड़ा मट्ठा खोज लाइये। आधे आधे मुनाफ़े पर मट्ठा लाइये। जब बोहा से मैं अधिक पैसे लाऊँगी तो पैसे में आधा-आधा बाँट लेंगे। बिक्री में आधा हमारा होगा। बाल बच्चों के साथ हम दरवाज़े पर बना कर भोजन

करेंगे। सबेरे बहुत तड़के अहीरिनें घर घर में मट्ठा मह रही थीं। मंजरी सबेरे जाकर एक बर्तन उठा लायी और उसे अपने घर में रख लिया। सब लोगों ने हाथ मुँह धोया, कुल्ला किया, जलपान किया। सभी ग्वालिनें दूध, मट्ठा, दही तथा मक्खन लेकर बोहा चलीं। नदी पर पहुँच गयीं। लोरिक कुर्सी पर बैठा हुआ था, गोपियों का हाल देख रहा था। सभी मट्ठा ले लेकर पार जा रही थीं। पहले सभी ग्वालिनें चढ़ गयीं। मंजरी भी ऊँचे बैठ गयी। उस समय वीर मर्द लोरिक ने सिपाहियों से कहा—आगे से गोपियों में दस को छोड़ दो तथा पीछे से पाँच को छोड़ दो। बीच में जो चिड़िया है उसका मट्ठा उठा लाओ।

अब वहाँ का हाल सुनिये। सब लोगों का मट्ठा ले लिया गया। सब का मट्ठा बिक गया। मंजरी ने अपनी डाली उतारी चार चार अंगुल का पैबंद पहने हुए वह घूम रही थी। वह चारो ओर घूमने लगी। तब वेश्या चनैनी ने कहा– ऐ मेरे स्वामी, ऐ मेरे सुखनंदन, ऐ मेरे मुकुट, मैं क्यों न इस गोपी का मट्ठा ले लूं और दाम दे दूँ। लोरिक ने कहा -नीचे सोना या द्रव्य रख दो तथा ऊपर रोकड़ रख दो। उसके ऊपर चावल रख दो। मिट्टी का बर्तन निकालकर उसमें अच्छा बर्तन रख दो। गोपी ग्वालिन वहाँ आयेगी। अपनी डाली उठा ले जायगी। चनवा ने डाली में पर्याप्त चावल भर दिया, सोलह प्रकार के द्रव्य उसमें रख दिये। फिर उसके ऊपर दस पाँच सेर चावल भर दिया ताकि द्रव्य छिप जाय। अपनी डाली लेकर मंजरी ने बेवरा नदी के पार गयी। केवट ने उसे पार उतार दिया। सभी ग्वालिनों ने आगे जाकर आपस में परामर्श किया कि एक दूसरे की टोकरी और बिक्री को देखें। सब ने अपनी टोकरियाँ उतारीं और जाँच पड़ताल शुरू हुई। जब मंजरी की डलिया देखी गयी, और चावल में हाथ डाला गया तो उसमें से सोने के रुपये मुट्ठी में निकले। जब टोकरी में झंकार हुई तब गोपियों ने कहा—हे दैव, हे नारायण, हे ब्रह्मा, तुमने भाग्य में क्या लिख दिया। मंजरी ने इतने दिनों तक अपना सत कायम रखा पर बोहा में जाकर उसने अपना सत गंवा दिया। सभी ग्वालिनें गउरा चली आयीं। मंजरी को पास से जाकर देखने लगीं। उसके घर में लोरिक का जन्म हो चुका था। उसकी गोद का लड़का अभी छोटा और कोमल था। बुढ़िया खोइलनि नाती को टाँगे हुए थी। तब तक ग्वालिनें बोहा से वहाँ पहुँच गयीं। बुढ़िया खोइलनि से वे कहने लगीं— मंजरी ने इतने दिनों तक सत रखा। आज बोहा में जाकर उसे गंवा दिया। जब बुढ़िया खोइलनि ने यह सुना तो हाथ में कोरा बाँस लेकर मंजरी को खदेड़ा। सहदेव की बेटी जिसका नाम दावन मंजरी था, बोली—सास, यदि तुम्हारा मन ऐसे नहीं मानता तो तुम कड़ाही चढ़ा दो। उसमें बिक्री का सारा धन रख दो, सारा रोकड़ रख दो। यदि मैंने सत गवाँ दिया है तो मेरा हाथ उसमें जल जायेगा। अगर मुझमें सत है, सत्पुरुष का सत्य है तो (खौलती) कढ़ाही से मैं सारा धन निकाल लूंगी। खोइलनि ने कड़ाही चढ़वा दी। उसमें

बिक्री वाली सारी चीज़े छोड़ दी गयीं। कड़ाही की पेंदी में आग तेज़ हुई। उसमें दो एक रुपये फेंक दिये गये। मंजरी कड़ाही की ओर झुकी। उसने कहा—'हे देव हे नारायण, तुमने मेरे भाग्य में क्या लिख दिया। यदि मैं एक ही बाप की बेटी हूँ, यदि एक ही पुरुष की स्त्री हूँ। यदि उसके सत धर्म पर स्थिर हूँ तो मैं रुपये निकाल लूं।' मंजरी ने कड़ाही में हाथ डाल दिया। रुपयों की खोज की। उसके हाथ में दाग नहीं लगी। सभी ग्वालिनों का मन उदास हो गया। खोइलनि ने फिर मट्ठा ला दिया। मंजरी को फिर बोहा भेज दिया। सारी ग्वालिनें चलीं, मंजरी पीछे पीछे चली। दूसरे दिन जब बेवरा का तट आया तो आधी-तिहाई ग्वालिनें उस पार चली गयीं। अहीर ने केवट से कहा—तुम मेरी बात सुनो। तुम सभी ग्वालिनों को पार उतारो जो सबसे पीछे आ रही है, उसको पार मत उतारो। जब वह नाव पर अपनी टोकरी रखे तो तुम उसे ज़मीन पर उतार दो। उसको नाव पर मत चढने देना। वह अपनी टोकरी पार न लाने पावे। अहीर लोरिक ने यह बात वहाँ कह दी। भीमली नाव इस पार खेने लगा। जब मंजरी नाव पर बैठ गयी तब उसका हाथ पकड़ कर नाव से उतार दिया। उसने कहा—मैं तुझे पार नहीं करूँगा। राजा की आज्ञा है। मंजरी रोने लगी। रक्त के आँसू गिराने लगी। आज बहुत दिनों पर शुभ-लक्षण दिखाई पड़ रहे थे। पर दुख ने ऐसा पीछा कर लिया है। शरीर पर ग्रह अभी लगा हुआ है। मंजरी रो रही है, और अपने सत का सुमिरन कर रही है। कह रही है—'मैं गउरा की गउराइनि का स्मरण करती हूँ, बोहा की भवानी दुर्गा का स्मरण करती हूँ जो सब दिनों की पूजमान हैं। यदि मेरे अंदर 'सत' शेष है तो मैं नदी पार कर जाऊँ।' उस समय दुर्गा प्रगट हुईं। बीच में उन्होंने कंकालों का दो दल खड़ा कर दिया। नदी की धारा दोनों ओर रुक गयी। मंजरी टोकरी लेकर बोहा में चली गयी। जैसे ही उसने मट्ठा उतारा, लोरिक के सिपाही छूटे। कहा—तुम अपनी टोकरी लिये चलो। मालिक तुम्हारा मट्ठा रोज रोज खायेंगे। मंजरी ने कहा—भइया सिपाही सुनो। मेरे एक छोटा लड़का है। उसने हाथ में रोटी लेकर उसको इस टोकरी में गिरा दिया है। यह मट्ठा राजा के योग्य नहीं है। तुम दूसरी ग्वालिन का मट्ठा वहाँ ले जाओ। बहुत कहने पर वह बात मान गयी तथा बुलावा मान कर चलने को तैयार हो गयी। आगे आगे राजा के सिपाही चले। पीछे से इधर उधर नज़र दौडाती हुई मंजरी चली। उसने दरवाज़े पर मट्ठा रख दिया फिर पीछे हट गयी। इधर लोरिक का हाल सुनिये। नीचे बिजली की तलवार रखी हुई थी उसने उसे द्वार पर लटका दिया।

अब वहाँ का हाल देखिये। बीर लोरिक ने चनवा से कहा—विवाहिता, उस मंजरी से बात कर लो। सूबा उसका मट्ठा खरीदेगा। मंजरी ने विनम्रता पूर्वक कहा—वेश्या, मुझे कुछ नहीं चाहिए। बस, मुझे यह बिजली की तलवार मिल जाय। वह अपने मन में झंख रही थी। जैसी हमारी बिजली की तलवार थी वैसी ही यह तलवार है। शायद इस सूबे से मेरे स्वामी की लड़ाई हुई। उसने मेरे पति को

जबर्दस्ती मार डाला। उनकी हड्डी और मांस को ले लिया। नम्रता पूर्वक तब लोरिक ने कहा—ग्वालिन सुनो। तुम इस तलवार को उतार कर ले जाओ। मंजरी उसी क्षण तलवार के पास गयी। हाथ में बिजली की तलवार लेकर वह अलग जाकर खड़ी हो गयी। उसने कहा—ऐ पूर्वी राजा, मैं बोहा में लकड़ी जुटाऊँगी फिर बेवरा के तट पर उसे सजाऊँगी। बेवरा में स्नान करूँगी। यदि मैं एक बाप की बेटी हूँगी। यदि एक पुरुष की स्त्री हूँगी तो हे ब्रह्मा, तुम सरजू से संगरा नामक लकड़ी छोड़ देना। मैं उसे लेकर सती हो जाऊँगी। लोरिक इधर माँ दुर्गा का स्मरण कर रहा था। कह रहा था—दुर्गा, सुनिये। मेरी विवाहिता चिता पर चढ़ रही है। आप ऐसी शक्ति बढ़ा दीजिए कि मेरी विवाहिता जलने न पावे। इतना कह कर लोरिक ने नदी पर चिता सजवा दी। उसी समय मंजरी ने तलवार लेकर बेवरा नदी में गोता लगाया। उस दिन केवट भीमलिया रोने लगा। रो रोकर मंजरी के पैर पकड़ने लगा। तुम मेरी आजीविका छोड़ दो।

भावार्थ—(३०१—६०२)

केवट ने कहा—मुझसे गलती हो गयी। किसी के कहने से तुम्हारे साथ मैंने ऐसा व्यवहार किया है। मैं तुम्हें विपत्ति में नहीं डालना चाहता था। राजा ने बोहा में हुक्म दिया। तभी मैंने नाव को उस पार नहीं किया। उसने मंजरी से कहा—यदि मेरे बाल बच्चे मर गये तो तुम्हें कितना पाप लगेगा। मैं मालगुजारी कैसे दूँगा? इधर चिता की आग सुलग गयी। मंजरी उसमें छिप गयी, प्रवेश कर गयी। वेश्या चनवा ने जब यह देखा तो वह आश्चर्य में पड़ गयी, दाँतों तले अंगुली दबाने लगी। कहने लगी—हे दैव, हे नारायण, तुमने मेरे ललाट में क्या किया, क्या लिख दिया? जिसकी विवाहिता जल रही है और जिसके हृदय में तनिक भी दर्द नहीं है, उसकी दृष्टि से हमारी अपहृता की, उढ़ारी हुई स्त्री में क्या गिनती है? हे दैव, हमारी पूछ कौन करेगा? लोरिक वहाँ से कूदा और जाकर उसने मंजरी की कलाई पकड़ ली। उसने ठोकर मारी तथा आग इधर उधर बिखर गयी। मंजरी को लेकर वह तम्बू में प्रवेश कर गया। वहाँ जाकर उससे हाल चाल पूछने लगा। मंजरी ने कहा—हे दैव, हे नारायण, तुमने मेरे माथे में क्या लिख दिया। कल खोइलनि ने मेरे ऊपर विश्वास नहीं किया। आज बोहा में भी ऐसी नौबत आयी। कल से ही राजा उसके पीछे पड़ा हुआ था। आज वह उसको तम्बू में ले गया। बोहा से ग्वालिनों ने जाकर खोइलनि को यह बात बतायी। कल की सी बात आज भी हुई। गुण्डा मंजरी का शरीर खरीद ले गया। तम्बू में वह दिखाई नही पड़ी। न जाने वह किस गाँव, किस मुल्क में चली गयी। जब उन्होंने खोइलनि से यह बात कही तो खोइलनि ने नम्रतापूर्वक कहा। हमारा नाम गीदड़ हो गया है। हमारा यह छोटा बच्चा परेशान है। लड़के को लेकर बुढ़िया खोइलनि अजई के घर गयी। कहा—बेटा अजई सुनो। बोहा में लोरिक की

बहू हर ली गयी। उसका कुछ पता ठिकाना नहीं है। जब भइया लोरिक यहाँ नहीं हैं तो ऐरे गैरे सभी लोहा ले रहे हैं, लड़ाई कर रहे हैं। लोरिक के बल पर तुम्हारे गदहे उपद्रव किया करते थे। उसकी विवाहिता बोहा में हर ली गयी है। उसका तुम पता लगाओ। शायद कभी अहीर फिर लौटे। तुमसे दो चार बातें पूछे, हाल चाल पूछे। तब तुम कौन सी बात, किसके झगड़े की बात बताओगे। तुम कैसे बताओगे कि ऐ चेला, तुम्हारी विवाहिता हर ली गयी है। खोइलनि की इस बात पर अजयी थू थू करने लगा। ऐ बुढ़िया मैं बोहा में नहीं जाऊँगा। तुम्हारे कार्य का ध्यान नहीं करूँगा। मैं दौड़कर सागर पर गया था। फिर सारा बोहा उजड़ गया। कोलों ने तीर मारा मैं वहाँ से गउरा भाग आया। घर पर मैंने बाण निकलवाया, छः महीने तक हमें गाय का दूध पीना पड़ा। धोबी इतना कह रहा था पर मन में यह सोच विचार कर रहा था, हे देव, हे नारायण, मैं मर्द क्या हुआ! यदि चेला लोरिक गउरा लौट आया तो मैं उसे अपना मुँह कैसे दिखाऊँगा? जिसकी विवाहिता हर ली गयी है, उस चेले को कौन सा जवाब दूँगा। तब अजई ने नम्रतापूर्वक कहा—ऐ मेरी पत्नी बिजवा, मेरी बात सुनो। सारा हाल सुनकर धोबिन ने नम्रता से कहा—सैंया, तुम व्यर्थ में मर्द हुए। तुम औरत का वेश धारण कर लो, मेरा पोशाक लेकर पहन लो मैं सांसड़ बोहा में जा रही हूँ। मैं अपनी देवरानी का पता लगाऊँगी। फिर गउरा गांव आऊँगी। अजयी ने अपना पोशाक छोड़ दिया, धोबिन की साड़ी पहन ली और घर पर बैठ गया। धोबिन ने गोरे बदन पर अंगरखा और पैजामा डाल लिया। हाथ में मजबूत डंडा लिया वह ब्यालिस हाथ उछल पड़ी। जब वह गांव के बाहर निकली तो वहाँ सेमल का एक पेड़ मिला। तेजी से कूदकर बिजवा ने सेमल के पेड़ पर वार किया। पेड़ टूट कर गिर पड़ा। धोबी के कानों में आवाज़ पड़ी। उसी समय वह घबराकर बाहर निकला। साड़ी फाड़कर उसने उतार दिया। जाकर उसने बिजवा को हाथ जोड़ा। फिर बोला—विवाहिता, मेरी बात सुनो। तुम मुझे मेरा पहनावा दे दो। मैं जाकर सब कुछ पता लगाऊँगा। स्त्री जाति होकर जब तुम रण जीत कर आओगी तो मेरे वंश का नाम डूब जायेगा धोबी वहाँ से चला। झरिया मैदान के पास गया। वहाँ हाथी, घोड़े तथा भेड़ें चरती थीं और जाकर सभी झरने में पानी पीते थे। अजयी गायों की आड़ में गया। फिर एक खोखले पेड़ में जाकर छिप गया। प्रातःकाल हुआ। झुटपुटे में कौवे शोर मचाने लगे। हाथी और घोड़े फिर बोहा में छूटे। अजयी ने अपनी बर्छी (शाल) लेकर घोड़ों की पूँछ काट दी। ऊँटों के दोनों कान काट दिये। हाथियों के भी पेट और कान काट दिये। हाथी ऊँची चढ़ाई पर जाते थे पर वहाँ तो एक घड़ी में विध्वंस शुरू हो गया। लोरिक के पास यह शिकायत पहुँची। मालिक, सुनो। बोहा में केवल तुम्हीं शक्तिशाली थे। तुमसे अधिक शक्तिशाली कोई दूसरा नहीं था। न जाने कहाँ से एक और शक्तिशाली आकर यहाँ टिक गया है कि हाथी और घोड़ों का संहार हो गया है। सूंड़ और कान के बिना हाथी और घोड़े क्षत विक्षत होकर भाग गये हैं। तब वीर लोरिक हाथ में तलवार लेकर वहाँ से चला। वह बोहा

में घूमने लगा। घूमघूमकर घड़ी घड़ी वह गायों को देखता था। उसने कहा—ऐ बाँके लड़ाके, सुनो। तुम मैदान में निकल आओ। जब गुरु अजयी ने यह सुना तो वह खोखले पेड़ से खड़खड़ा कर निकल आया। दोनों में पैंतरेबाजी होने लगी। दोनों एक दूसरे पर वार करने के लिए पास आये। तब गुरु अजयी ने कहा—राजा तुम मुझे मारो जितनी शक्ति हो, तुम लगाओ। तब अहीर ने दुहराकर कहा—राजा तुम मेरी बात सुनो। मैं पहले चोट नहीं करूँगा। पीछे मैं कुछ उठा भी नहीं रखूँगा। मुझे अपने पशुओं को शपथ है। यदि मैं पहले आक्रमण करूँगा तो गाय मारूँगा। अजयी यह सुन रहा था और अपना चक्र फेंकता जा रहा था। लोरिक बच गया तो अजयी उसके पास पहुँचा। लोरिक ओड़न का प्रहार रोक रहा था। जब पहली चोट लगी तो भय से काँप गया। उसने अजयी से कहा—भाई मैं चारों ओर घूम आया। ऐसी चोट किसी ने नहीं की। ऐसी चोट मेरा गुरु अजयी ही करता था। दुनिया में और कोई ऐसी चोट नहीं कर सकता था। जब गुरु अजयी ने यह बात सुनी तो उसने अपना डण्डा खींचकर हटा लिया। दोनों गले मिल कर रोने लगे। लोरिक ने उससे नम्रता पूर्वक पूछा—गुरु अजयी तुम्हारा आक्रमण इतना जबर्दस्त है फिर सरदार संवरू कैसे जूझ गये ? अजयी ने तुरन्त जवाब दिया। चेला, संवरू ने गुहार की थी। मैं युद्ध में खड़ा हुआ। पर जब कोलों ने तीर चलाये तो उससे कलेजा बिंध गया। मैं किसी प्रकार घर आया, तीर निकाला। खाने पीने से, गुड़ घी के सेवन से किसी प्रकार जान बची। लोरिक ने कहा—गुरु अजयी मेरी बात सुनो। मेरे सम्बन्धी, हाथ पाँव सहायक कहाँ हैं ? गुरु अजयी ने बताया—चेला, नन्हुवाँ जो तुम्हारा चरवाहा था और तुम्हारी लक्ष्मियों की देखभाल करता था, वह गउरा की गली में है। और वह भड़भूजे के यहाँ भाड़ झोंक रहा है।

अब लोरिक का हाल सुनिये। प्रातःकाल बहुत सबेरे उसने नौकरों और सिपाहियों को गउरा जाने का आदेश देकर कहा कि गउरा की गली में भड़भूजे के यहाँ जो नौकर भाड़ झोंक रहा है उसे जा कर कह दो कि जो पूर्वी राजा यहाँ आ कर टिका हुआ है उसने तुम्हें बुलाया है। सिपाही वहाँ छूटे तथा भड़भूज के दरबार में गये।

अब भड़भूजे का हाल सुनिये। उसने सिपाहियों को समझा कर कहा—मैंने नान्हूँ को जिलाया है। तुम्हारी बातें हमारे कलेजे में लग रही हैं। चाहे कोई भी राजा बुलावे, इनको हम बोहा में नहीं जाने देंगे। जब उसने ऐसा कहा तो सिपाहियों ने नन्हुवाँ को जबर्दस्ती पकड़ लिया। उसे खींच कर बोहा ले जाने लगे। चरवाह नान्हूँ बोहा से तम्बू में गया जहाँ अहीर लोरिक था। लोरिक सामने पड़ गया। नान्हूँ देखते ही उसको पहचान गया।

अब चरवाहा का हाल सुनिये। उसकी आँखें लोरिक पर टिक गयीं। लोरिक उठा। तुरन्त प्रश्न करने लगा। कहने लगा 'नान्हूँ चरवाह, मेरी बात सुनो। घर

का कुशल मङ्गल कहो। घर के लोग कैसे हैं। नान्हूँ ने नाराज हो कर कहा—'मेरे बहनोई लोरिक सुनो। मैं जिस दिन से बोहा में टिका हूँ, बड़ी बड़ी यातनाएँ सहनी पड़ी हैं। मैं दूध और मट्ठा खाया करता था अब अन्न का पानी (धोवन) मेरे लिए हराम हो गया है। देश में जब कोई काम नहीं मिला तब मैं भड़भूजे का भाड़ झोंक रहा हूँ। तब मर्द लोरिक ने कहा—तुम पिपरी चले जाओ और पता लगा लाओ कि गायें कैसी हैं ? कितनी गायें बची हैं ? चरवाह नन्हुँवा ने कहा—बहनोई, मेरी बात सुनो। जब हम दो आदमी पीपरी कोलों के घर जायेंगे तो वे हमें पहचान कर मार डालेंगे। नान्हूँ ने कहा—ऐ लोरिक, तुम घर जाओ। तुम्हारी जो एक विवाहिता पत्नी है, उससे भेंट करो। जब वह स्वामी को पहचान नहीं पायेगी, तब समझना कि कोल चंड़ार तुम्हें पहचान नहीं सकेंगे। नान्हूँ चरवाह पीपरी चला। तेजी से रास्ता नापा, पीपरी पहुँचा, गायों के अड़ार गया जहाँ कोल-चंड़ार रहते थे। वह गायों के अड़ार पर बैठ गया। देवसिया ने नान्हूँ का रूप देखा और उसे थोड़ा थोड़ा पहचान गया। लगता था वह अहीर के वर्ग का है, गउरा से आया है, अहीर की पीठ का है। देवसिया ने मन में कहा—इससे स्पष्ट रूप से पूछें। (५८५ से ६०२ तक पाठ में पुनरावृत्ति है)।

भावार्थ—(६०३—८००)

अब नन्हुवा का हाल सुनिये। उसने नम्रतापूर्वक कहा—मेरे ऊपर बहुत मार पड़ी, विपत्ति पड़ी। मैं गउरा में गायें चराया करता था। दोनों समय दूध खाता था। अब मेरे लिए मट्ठा सपना हो गया है। सारी गायें चली गयी। मेरा जीवन दूभर हो गया है। मैंने कहा अब पीपरी चलूंगा। कोलों का साथ करूंगा, गायों का दूध पीऊँगा।

अब देवसी का हाल सुनिये। उसने कहा—'ऐ नान्हूँ चरवाह, तुम मेरी बात सुनो। तुम जाति पांति में रहते तो पीपरी में रहते। तुम्हारा दल अहीरों का है। हमारा दल कोलों का है।' तब नन्हुँवा ने नम्रता से कहा—देवसी मेरी बात सुनो। मैं जाऊँगा नहीं। मैं यहीं कोलों में रहूँगा। उसने जमा कर बात कही। मैं कोल-चंड़ार हो कर रहूँगा। मैं गायों का दूध दोनों वक्त पीऊँगा। कोलों ने नान्हूँ को वहाँ स्थान दे दिया। उन्होंने आपस में कहा—जा कर भट्ठी से शराब लाओ नान्हूँ को जाति-पाँति में मिला लो। समय तय हो गया। कोलों ने दिन निश्चित कर दिया। उन्होंने भट्ठी चढ़वा दी। सभी कोल वहाँ पहुँचे। शाम को अलाव पर सभी बैठे। दोने में भर भर कर दारू पीने लगे। नान्हू भी पास में बैठा हुआ था, दोना लिए हुए थे। वह दारू अलग रख देता था तथा दाँत से दोना पकड़े हुए था। यह झूठमूठ मुँह में दोना लगाये हुए था। दारू पीने से व्यक्ति नर्क में जाता है। नान्हूँ ने कहा—चौधरी, मेरी बात सुनो। तुम लोग भोजन परोसो। फिर मेरा भोजन होगा। नान्हूँ

ने बोतल लिया और कोलों के बर्तन में दारू उड़ेलने लगा। कोलों ने पहले पीया। अलाव के पास वे शोर करने लगे। कुछ इधर लेट गये, कुछ उधर गिर पड़े। नान्हूँ उठा। उसने खोद कर आग को और तेज कर दिया। कोलों का मुँह पकड़ पकड़ कर उन्हें अलाव के पास कर दिया। बहुत से कोल जल गये। नान्हूँ वहाँ से अड़ार पर आ गया जहाँ कल्याणी गाय थी। उसने गाय से कहा—गाय सुनो। तुम्हारा सेवक यहाँ आया हुआ है, बोहा के बीच टिका हुआ है। उसने मुझे यह जानने के लिए पीपरी में भेजा है कि यहाँ कितनी गायें हैं।

कल्यानी गाय ने कहा—'नान्हूँ मेरी बात सुनो।' कोलों के जितने सम्बन्धी थे, उन्होंने गायों को नाथ कर यहाँ हँकवा दिया। कोलों की बेटियों का गौना है। लड़कियों के गौने की शुभ घड़ी सातवें दिन है। उनका एक साथ गौना होगा। सारी गायें एक साथ चली जायेंगी, बिखर जायेंगी। फिर सरदार लोरिक क्या करेगा? हम लोगों का मालिक पीपरी में बाद में आकर क्या करेगा? नान्हूँ वहाँ से उसी क्षण रवाना हुआ, बोहा का रास्ता पकड़ा। और वहाँ आ पहुँचा।

अब लोरिक का हाल सुनिये। वह कुर्सी पर बैठा हुआ था। नान्हूँ उसके पास जा कर बैठ गया। उसने कहा—बहनोई लोरिक सुनो। गायों ने यह बात कही है कि कोलों ने मुहूर्त निश्चय किया है। वे गायों को दहेज में दे देंगे। आज से सातवें दिन कोल गायों को इधर-उधर कर देंगे। जब नान्हूँ चरवाह ने यह बात कही तो लोरिक निराश हो गया। उसने दो नाइयों से नान्हूँ की दाढ़ी और नाखून काटने के लिए कहा। एक ने बँगला शैली में उसका बाल काटा। उसके लिए सारा सामान तैयार हुआ। उसको जोड़े की धोती मिली! देह के लिए कुर्ता और कमीज मिली। उसका शृंगार बन गया। वीर मर्द लोरिक ने कहा—नान्हूँ तुम बोहा में बैठे रहो। मैं जा कर गायों को लौटा लाऊंगा। तब मेरे परिवार की प्रतिष्ठा रहेगी। उसने मंगर को सोने की झूल से सजा दिया। सोने का उसका लगाम लगा दिया। सोने का कवच पहना दिया। स्वयं पगड़ी पहनी जिसमें कलंगी लगी हुई थी। अपने पैरों के शृंगार भी उसने पहन लिये। फिर घोड़े के सिर पर बारह तारों की मोतियों की झालर सजा दी। उसके पैर में नूपुर बाँध दिये। सूर्य की ओर देखा जा सकता है पर घोड़े की ओर नहीं देखा जा सकता। आधी रात ढल जाने पर घोड़ा पश्चिम की ओर तेजी से भागा। फिर मंगर आसमान में उड़ा। लोरिक हवा खाने लगा, हवा में उड़ने लगा।

अब पीपरी का हाल सुनिये। वहाँ ककरउवां कोल आराम से सो रहा था। तब उसकी पत्नी बिरिन्हिया ने कहा—स्वामी मेरी बात सुनो। मैं महल में सोते हुए अजीब सपना देख रही हूँ। लगता है जैसे अहीर पूर्व से लौट आया है। उसका घोड़ा आकाश में नाच रहा है। कोलों ने तीर और धनुष उठा लिया है। घोड़ा टाप मारते हुए आकाश में उड़ रहा है। उसको लेकर लोरिक पीपरी में गिरा है। वह बिरन्ही

से कह रहा है—बिरन्ही तुम सुनो। मैं पूर्व से, हल्दी से यहाँ आ गया हूँ। मेरे गाँव गउरा में विपत्ति पड़ी है। मैंने सम्पत्ति और विपत्ति का भोग कर लिया है। बिरन्ही माता मेरा कहना सुनो। मैं दूध और घी का खाने वाला हूँ। मेरे लिए अब मट्ठा भी सपना हो गया है। मेरा जीवन अकेला है। मैं कोलों से मिल कर रहूँगा। दूध आदि खाऊँगा।

मैंने ऐसा सपना देखा है। उसने हमारा मकान छुड़वा दिया है। बाण संधान हो चुका है। घोड़ा लेकर लोरिक पीपरी में आ गिरा है। मैं आँगन में खड़ी हूँ। तब बिरन्ही ने कहा है—भैया मेरी बात मानो। तुम्हारी जाति अहीर की है तुम अपनी बुद्धि से काम लो। हमारी जाति बेवकूफ कोलों की है। तब लोरिक ने होशियारी से यह बात कही है। भाई कोल चंड़ारों, यह बात सुनो मैं अपनी जाति पांति वापस ले लूंगा। मेरा जीवन बचा हुआ है। बिरन्ही को उसकी बात पर विश्वास हो गया है। अहीर बच गया है, पीपरी गाँव में युद्ध के लिए आ गया है। वह गायों पर पहरा डाल देगा। लोरिक नम्रता पूर्वक कह रहा है। बिरिन्हिया सुनो। मैं तुम्हारे हाथ में आ गया हूँ। घोड़े को तुमने मरवा दिया है तुम उसको जीवित कर देती तो उसे पीपरी में बँधवा देता। यदि कहीं गाढ़ी मुसीबत पड़ जायगी तो मैं अपना काम निकाल लूंगा। जब अहीर ने यह बात कही तो बिरिन्हिया बोल उठी। कानी अंगुली में अमृत है। वह अमृत घोड़े पर छिड़क रहा है। जब घोड़े की नाक में अमृत पड़ गया तो घोड़ा फिर खड़ा हो गया। वह पीपरी में थिरक उठा।

अब अहीर आँगन में खड़ा है। बिरिन्हिया से कह रहा है—मुझे ऐसी प्यास लगी है कि मेरा कलेजा दुख रहा है। तुम ज़रा मुझे ठण्डा पानी का घूंट पिला दो ताकि मेरा शरीर शीतल हो जाय। वह गगरा (घड़ा) और रस्सी लेकर कुँए की जगत पर गयी। गगरा को ज़मीन से छोड़ा और आवाज़ हुई तो अहीर कुँए पर पहुँच गया। उसने जमा कर बात कही—पानी कितना नीचे है? कितनी गहराई में है। उसने छोटी गड़ारी (घिरनी) से घड़ा डुबाया। लोरिक ने अपनी बिजली की तलवार खींची। फिर तलवार बिरिन्हिया पर गिर पड़ी। उसकी गर्दन कुँए में चली गयी। उसका धड़ जगत पर गिर पड़ा। अहीर वहाँ से चला और उसने गायों को खोल दिया उन्हें पीपरी से बाहर कर दिया। पीपरी सोने की थी। कोलों ने उसे मिट्टी से पाट दिया था। वहाँ समर की तैयारी होने लगी अहीर ने गायों के पैर खोल दिये। वे पीपरी से दौड़ीं और गाँव की सीमा पर पहुँच गयीं। पीपरी में आग लग गयी। वहाँ का देवसी जंगल में शिकार खेलने गया था। बारह मन का सुअर मार कर उसने उसे कन्धे पर लटका लिया था। उसने पीपरी में धुँवा उठते देखा तो वह झंखने लगा। क्या बिरिन्ही मर गयी है और उसको चिता पर रख दिया गया है। या अहीर पूर्व से लौट आया है जिसने युद्ध करके आग लगा दी है। पीपरी जल रही है। उसने सूअर को रास्ते में पटक दिया। फिर आगे बढ़ गया। पशुओं को आगे से रोक

मूलपाठ की नामानुक्रमणिका

□ □

संक्षिप्त पुस्तक सूची

उपाध्याय, कृष्ण देव :

भोजपुरी ग्राम गीत—(भाग १, २) हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग संवत् २००० ।

उपाध्याय, कृष्ण देव :

भोजपुरी लोकसाहित्य का अध्ययन—हिन्दी प्रचारक पुस्तकालय, वाराणसी १९६० ।

गुप्त, माता प्रसाद :

चांदायन—प्रामाणिक प्रकाशन आगरा, १९६८ ।

चतुर्वेदी, परशुराम :

भारतीय प्रेमाख्यान—भारती भण्डार, इलाहाबाद १९६५ ।

सूफी काव्य संग्रह—हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग

तिवारी, उदयनारायण :

भोजपुरी भाषा और साहित्य—बिहार राष्ट्र भाषा परिषद, पटना १९५८ ।

तिवारी, नित्यानंद :

मध्ययुगीन रोमांचक प्रेमाख्यान—नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली १९७० ।

त्रिपाठी, रामनरेश :

कविता कौमुदी—(भाग ५) हिन्दी मंदिर, इलाहाबाद १९२९ ।

परमार, श्याम :

भारतीय लोकसाहित्य—राजकमल प्रकाशन, दिल्ली १९५४ ।

पाण्डेय, त्रिलोचन :

कुमाऊँनी लोकसाहित्य की पृष्ठ भूमि—साहित्य भवन प्राइवेट लिमिटेड, इलाहाबाद १९७९ ।

पाण्डेय, वैद्यनाथ तथा शर्मा राधावल्लभ :

अंगिका संस्कार गीत—बिहार राष्ट्र भाषा परिषद, पटना १९६८ ।

पाण्डेय, श्याम मनोहर :

मध्ययुगीन प्रेमाख्यान—इलाहाबाद, (द्वितीय संस्करण) १९८२ ।

पाण्डेय, श्याम मनोहर :

लोकमहाकाव्य चनैनी—साहित्य भवन प्राइवेट लिमिटेड, इलाहाबाद १९८२ ।

पाण्डेय, श्याम मनोहर :

लोकमहाकाव्य लोरिकी—साहित्य भवन प्रा० लिमिटेड, इलाहाबाद १९७९ ।

पाण्डेय, श्याम मनोहर :
सूफी काव्य विमर्श—विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा १९६८।

राकेश, राम इकबाल सिंह :
मैथिली लोकगीत—हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग संवत् २०१२।

सक्सेना, बाबूराम :
अवधी का विकास—प्रयाग, हिन्दुस्तानी एकेडमी।

सत्येन्द्र :
जाहर पीर-गुरु गुग्गा हिन्दी विद्यापीठ, आगरा १९५६।

सत्येन्द्र :
ब्रज लोकसाहित्य का अध्ययन—साहित्य रत्न भण्डार, आगरा १९५०।

सत्येन्द्र :
लोकसाहित्य विज्ञान—शिवलाल अग्रवाल एण्ड कम्पनी, आगरा १९७१।

सिन्हा, सत्यव्रत :
भोजपुरी लोकगाथा—हिन्दुस्तानी एकेडमी, इलाहाबाद १९५८।

श्रीकृष्ण दास :
लोकगीतों की सामाजिक व्याख्या—साहित्य भवन प्राइवेट लिमिटेड, इलाहाबाद संवत् २०१३।

□ □

A Selected Bibliography

Abraham S. D. Roger and Foss George.
Anglo American folksong style :
New Jersey, Prentice Hall inc, 1966.

Barber, Richard.
The Knight and Chivalry :
London, Sphere books Ltd. 1974.

Beck Brenda E. F.
The Three Twins :
(The Telling of a South Indian folkepic) : Bloomington, Indiana University Press, 1982.

Biebuyck, Daniel and Matteene Kahombo.
The mwindo epic :
From the Banyanga, Congo Republic, Berkley, University of California Press, 1971.

Bowra, C. M.
Heroic Poetry :
London, Macmillan and company Ltd. 1964.

Chadwick, H. M.
The Heroic Age :
Cambridge, Cambridge University Press, 1975.

Chadwick, H. M., Chadwick Norak.
The Growth of Literature (3 volumes) :
Cambridge, Cambridge University Press, 1968.

Child, Francis James.
The English and Scottish Popular Ballads (5 volumes) :
New York, Dover Publications, 1965.

Dan Ben Amos and Kenneth S. Goldstein.
Folklore :
(Performance and Communication): the Hague, Mouton 1975

Deg, Linda.
Folk Tale and Society :
(Story telling in a Hungarian peasant community) : Bloomington, Indiana University Press, 1969.

Dorson, Richard M.
African folklore :
Newyork, Anchor books, 1 972.

Dorson, Richard M.
Folklore :
(Selected Essays) : Bloomington, Indiana University Press, 1972.

Dundes, Alan.
Essays in Folkloristics :
Meerut, Folklore Institute, 1978.

Dundes, Alan.
The Study of Folklore :
Englewood, Cliffs, N.J. Prentice-Hall, inc. 1965.

Edmonson, Munro S.
Lore :
(An Introduction to the Science of Folklore and Literature)
Newyork, Holt Rinehart and Winston, Inc. 1971.

Emeneau M. B.
Toda songs :
Oxford, Clarendon Press, 1971.

Finnegan, Ruth.
Oral Literature in Africa :
Oxford, Clarendon Press, 1970.

Finnegan. Ruth.
Oral Poetry :
(Its Nature, Significance and Social Context) Cambridge, Cambridge University Press, 1977.

Ghosal, Satyendranath.
Beginning of Secular Romances in Bengali Literature :
Santiniketan, 1959.

Hayes, E. Nelson and Hayes Tanya (ed).
Claude Le'vi-strauss :
(The Anthropologist as Hero) : Cambridge, Massachusetts, 1970.

Henige, David P.
The Chronology of Oral Tradition :
Oxford, Clarendon Press, 1974.

Jacobs, Melville.
The content and style of an oral literature :
Newyork, Viking tund Publications in Anthropology, 1959.

Jakobson, Roman.
Selected Writings :
Vol. IV. The Hague, Mouton and Co. 1966.

Jan Vansina.
Oral Tradition :
Harmondsworth, Middlesex, England, Penguin Books Ltd. 1976.

Kailasapathy, K.
Tamil Heroic Poetry :
Oxford, The Clarendon Press, 1968.

Ker W. P.
Epic and Romance :
(Essays on Medieval Literature) : Newyork, Dover Publications, 1957.

Kunene, D. P.
Heroic Poetry of Basotho :
Oxford, Clarendon Press, 1971.

Levi Strauss, Claude.
From Honey to Ashes :
Translated from the French by John and Doreen Weightman. London, Jonathan Cape Ltd. 1973.

Levi Strauss, Claude.
The Raw and the Cooked :
Translated from the French by John and Doreen Weightman, London, Jonathan Cape Ltd. 1969.

Levi Strauss Claude.
The Savage Mind :
London, Weidenfield and Nicolson, 1974.

Levi Strauss, Claude.
Structural Anthropology :
Translated from the French by Claire Jacobson and Brook Grundfest Schoepf, England, Penguin Books, 1972.

Lomax Alan.
Folksong Style and Culture :
Washington, American Association for the Advanced Science, 1968.

Lord, Albert.
The Singer of Tales :
Newyork, Athenaeum Edition. 1965. Maranda Elli Kongas and Maranda Pierre.

Structural Models in Folklore and Transformational Essays :
The Hague, Mounton, 1971.

Neto, Carvalho.
The Concept of Folklore :
Translated from Spanish by Jacques M. P. Wilson, Florida, University of Miami Press, 1971.

Niane.
Sundiata :
(An Epic of Old Mali) : Translated by G. D. Pickef. London, Longmans Green and Co. Ltd., 1969.

Oinas, Felex J.
Heroic Epic and Saga :
Bloomington, Indiana University Press, 1977.

Pandey, Shyam Manohar.
Abduction of Sita in the Ramayana of Tulsidasa :
Orientalia Lovaniensia Periodica, Leuven, Belgium, 1977, Vol. 8.

Pandey, Shyam Manohar.
Maulana Daud and his Contributions to the Hindi Sufi Literature :
Annali Istituto Universitario Orientale, Napoli. Italy, 1978 (3S—1).

Pandey, Shyam Manohar.
The Hindi Oral Epic Loriki :
Allahabad, Sahitya Bhawan Private Ltd. 1979.

Pandey, Shyam Manohar.
Some Problems in Studying Candayan :
In current research in early bhakti literature, Leuven, Belgium, 1980.

Pandey, Shyam Manohar.
Hindi Oral Epic Canaini :
Allahabad. 1982.

Pandey, Shyam Manohar,
Love Symbolism in Candayan :
In Bhakti in current research. (ed.) Monika thiel Horstmann, Berlin. 1983.

Paredes, Americo and Bauman Richard (Ed.).
Towards new perspectives in folklore :
Austin, the University of Texas Press, 1972.

Parry, Adam (Ed.).
The making of Homeric Verse :
(The collected papers of Milman Parry) : Oxford, 1971.

Parry, M. and Lord A. (Ed.).
Serbo Croatian Heroic Songs :
Vol. I, Massachusetts. Harvard University Press, 1954.

Propp V.
Morphology of the folktale :
Austin, University of Texas, 1971.

Roghair Gene H.
The epic of Palnadu :
(A study and translation of Palnati Virul Katha) : Oxford, Clarendon Press, 1982.

Sen, Sukumar (Ed.)
Vipradas, Manasa Vjiaya :
Calcutta, the Asiatic Society, 1953.

Sidhanta N. K.
The Heroic Age of India :
London, Kegan Paul, Trench Trubner and Co. Ltd. 1929.

Sokolov, Y. M.
Russian Folklore :
Detroit Folklore Associates, 1971.

Thompson Stith.
The Folktale :
Berkley, University of California Press, 1977

Thompson Stith.
Motif Index of Folkliterature :
6 Volumes. Bloomington, Indiana University Press, 1966.

Thompson Stith and Roberts, Warren, E.
Types of Indic Oral Tales :
Helsinki, 1960.

Watts, Ann Chalmers.
The Lyre and Harp :
(A Comparative Reconsideration of Oral Tradition in Homer and old English Epic Poetry), New haven, Yale University Press, 1969.

Wimberly, Lowry Charles.
Folklore in the English and Scottish Ballads :
Newyork, Dover Publications, 1965.

□ □